उपर्युक्त आठ प्रकारों में द्रव्यात्मा, उपयोगात्मा, ज्ञानात्मा और दर्शनात्मा ये चार तात्त्विक आत्मा के स्वरूप के ही द्योतक हैं, शेष चार कषायात्मा, योगात्मा, चरित्रात्मा और वीर्यात्मा ये चारों आत्मा के अनुभवाधारित स्वरूप के निदर्शक हैं। तात्त्विक आत्मा द्रव्य की अपेक्षा से नित्य होती है यद्यपि उसमें ज्ञानादि की पर्यायें होती रहती हैं। अनुभवाधारित आत्मा चेतना की शरीर से युक्त अवस्था है। यह परिवर्तनशील एवं विकारयुक्त होती है। आत्मा के बन्धन का प्रश्न भी इसी अनुभवाधारित आत्मा से सम्बन्धित है। विभिन्न दर्शनों में आत्म-सिद्धान्त के सन्दर्भ में जो पारस्परिक विरोध दिखाई देता है, वह आत्मा के इन दो पक्षों में किसी पक्ष-विशेष पर बल देने के कारण होता है। भारतीय परम्परा में बौद्ध दर्शन ने आत्मा के अनुभवाधारित परिवर्तनशील पक्ष पर अधिक बल दिया, जबकि सांख्य और शांकर वेदान्त ने आत्मा के तात्त्विक स्वरूप पर ही अपनी दृष्टि केन्द्रित की। जैन दर्शन दोनों ही पक्षों को स्वीकार कर उनके बीच समन्वय का कार्य करता है।

---

१. समवायांग टीका, १/१ २. भगवती सूत्र, १/८/१० ३. वही, १२/१०/४६७

विवेक-क्षमता के आधार पर आत्मा के भेद

विवेक-क्षमता की दृष्टि से आत्माएँ दो प्रकार की मानी गई हैं–(१) समनस्क, (२) अमनस्क। समनस्क आत्माएँ वे हैं जिन्हें विवेक-क्षमता से युक्त मन उपलब्ध है और अमनस्क आत्माएँ वे हैं जिन्हें ऐसा विवेक-क्षमता से युक्त मन उपलब्ध नहीं है। जहाँ तक नैतिक जीवन के क्षेत्र का प्रश्न है, समनस्क आत्माएँ ही नैतिक आचरण कर सकती हैं और वे ही नैतिक साध्य की उपलब्धि कर सकती हैं, क्योंकि विवेक-क्षमता से युक्त मन की उपलब्धि होने पर ही आत्मा में शुभाशुभ का विवेक करने की क्षमता होती है, साथ ही इसी विवेक-बुद्धि के आधार पर वे वासनाओं का संयमन भी कर सकती हैं। जिन आत्माओं में ऐसी विवेक-क्षमता का अभाव है, उनमें संयम की क्षमता का भी अभाव होता है, इसलिए वे नैतिक प्रगति भी नहीं कर सकतीं। नैतिक जीवन के लिए आत्मा में विवेक और संयम दोनों का होना आवश्यक है और वह केवल पंचेन्द्रिय जीवों में भी उन्हीं में सम्भव है जो समनस्क हैं। यहाँ जैविक आधार पर भी आत्मा के वर्गीकरण पर विचार अपेक्षित है, क्योंकि जैन धर्म का अहिंसा-सिद्धान्त बहुत कुछ उसी पर निर्भर है।

जैविक आधार पर प्राणियों का वर्गीकरण

जैन दर्शन के अनुसार जैविक आधार पर प्राणियों का वर्गीकरण निम्न तालिका से स्पष्ट हो सकता है–

- जीव
  - त्रस
    - पंचेन्द्रिय
    - चतुरिन्द्रिय
    - त्रीन्द्रिय
    - द्वीन्द्रिय
  - स्थावर
    - पृथ्वीकाय
    - अप्काय
    - तेजस्काय
    - वायुकाय
    - वनस्पतिकाय

जैविक दृष्टि से जैन परम्परा में दस प्राण शक्तियाँ मानी गयी हैं। स्थावर एकेन्द्रिय जीवों में चार शक्तियाँ होती हैं–(१) स्पर्श-अनुभव शक्ति, (२) शारीरिक शक्ति, (३) जीवन (आयु) शक्ति और (४) श्वसन शक्ति। द्वीन्द्रिय जीवों में इन चार शक्तियों के अतिरिक्त स्वाद और वाणी की शक्ति भी होती है। त्रीन्द्रिय जीवों में सूँघने की शक्ति भी होती है। चतुरिन्द्रिय जीवों में इन छह शक्तियों के अतिरिक्त देखने की सामर्थ्य भी होती है। पंचेन्द्रिय अमनस्क जीवों में इन आठ शक्तियों के साथ-साथ श्रवण शक्ति भी होती है और समनस्क पंचेन्द्रिय जीवों में इनके अतिरिक्त मनःशक्ति भी होती है। इस प्रकार जैन दर्शन में कुल दस जैविक शक्तियाँ या प्राण शक्तियाँ मानी गयी हैं। हिंसा-अहिंसा के अल्पत्व और बहुत्व आदि का विचार इन्हीं जैविक शक्तियों की दृष्टि से किया जाता है। जितनी अधिक प्राण शक्तियों से युक्त प्राणी की हिंसा की जाती है, वह उतनी ही भयंकर समझी जाती है।

गतियों के आधार पर जीवों का वर्गीकरण

जैन परम्परा में गतियों के आधार पर जीव चार प्रकार के माने गए हैं–(१) देव, (२) मनुष्य, (३) पशु (तिर्यंच) और (४) नारक। जहाँ तक शक्ति और क्षमता का प्रश्न है देव का स्थान मनुष्य से ऊँचा माना गया है। लेकिन जहाँ तक नैतिक साधना की बात है जैन परम्परा मनुष्य-जन्म को ही सर्वश्रेष्ठ मानती है। उसके अनुसार मानव-जीवन ही ऐसा जीवन है जिससे मुक्ति या नैतिक पूर्णता प्राप्त की जा सकती है। जैन परम्परा के अनुसार केवल मनुष्य ही सिद्ध हो सकता है, अन्य कोई नहीं। बौद्ध परम्परा में भी उपर्युक्त चारों जातियाँ स्वीकृत रही हैं लेकिन उनमें देव और मनुष्य दोनों में ही मुक्त होने की क्षमता को मान लिया गया है। बौद्ध परम्परा के अनुसार एक देव बिना मानव जन्म ग्रहण किये देव गति से ही निर्वाण लाभ कर सकता है, जबकि जैन परम्परा के अनुसार केवल मनुष्य ही निर्वाण का अधिकारी है। इस प्रकार जैन परम्परा मानव-जन्म को चरम मूल्यवान बना देती है।

आत्मा की अमरता

आत्मा की अमरता का प्रश्न नैतिकता की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। पाश्चात्य विचारक कांट आत्मा की अमरता को नैतिक जीवन की संगत व्याख्या के लिए आवश्यक मानते हैं। भारतीय आचारदर्शनों के प्राचीन युग में आत्मा की अमरता का सिद्धान्त विवाद का विषय रहा है। उस युग में यह प्रश्न आत्मा की नित्यता एवं अनित्यता के रूप में अथवा शाश्वतवाद और उच्छेदवाद के रूप में बहुचर्चित रहा है। वस्तुतः आत्म-अस्तित्व को लेकर दार्शनिकों में इतना विवाद नहीं है, विवाद का विषय है–आत्मा की नित्यता और अनित्यता का। यह विषय तत्त्वज्ञान की अपेक्षा भी नैतिक दर्शन से अधिक सम्बन्धित है। जैन विचारकों ने नैतिक व्यवस्था को प्रमुख मानकर उसके आधार पर ही नित्यता और अनित्यता की समस्या का हल खोजने की कोशिश की। अतः यह देखना भी उपयोगी होगा कि आत्मा को नित्य अथवा अनित्य मानने पर नैतिक दृष्टि से कौन-सी कठिनाइयाँ उत्पन्न होती हैं।

आत्मा की नित्यानित्यात्मकता

जैन विचारकों ने संसार और मोक्ष की उपपत्ति के लिए न तो नित्य-आत्मवाद को उपयुक्त समझा और न अनित्य-आत्मवाद को। एकान्त नित्यवाद और एकान्त अनित्यवाद दोनों ही सदोष हैं। आचार्य हेमचन्द्र दोनों को नैतिक दर्शन की दृष्टि से अनुपयुक्त बताते हुए लिखते हैं,

यदि आत्मा को एकान्त नित्य मानें तो इसका अर्थ होगा कि आत्मा में अवस्थान्तर अथवा स्थित्यन्तर नहीं होता। यदि इसे मान लिया जाये तो सुख-दुःख, शुभ-अशुभ आदि भिन्न-भिन्न अवस्थाएँ आत्मा में घटित नहीं होंगी। फिर स्थित्यन्तर या भिन्न-भिन्न परिणामों, शुभाशुभ भावों की शक्यता न होने से पुण्य-पाप की विभिन्न वृत्तियाँ एवं प्रवृत्तियाँ भी सम्भव नहीं होंगी, न बन्धन और मोक्ष की उपपत्ति ही सम्भव होगी। क्योंकि वहाँ एक क्षण के पर्याय ने जो कार्य किया था, उसका फल दूसरे क्षण के पर्याय को मिलेगा, क्योंकि वहाँ उन सतत परिवर्तनशील पर्यायों के मध्य कोई अनुस्यूत एक स्थायी तत्त्व (द्रव्य) नहीं है, अतः यह कहा जा सकेगा कि जिसने किया था उसे फल नहीं मिला और जिसने नहीं किया था उसे मिला, अर्थात् नैतिक कर्म सिद्धान्त की दृष्टि से अकृतागम और कृतप्रणाश का दोष होगा।[१] अतः आत्मा को नित्य मानकर भी सतत परिवर्तनशील (अनित्य) माना जाये तो उसमें शुभाशुभ आदि विभिन्न भावों की स्थिति मानने के साथ ही उसके फलों का भवान्तर में भोग भी सम्भव हो सकेगा। इस प्रकार जैन दर्शन सापेक्ष रूप से आत्मा को नित्य और अनित्य दोनों स्वीकार करता है।

उत्तराध्ययन सूत्र में कहा गया है कि आत्मा अमूर्त होने के कारण नित्य है।[२] भगवती सूत्र में भी जीव को अनादि, अनिधन, अविनाशी, अक्षय, ध्रुव और नित्य कहा गया है।[३] लेकिन इन सब स्थानों पर नित्यता का अर्थ परिणामी नित्यता ही समझना चाहिए। भगवती सूत्र एवं विशेषावश्यक भाष्य में इस बात को स्पष्ट कर दिया गया है। भगवती सूत्र में भगवान महावीर ने गौतम के प्रश्न का उत्तर देते हुए आत्मा को शाश्वत और अशाश्वत दोनों कहा है–

"भगवन् ! जीव शाश्वत है या अशाश्वत ?"

"गौतम ! जीव शाश्वत (नित्य) भी है और अशाश्वत (अनित्य) भी।"

"भगवन् ! यह कैसे कहा गया कि जीव नित्य भी है, अनित्य भी ?"

"गौतम ! द्रव्य की अपेक्षा से नित्य है, भाव की अपेक्षा से अनित्य।"[४]

आत्मा-द्रव्य (सत्ता) की अपेक्षा से नित्य है अर्थात् आत्मा न तो कभी अनात्म (जड़) से उत्पन्न होती है और न किसी भी अवस्था में अपने चेतना लक्षण को छोड़कर जड़ बनती है। इसी दृष्टि से उसे नित्य कहा जाता है। लेकिन आत्मा की मानसिक अवस्थाएँ परिवर्तित होती रहती हैं, अतः इस अपेक्षा से उसे अनित्य कहा गया है। आधुनिक दर्शन की भाषा में जैन दर्शन के अनुसार तात्त्विक आत्मा नित्य है और अनुभवाधारित आत्मा अनित्य है। जिस प्रकार स्वर्णभूषण स्वर्ण की दृष्टि से नित्य और आभूषण की दृष्टि से अनित्य है, उसी प्रकार आत्मा आत्म-तत्त्व की दृष्टि से नित्य और विचारों और भावों की दृष्टि से अनित्य है।

जमाली के साथ हुए प्रश्नोत्तर में भगवान महावीर ने अपने इस दृष्टिकोण को स्पष्ट कर दिया है कि वे किस अपेक्षा से जीव को नित्य मानते हैं और किस अपेक्षा से अनित्य। भगवान महावीर कहते हैं–"हे जमाली, जीव शाश्वत है। तीनों कालों में ऐसा कोई समय नहीं है जब यह जीव (आत्मा) नहीं था, नहीं है, अथवा नहीं होगा। इसी अपेक्षा से यह जीवात्मा, नित्य, ध्रुव, शाश्वत, अक्षय और अव्यय है। हे जमाली, जीव अशाश्वत है, क्योंकि नारक मरकर तिर्यंच होता है, तिर्यंच मरकर मनुष्य होता है, मनुष्य मरकर देव होता है। इस प्रकार इन नानावस्थाओं को प्राप्त करने के कारण उसे अनित्य कहा जाता है।"[५] नैतिक विचारणा की दृष्टि से आत्मा को नित्यानित्य (परिणामी नित्य) मानना ही समुचित है। नैतिकता की धारणा में जो विरोधाभास है, उसका निराकरण केवल परिणामी नित्य आत्मवाद में ही सम्भव है। नैतिकता का विरोधाभास यह है कि जहाँ नैतिकता के आदर्श के रूप में जिस आत्म-तत्त्व की विवक्षा है उसे नित्य, शाश्वत, अपरिवर्तनशील, सदैव समरूप में स्थित, निर्विकार होना चाहिए अन्यथा पुनः बन्धन एवं पतन की सम्भावनाएँ उठ खड़ी होंगी, वहीं दूसरी ओर नैतिकता की व्याख्या के लिए जिस आत्म-तत्त्व की विवक्षा है उसे कर्ता, भोक्ता, वेदक एवं परिवर्तनशील होना चाहिए अन्यथा कर्म और उनके प्रतिफल और साधना की विभिन्न अवस्थाओं की तरतमता की उपपत्ति नहीं होगी। जैन विचारकों ने इस विरोधाभास की समस्या के निराकरण का प्रयास किया है। प्रथमतः उन्होंने एकान्त नित्यात्मवाद और अनित्यात्मवाद के दोषों को स्पष्ट कर उनका निराकरण किया, फिर यह बताया है कि विरोधाभास तो तब होता है जब नित्यता और अनित्यता को एक ही दृष्टि से माना जाय। लेकिन जब विभिन्न दृष्टियों से नित्यता और अनित्यता का कथन किया जाता है, तो उसमें कोई विरोधाभास नहीं रहता है। जैन दर्शन आत्मा को पर्यायार्थिक दृष्टि (व्यवहारनय) की अपेक्षा से अनित्य तथा द्रव्यार्थिक दृष्टि (निश्चयनय) की अपेक्षा से नित्य मानकर अपनी आत्मा सम्बन्धी अवधारणा का प्रतिपादन करता है।

आत्मा की अमरता और पुनर्जन्म

आत्मा की अमरता के साथ पुनर्जन्म का प्रत्यय जुड़ा हुआ है। भारतीय दर्शनों में चार्वाक् को छोड़कर शेष सभी दर्शन पुनर्जन्म के सिद्धान्त को स्वीकार करते हैं। जब आत्मा को अमर मान लिया जाता है, तो पुनर्जन्म भी स्वीकार करना ही होगा। गीता कहती है–"जिस प्रकार मनुष्य वस्त्रों के जीर्ण हो जाने पर उनका परित्याग कर नये वस्त्र ग्रहण करता रहता है, वैसे ही आत्मा भी जीर्ण शरीर को छोड़कर नया शरीर ग्रहण करती रहती है।" न केवल गीता में, वरन् बौद्ध दर्शन में भी इसी आशय का प्रतिपादन किया गया है।[६] डॉ. रामानन्द तिवारी पुनर्जन्म के पक्ष में लिखते हैं कि "एक-जन्म के सिद्धान्त के अनुसार चिरन्तन आत्मा और नश्वर शरीर का सम्बन्ध एक-काल विशेष

---

१. वीतरागस्तोत्र, ८/२-३
२. उत्तराध्ययन सूत्र, १४/१९
३. भगवती सूत्र, ९/६/३/८७
४. वही, ७/२/२७३
५. वही, ९/६/३८७; १/४/४२
६. गीता, २/२२; तुलना करें–थेर गाथा, १/३८/६८८

में आरम्भ होकर एक-काल विशेष में ही अन्त हो जाता है, किन्तु चिरन्तन का कालिक सम्बन्ध अन्याय (तर्क विरुद्ध) है और इस (एक-जन्म के) सिद्धान्त से उसका कोई समाधान नहीं है--पुनर्जन्म का सिद्धान्त जीवन की एक न्यायसंगत और नैतिक व्याख्या देना चाहता है। एक-जन्म सिद्धान्त के अनुसार जन्मकाल में भागदेयों के भेद को अकारण एवं संयोगजन्य मानना होगा।''[१]

डॉ. मोहनलाल मेहता कर्म सिद्धान्त के आधार पर पुनर्जन्म के सिद्धान्त का समर्थन करते हैं। उनके शब्दों में--''कर्म सिद्धान्त अनिवार्य रूप से पुनर्जन्म के प्रत्यय से संलग्न है, पूर्ण विकसित पुनर्जन्म सिद्धान्त के अभाव में कर्म सिद्धान्त अर्थशून्य है।''[२] आचारदर्शन के क्षेत्र में यद्यपि पुनर्जन्म सिद्धान्त और कर्म सिद्धान्त एक-दूसरे के अति निकट हैं, फिर भी धार्मिक क्षेत्र में विकसित कुछ आचारदर्शनों ने कर्म सिद्धान्त को स्वीकार करते हुए भी पुनर्जन्म को स्वीकार नहीं किया है। कट्टर पाश्चात्य निरीश्वरवादी दार्शनिक नित्शे ने कर्म-शक्ति और पुनर्जन्म पर जो विचार व्यक्त किये हैं, वे महत्त्वपूर्ण हैं। वे लिखते हैं--''कर्म-शक्ति के जो हमेशा रूपान्तर हुआ करते हैं, वे मर्यादित हैं तथा काल अनन्त हैं। इसलिए कहना पड़ता है कि जो नामरूप एक बार हो चुके हैं वही फिर आगे यथापूर्व कभी न कभी अवश्य उत्पन्न होते ही हैं।''[३]

ईसाई और इस्लाम आचारदर्शन यह तो मानते हैं कि व्यक्ति अपने नैतिक शुभाशुभ कृत्यों का फल अनिवार्य रूप से प्राप्त करता है और यदि वह अपने कृत्यों के फलों को इस जीवन में पूर्णतया नहीं भोग पाता है तो मरण के बाद उनका फल भोगता है, लेकिन फिर भी वे पुनर्जन्म को स्वीकार नहीं करते हैं। उनकी मान्यता के अनुसार, व्यक्ति को सृष्टि के अन्त में अपने कृत्यों की शुभाशुभता के अनुसार हमेशा के लिए स्वर्ग या किसी निश्चित समय के लिए नरक में भेज दिया जाता है, वहाँ व्यक्ति अपने कृत्यों का फल भोगता रहता है। इस प्रकार वे कर्म सिद्धान्त को मानते हुए भी पुनर्जन्म को स्वीकार नहीं करते हैं।

जो विचारणाएँ कर्म सिद्धान्त को स्वीकार करने पर भी पुनर्जन्म को नहीं मानती हैं, वे इस तथ्य की व्याख्या करने में समर्थ नहीं हो पाती हैं कि वर्तमान जीवन में जो नैसर्गिक वैषम्य है उसका कारण क्या है ? क्यों एक प्राणी सम्पन्न एवं प्रतिष्ठित कुल में जन्म लेता है अथवा जन्मना ऐन्द्रिक एवं बौद्धिक क्षमता से युक्त होता है और क्यों दूसरा दरिद्र एवं हीन कुल में जन्म लेता है और जन्मना हीनेन्द्रिय एवं बौद्धिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ होता है ? क्यों एक प्राणी को मनुष्य-शरीर मिलता है और दूसरे को पशु-शरीर मिलता है ? यदि इसका कारण ईश्वरेच्छा है तो ईश्वर अन्यायी सिद्ध होता है। दूसरे, व्यक्ति को अपनी अक्षमताओं और उनके कारण उत्पन्न अनैतिक कृत्यों के लिये उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकेगा। खानाबदोश जातियों में जन्म लेने वाला बालक संस्कारवश जो अनैतिक आचरण का मार्ग अपनाता है, उसका उत्तरदायित्व किस पर होगा ? वैयक्तिक विभिन्नताएँ ईश्वरेच्छा का परिणाम नहीं, वरन् व्यक्ति के अपने कृत्यों का परिणाम है। वर्तमान जीवन में जो भी क्षमता एवं अवसरों की सुविधा उसे अनुपलब्ध है और जिनके फलस्वरूप उसे नैतिक विकास का अवसर प्राप्त नहीं होता है उनका कारण भी वह स्वयं ही है और उत्तरदायित्व भी उसी पर है।

नैतिक विकास केवल एक जन्म की साधना का परिणाम नहीं है, वरन् उसके पीछे जन्म-जन्मान्तर की साधना होती है। पुनर्जन्म का सिद्धान्त प्राणी को नैतिक विकास हेतु अनन्त अवसर प्रदान करता है। ब्रैडले नैतिक पूर्णता की उपलब्धि को अनन्त प्रक्रिया मानते हैं।[४] यदि नैतिकता आत्मपूर्णता एवं आत्म-साक्षात्कार की दिशा में सतत प्रक्रिया है तो फिर बिना पुनर्जन्म के इस विकास की दिशा में आगे कैसे बढ़ा जा सकता है ? गीता में भी नैतिक पूर्णता की उपलब्धि के लिए अनेक जन्मों की साधना आवश्यक मानी गयी है।[५] डॉ. टाटिया भी लिखते हैं कि ''यदि आध्यात्मिक पूर्णता (मुक्ति) एक तथ्य है तो उसके साक्षात्कार के लिए अनेक जन्म आवश्यक हैं।''[६]

साथ ही आत्मा के बन्धन के कारण की व्याख्या के लिए पुनर्जन्म की धारणा को स्वीकार करना होगा, क्योंकि वर्तमान बन्धन की अवस्था का कारण भूतकालीन जीवन में ही खोजा जा सकता है।

जो दर्शन पुनर्जन्म को स्वीकार नहीं करते, वे व्यक्ति के साथ समुचित न्याय नहीं करते। अपराध के लिए दण्ड आवश्यक है, लेकिन इसका अर्थ यह तो नहीं कि विकास या सुधार का अवसर ही समाप्त कर दिया जाये। जैन दर्शन पुनर्जन्म के सिद्धान्त को स्वीकार करके व्यक्ति को नैतिक विकास के अवसर प्रदान करता है तथा अपने को एक प्रगतिशील दर्शन सिद्ध करता है। पुनर्जन्म की धारणा दण्ड के सुधारवादी सिद्धान्त का समर्थन करती है, जबकि पुनर्जन्म को नहीं मानने वाली नैतिक विचारणाएँ दण्ड के बदला लेने के सिद्धान्त का समर्थन करती हैं, जो कि वर्तमान युग में एक परम्परागत किन्तु अनुचित धारणा है।

पुनर्जन्म के विरुद्ध यह भी तर्क दिया जाता है कि यदि वही आत्मा (चेतना) पुनर्जन्म ग्रहण करती है तो फिर उसे पूर्व-जन्मों की स्मृति क्यों नहीं रहती है। स्मृति के अभाव में पुनर्जन्म को किस आधार पर माना जाये ? लेकिन यह तर्क उचित नहीं है, क्योंकि हम अक्सर देखते हैं कि हमें अपने वर्तमान जीवन की अनेक घटनाओं की भी स्मृति नहीं रहती। यदि हम वर्तमान जीवन के विस्मरित भाग को अस्वीकार नहीं करते हैं तो फिर केवल स्मरण के अभाव में पूर्व-जन्मों को कैसे अस्वीकार कर सकते हैं। वस्तुतः जिस प्रकार हमारे वर्तमान जीवन की अनेक घटनाएँ अचेतन स्तर पर रहती हैं, वैसे ही पूर्व-जन्मों की घटनाएँ भी अचेतन स्तर पर बनी रहती हैं और विशिष्ट अवसरों पर चेतना के स्तर पर भी व्यक्त हो जाती हैं। यह भी तर्क दिया जाता है कि हमें अपने जिन कृत्यों की स्मृति नहीं है, हम क्यों उनके प्रतिफल

---

१. शंकर का आचारदर्शन, पृ. ६८
२. जैन साइकॉलॉजी, पृ. २६८
३. गीता रहस्य, पृ. २६८
४. एथिकल स्टडीज, पृ. ३१३
५. गीता, ६/४५
६. स्टडीज इन जैन फिलॉसॉफी, पृ. २२१

का भोग करें ? लेकिन यह तर्क भी समुचित नहीं है। इससे क्या फर्क पड़ता है कि हमें अपने कर्मों की स्मृति है या नहीं ? यदि हमने उन्हें किया है तो उनका फल भोगना ही होगा। यदि कोई व्यक्ति इतना अधिक मद्यपान कर ले कि नशे में उसे अपने किये हुए मद्यपान की स्मृति भी नहीं रहे, लेकिन इससे क्या वह उसके नशे से बच सकता है ? जो किया है, उसका भोग अनिवार्य है, चाहे उसकी स्मृति हो या न हो।[1]

जैन चिन्तकों ने इसीलिए कर्म सिद्धान्त की स्वीकृति के साथ-साथ आत्मा की अमरता और पुनर्जन्म के सिद्धान्त को स्वीकार किया है। जैन विचारणा यह स्वीकार करती है कि प्राणियों में क्षमता एवं अवसरों की सुविधा आदि का जो जन्मना नैसर्गिक वैषम्य है, उसका कारण प्राणी के अपने ही पूर्व-जन्मों के कृत्य हैं। संक्षेप में वंशानुगत एवं नैसर्गिक वैषम्य पूर्व-जन्मों के शुभाशुभ कृत्यों का फल है। यही नहीं, वरन् अनुकूल एवं प्रतिकूल परिवेश की उपलब्धि भी शुभाशुभ कृत्यों का फल है। स्थानांग सूत्र में भूत, वर्तमान और भावी जन्मों में शुभाशुभ कर्मों के फल-सम्बन्ध की दृष्टि से आठ विकल्प माने गये हैं–(१) वर्तमान जन्म के अशुभ कर्म वर्तमान जन्म में ही फल देवें। (२) वर्तमान जन्म के अशुभ कर्म भावी जन्मों में फल देवें। (३) भूतकालीन जन्मों के अशुभ कर्म वर्तमान जन्म में फल देवें। (४) भूतकालीन जन्मों के अशुभ कर्म भावी जन्मों में फल देवें। (५) वर्तमान जन्म के शुभ कर्म वर्तमान जन्म में फल देवें। (६) वर्तमान जन्म के शुभ कर्म भावी जन्मों में फल देवें। (७) भूतकालीन जन्मों के शुभ कर्म वर्तमान जन्म में फल देवें। (८) भूतकालीन जन्मों के शुभ कर्म भावी जन्मों में फल देवें।[2]

इस प्रकार जैन दर्शन में वर्तमान जीवन का सम्बन्ध भूतकालीन एवं भावी जन्मों से माना गया है। जैन दर्शन के अनुसार चार प्रकार की योनियाँ हैं–(१) देव (स्वर्गीय जीवन), (२) मनुष्य, (३) तिर्यंच (वानस्पतिक एवं पशु जीवन) और (४) नारक (नारकीय जीवन)।[3] प्राणी अपने शुभाशुभ कर्मों के अनुसार इन योनियों में जन्म लेता है। यदि वह शुभ कर्म करता है तो देव और मनुष्य के रूप में जन्म लेता है और अशुभ कर्म करता है तो पशु गति या नारकीय गति प्राप्त करता है। मनुष्य मरकर पशु भी हो सकता है और देव भी। प्राणी भावी जीवन में क्या होगा यह उसके वर्तमान जीवन के आचरण पर निर्भर करता है।

धर्म द्रव्य

धर्म द्रव्य की इस चर्चा के प्रसंग में सर्वप्रथम हमें यह स्पष्ट रूप से जान लेना चाहिए कि यहाँ 'धर्म' शब्द का अर्थ वह नहीं है जिसे सामान्यतया ग्रहण किया जाता है। यहाँ 'धर्म' शब्द न तो स्वभाव का वाचक है, न कर्तव्य का और न साधना या उपासना के विशेष प्रकार का, अपितु इसे जीव व पुद्गल की गति के सहायक तत्त्व के रूप में स्वीकार किया गया है। जो जीव और पुद्गल की गति के माध्यम का कार्य करता है, उसे धर्म द्रव्य कहा जाता है। जिस प्रकार मछली की गति जल के माध्यम से ही सम्भव होती है अथवा जैसे–विद्युत् धारा उसके चालक द्रव्य तार आदि के माध्यम से ही प्रवाहित होती है, उसी प्रकार जीव और पुद्गल विश्व में प्रसारित धर्म द्रव्य के माध्यम से ही गति करते हैं। लोक में प्रसारित होने के कारण यह धर्म द्रव्य अस्तिकाय वर्ग के अन्तर्गत आता है। इसे लोकव्यापी माना गया है अर्थात् इसका प्रसार क्षेत्र लोक तक सीमित है। अलोक में धर्म द्रव्य का अभाव है। इसीलिए उसमें जीवन और पुद्गल की गति सम्भव नहीं होती और यही कारण है कि उसे अलोक कहा जाता है। अलोक का तात्पर्य है कि जिसमें जीव और पुद्गल का अभाव हो। धर्म द्रव्य प्रसरित स्वभाव वाला (अस्तिकाय) होकर भी अमूर्त्त (अरूपी) और अचेतन है। धर्म द्रव्य एक और अखण्ड द्रव्य है। जहाँ जीवात्माएँ अनेक मानी गई हैं वहाँ धर्म द्रव्य एक ही है। लोक तक सीमित होने के कारण इसे अनन्त प्रदेशी न कहकर असंख्य प्रदेशी कहा गया है। जैन दर्शन के अनुसार लोक चाहे कितना ही विस्तृत क्यों न हो वह असीम न होकर ससीम है और ससीम लोक में व्याप्त होने के कारण धर्म द्रव्य को आकाश के समान अनन्त प्रदेशी न मानकर असंख्य प्रदेशी मानना ही उपयुक्त है।

अधर्म द्रव्य

अधर्म द्रव्य भी अस्तिकाय वर्ग के अन्तर्गत आता है। इसका भी विस्तार क्षेत्र या प्रदेश-प्रचयत्व लोकव्यापी है। लोक से बाहर अलोक में इसका अस्तित्व नहीं है। अधर्म द्रव्य का लक्षण या कार्य जीव और पुद्गल की स्थिति में सहायक होना माना गया है। परम्परागत उदाहरण के रूप में यह कहा जाता है कि जिस प्रकार वृक्ष की छाया पथिक के विश्राम में सहायक होती है उसी प्रकार अधर्म द्रव्य जीव और पुद्गल की अवस्थिति में सहायक होता है। जहाँ धर्म द्रव्य गति का माध्यम (चालक) है वहाँ अधर्म द्रव्य गति का कुचालक है अतः उसे स्थिति का माध्यम कहा गया है। यदि अधर्म द्रव्य नहीं होता तो जीव व पुद्गल की गति का नियमन असम्भव हो जाता और वे अनन्त आकाश में बिखर जाते। जिस प्रकार वैज्ञानिक दृष्टि से गुरुत्वाकर्षण आकाश में स्थित पुद्गल पिण्डों को नियंत्रित करता है उसी प्रकार अधर्म द्रव्य भी जीव व पुद्गल की गति का नियमन कर उसे विराम देता है। संख्या की दृष्टि से अधर्म द्रव्य को एक और अखण्ड द्रव्य माना गया है। प्रदेश–प्रचयत्व की दृष्टि से इसका विस्तार क्षेत्र लोक तक सीमित होने के कारण इसे असंख्य प्रदेशी माना जाता है, फिर भी वह एक अखण्ड द्रव्य है क्योंकि उसका विखण्डन सम्भव नहीं है। धर्म और अधर्म द्रव्यों में देश-प्रदेश आदि की कल्पना मात्र वैचारिक स्तर पर ही होती है।

आकाश

आकाश द्रव्य भी अस्तिकाय वर्ग के अन्तर्गत ही आता है किन्तु जहाँ धर्म और अधर्म द्रव्यों का विस्तार क्षेत्र लोकव्यापी है वहाँ आकाश का विस्तार क्षेत्र लोक और अलोक दोनों है। आकाश का लक्षण 'अवगाहन' है। वह जीव और अजीव द्रव्यों को स्थान प्रदान करता है। लोक

---

१. जैन साइकॉलॉजी, पृ. १७५ २. स्थानांग सूत्र, ८/२ ३. तत्त्वार्थ सूत्र, ८/११

को भी अपने में समाहित करने के कारण आकाश का विस्तार क्षेत्र लोक के बाहर भी मानना आवश्यक है। यही कारण है कि जैन आचार्य आकाश के दो विभाग करते हैं--लोकाकाश और अलोकाकाश। विश्व में जो रिक्त स्थान है वह लोकाकाश है और इस विश्व से बाहर जो रिक्त स्थान है वह अलोकाकाश है। इस प्रकार जहाँ धर्म द्रव्य और अधर्म द्रव्य असंख्य प्रदेशी माने गए हैं वहाँ आकाश को अनन्त प्रदेशी माना गया है। लोक की कोई सीमा हो सकती है किन्तु अलोक की कोई सीमा नहीं है–वह अनन्त है। चूँकि आकाश लोक और अलोक दोनों में है इसलिए वह अनन्त प्रदेशी है। संख्या की दृष्टि से आकाश को भी एक और अखण्ड द्रव्य माना गया है। उसके देश-प्रदेश आदि की कल्पना भी केवल वैचारिक स्तर तक ही सम्भव है। वस्तुतः आकाश में किसी प्रकार का विभाजन कर पाना सम्भव नहीं है। यही कारण है कि उसे अखण्ड द्रव्य कहा जाता है। जैन आचार्यों की अवधारणा है कि जिन्हें हम सामान्यतया ठोस पिण्ड समझते हैं उनमें भी आकाश अर्थात् रिक्त स्थान होता है। एक पुद्गल परमाणु में भी दूसरे अनन्त पुद्गल परमाणुओं को अपने में समाविष्ट करने की शक्ति तभी सम्भव हो सकती है जबकि उनमें विपुल मात्रा में रिक्त स्थान या आकाश हो। अतः मूर्त्त द्रव्यों में भी आकाश तो निहित ही रहता है। लकड़ी में जब हम कील ठोंकते हैं तो वह वस्तुतः उसमें निहित रिक्त स्थान में ही समाहित होती है। इसका तात्पर्य है कि उसमें भी आकाश है। परम्परागत उदाहरण के रूप में यह कहा जाता है कि दूध या जल के भरे हुए ग्लास में यदि धीरे-धीरे शक्कर या नमक डाला जाय तो वह उसमें समाविष्ट हो जाता है। इसका तात्पर्य यह है कि दूध या जल से भरे हुए ग्लास में भी रिक्त स्थान अर्थात् आकाश था। वैज्ञानिकों ने भी यह मान लिया है कि प्रत्येक परमाणु में पर्याप्त रूप से रिक्त स्थान होता है। अतः आकाश को लोकालोकव्यापी, एक और अखण्ड द्रव्य मानने में कोई बाधा नहीं आती है।

पुद्गल[1]

पुद्गल को भी अस्तिकाय द्रव्य माना गया है। यह मूर्त्त और अचेतन द्रव्य है। पुद्गल का लक्षण शब्द, वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श आदि माना जाता है। जैन आचार्यों ने हल्कापन, भारीपन, प्रकाश, अंधकार, छाया, आतप आदि को भी पुद्गल का लक्षण माना है। जहाँ धर्म, अधर्म और आकाश एक द्रव्य माने गये हैं वहाँ पुद्गल अनेक द्रव्य हैं। जैन आचार्यों ने प्रत्येक परमाणु को एक स्वतन्त्र द्रव्य या इकाई माना है। वस्तुतः पुद्गल द्रव्य समस्त दृश्य जगत् का मूलभूत घटक है।

यह दृश्य जगत् पुद्गल द्रव्य के ही विभिन्न संयोगों का विस्तार है। अनेक पुद्गल परमाणु मिलकर स्कंध की रचना करते हैं और इन स्कंधों से ही मिलकर दृश्य जगत् की सभी वस्तुयें निर्मित होती हैं। नवीन स्कंधों के निर्माण और पूर्व निर्मित स्कन्धों के संगठन और विघटन की प्रक्रिया के माध्यम से ही दृश्य जगत् में परिवर्तन घटित होते हैं और विभिन्न वस्तुएँ और पदार्थ अस्तित्व में आते हैं।

जैन आचार्यों ने पुद्गल को स्कंध और परमाणु इन दो रूपों में विवेचित किया है। विभिन्न परमाणुओं के संयोग से ही स्कंध बनते हैं। फिर भी इतना स्पष्ट है कि पुद्गल द्रव्य का अंतिम घटक तो परमाणु ही है। प्रत्येक परमाणु में स्वभाव से एक रस, एक रूप, एक गंध और शीत-उष्ण या स्निग्ध-रुक्ष में से कोई दो स्पर्श पाये जाते हैं।

जैन आगमों में वर्ण पाँच माने गये हैं--लाल, पीला, नीला, सफेद और काला; गंध दो हैं–सुगन्ध और दुर्गन्ध; रस पाँच हैं–तिक्त, कटु, कसैला, खट्टा और मीठा और इसी प्रकार स्पर्श आठ माने गये हैं–शीत और उष्ण, स्निग्ध और रुक्ष, मृदु और कर्कश तथा हल्का और भारी। ज्ञातव्य है कि परमाणुओं में मृदु, कर्कश, हल्का और भारी चार स्पर्श नहीं होते हैं। ये चार स्पर्श तभी संभव होते हैं जब परमाणुओं से स्कंधों की रचना होती है और तभी उनमें मृदु, कठोर, हल्के और भारी गुण भी प्रकट हो जाते हैं। परमाणु एक प्रदेशी होता है जबकि स्कंध में दो या दो से अधिक असंख्य प्रदेश भी हो सकते हैं। स्कंध, स्कंध-देश, स्कंध-प्रदेश और परमाणु ये चार पुद्गल द्रव्य के विभाग हैं। इनमें परमाणु निरवयव है। आगम में उसे आदि, मध्य और अन्त से रहित बताया गया है जबकि स्कंध में आदि और अन्त होते हैं। न केवल भौतिक वस्तुएँ अपितु शरीर, इन्द्रियाँ और मन भी स्कंधों का ही खेल है।

स्कंधों के प्रकार

जैन दर्शन में स्कंध के निम्न ६ प्रकार माने गये हैं--

१. **स्थूल-स्थूल**--इस वर्ग के अन्तर्गत विश्व के समस्त ठोस पदार्थ आते हैं। इस वर्ग के स्कंधों की विशेषता यह है कि वे छिन्न-भिन्न होने पर मिलने में असमर्थ होते हैं, जैसे–पत्थर।

२. **स्थूल**–जो स्कंध छिन्न-भिन्न होने पर स्वयं आपस में मिल जाते हैं वे स्थूल स्कंध कहे जाते हैं। इसके अन्तर्गत विश्व के तरल द्रव्य आते हैं, जैसे–पानी, तेल आदि।

३. **स्थूल-सूक्ष्म**–जो पुद्गल स्कंध छिन्न-भिन्न नहीं किये जा सकते हों अथवा जिनका ग्रहण या लाना-ले जाना संभव नहीं हो किन्तु जो चक्षु इन्द्रिय के अनुभूति के विषय हों वे स्थूल-सूक्ष्म या बादर-सूक्ष्म कहे जाते हैं, जैसे–प्रकाश, छाया, अन्धकार आदि।

४. **सूक्ष्म-स्थूल**–जो विषय दिखाई नहीं देते हैं किन्तु हमारी ऐन्द्रिक अनुभूति के विषय बनते हैं, जैसे–सुगन्ध, शब्द आदि। आधुनिक विज्ञान की दृष्टि से विद्युत् धारा का प्रवाह और अदृश्य किन्तु अनुभूत गैस भी इस वर्ग के अन्तर्गत आती है। जैन आचार्यों ने ध्वनि तरंग

---

१. पुद्गल द्रव्य की विस्तृत विवेचना हेतु देखें--
Concept of Matter in Jain Philosophy—Dr. J. C. Sikadar, P. V. Research Institute, Varanasi

आदि को भी इसी वर्ग के अन्तर्गत माना है। वर्तमान युग में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा जो चित्र आदि का सम्प्रेषण किया जाता है उसे भी हम इसी वर्ग के अन्तर्गत रख सकते हैं।

५. **सूक्ष्म**--जो स्कंध या पुद्गल इन्द्रिय के माध्यम से ग्रहण नहीं किये जा सकते हों वे इस वर्ग के अन्तर्गत आते हैं। जैनाचार्यों के कर्मवर्गणा, मनोवर्गणा जो-जो जीवों के बंधन का कारण है, को इसी वर्ग में माना है।

६. **अति सूक्ष्म**--द्व्यणुक आदि अत्यन्त छोटे-स्कंध अति सूक्ष्म माने गये हैं।

स्कंध के निर्माण की प्रक्रिया

स्कंध की रचना दो प्रकार से होती है--एक ओर बड़े-बड़े स्कंधों के टूटने से छोटे-छोटे स्कंधों के संयोग से नवीन स्कंध बनते हैं तो दूसरी ओर परमाणुओं में निहित स्वाभाविक स्निग्धता और रुक्षता के कारण परस्पर बंध होता है, जिससे स्कंधों की रचना होती है। इसलिए यह कहा गया है कि संघात और भेद से स्कंध की रचना होती है। संघात का तात्पर्य एकत्रित होना और भेद का तात्पर्य टूटना है। किस प्रकार के परमाणुओं के परस्पर मिलने से स्कंध आदि की रचना होती है, इस प्रश्न पर जैनाचार्यों ने विस्तृत चर्चा की है किन्तु विस्तारभय से उसे यहाँ वर्णित करना संभव नहीं है। इस हेतु इच्छुक पाठक तत्त्वार्थ सूत्र के पाँचवें अध्याय की टीकाओं का अवलोकन करें।

जैनाचार्यों की यह विशेषता रही है कि उन्होंने अंधकार, प्रकाश, छाया, शब्द, गर्मी आदि को पुद्गल द्रव्य का ही पर्याय माना है। इस दृष्टि से जैन दर्शन का पुद्गल विचार आधुनिक विज्ञान के बहुत अधिक निकट है।

जैन धर्म की ही ऐसी अनेक मान्यतायें हैं, जो कुछ वर्षों तक अवैज्ञानिक व पूर्णतः काल्पनिक लगती थीं, किन्तु आज विज्ञान से प्रमाणित हो रही हैं। उदाहरण के रूप में--प्रकाश, अन्धकार, ताप, छाया और शब्द आदि पौद्गलिक हैं। जैन आगमों की इस मान्यता पर कोई विश्वास नहीं करता था, किन्तु आज उनकी पौद्गलिकता सिद्ध हो चुकी है। जैन आगमों का यह कथन है कि शब्द न केवल पौद्गलिक है, अपितु वह ध्वनि रूप में उच्चरित होकर लोकान्त तक की यात्रा करता है, इस तथ्य को कल तक कोई भी स्वीकार नहीं करता था, किन्तु आधुनिक वैज्ञानिक खोजों ने अब इस तथ्य को सिद्ध कर दिया है कि प्रत्येक ध्वनि उच्चरित होने के बाद अपनी यात्रा प्रारम्भ कर देती है और उसकी यह यात्रा, चाहे अत्यन्त क्षीण रूप में ही क्यों न हो, लोकान्त तक होती है। जैनों की केवलज्ञान सम्बन्धी यह अवधारणा कि केवली या सर्वज्ञ समस्त लोक के पदार्थों को हस्तामलकवत् प्रत्यक्ष रूप से जानता है अथवा अवधिज्ञान सम्बन्धी यह अवधारणा है कि अवधिज्ञानी चर्म-चक्षु के द्वारा गृहीत नहीं हो रहे दूरस्थ विषयों का सीधा प्रत्यक्षीकरण कर लेता है--कुछ वर्षों पूर्व तक यह सब कपोलकल्पना ही लगती थी, किन्तु आज जब टेलीविजन का आविष्कार हो चुका है अब यह बात बहुत आश्चर्यजनक नहीं रही है। जिस प्रकार से ध्वनि की यात्रा होती है उसी प्रकार से प्रत्येक भौतिक पिण्ड से प्रकाश-किरणें परावर्तित होती हैं और वे भी ध्वनि के समान ही लोक में अपनी यात्रा करती हैं तथा प्रत्येक वस्तु या घटना का चित्र विश्व में संप्रेषित कर देती हैं। आज यदि मानव मस्तिष्क में टेलीविजन सेट की ही तरह चित्रों को ग्रहण करने का सामर्थ्य विकसित हो जाये, तो दूरस्थ पदार्थों एवं घटनाओं के हस्तामलकवत् ज्ञान में कोई बाधा नहीं रहेगी, क्योंकि प्रत्येक पदार्थ से प्रकाश व छाया के रूप में जो किरणें परावर्तित हो रही हैं, वे तो हम सबके पास पहुँच ही रही हैं। आज यदि हमारे चैतन्य मस्तिष्क की ग्रहण शक्ति विकसित हो जाय तो दूरस्थ विषयों का ज्ञान असम्भव नहीं है। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्राचीन धार्मिक कहे जाने वाले साहित्य में भी बहुत कुछ ऐसा है, जो या तो आज विज्ञान सम्मत सिद्ध हो चुका है अथवा जिसके विज्ञान सम्मत सिद्ध होने की सम्भावना अभी पूर्णतः निरस्त नहीं हुई है।

अनेक आगम वचन या सूत्र ऐसे हैं, जो कल तक अवैज्ञानिक प्रतीत होते थे, वे आज वैज्ञानिक सिद्ध हो रहे हैं। मात्र इतना ही नहीं, इन सूत्रों का वैज्ञानिक ज्ञान उनके प्रकाश में है जो व्याख्या की गयी, वह अधिक समीचीन प्रतीत होती है। उदाहरण के रूप में परमाणुओं के पारस्परिक बन्धन से स्कन्ध के निर्माण की प्रक्रिया को समझाने हेतु तत्त्वार्थ सूत्र के पाँचवें अध्याय का एक सूत्र आता है--**स्निग्धरुक्षत्वात् बन्धः।** इसमें स्निग्ध और रुक्ष परमाणुओं के एक-दूसरे से जुड़कर स्कन्ध बनाने की बात कही गयी है। सामान्य रूप से इसकी व्याख्या यह कहकर ही की जाती थी कि स्निग्ध (चिकने) एवं रुक्ष (खुरदुरे) परमाणुओं में बन्ध होता है, किन्तु आज जब हम इस सूत्र की वैज्ञानिक व्याख्या करते हैं कि स्निग्ध अर्थात् धनात्मक विद्युत् से आवेशित एवं रुक्ष अर्थात् ऋणात्मक विद्युत् से आवेशित सूक्ष्म-कण जैन दर्शन की भाषा में परमाणु परस्पर मिलकर स्कन्ध (Molecule) का निर्माण करते हों तो तत्त्वार्थ सूत्र का यह सूत्र अधिक विज्ञान सम्मत प्रतीत होता है।

जहाँ तक भौतिक तत्त्व के अस्तित्व एवं स्वरूप का प्रश्न है वैज्ञानिकों एवं जैन आचार्यों में अधिक मतभेद नहीं है। परमाणु या पुद्गल कणों में जिस अनन्त शक्ति का निर्देश जैन आचार्यों ने किया था वह अब आधुनिक वैज्ञानिक अन्वेषणों से सिद्ध हो रहा है। आधुनिक वैज्ञानिक इस तथ्य को सिद्ध कर चुके हैं कि एक परमाणु का विस्फोट भी कितनी अधिक शक्ति का सृजन कर सकता है। वैसे भी भौतिक पिण्ड या पुद्गल की अवधारणा ऐसी है जिस पर वैज्ञानिकों एवं जैन विचारकों में कोई अधिक मतभेद नहीं देखा जाता। परमाणुओं के द्वारा स्कन्ध (Molecule) की रचना का जैन सिद्धान्त कितना वैज्ञानिक है, इसकी चर्चा हम पूर्व में कर चुके हैं। विज्ञान जिसे परमाणु कहता था, वह अब टूट चुका है। वास्तविकता तो यह है कि विज्ञान ने जिसे परमाणु मान लिया था, वह परमाणु था ही नहीं, वह तो स्कन्ध ही था। क्योंकि जैनों की परमाणु की परिभाषा यह है कि जिसका विभाजन नहीं हो सके, ऐसा भौतिक तत्त्व परमाणु है। इस प्रकार आज हम देखते हैं कि विज्ञान का तथाकथित परमाणु खण्डित हो चुका है, जबकि जैन दर्शन का परमाणु अभी वैज्ञानिकों की पकड़ में आ ही नहीं पाया है। वस्तुतः जैन दर्शन में जिसे परमाणु कहा जाता है उसे आधुनिक वैज्ञानिकों ने क्वार्क नाम दिया है और वे आज भी उसकी खोज में लगे हुए

हैं। समकालीन भौतिकीविदों की क्वार्क की परिभाषा यह है कि जो विश्व का सरलतम और अन्तिम घटक है, वही क्वार्क है। आज भी क्वार्क को व्याख्यायित करने में वैज्ञानिक सफल नहीं हो पाये हैं।

आधुनिक विज्ञान प्राचीन अवधारणाओं को सम्पुष्ट करने में किस प्रकार सहायक हुआ है कि उसका एक उदाहरण यह है कि जैन तत्त्व-मीमांसा में एक ओर यह अवधारणा रही है कि एक पुद्गल परमाणु जितनी जगह घेरता है–वह एक आकाश प्रदेश कहलाता है। दूसरे शब्दों में मान्यता यह है कि एक आकाश प्रदेश में एक परमाणु ही रह सकता है, किन्तु दूसरी ओर आगमों में यह भी उल्लेख है कि एक आकाश प्रदेश में असंख्यात पुद्गल परमाणु समा सकते हैं। इस विरोधाभास का सीधा समाधान हमारे पास नहीं था। लेकिन विज्ञान ने यह सिद्ध कर दिया है कि विश्व में कुछ ऐसे ठोस द्रव्य हैं जिनका एक वर्ग इंच का वजन लगभग ८ सौ टन होता है। इससे यह भी फलित होता है कि जिन्हें हम ठोस समझते हैं, वे वस्तुतः कितने पोले हैं। अतः सूक्ष्म अवगाहन शक्ति के कारण यह संभव है कि एक ही आकाश प्रदेश में अनन्त परमाणु भी समाहित हो जायें।[1]

काल

काल द्रव्य को अनस्तिकाय वर्ग के अन्तर्गत माना गया है। जैसा कि हम पूर्व में सूचित कर चुके हैं–आगमिक युग तक जैन परम्परा में काल को स्वतंत्र द्रव्य मानने के सन्दर्भ में पर्याप्त मतभेद था। आवश्यकचूर्णि (भाग-१, पृ. ३४०-३४१) में काल के स्वरूप के सम्बन्ध में निम्न तीन मतों का उल्लेख हुआ है–(१) कुछ विचारक काल को स्वतन्त्र द्रव्य न मानकर पर्याय रूप मानते हैं। (२) कुछ विचारक उसे गुण मानते हैं। (३) कुछ विचारक उसे स्वतन्त्र द्रव्य मानते हैं। श्वेताम्बर परम्परा में सातवीं शती तक काल के सम्बन्ध में उक्त तीनों विचारधाराएँ प्रचलित रहीं और श्वेताम्बर आचार्य अपनी-अपनी मान्यतानुसार उनमें से किसी एक का पोषण करते रहे, जबकि दिगम्बर आचार्यों ने एक मत से काल को स्वतन्त्र द्रव्य माना। जो विचारक काल को स्वतन्त्र द्रव्य नहीं मानते थे उनका तर्क यह था कि यदि धर्म, अधर्म, आकाश, पुद्गल और जीव द्रव्य अपनी-अपनी पर्यायों (विभिन्न अवस्थाओं) में स्वतः ही परिवर्तित होते रहते हैं तो फिर काल को स्वतन्त्र द्रव्य मानने की क्या आवश्यकता है? आगम में भी जब भगवान महावीर से यह पूछा गया कि काल क्या है? तो इस प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा था कि काल जीव-अजीवमय है अर्थात् जीव और अजीव की पर्यायें ही काल हैं।[2] विशेषावश्यक भाष्य में कहा गया है कि वर्तना अर्थात् परिणमन या परिवर्तन से भिन्न कोई काल द्रव्य नहीं है। इस प्रकार जीव और अजीव की परिवर्तनशील पर्याय को ही काल कहा गया है। कहीं-कहीं काल को पर्याय द्रव्य कहा गया है। इन सब विवरणों से ऐसा प्रतीत होता है कि काल कोई स्वतन्त्र द्रव्य नहीं है। चूँकि आगम में जीव-काल और अजीव-काल ऐसे काल के दो वर्गों के उल्लेख मिलते हैं अतः कुछ जैन विचारकों ने यह माना कि जीव और अजीव द्रव्यों की पर्यायों से पृथक् काल द्रव्य का स्वतन्त्र अस्तित्व नहीं है। प्राचीन स्तर के आगमों में सर्वप्रथम उत्तराध्ययन सूत्र में काल का स्वतन्त्र द्रव्य के रूप में उल्लेख पाया जाता है। जैसा कि हम पूर्व में संकेत कर चुके हैं कि न केवल उमास्वाति के युग तक अर्थात् ईसा की तृतीय-चतुर्थ शताब्दी तक अपितु चूर्णिकाल अर्थात् ईसा की सातवीं शती तक काल स्वतन्त्र द्रव्य है या नहीं–इस प्रश्न पर जैन दार्शनिकों में मतभेद था। इसीलिए तत्त्वार्थ सूत्र के भाष्यमान पाठ में उमास्वाति को यह उल्लेख करना पड़ा कि कुछ विचारक काल को भी द्रव्य मानते हैं (कालश्चेत्येक २५/३८)। इसका फलितार्थ यह भी है कि उस युग में कुछ जैन दार्शनिक काल को स्वतन्त्र द्रव्य नहीं मानते थे। इनके अनुसार सर्व द्रव्यों की जो पर्यायें हैं, वे ही काल हैं। इस मान्यता के विरोध में दूसरे पक्ष के द्वारा यह कहा गया कि अन्य द्रव्यों की पर्यायों से पृथक् काल स्वतन्त्र द्रव्य है क्योंकि किसी भी पदार्थ में बाह्य निमित्त अर्थात् अन्य द्रव्य के उपकार के बिना स्वतः ही परिणमन सम्भव नहीं होता है।[3] जैसे ज्ञान आत्मा का स्वलक्षण है, किन्तु ज्ञानरूप पर्यायें तो अपने ज्ञेय विषय पर ही निर्भर करती हैं। आत्मा को ज्ञान तभी हो सकता है जब ज्ञान के विषय अर्थात् ज्ञेय वस्तु तत्त्व की स्वतन्त्र सत्ता हो। अतः अन्य सभी द्रव्यों के परिणमन के लिए किसी बाह्य निमित्त को मानना आवश्यक है। जिस प्रकार गति को जीव और पुद्गल का स्वलक्षण मानते हुए भी गति के बाह्य निमित्त के रूप में धर्म द्रव्य की स्वतन्त्र सत्ता मानना आवश्यक है, उसी प्रकार चाहे सभी द्रव्यों में पर्याय परिवर्तन की क्षमता स्वतः हो, किन्तु उनके निमित्त कारण के रूप में काल द्रव्य को स्वतन्त्र द्रव्य मानना आवश्यक है। यदि काल को स्वतन्त्र द्रव्य नहीं माना जायेगा तो पदार्थों के परिणमन (पर्याय परिवर्तन) का कोई निमित्त कारण नहीं होगा। परिणमन के निमित्त कारण के अभाव में पर्यायों का अभाव होगा और पर्यायों के अभाव में द्रव्य का भी अभाव हो जायेगा क्योंकि द्रव्य का अस्तित्व भी पर्यायों से पृथक् नहीं है। इस प्रकार सर्वशून्यता का प्रसंग आ जायेगा। अतः पर्याय परिवर्तन (परिणमन) के निमित्त कारण के रूप में काल को स्वतन्त्र द्रव्य मानना ही होगा। काल को स्वतन्त्र तत्त्व मानने वाले दार्शनिकों के इस तर्क के विरोध में यह प्रश्न उठाया गया कि यदि अन्य द्रव्यों के परिणमन (पर्याय परिवर्तन) के हेतु के रूप में काल नामक स्वतन्त्र द्रव्य का मानना आवश्यक है तो फिर अलोकाकाश में होने वाले पर्याय परिवर्तन का हेतु (निमित्त कारण) क्या है? क्योंकि अलोकाकाश में तो आगम में काल द्रव्य का अभाव माना गया है। यदि उसमें काल द्रव्य के अभाव में पर्याय परिवर्तन सम्भव है, तो फिर लोकाकाश में भी अन्य द्रव्यों के

---

१. जैन दर्शन और आधुनिक विज्ञान के सम्बन्धों की विस्तृत विवेचना के लिए देखें–
   (अ) श्रमण, अक्टूबर-दिसम्बर, १९९२, पृ. १-१२
   (ब) Cosmology : Old and New by G. R. Jain

२. उद्धृत Jain Conceptions of Space and Time by Nagin J. Shah, p. 374, Ref. No. 6, Studies in Jainism, Deptt. of Philosophy, University of Poona, 1994

३. जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश, भाग-२, पृ. ८५-८७

पर्याय परिवर्तन हेतु काल को स्वतन्त्र द्रव्य मानना आवश्यक नहीं है। पुनः अलोकाकाश में काल के अभाव में यदि पर्याय परिवर्तन नहीं मानोगे तो फिर पर्याय परिवर्तन के अभाव में आकाश द्रव्य में द्रव्य का सामान्य लक्षण 'उत्पाद-व्यय-ध्रौव्य' सिद्ध नहीं हो सकेगा और यदि अलोकाकाश में पर्याय परिवर्तन माना जाता है तो उस पर्याय परिवर्तन का निमित्त काल तो नहीं हो सकता क्योंकि उसका वहाँ अभाव है। इस तर्क के प्रत्युत्तर में काल को स्वतन्त्र द्रव्य मानने वाले आचार्यों का प्रत्युत्तर यह है कि आकाश एक अखण्ड द्रव्य है उसमें अलोकाकाश एवं लोकाकाश ऐसे जो दो भेद किए जाते हैं वे मात्र औपचारिक हैं। लोकाकाश में काल द्रव्य के निमित्त से होने वाला पर्याय परिवर्तन सम्पूर्ण आकाश द्रव्य का ही पर्याय परिवर्तन है। अलोकाकाश और लोकाकाश दोनों आकाश द्रव्य के ही अंश हैं, वे एक-दूसरे से पृथक् नहीं हैं। किसी भी द्रव्य के एक अंश में होने वाला परिवर्तन सम्पूर्ण द्रव्य का परिवर्तन माना जाता है, अतः लोकाकाश में जो पर्याय परिवर्तन होता है वह अलोकाकाश पर भी घटित होता है और लोकाकाश में पर्याय परिवर्तन काल द्रव्य के निमित्त से होता है। अतः लोकाकाश और अलोकाकाश दोनों के पर्याय परिवर्तन का निमित्त काल द्रव्य ही है। ज्ञातव्य है कि लगभग सातवीं शताब्दी से काल का स्वतन्त्र द्रव्य होना सर्वमान्य हो गया।

जैन दार्शनिकों ने काल को अचेतन, अमूर्त्त (अरूपी) तथा अनस्तिकाय द्रव्य कहा है। इसका कार्य या लक्षण वर्तना माना गया है। विभिन्न द्रव्यों में जो पर्याय परिवर्तन होता है उसका निमित्त कारण काल द्रव्य होता है यद्यपि उस पर्याय परिणमन का उपादान कारण तो स्वयं वह द्रव्य ही होता है, जिस प्रकार धर्म-द्रव्य जीव, पुद्गल आदि की स्वतः प्रसूत गति का निमित्त कारण है या जिस प्रकार बाल्यावस्था, युवावस्था और वृद्धावस्था प्राणी की अपनी शारीरिक संरचना के परिणामस्वरूप ही घटित होती है फिर भी उनमें निमित्त कारण के रूप में काल भी अपना कार्य करता है। जैनाचार्यों ने स्वभाव, नियति, पुरुषार्थ, काल आदि जिस पंचक कारण की चर्चा की है उनमें काल को भी एक महत्त्वपूर्ण घटक माना गया है। जैन दार्शनिक साहित्य में काल द्रव्य की चर्चा अनेक प्रकार से की गई है। सर्वप्रथम व्यवहारकाल और निश्चयकाल ऐसे काल के दो विभाग किये गये हैं। निश्चयकाल अन्य द्रव्यों की पर्यायों के परिवर्तन का निमित्त कारण है। दूसरे शब्दों में सभी द्रव्यों की वर्तना या परिणमन की शक्ति ही द्रव्य काल या निश्चय काल है। व्यवहार काल को समय, आवलिका, पक्ष, मास, ऋतु, अयन, संवत्सर आदि रूप कहा गया है। संसार में भूत, भविष्य और वर्तमान सम्बन्धी जो काल व्यवहार है वह भी इसी से होता है। जैन परम्परा में व्यवहार काल का आधार सूर्य की गति ही मानी गई है, साथ ही यह भी माना गया है कि यह व्यवहार काल मनुष्य क्षेत्र तक ही सीमित है। देवलोक आदि में इसका व्यवहार मनुष्य क्षेत्र की अपेक्षा से ही है। मनुष्य क्षेत्र में ही समय, आवलिका, घटिका, प्रहर, रात-दिन, पक्ष, मास, ऋतु, अयन, संवत्सर, अवसर्पिणी, उत्सर्पिणी आदि का व्यवहार होता है। व्यक्तियों में बालक, युवा और वृद्ध अथवा नूतन, जीर्ण आदि का जो व्यवहार देखा जाता है वह सब भी काल के ही कारण हैं। वासना काल, शिक्षा काल, दीक्षा काल आदि की अपेक्षा से भी काल के अनेक भेद किये जाते हैं, किन्तु विस्तार भय से उन सबकी चर्चा यहाँ अपेक्षित नहीं है। इसी प्रकार कर्म सिद्धान्त के सन्दर्भ में प्रत्येक कर्म प्रकृति के सत्ता काल आदि की भी चर्चा जैनागमों में मिलती है।

संख्या की दृष्टि से अधिकांश जैन आचार्यों ने काल द्रव्य को एक नहीं, अपितु अनेक माना है। उनका कहना है कि धर्म, अधर्म, आकाश की तरह काल एक और अखण्ड द्रव्य नहीं हो सकता। काल द्रव्य अनेक हैं क्योंकि एक ही समय में विभिन्न व्यक्तियों में अथवा द्रव्यों में जो विभिन्न पर्यायों की उत्पत्ति होती है, उन सबकी उत्पत्ति का निमित्त कारण एक ही काल नहीं हो सकता। अतः काल द्रव्य को अनेक या असंख्यात द्रव्य मानना होगा। पुनः प्रत्येक पदार्थ की भूत, भविष्य की अपेक्षा से अनन्त पर्यायें होती हैं और उन अनन्त पर्यायों के निमित्त अनन्त कालाणु होंगे, अतः कालाणु अनन्त माने गये हैं। यहाँ यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि काल द्रव्य को असंख्य कहा गया किन्तु कालाणु अनन्त माने गये ऐसा क्यों? इसका उत्तर यह है कि काल द्रव्य लोकाकाश तक सीमित है और उसकी इस सीमितता की अपेक्षा से उसे अनन्त द्रव्य न कहकर असंख्यात द्रव्य कहा गया। किन्तु जीव अनन्त हैं और उन अनन्त जीवों की भूत, भविष्य की अनन्त पर्यायें होती हैं उन अनन्त पर्यायों में प्रत्येक का निमित्त एक कालाणु होता है अतः कालाणु अनन्त माने गये। सामान्य अवधारणा यह है कि प्रत्येक आत्म-प्रदेश, पुद्गल परमाणु और आकाश प्रदेश पर रत्नों की राशि के समान कालाणु स्थित रहते हैं–अतः कालाणु अनन्त हैं। राजवार्तिक आदि दिगम्बर परम्परा के ग्रन्थों में कालाणुओं को अन्योन्य प्रवेश से रहित पृथक्-पृथक् असंचित दशा में लोकाकाश में स्थित माना गया है।

किन्तु कुछ श्वेताम्बर आचार्यों ने इस मत का विरोध करते हुए यह भी माना है कि काल द्रव्य एक एवं लोकव्यापी है वह अणुरूप नहीं है।[१] किन्तु ऐसी स्थिति में काल में भी प्रदेश-प्रचयत्व मानना होगा और प्रदेश-प्रचयत्व मानने पर वह भी अस्तिकाय वर्ग के अन्तर्गत आ जायेगा। इसके उत्तर में यह कहा गया कि तिर्यक्-प्रचयत्व का अभाव होने से काल अनस्तिकाय है। ऊर्ध्व-प्रचयत्व एवं तिर्यक्-प्रचयत्व की चर्चा हम पूर्व में अस्तिकाय की चर्चा के अन्तर्गत कर चुके हैं।

सूक्ष्मता की अपेक्षा से कालाणुओं की अपेक्षा आकाश प्रदेश और आकाश प्रदेश की अपेक्षा पुद्गल परमाणु अधिक सूक्ष्म माने गये हैं। क्योंकि एक ही आकाश प्रदेश में अनन्त पुद्गल परमाणु समाहित हो सकते हैं। अतः वे सबसे सूक्ष्म हैं। इस प्रकार परमाणु की अपेक्षा आकाश प्रदेश और आकाश प्रदेश की अपेक्षा कालाणु स्थूल हैं।

संक्षेप में काल द्रव्य में वर्तना हेतुत्व के साथ-साथ अचेतनत्व, अमूर्त्तत्व, सूक्ष्मत्व आदि सामान्य गुण भी माने गये हैं। इसी प्रकार उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य लक्षण जो अन्य द्रव्य में हैं, वे भी काल द्रव्य में पाये जाते हैं। काल द्रव्य में यदि उत्पाद, व्यय लक्षण नहीं रहे तो वह

---

१. Studies in Jainism, Edt. M. P. Marathe, p. 69

अपरिवर्तनशील द्रव्य होगा और जो स्वतः अपरिवर्तनशील हो वह दूसरों के परिवर्तन में निमित्त नहीं हो सकेगा। किन्तु काल द्रव्य का विशिष्ट लक्षण तो उसका वर्तना नामक गुण ही है जिसके माध्यम से वह अन्य सभी द्रव्यों में पर्याय परिवर्तन में निमित्त कारण बनकर कार्य करता है। पुनः यदि काल द्रव्य में ध्रौव्यत्व का अभाव मानेंगे तो उसका द्रव्यत्व समाप्त हो जायेगा। अतः उसे स्वतन्त्र द्रव्य मानने पर उसमें उत्पाद-व्यय के साथ-साथ ध्रौव्यत्व भी मानना होगा।

कालचक्र[1]–अर्ध-मागधी आगम साहित्य में काल की चर्चा उत्सर्पिणी काल और अवसर्पिणी काल के रूप में भी उपलब्ध होती है। इनमें प्रत्येक के छह-छह विभाग किये जाते हैं, जिन्हें आरे कहा जाता है। ये छह आरे निम्न हैं–१. सुषमा-सुषमा, २. सुषमा, ३. सुषमा-दुषमा, ४. दुषमा-सुषमा, ५. दुषमा और ६. दुषमा-दुषमा। उत्सर्पिणी काल में इनका क्रम विपरीत होता है। अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी काल मिलकर एक कालचक्र पूरा होता है। जैनों की कालचक्र की यह कल्पना बौद्ध और हिन्दू कालचक्र की कल्पना से भिन्न है। किन्तु इन सभी में इस बात को लेकर समानता है कि इन सभी कालचक्र के विभाजन का आधार सुख-दुःख एवं मनुष्य के नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास की क्षमता को बनाया है।

जैनों के अनुसार उत्सर्पिणी काल में क्रमशः विकास और अवसर्पिणी काल में क्रमशः पतन होता है। ज्ञातव्य है कि कालचक्र का प्रवर्त्तन जंबूद्वीप के भरत क्षेत्र आदि कुछ विभागों में ही होता है।

आत्मा एवं पुद्गल का सम्बन्ध

इस प्रकार पाँच अस्तिकाय द्रव्यों एवं एक अनस्तिकाय द्रव्य का विवेचन करने के पश्चात् संसार एवं मोक्ष को समझने के लिए आत्मा एवं पुद्गल द्रव्य के पारस्परिक सम्बन्ध को समझना आवश्यक है, आत्मा एवं पुद्गल का परस्पर विचित्र सम्बन्ध है।

इनके सम्बन्ध से ही शरीर, इन्द्रिय, मन आदि प्राप्त होते हैं। इनके सम्बन्ध से ही जीव एक गति से दूसरी गति में गमन करता है। इनका यह सम्बन्ध लेश्या, कषाय एवं कर्म-बन्ध के रूप में भी व्यक्त होता है। द्रव्यानुयोग में वर्णित विविध विषय-वस्तु में से यहाँ पर इन्द्रिय, कषाय-सिद्धान्त, लेश्या-सिद्धान्त एवं कर्म-सिद्धान्त पर विशेष विचार किया जा रहा है।

इन्द्रिय

'इन्द्रिय' शब्द का अर्थ–'इन्द्रिय' शब्द के अर्थ की विशद विवेचना न करते हुए यहाँ हम केवल यही कहेंगे कि जिन-जिन साधनों की सहायता से जीवात्मा विषयों की ओर अभिमुख होता है अथवा विषयों के उपभोग में समर्थ होता है, वे इन्द्रियाँ हैं।[2] इस अर्थ को लेकर जैन बौद्ध और गीता की विचारणा में कहीं कोई विवाद नहीं पाया जाता।[3]

इन्द्रियों की संख्या–जैन दर्शन में इन्द्रियाँ पाँच मानी गयी हैं–(१) श्रोत्र, (२) चक्षु, (३) घ्राण, (४) रसना और (५) स्पर्शन (त्वचा)। जैन दर्शन में मन को नोइन्द्रिय (Quasi Sense Organ) कहा गया है। जैन दर्शन में कर्मेन्द्रियों का विचार उपलब्ध नहीं है, फिर भी पाँच कर्मेन्द्रियाँ उसके १० बल की धारणा में से वाक् बल, शरीर बल एवं श्वासोच्छ्वास बल में समाविष्ट हो जाती हैं।

इन्द्रिय-स्वरूप–जैन दर्शन में उक्त पाँचों इन्द्रियाँ दो प्रकार की हैं–(१) द्रव्येन्द्रिय, (२) भावेन्द्रिय। इन्द्रियों का बाह्य संरचनात्मक पक्ष (Structural Aspect) द्रव्येन्द्रिय है और उनका आन्तरिक क्रियात्मक पक्ष (Functional Aspect) भावेन्द्रिय है। इनमें से प्रत्येक के पुनः उपविभाग किये गये हैं, जैसा कि निम्न सारणी से स्पष्ट है–



इन्द्रियों के विषय–(१) श्रोत्रेन्द्रिय का विषय शब्द है। शब्द तीन प्रकार का माना गया है–जीव-शब्द, अजीव-शब्द और मिश्र-शब्द। कुछ विचारक ७ प्रकार के शब्द भी मानते हैं। (२) चक्षु-इन्द्रिय का विषय रूप-संवेदना है। रूप पाँच प्रकार का है–लाल, काला, नीला, पीला और श्वेत। शेष रंग इन्हीं के सम्मिश्रण के परिणाम हैं। (३) घ्राणेन्द्रिय का विषय गन्ध-संवेदना है। गन्ध दो प्रकार की है–(अ) सुगन्ध और (ब) दुर्गन्ध। (४) रसना का विषय रसास्वादन है। रस पाँच हैं–कटु, अम्ल, लवण, तिक्त और मधुर। (५) स्पर्शनेन्द्रिय का विषय स्पर्शानुभूति

१. उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी काल की विस्तृत विवेचना हेतु देखें– तिलोयपण्णत्ति, जीवराज ग्रंथमाला, शोलापुर, ४/३२०-३९४

२. अभिधान राजेन्द्र कोश, खण्ड २, पृ. ५४७

३. दर्शन और चिन्तन, भाग १, पृ. १३४-१३५

है। स्पर्श आठ प्रकार का है–उष्ण, शीत, रुक्ष, चिकना, हल्का, भारी, कर्कश, कोमल। इस प्रकार श्रोत्रेन्द्रिय के ३, चक्षुरिन्द्रिय के ५, घ्राणेन्द्रिय के २, रसना के ५ और स्पर्शेन्द्रिय के ८, कुल मिलाकर पाँचों के तेईस विषय हैं।

इन्द्रिय-निरोध–इन्द्रियों के ये विषय अपनी पूर्ति के प्रयास में किस प्रकार नैतिक पतन की ओर ले जाते हैं, इसका सजीव चित्रण उत्तराध्ययन के ३२वें अध्याय में मिलता है, यहाँ उसके कुछ अंश प्रस्तुत हैं।

रूप को ग्रहण करने वाली चक्षु-इन्द्रिय है और रूप चक्षु-इन्द्रिय का विषय है। प्रिय रूप राग का और अप्रिय रूप द्वेष का कारण है।[1] जिस प्रकार दृष्टि के राग में आतुर पतंग मृत्यु पाता है, उसी प्रकार रूप में अत्यन्त आसक्त होकर जीव अकाल में ही मृत्यु पाते हैं।[2] रूप की आशा के वश पड़ा हुआ अज्ञानी जीव, त्रस और स्थावर जीवों की अनेक प्रकार से हिंसा करता है, परिताप उत्पन्न करता है तथा पीड़ित करता है।[3] रूप में मूर्च्छित जीव भोग्य पदार्थों के उत्पादन रक्षण एवं व्यय में और वियोग की चिन्ता में लगा रहता है। उसे सुख कहाँ है? वह संभोग काल में ही अतृप्त रहता है।[4] रूप में आसक्त मनुष्य को थोड़ा भी सुख नहीं होता, जिस वस्तु की प्राप्ति में उसने दुःख उठाया, उसके उपभोग के समय भी वह दुःख ही पाता है।[5]

श्रोत्रेन्द्रिय शब्द को ग्रहण करने वाली और शब्द श्रोत्रेन्द्रिय का ग्राह्य विषय है। प्रिय शब्द राग का और अप्रिय शब्द द्वेष का कारण है।[6] जिस प्रकार शब्द-राग में गृद्ध मृग मारा जाता है, उसी प्रकार शब्दों के विषय में मूर्च्छित जीव अकाल में ही नष्ट हो जाता है।[7] मनोज्ञ शब्द की लोलुपता के वशवर्ती भारीकर्मी जीव अज्ञानी होकर त्रस और स्थावर जीवों की अनेक प्रकार से हिंसा करता है, परिताप उत्पन्न करता है और पीड़ा देता है।[8] शब्द में मूर्च्छित जीव मनोहर शब्द वाले पदार्थों की प्राप्ति, रक्षण एवं वियोग की चिंता में लगा रहता है। वह संभोग काल के समय में भी अतृप्त ही रहता है, फिर उसे सुख कहाँ है?[9] तृष्णा के वश में पड़ा हुआ वह जीव चोरी करता है तथा झूठ और कपट की वृद्धि करता हुआ अतृप्त ही रहता है और दुःख से नहीं छूट पाता।[10]

गन्ध को नासिका ग्रहण करती है और गन्ध नासिका का ग्राह्य विषय है। सुगन्ध राग का कारण है और दुर्गन्ध द्वेष का कारण है।[11] जिस प्रकार सुगन्ध में मूर्च्छित सर्प बिल से बाहर निकलने पर मारा जाता है, उसी प्रकार गन्ध में अत्यन्त आसक्त जीव अकाल में ही मृत्यु को प्राप्त होता है।[12] सुगन्ध के वशीभूत होकर बाल जीव अनेक प्रकार से त्रस और स्थावर जीवों की हिंसा करता है, उन्हें दुःख देता है। सुगन्ध में आसक्त जीव सुगन्धित पदार्थों की प्राप्ति, रक्षण, व्यय तथा वियोग की चिन्ता में लगा रहता है, यह संभोग काल में भी अतृप्त रहता है। फिर उसे सुख कहाँ है? गंध में आसक्त जीव को कोई सुख नहीं होता, वह सुगन्ध के उपभोग के समय भी दुःख एवं क्लेश ही पाता है।[13]

रस को रसनेन्द्रिय ग्रहण करती है और रस रसनेन्द्रिय का ग्राह्य विषय है। मन-पसन्द रस राग का कारण और मन के प्रतिकूल रस द्वेष का कारण है।[14] जिस प्रकार खाने के लालच में मत्स्य काँटे में फँसकर मारा जाता है, उसी प्रकार रसों में अत्यन्त गृद्ध जीव अकाल में मृत्यु का ग्रास बन जाता है।[15] रसों में आसक्त जीव को कोई सुख नहीं होता, वह रसभोग के समय दुःख और क्लेश ही पाता है।[16] इसी प्रकार अमनोज्ञ रसों में द्वेष करने वाला जीव भी दुःख-परम्परा बढ़ाता है और कलुषित मन से कर्मों का उपार्जन करके दुःखद फल भोगता है।[17]

स्पर्श को शरीर ग्रहण करता है और स्पर्श, स्पर्शनेन्द्रिय (त्वक्) का ग्राह्य विषय है। सुखद स्पर्श राग का तथा दुःखद स्पर्श द्वेष का कारण है।[18] जो जीव सुखद स्पर्शों में अति आसक्त होता है, वह जंगल के तालाब के ठंडे पानी में पड़े हुए मगर द्वारा ग्रसे हुए भैंसे की तरह अकाल में ही मृत्यु को प्राप्त होता है।[19] स्पर्श की आशा में पड़ा हुआ भारी कर्मी जीव चराचर जीवों की अनेक प्रकार से हिंसा करता है, उन्हें दुःख देता है।[20] सुखद स्पर्शों से मूर्च्छित प्राणी उन वस्तुओं की प्राप्ति, रक्षण, व्यय एवं वियोग की चिन्ता में ही घुला रहता है। भोग के समय भी वह तृप्त नहीं होता, फिर उसके लिए सुख कहाँ?[21] स्पर्श में आसक्त जीवों को किंचित् भी सुख नहीं होता। जिस वस्तु की प्राप्ति क्लेश एवं दुःख से हुई, उसके भोग के समय भी उसे कष्ट ही मिलता है।[22]

आचार्य हेमचन्द्र योगशास्त्र में कहते हैं कि स्पर्शनेन्द्रिय के वशीभूत होकर हाथी, रसनेन्द्रिय के वशीभूत होकर मछली, घ्राणेन्द्रिय के वशीभूत होकर भ्रमर, चक्षु-इन्द्रिय के वशीभूत होकर पतंगा और श्रोत्रेन्द्रिय के वशीभूत होकर हरिण मृत्यु का ग्रास बनता है। जब एक इन्द्रिय के विषयों में आसक्ति मृत्यु का कारण बनती है तो फिर पाँचों इन्द्रियों के विषयों के सेवन में आसक्त मनुष्य की क्या गति होगी?

कषाय-सिद्धान्त

समूचा जगत् वासना से उत्पन्न कषाय की अग्नि से झुलस रहा है। अतएव शान्ति मार्ग के पथिक साधक के लिए कषाय का त्याग आवश्यक है। जैन-सूत्रों में साधक को कषायों से सर्वथा दूर रहने के लिए कहा गया है। दशवैकालिक सूत्र में कहा गया है कि अनिगृहीत

१. उत्तराध्ययन सूत्र, ३२/२३
२. वही, ३२/२४
३. वही, ३२/२७
४. वही, ३२/२८
५. वही, ३२/३२
६. वही, ३२/३६
७. वही, ३२/३७
८. वही, ३२/४०
९. वही, ३२/४१
१०. वही, ३२/४३
११. वही, ३२/४९
१२. वही, ३२/५०
१३. वही, ३२/५३-५४
१४. वही, ३२/६२
१५. वही, ३२/६३
१६. वही, ३२/७१
१७. वही, ३२/७२
१८. वही, ३२/७५
१९. वही, ३२/७६
२०. वही, ३२/७८
२१. वही, ३२/८०
२२. वही, ३२/८४

क्रोध और मान तथा बढ़ती हुई माया तथा लोभ–ये चारों संसार बढ़ाने वाली कषायें पुनर्जन्म रूपी वृक्ष का सिंचन करती हैं, दुःख का कारण हैं अतः शान्ति का साधक उन्हें त्याग दे।[१]

कषाय का अर्थ–कषाय जैन धर्म का पारिभाषिक शब्द है। यह 'कष' और 'आय' इन दो शब्दों के मेल से बना है। 'कष' का अर्थ है संसार, कर्म अथवा जन्म-मरण एवं 'आय' का अर्थ है आगमन या प्राप्ति, अर्थात् जिसके द्वारा संसार किंवा जन्म-मरण की प्राप्ति हो अथवा जिससे जीव पुनः-पुनः जन्म-मरण के चक्र में पड़ता है, वह कषाय है।[२] जो मनोवृत्तियाँ आत्मा को कलुषित करती हैं, उन्हें जैन-मनोविज्ञान की भाषा में कषाय कहा जाता है। कषाय अनैतिक मनोवृत्तियाँ हैं।

कषाय की उत्पत्ति–वासना या कर्म-संस्कार से राग-द्वेष और राग-द्वेष से कषाय उत्पन्न होते हैं। स्थानांग सूत्र में कहा गया है कि पाप-कर्म के दो स्थान हैं–राग और द्वेष। राग से माया और लोभ तथा द्वेष से क्रोध और मान उत्पन्न होते हैं।[३] राग-द्वेष का कषायों से क्या सम्बन्ध है इसका वर्णन विशेषावश्यक भाष्य में विभिन्न नयों (दृष्टिकोणों) के आधार पर किया गया है। संग्रह नय के विचार से क्रोध और मान द्वेष-रूप हैं, जबकि माया और लोभ राग-रूप हैं। क्योंकि प्रथम दो में दूसरे की अहित-भावना है और अन्तिम दो में अपनी स्वार्थ-साधना का लक्ष्य है। व्यवहार नय की दृष्टि से क्रोध, मान और माया तीनों रूप हैं, क्योंकि माया भी दूसरे के विघात का विचार ही है। केवल लोभ अकेला रागात्मक है, क्योंकि उसमें ममत्वभाव है। ऋजुसूत्र नय की दृष्टि से केवल क्रोध ही द्वेष-रूप है। शेष कषाय-त्रिक् (मान, माया और लोभ) को ऋजुसूत्र नय की दृष्टि से न तो केवल राग-प्रेरित कहा जा सकता है और न केवल द्वेष-प्रेरित। राग-प्रेरित होने पर वे राग-रूप हैं और द्वेष-प्रेरित होने पर द्वेष-रूप होते हैं।[४] चारों कषायें वासना के राग-द्वेषात्मक पक्षों की आवेगात्मक अभिव्यक्तियाँ हैं। वासना का तत्त्व अपनी तीव्रता की विधेयात्मक अवस्था में राग और निषेधात्मक अवस्था में द्वेष हो जाता है। ये ही राग और द्वेष के भाव बाह्य आवेगात्मक अभिव्यक्ति में कषाय कहे जाते हैं।

कषाय के भेद–आवेगों की अवस्थाएँ भी तीव्रता (Intensity) की दृष्टि से समान नहीं होती हैं, अतः तीव्र आवेगों को कषाय और मंद आवेग या तीव्र आवेगों के प्रेरकों को नो-कषाय (उप-कषाय) कहा गया है। कषाय चार हैं–(१) क्रोध, (२) मान, (३) माया और (४) लोभ। आवेगात्मक अभिव्यक्तियों की तीव्रता के आधार पर इनमें से प्रत्येक को चार-चार भागों में बाँटा गया है–(१) तीव्रतम, (२) तीव्रतर, (३) तीव्र और (४) अल्प। नैतिक दृष्टि से तीव्रतम क्रोध आदि व्यक्ति के सम्यक् दृष्टिकोण में विकार ला देते हैं। तीव्रतर क्रोध आदि आत्म-नियन्त्रण की शक्ति को छिन्न-भिन्न कर डालते हैं। तीव्र क्रोध आदि आत्म-नियन्त्रण की शक्ति के उच्चतम विकास में बाधक होते हैं। अल्प क्रोध आदि व्यक्ति को पूर्ण वीतराग नहीं होने देते।[५] चारों कषायों के तीव्रता के आधार पर चार-चार भेद हैं। अतः कषायों की संख्या १६ हो जाती है। निम्न नौ उप-आवेग, उप-कषाय या कषाय-प्रेरक माने गये हैं–(१) हास्य, (२) रति, (३) अरति, (४) शोक, (५) भय, (६) घृणा, (७) स्त्रीवेद (पुरुष-सम्पर्क की वासना), (८) पुरुषवेद (स्त्री-सम्पर्क की वासना), (९) नपुंसकवेद (दोनों के सम्पर्क की वासना)। इस प्रकार कुल २५ कषायें हैं।[६]

क्रोध

यह एक मानसिक किन्तु उत्तेजक आवेग है। उत्तेजित होते ही व्यक्ति भावाविष्ट हो जाता है। उसकी विचार-क्षमता और तर्क-शक्ति लगभग शिथिल हो जाती है। भावात्मक स्थिति में बढ़े हुए आवेश की वृत्ति युयुत्सा को जन्म देती है। युयुत्सा से अमर्ष और अमर्ष से आक्रमण का भाव उत्पन्न होता है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार क्रोध और भय में यही अन्तर है कि क्रोध के आवेश में आक्रमण का और भय के आवेश में आत्म-रक्षा का प्रयत्न होता है।

जैन-विचार में सामान्यतया क्रोध के दो रूप मान्य हैं–(१) द्रव्य-क्रोध, (२) भाव-क्रोध।[७] द्रव्य-क्रोध को आधुनिक मनोवैज्ञानिक दृष्टि से क्रोध का आंगिक पक्ष कहा जा सकता है। जिसके कारण क्रोध में होने वाले शारीरिक परिवर्तन होते हैं। भाव-क्रोध, क्रोध की मानसिक अवस्था है। क्रोध का अनुभूत्यात्मक पक्ष भाव-क्रोध है, जबकि क्रोध का अभिव्यक्त्यात्मक या शरीरात्मक पक्ष द्रव्य-क्रोध है। क्रोध के विभिन्न रूप हैं। भगवती सूत्र में इसके दस समानार्थक नाम वर्णित हैं[८]–(१) **क्रोध**–आवेग की उत्तेजनात्मक अवस्था, (२) **कोप**–क्रोध से उत्पन्न स्वभाव की चंचलता, (३) **दोष**–स्वयं पर या दूसरे पर दोष थोपना, (४) **रोष**–क्रोध का परिस्फुट रूप, (५) **संज्वलन**–जलन या ईर्ष्या की भावना, (६) **अक्षमा**–अपराध क्षमा न करना, (७) **कलह**–अनुचित भाषण करना, (८) **चण्डिक्य**–उग्र रूप धारण करना, (९) **मंडन**–हाथापाई करने पर उतारू होना, (१०) **विवाद**–आक्षेपात्मक भाषण करना।

क्रोध के प्रकार–क्रोध के आवेग की तीव्रता एवं मन्दता के आधार पर चार भेद किए गए हैं। वे इस भाँति हैं–

१. **अनन्तानुबंधी क्रोध (तीव्रतम क्रोध)**–पत्थर में पड़ी दरार के समान क्रोध जो किसी के प्रति एक बार उत्पन्न होने पर जीवन-पर्यन्त बना रहे, कभी समाप्त न हो।

---

१. दशवैकालिक सूत्र, ८/३९
२. अभिधान राजेन्द्र कोश, खण्ड ३, पृ. ३९५
३. स्थानांग सूत्र, २/२
४. विशेषावश्यक भाष्य, २९६८-२९७१
५. तुम अनन्त शक्ति के स्रोत हो, पृ. ४७
६. अभिधान राजेन्द्र कोश, खण्ड ३, पृ. ३९५
७. भगवती सूत्र, १२/५/२
८. भगवई, १२/५/१०३

२. **अप्रत्याख्यानी क्रोध (तीव्रतर क्रोध)**—सूखते हुए जलाशय की भूमि में पड़ी दरार जैसे आगामी वर्षा होते ही मिट जाती है, वैसे ही अप्रत्याख्यानी क्रोध एक वर्ष से अधिक स्थाई नहीं रहता और किसी के समझाने से शान्त हो जाता है।

३. **प्रत्याख्यानी क्रोध (तीव्र क्रोध)**—बालू की रेखा जैसे हवा के झोंकों से जल्दी ही मिट जाती है, वैसे ही प्रत्याख्यानी क्रोध चार मास से अधिक स्थायी नहीं होता।

४. **संज्वलन क्रोध (अल्प क्रोध)**—शीघ्र ही मिट जाने वाली पानी में खींची गयी रेखा के समान। इस क्रोध में स्थायित्व नहीं होता है।

मान (अहंकार)

अहंकार करना मान है। अहंकार कुल, बल, ऐश्वर्य, बुद्धि, जाति, ज्ञान आदि किसी भी विशेषता का हो सकता है। मनुष्य में स्वाभिमान की मूल प्रवृत्ति है ही, परन्तु जब स्वाभिमान की वृत्ति दम्भ या प्रदर्शन का रूप ले लेती है, तब मनुष्य अपने गुणों एवं योग्यताओं का बढ़े-चढ़े रूप में प्रदर्शन करता है और इस प्रकार उसके अन्तःकरण में मानवृत्ति का प्रादुर्भाव हो जाता है। अभिमानी मनुष्य अपनी अहंवृत्ति का पोषण करता रहता है। उसे अपने से बढ़कर या अपनी बराबरी का गुणी व्यक्ति कोई दिखता ही नहीं।

जैन परम्परा में प्रकारान्तर से मान के आठ भेद मान्य हैं—(१) जाति, (२) कुल, (३) बल (शक्ति), (४) ऐश्वर्य, (५) बुद्धि (सामान्य बुद्धि), (६) ज्ञान (सूत्रों का ज्ञान), (७) सौन्दर्य और (८) अधिकार (प्रभुता)। इन आठ प्रकार की श्रेष्ठताओं का अहंकार करना गृहस्थ एवं साधु दोनों के लिए सर्वथा वर्जित है। इन्हें मद भी कहा गया है।

मान निम्न बारह रूपों में प्रकट होता है[१]—(१) **मान**—अपने किसी गुण पर अहंवृत्ति, (२) **मद**—अहंभाव में तन्मयता, (३) **दर्प**—उत्तेजनापूर्ण अहंभाव, (४) **स्तम्भ**—अविनम्रता, (५) **गर्व**—अहंकार, (६) **अत्युक्रोश**—अपने को दूसरे से श्रेष्ठ कहना, (७) **परपरिवाद**—परनिन्दा, (८) **उत्कर्ष**—अपना ऐश्वर्य प्रकट करना, (९) **अपकर्ष**—दूसरों को तुच्छ समझना, (१०) **उन्नत नाम**—गुणी के सामने भी न झुकना, (११) **उन्नत**—दूसरों को निम्न समझना, (१२) **पुर्नाम**—यथोचित रूप से न झुकना।

अहंभाव की तीव्रता और मन्दता के अनुसार मान के भी चार भेद हैं—

१. **अनंतानुबन्धी मान**—पत्थर के खम्भे के समान जो झुकता नहीं, अर्थात् जिसमें विनम्रता नाममात्र की भी नहीं है।

२. **अप्रत्याख्यानी मान**—हड्डी के समान कठिनता से झुकने वाला अर्थात् जो विशेष परिस्थितियों में बाह्य दबाव के कारण विनम्र हो जाता है।

३. **प्रत्याख्यानी मान**—लकड़ी के समान थोड़े से प्रयत्न से झुक जाने वाला अर्थात् जिसके अन्तर में विनम्रता तो होती है लेकिन जिसका प्रकटन विशेष स्थिति में ही होता है।

४. **संज्वलन मान**—बेंत के समान अत्यन्त सरलता से झुक जाने वाला अर्थात् जो आत्म-गौरव को रखते हुए भी विनम्र बना रहता है।

माया

कपटाचार माया कषाय है। भगवती सूत्र के अनुसार इसके पन्द्रह नाम हैं[२]—(१) **माया**—कपटाचार, (२) **उपधि**—ठगने के उद्देश्य से व्यक्ति के पास जाना, (३) **निकृति**—ठगने के अभिप्राय से अधिक सम्मान देना, (४) **वलय**—वक्रतापूर्ण वचन, (५) **गहन**—ठगने के विचार से अत्यन्त गूढ़ भाषण करना, (६) **नूम**—ठगने के हेतु निकृष्ट कार्य करना, (७) **कल्क**—दूसरों को हिंसा के लिए उभारना, (८) **कुरूप**—निन्दित व्यवहार करना, (९) **निहृता**—ठगाई के लिए कार्य मन्द गति से करना, (१०) **किल्विषिक**—भांडों के समान कुचेष्टा करना, (११) **आदरणता**—अनिच्छित कार्य भी अपनाना, (१२) **गूहनता**—अपनी करतूत को छिपाने का प्रयत्न करना, (१३) **वंचकता**—ठगी, (१४) **प्रति-कुंचनता**—किसी के सरल रूप से कहे गये वचनों का खण्डन करना, (१५) **सातियोग**—उत्तम वस्तु में हीन वस्तु की मिलावट करना, यह सब माया की ही विभिन्न अवस्थाएँ हैं।

माया के चार प्रकार—(१) **अनंतानुबन्धी माया** (तीव्रतम कपटाचार)—अतीव कुटिल जैसे बाँस की जड़, (२) **अप्रत्याख्यानी माया** (तीव्रतर कपटाचार)—भैंस के सींग के समान कुटिल, (३) **प्रत्याख्यानी माया** (तीव्र कपटाचार)—गोमूत्र की धारा के समान कुटिल, (४) **संज्वलन माया** (अल्प-कपटाचार)—बाँस के छिलके के समान कुटिल।

लोभ

मोहनीय कर्म के उदय से चित्त में उत्पन्न होने वाली तृष्णा या लालसा लोभ कहलाती है। लोभ की सोलह अवस्थाएँ हैं[३]—(१) **लोभ**—संग्रह करने की वृत्ति, (२) **इच्छा**—अभिलाषा, (३) **मूर्च्छा**—तीव्र संग्रह-वृत्ति, (४) **कांक्षा**—प्राप्त करने की आशा, (५) **गृद्धि**—आसक्ति, (६) **तृष्णा**—जोड़ने की इच्छा, वितरण की विरोधी वृत्ति, (७) **मिथ्या**—विषयों का ध्यान, (८) **अभिध्या**—निश्चय से डिग जाना या चंचलता, (९) **आशंसना**—इष्ट-प्राप्ति की इच्छा करना, (१०) **प्रार्थना**—अर्थ आदि की याचना, (११) **लालपनता**—चाटुकारिता, (१२) **कामाशा**—काम की

---

१. भगवती सूत्र, १२/४३
२. वही, १२/५४
३. वही, १५/५/५

इच्छा, (१३) **भोगाशा**–भोग्य-पदार्थों की इच्छा, (१४) **जीविताशा**–जीवन की कामना, (१५) मरणाशा–मरने की कामना[१], (१६) **नन्दिराग**–प्राप्त सम्पत्ति में अनुराग।

लोभ के चार भेद–(१) **अनंतानुबन्धी लोभ**–मजीठिया रंग के समान जो छूटे नहीं, अर्थात् अत्यधिक लोभ, (२) **अप्रत्याख्यानी लोभ**–गाड़ी के पहिये के औगन के समान मुश्किल से छूटने वाला लोभ, (३) **प्रत्याख्यानी लोभ**–कीचड़ के समान प्रयत्न करने पर छूट जाने वाला लोभ, (४) **संज्वलन लोभ**–हल्दी के लेप के समान शीघ्रता से दूर हो जाने वाला लोभ।

नोकषाय–नोकषाय शब्द दो शब्दों के योग से बना है नो+कषाय। जैन दार्शनिकों ने 'नो' शब्द को साहचर्य के अर्थ में ग्रहण किया है।[२] इस प्रकार क्रोध, मान, माया और लोभ इन प्रधान कषायों के सहचारी भावों अथवा उनकी उपयोगी मनोवृत्तियाँ जैन परिभाषा में नोकषाय कही जाती हैं।[३] जहाँ पाश्चात्य मनोविज्ञान में काम-वासना को प्रमुख मूल वृत्ति तथा भय को प्रमुख आवेग माना गया है, वहाँ जैन दर्शन में उन्हें सहचारी कषाय या उप-आवेग कहा गया है। इसका कारण यही हो सकता है कि जहाँ पाश्चात्य विचारकों ने उन पर मात्र मनोवैज्ञानिक दृष्टि से विचार किया है, वहाँ जैन विचारणा में जो मानसिक तथ्य नैतिक दृष्टि से अधिक अशुभ थे, उन्हें कषाय कहा गया है और उनके सहचारी अथवा कारक मनोभाव को नोकषाय कहा गया है। यद्यपि मनोवैज्ञानिक दृष्टि से विचार करने पर नोकषाय वे प्राथमिक स्थितियाँ हैं, जिनसे कषायें उत्पन्न होती हैं, तथापि आवेगों की तीव्रता की दृष्टि से नोकषाय कम तीव्र होते हैं और कषाय अधिक तीव्र होती हैं। इन्हें कषाय कारक भी कहा जा सकता है। जैन ग्रन्थों में इनकी संख्या नौ मानी गई है–

१. **हास्य**–सुख या प्रसन्नता की अभिव्यक्ति हास्य है। जैन विचारणा के अनुसार हास्य का कारण पूर्व-कर्म या वासना-संस्कार है।

२. **शोक**–इष्टवियोग और अनिष्टयोग से सामान्य व्यक्ति में जो मनोभाव जाग्रत होते हैं, वे शोक कहे जाते हैं। शोक चित्तवृत्ति की विकलता का द्योतक है[४] और इस प्रकार मानसिक समत्व का भंग करने वाला है।

३. **रति (रुचि)**–अभीष्ट पदार्थों पर प्रीतिभाव अथवा इन्द्रिय-विषयों में चित्त की अभिरतता ही रति है। इसके कारण ही आसक्ति एवं लोभ की भावनाएँ प्रबल होती हैं।[५]

४. **अरति**–इन्द्रिय-विषयों में अरुचि ही अरति है। अरुचि का भाव ही विकसित होकर घृणा और द्वेष बनता है। राग और द्वेष तथा रुचि और अरुचि में प्रमुख अन्तर यही है कि राग और द्वेष मनस् की सक्रिय अवस्थाएँ हैं जबकि रुचि और अरुचि निष्क्रिय अवस्थाएँ हैं। रति और अरति पूर्व-कर्म–संस्कारजनित स्वाभाविक रुचि और अरुचि का भाव है।

५. **घृणा**–घृणा या जुगुप्सा अरुचि का ही विकसित रूप है। अरुचि और घृणा में केवल मात्रात्मक अन्तर ही है। अरुचि की अपेक्षा घृणा में विशेषता यह है कि अरुचि में पदार्थ-विशेष के भोग की अरुचि होती है, लेकिन उसकी उपस्थिति सह्य होती है, जबकि घृणा में उसका भोग और उसकी उपस्थिति दोनों ही असह्य होती है। अरुचि का विकसित रूप घृणा और घृणा का विकसित रूप द्वेष है।

६. **भय**–किसी वास्तविक या काल्पनिक तथ्य से आत्म-रक्षा के निमित्त बच निकलने की प्रवृत्ति ही भय है। भय और घृणा में प्रमुख अन्तर यह है कि घृणा के मूल में द्वेष-भाव रहता है, जबकि भय में आत्म-रक्षण का भाव प्रबल होता है। घृणा क्रोध और द्वेष का एक रूप है, जबकि भय लोभ या राग की ही एक अवस्था है। जैनागमों में भय सात प्रकार का माना गया है, जैसे–(१) **इहलोक भय**–यहाँ लोक शब्द संसार के अर्थ में न होकर जाति के अर्थ में भी गृहीत है। स्वजाति के प्राणियों से अर्थात् मनुष्यों के लिए मनुष्यों से उत्पन्न होने वाला भय। (२) **परलोक भय**–अन्य जाति के प्राणियों से होने वाला भय, जैसे–मनुष्यों के लिए पशुओं का भय। (३) **आदान भय**–धन की रक्षा के निमित्त चोर-डाकू आदि भय के बाह्य कारणों से उत्पन्न भय। (४) **अकस्मात् भय**–बाह्य-निमित्त के अभाव में स्वकीय कल्पना से निर्मित भय या अकारण भय। भय का यह रूप मानसिक ही होता है, जिसे मनोविज्ञान में असामान्य भय कहते हैं। (५) **आजीविका भय**–आजीविका या धनोपार्जन के साधनों की समाप्ति (विच्छेद) का भय। कुछ ग्रन्थों में इसके स्थान पर वेदना भय का उल्लेख है। रोग या पीड़ा का भय वेदना भय है। (६) **मरण भय**–मृत्यु का भय; जैन और बौद्ध विचारणा में मरण-धर्मता का स्मरण तो नैतिक दृष्टि से आवश्यक है, लेकिन मरण भय (मरणाशा एवं जीविताशा) को नैतिक दृष्टि से अनुचित माना गया है। (७) **अश्लोक (अपयश) भय**–मान-प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाने का भय।[६]

७. **स्त्रीवेद**–स्त्रीवेद का अर्थ है स्त्रीत्व संबंधी काम-वासना अर्थात् पुरुष से संभोग की इच्छा। जैन विचारणा में लिंग और वेद में अन्तर किया गया है। लिंग आंगिक संरचना का प्रतीक है, जबकि वेद तत्सम्बन्धी वासनाओं की अवस्था है। यह आवश्यक नहीं है कि स्त्री-लिंग होने पर स्त्रीवेद हो ही। जैन विचारणा के अनुसार लिंग (आंगिक रचना) का कारण नाम-कर्म है, जबकि वेद (वासना) का कारण चारित्रमोहनीय कर्म है।

८. **पुरुषवेद**–पुरुषत्व सम्बन्धी काम-वासना अर्थात् स्त्री संभोग की इच्छा पुरुषवेद है।

९. **नपुंसकवेद**–प्राणी में स्त्रीत्व सम्बन्धी और पुरुषत्व सम्बन्धी दोनों वासनाओं का होना नपुंसकवेद कहा जाता है। दोनों के संभोग की इच्छा ही नपुंसकवेद है।

---

१. तुलना कीजिए–जीवनवृत्ति और मृत्युवृत्ति (फ्रायड)
२. अभिधान राजेन्द्र कोश, खण्ड ४, पृ. २१६१
३. वही, खण्ड ४, पृ. २१६१
४. वही, खण्ड ७, पृ. ११५७
५. वही, खण्ड ६, पृ. ४६७
६. श्रमण आवश्यक सूत्र उपाध्याय अमर मुनि, भय सूत्र

काम-वासना की तीव्रता की दृष्टि से जैन विचारकों के अनुसार पुरुष की काम-वासना शीघ्र ही प्रदीप्त हो जाती है और शीघ्र ही शान्त हो जाती है। स्त्री की काम-वासना देरी से प्रदीप्त होती है लेकिन एक बार प्रदीप्त हो जाने पर काफी समय तक शान्त नहीं होती। नपुंसक की काम-वासना शीघ्र प्रदीप्त हो जाती है लेकिन शान्त देरी से होती है।[1] इस प्रकार भय, शोक, घृणा, हास्य, रति, अरति और काम-विकार ये उप-आवेग हैं। ये भी व्यक्ति के जीवन को बहुत प्रभावित करते हैं। क्रोध आदि की शक्ति तीव्र होती है, इसलिए वे आवेग हैं। ये व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक स्थिति को प्रभावित करने के अतिरिक्त उसके आन्तरिक गुणों--सम्यक् दृष्टिकोण, आत्म-नियन्त्रण आदि को भी प्रभावित करते हैं। भय आदि उप-आवेग व्यक्ति के आन्तरिक गुणों को उतना प्रत्यक्षतः प्रभावित नहीं करते, जितना शारीरिक और मानसिक स्थिति को करते हैं। उनकी शक्ति अपेक्षाकृत क्षीण होती है, इसलिए वे उप-आवेग कहलाते हैं।[2]

जैन सूत्रों में इन चार प्रमुख कषायों को ''चंडाल चौकड़ी'' कहा गया है। इनमें अनन्तानुबन्धी आदि जो विभाग हैं उनको सदैव ध्यान में रखना चाहिए और हमेशा यह प्रयत्न करना चाहिए कि कषायों में तीव्रता न आये, क्योंकि अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ के होने पर साधक अनन्तकाल तक संसार-परिभ्रमण करता है और सम्यग्दृष्टि नहीं बन पाता है। यह जन्म-मरण के रोग की असाध्यावस्था है। अप्रत्याख्यानी कषाय के होने पर साधक, श्रावक या गृहस्थ साधक के पद से गिर जाता है। यह साधक के आंशिक चरित्र का नाश कर देती है। यह विकारों की दुःसाध्यावस्था है। इसी प्रकार प्रत्याख्यानी कषाय की अवस्था में साधुत्व प्राप्त नहीं होता। इसे विकारों की प्रयत्न-साध्यावस्था कहा जा सकता है। साधक को अपने जीवन में उपर्युक्त तीनों प्रकार के कषायों को स्थान नहीं देना चाहिए, क्योंकि इससे उसकी साधना या चारित्र धर्म का नाश हो जाता है। इतना ही नहीं, साधक को अपने अन्दर संज्वलन कषाय को भी स्थान नहीं देना चाहिए, क्योंकि जब तक चित्त में सूक्ष्मतम क्रोध, मान, माया और लोभ रहते हैं, साधक अपने लक्ष्य-निर्वाण की प्राप्ति नहीं कर सकता। संक्षेप में अनन्तानुबन्धी चौकड़ी या कषायों की तीव्रतम अवस्था यथार्थ दृष्टिकोण की उपलब्धि में बाधक है। अप्रत्याख्यानी चौकड़ी या कषायों की तीव्रतर अवस्था आत्म-नियन्त्रण में बाधक है। प्रत्याख्यानी चौकड़ी या कषायों की तीव्र अवस्था श्रमण जीवन की घातक है। इसी प्रकार संज्वलन चौकड़ी या अल्प-कषाय पूर्ण निष्काम या वीतराग जीवन की उपलब्धि में बाधक है। इसलिए साधक को सूक्ष्मतम कषायों को भी दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए, क्योंकि इनके होने पर उसकी साधना में पूर्णता नहीं आ सकती। दशवैकालिक सूत्र में कहा गया है कि आत्म-हित चाहने वाला साधक पाप की वृद्धि करने वाले क्रोध, मान, माया और लोभ इन चार दोषों को पूर्णतया छोड़ दें।[3]

लेश्या-सिद्धान्त

जैन विचारकों के अनुसार जिसके द्वारा आत्मा कर्मों से लिप्त होती है या बन्धन में आती है, वह लेश्या है।[4] जैनागमों में लेश्या दो प्रकार की मानी गयी है--(१) द्रव्य-लेश्या और (२) भाव-लेश्या।

१. **द्रव्य-लेश्या**--द्रव्य-लेश्या सूक्ष्म भौतिकी तत्त्वों से निर्मित वह आंगिक संरचना है, जो हमारे मनोभावों एवं तज्जनित कर्मों का सापेक्ष रूप में कारण अथवा कार्य बनती है जिस प्रकार पित्तद्रव्य की विशेषता से स्वभाव में क्रोधीपन आता है और क्रोध के कारण पित्त का निर्माण बहुल रूप में होता है, उसी प्रकार इन सूक्ष्म भौतिक तत्त्वों से मनोभाव बनते हैं और मनोभाव के होने पर इन सूक्ष्म संरचनाओं का निर्माण होता है। इनके स्वरूप के सम्बन्ध में पं. सुखलाल जी एवं राजेन्द्रसूरि जी ने निम्न तीन मतों को उद्धृत किया है--

१. लेश्या-द्रव्य कर्म-वर्गणा से बने हुए हैं। यह मत उत्तराध्ययन की टीका में है।

२. लेश्या-द्रव्य बध्यमान कर्म-प्रवाह रूप है। यह मत भी उत्तराध्ययन की टीका में वादिवैताल शान्तिसूरि का है।

३. लेश्या-योग परिणाम है अर्थात् शारीरिक, वाचिक और मानसिक क्रियाओं का परिणाम है। यह मत आचार्य हरिभद्र का है।[5]

२. **भाव-लेश्या**--भाव-लेश्या आत्मा का अध्यवसाय या अन्तःकरण की वृत्ति है। पं. सुखलाल जी के शब्दों में भाव-लेश्या आत्मा का मनोभाव विशेष है, जो संक्लेश और योग से अनुगत है। संक्लेश के तीव्र, तीव्रतर, तीव्रतम, मन्द, मन्दतर, मन्दतम आदि अनेक भेद होने से लेश्या (मनोभाव) वस्तुतः अनेक प्रकार की है। तथापि संक्षेप में छह भेद करके (जैन) शास्त्र में उसका स्वरूप वर्णन किया गया है।

उत्तराध्ययन सूत्र[6] में लेश्याओं के स्वरूप का निर्वचन विविध पक्षों के आधार पर विस्तृत रूप से हुआ है, लेकिन हम अपने विवेचन को लेश्याओं के भावात्मक पक्ष तक ही सीमित रखना उचित समझेंगे। मनोदशाओं में संक्लेश की न्यूनाधिकता अथवा मनोभावों की अशुभत्व से शुभत्व की ओर बढ़ने की स्थितियों के आधार पर ही उनके विभाग किये गये हैं। अप्रशस्त और प्रशस्त इन द्विविध मनोभावों से उनकी तारतम्यता के आधार पर छह भेद वर्णित हैं--

अप्रशस्त मनोभाव	प्रशस्त मनोभाव
१. कृष्ण-लेश्या--तीव्रतम अप्रशस्त मनोभाव	४. तेजो-लेश्या--प्रशस्त मनोभाव
२. नील-लेश्या--तीव्र अप्रशस्त मनोभाव	५. पद्म-लेश्या--तीव्र प्रशस्त मनोभाव
३. कापोत-लेश्या--अप्रशस्त मनोभाव	६. शुक्ल-लेश्या--तीव्रतम प्रशस्त मनोभाव

---

१. जैन साइकॉलॉजी, पृ. १३१-१३४

२. तुम अनन्त शक्ति के स्रोत हो, पृ. ४७

३. दशवैकालिक सूत्र, ८/३७

४. अभिधान राजेन्द्र कोश, खण्ड ६, पृ. ६७५

५. (अ) दर्शन और चिन्तन, भाग २, पृ. २९७
(ब) अभिधान राजेन्द्र कोश, खण्ड ६, पृ. ६७५

६. उत्तराध्ययन सूत्र, ३४/३

लेश्याएँ एवं नैतिक व्यक्तित्व का श्रेणी-विभाजन—लेश्याएँ मनोभावों का वर्गीकरण मात्र नहीं हैं, वरन् ये चारित्र के आधार पर किये गये व्यक्तित्व के प्रकार भी हैं। मनोभाव अथवा संकल्प आन्तरिक तथ्य ही नहीं हैं, वरन् वे क्रियाओं के रूप में बाह्य अभिव्यक्ति भी चाहते हैं। वस्तुतः संकल्प ही कर्म में रूपान्तरित होते हैं। ब्रेडले का यह कथन उचित है कि कर्म संकल्प का रूपान्तरण है।[१] मनोभूमि या संकल्प व्यक्ति के आचरण का प्रेरक सूत्र है, लेकिन कर्म-क्षेत्र में संकल्प और आचरण दो अलग-अलग तत्त्व नहीं रहते। आचरण से संकल्पों की मनोभूमिका का निर्माण होता है और संकल्पों की मनोभूमिका पर ही आचरण स्थित होता है। मनोभूमि, आचरण अथवा चरित्र का घनिष्ठ सम्बन्ध है। इतना ही नहीं, मनोवृत्ति स्वयं में भी एक आचरण है। मानसिक कर्म भी कर्म ही है। अतः जैन-विचारकों ने जब लेश्या-परिणाम की चर्चा की, तो वे मात्र मनोदशाओं की चर्चाओं तक ही सीमित नहीं रहे, वरन् उन्होंने उस मनोदशा से प्रत्युत्पन्न जीवन के कर्म-क्षेत्र में घटित होने वाले व्यवहारों की चर्चा भी की और इस प्रकार जैन लेश्या-सिद्धान्त व्यक्तित्व के नैतिक पक्ष के आधार पर व्यक्तित्व के नैतिक प्रकारों के वर्गीकरण का ही सिद्धान्त बन गया। जैन-विचारकों ने इस सिद्धान्त के आधार पर यह बताया कि नैतिक दृष्टि से व्यक्तित्व या तो नैतिक होगा या अनैतिक होगा और इस प्रकार दो वर्ग होंगे-(१) नैतिक और (२) अनैतिक। इन्हें धार्मिक और अधार्मिक अथवा शुक्ल-पक्षी और कृष्ण-पक्षी भी कहा गया है। वस्तुतः एक वर्ग वह है जो नैतिकता अथवा शुभ की ओर उन्मुख है। दूसरा वर्ग वह है जो अनैतिकता या अशुभ की ओर उन्मुख है। इस प्रकार नैतिक गुणात्मक अन्तर के आधार पर व्यक्तित्व के ये दो प्रकार बनते हैं। लेकिन जैन-विचारक मात्र गुणात्मक वर्गीकरण से सन्तुष्ट नहीं हुए और उन्होंने उन दो गुणात्मक प्रकारों को तीन-तीन प्रकार् के मात्रात्मक अन्तरों (जघन्य, मध्यम एवं उत्कृष्ट) के आधार पर छह भागों में विभाजित किया। जैन लेश्या-सिद्धान्त का षट्विध वर्गीकरण इसी आधार पर हुआ है। यद्यपि जैन-विचारकों ने मात्रात्मक अन्तरों के आधार पर लेश्या के तीन, नव, इक्यासी और दो सौ तैंतालीस उपभेद भी गिनाये हैं, लेकिन हम अपनी इस चर्चा को षट्विध वर्गीकरण तक ही सीमित रखेंगे।

१. कृष्ण-लेश्या (अशुभतम मनोभाव) से युक्त व्यक्तित्व के लक्षण—यह नैतिक व्यक्तित्व का सबसे निकृष्ट रूप है। इस अवस्था में प्राणी के विचार अत्यन्त निम्न कोटि के एवं क्रूर होते हैं। वासनात्मक पक्ष जीवन के सम्पूर्ण कर्मक्षेत्र पर हावी रहता है। प्राणी अपनी शारीरिक, मानसिक एवं वाचिक क्रियाओं पर नियन्त्रण करने में अक्षम रहता है। वह अपनी इन्द्रियों पर अधिकार न रख पाने के कारण बिना किसी प्रकार के शुभाशुभ विचार के उन इन्द्रिय-विषयों की पूर्ति में सदैव निमग्न बना रहता है। इस प्रकार भोग-विलास में आसक्त हो, वह उनकी पूर्ति के लिए हिंसा, असत्य, चोरी, व्यभिचार और संग्रह में लगा रहता है। स्वभाव से वह निर्दय एवं नृशंस होता है और हिंसक कर्म करने में उसे तनिक भी अरुचि नहीं होती तथा अपने स्वार्थ साधन के निमित्त दूसरे का बड़ा से बड़ा अहित करने में वह संकोच नहीं करता।[२] कृष्ण-लेश्या से युक्त प्राणी वासनाओं के अन्ध-प्रवाह से ही शासित होता है और इसलिए भावावेश में उसमें स्वयं के हिताहित का विचार करने की क्षमता भी नहीं होती। वह दूसरे का अहित मात्र इसलिए नहीं करता कि उससे उसका स्वयं का कोई हित होगा, वरन् वह तो अपने क्रूर स्वभाव के वशीभूत हो ऐसा किया करता है अपने हित के अभाव में भी वह दूसरे का अहित करता रहता है।

२. नील-लेश्या (अशुभतर मनोभाव) से युक्त व्यक्तित्व के लक्षण—यह नैतिक व्यक्तित्व का प्रकार पहले की अपेक्षा कुछ ठीक होता है लेकिन होता अशुभ ही है। इस अवस्था में भी प्राणी का व्यवहार वासनात्मक पक्ष से शासित होता है। लेकिन वह अपनी वासनाओं की पूर्ति में अपनी बुद्धि का उपयोग करने लगता है। अतः इसका व्यवहार प्रकट रूप में तो कुछ प्रमार्जित-सा रहता है, लेकिन उसके पीछे कुटिलता ही काम करती है। यह विरोधी का अहित अप्रत्यक्ष रूप से करता है। ऐसा प्राणी ईर्ष्यालु, असहिष्णु, असंयमी, अज्ञानी, कपटी, निर्लज्ज, लम्पट, द्वेष-बुद्धि से युक्त, रसलोलुप एवं प्रमादी होता है।[३] फिर भी वह अपनी सुख-सुविधा का सदैव ध्यान रखता है। यह दूसरे का अहित अपने हित के निमित्त करता है, यद्यपि यह अपने अल्प हित के लिए दूसरे का बड़ा अहित भी कर देता है। जिन प्राणियों से इसका स्वार्थ सधता है उन प्राणियों के हित का अज-पोषण-न्याय के अनुसार वह कुछ ध्यान अवश्य रखता है, लेकिन मनोवृत्ति दूषित ही होती है। जैसे, बकरा पालने वाला बकरे को इसलिए नहीं खिलाता कि उससे बकरे का हित होगा, वरन् इसलिए खिलाता है कि उसे मारने पर अधिक माँस मिलेगा। ऐसा व्यक्ति दूसरे का बाह्य रूप में जो भी हित करता-सा दिखाई देता है, उसके पीछे उसका गहन स्वार्थ छिपा रहता है।

३. कापोत-लेश्या (अशुभ मनोवृत्ति) से युक्त व्यक्तित्व के लक्षण—यह मनोवृत्ति भी दूषित है। इस मनोवृत्ति में प्राणी का व्यवहार, मन, वचन, कर्म से एकरूप नहीं होता। उसकी करनी और कथनी भिन्न होती है। मनोभावों में सरलता नहीं होती, कपट और अहंकार होता है। वह अपने दोषों को सदैव छिपाने की कोशिश करता है। उसका दृष्टिकोण अयथार्थ एवं व्यवहार अनार्य होता है। वह वचन से दूसरे की गुप्त बातों को प्रकट करने वाला अथवा दूसरे के रहस्यों को प्रकट कर उससे अपना हित साधने वाला, दूसरे के धन का अपहरण करने वाला एवं मात्सर्य भावों से युक्त होता है। ऐसा व्यक्ति दूसरे का अहित तभी करता है, जब उससे उसकी स्वार्थ-सिद्धि होती है।[४]

४. तेजो-लेश्या (शुभ मनोवृत्ति) से युक्त व्यक्तित्व के लक्षण—यह मनोदशा पवित्र होती है। इस मनोभूमि में प्राणी पापभीरु होता है अर्थात् वह अनैतिक आचरण की ओर प्रवृत्त नहीं होता । यद्यपि वह सुखापेक्षी होता है, लेकिन किसी अनैतिक आचरण द्वारा उन सुखों की प्राप्ति या अपना स्वार्थ साधन नहीं करता। धार्मिक एवं नैतिक आचरण में उसकी पूर्ण आस्था होती है। अतः उन कृत्यों के सम्पादन में आनन्द प्राप्त करता है, जो धार्मिक या नैतिक दृष्टि से शुभ हैं। इस मनोभूमि में दूसरे के कल्याण की भावना भी होती है। संक्षेप में इस मनोभूमि में स्थित प्राणी पवित्र आचरण वाला, नम्र, धैर्यवान्, निष्कपट, आकांक्षारहित, विनीत, संयमी एवं योगी होता है।[५] वह प्रिय एवं दृढ़धर्मी तथा

---

१. एथिकल स्टडीज, पृ. ६५
२. उत्तराध्ययन सूत्र, ३४/२१-२२
३. वही, ३४/२३-२४
४. वही, ३४/२५-२६
५. वही, ३४/२७-२८

पर-हितैषी होता है। इस मनोभूमि पर दूसरे का अहित तो सम्भव होता है, लेकिन केवल उसी स्थिति में जबकि दूसरा उसके हितों का हनन करने पर उतारू हो जाय।

५. **पद्म-लेश्या (शुभतर मनोवृत्ति) से युक्त व्यक्तित्व के लक्षण**--इस मनोभूमि में पवित्रता की मात्रा पिछली भूमिका की अपेक्षा अधिक होती है। इस मनोभूमि में क्रोध, मान, माया एवं लोभ रूप अशुभ मनोवृत्तियाँ अतीव अल्प अर्थात् समाप्तप्रायः हो जाती हैं। प्राणी संयमी तथा योगी होता है तथा योग-साधना के फलस्वरूप आत्मजयी एवं प्रफुल्लचित्त होता है। वह अल्पभाषी, उपशांत एवं जितेन्द्रिय होता है।[1]

६. **शुक्ल-लेश्या (परम शुभ मनोवृत्ति) से युक्त व्यक्तित्व के लक्षण**--यह मनोभूमि शुभ-मनोवृत्ति की सर्वोच्च भूमिका है। पिछली मनोवृत्ति के सभी शुभ गुण इस अवस्था में वर्तमान रहते हैं, लेकिन उनकी विशुद्धि की मात्रा अधिक होती है। प्राणी उपशांत, जितेन्द्रिय एवं प्रसन्नचित्त होता है। उसके जीवन का व्यवहार इतना मृदु होता है कि वह अपने हित के लिए दूसरे को तनिक भी कष्ट नहीं देना चाहता है, मन-वचन-कर्म से एकरूप होता है तथा उन पर उसका पूर्ण नियंत्रण होता है। उसे मात्र अपने आदर्श का बोध रहता है। बिना किसी अपेक्षा के वह मात्र स्व-कर्तव्य के परिपालन में सदैव जागरूक रहता है। सदैव स्व-धर्म एवं स्व-स्वरूप में निमग्न रहता है।[2]

कर्म-सिद्धान्त

कर्म-सिद्धान्त का उद्भव सृष्टि-वैचित्र्य वैयक्तिक-भिन्नताओं, व्यक्ति की सुख-दुःखात्मक अनुभूतियों एवं शुभाशुभ मनोवृत्तियों के कारण की व्याख्या के प्रयासों में ही हुआ है। सृष्टि-वैचित्र्य एवं वैयक्तिक, भिन्नताओं के कारण की खोज के इन प्रयासों में विभिन्न विचारधारायें अस्तित्व में आयीं। श्वेताश्वेतरोपनिषद्, अंगुत्तरनिकाय और सूत्रकृतांग में हमें इन विभिन्न विचारधाराओं की उपस्थिति के संकेत मिलते हैं। महाभारत के शान्तिपर्व में इन विचारधाराओं की समीक्षा भी की गई है। इस सम्बन्ध में प्रमुख मान्यताएँ निम्न हैं--

१. **कालवाद**--यह सिद्धान्त सृष्टि-वैविध्य और वैयक्तिक-विभिन्नताओं का कारण काल को स्वीकार करता है। जिसका जो समय या काल होता है तभी वह घटित होता है, जैसे--अपनी ऋतु (समय) आने पर ही वृक्ष में फल लगते हैं।

२. **स्वभाववाद**--संसार में जो भी घटित होगा या होता है, उसका आधार वस्तुओं का अपना-अपना स्वभाव है। संसार में कोई भी स्वभाव का उल्लंघन नहीं कर सकता है।

३. **नियतिवाद**--संसार का समग्र घटना-क्रम पूर्व नियत है, जो जिस रूप में होना होता है वैसा ही होता है, उसे कोई अन्यथा नहीं कर सकता।

४. **यदृच्छावाद**--किसी भी घटना का कोई नियत हेतु या कारण नहीं होता है। समस्त घटनाएँ मात्र संयोग का परिणाम हैं। यदृच्छावाद हेतु के स्थान पर संयोग (Chance) को प्रमुख बना देता है।

५. **महाभूतवाद**--समग्र अस्तित्व के मूल में पंचमहाभूतों की सत्ता रही है। संसार उनके वैविध्यमय विभिन्न संयोगों का ही परिणाम है।

६. **प्रकृतिवाद**--विश्व-वैविध्य त्रिगुणात्मक प्रकृति का ही खेल है। मानवीय सुख-दुःख भी प्रकृति के ही अधीन है।

७. **ईश्वरवाद**--ईश्वर इस जगत् का रचयिता एवं नियामक है, जो कुछ भी होता है, वह सब उसकी इच्छा या क्रियाशक्ति का परिणाम है।

८. **पुरुषवाद**--वैयक्तिक विभिन्नता और सांसारिक घटना-क्रम के मूल में पुरुष का पुरुषार्थ ही प्रमुख है।

वस्तुतः जगत्-वैविध्य और वैयक्तिक भिन्नताओं की तार्किक व्याख्या के इन्हीं प्रयत्नों में कर्म-सिद्धान्त का विकास हुआ है जिसमें पुरुषवाद की प्रमुख भूमिका रही है। कर्म-सिद्धान्त उपर्युक्त सिद्धान्तों का पुरुषवाद के साथ समन्वय का प्रयत्न है।

श्वेताश्वेतरोपनिषद् (१/१-२) के प्रारम्भ में ही यह प्रश्न उठाया गया है कि हम किसके द्वारा प्रेरित होकर संसार-यात्रा का अनुवर्तन कर रहे हैं। आगे ऋषि यह जिज्ञासा प्रकट करता है कि क्या काल, स्वभाव, नियति, यदृच्छा, भूत-योनि अथवा पुरुष या इन सबका संयोग ही इसका कारण है। वस्तुतः इन सभी विचारधाराओं में पुरुषवाद को छोड़कर शेष सभी विश्व-वैचित्र्य और वैयक्तिक-वैविध्य की व्याख्या के लिए किसी न किसी बाह्य-तथ्य पर ही बल दे रही थी। हम इनमें से किसी भी सिद्धान्त को मानें, वैविध्य का कारण व्यक्ति से भिन्न ही मानना होगा, किन्तु ऐसी स्थिति में व्यक्ति पर नैतिक दायित्व का आरोपण सम्भव नहीं हो पाता है। यदि हम जो कुछ भी करते हैं और जो कुछ भी पाते हैं, उसका कारण बाह्य तथ्य ही है, तो फिर हम किसी भी कार्य के लिए नैतिक दृष्टि से उत्तरदायी ठहराये नहीं जा सकते। यदि व्यक्ति काल, स्वभाव, नियति अथवा ईश्वर की इच्छाओं का एक साधन मात्र है, तो वह उस कठपुतली के समान है, जो दूसरे के इशारों पर ही कार्य करती है। किन्तु ऐसी स्थिति में पुरुष में इच्छा-स्वातन्त्र्य का अभाव मानने पर नैतिक उत्तरदायित्व की समस्या उठती है। सामान्य मनुष्य को नैतिकता के प्रति आस्थावान् बनाने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति को उसके शुभाशुभ कर्मों के प्रति उत्तरदायी बनाया जा सके और यह तभी सम्भव है जब उसके मन में विश्वास हो कि उसे उसकी स्वतन्त्र इच्छा से किये गये अपने ही कर्मों का परिणाम प्राप्त होता है। यही कर्म-सिद्धान्त है। ज्ञातव्य है कि कर्म-सिद्धान्त ईश्वरीय कृपा या अनुग्रह के विरोध में जाता है, वह तो यह मानता है कि ईश्वर भी कर्मफल-व्यवस्था को अन्यथा नहीं कर सकता है। कर्म का नियम ही सर्वोपरि है।

---

१. उत्तराध्ययन सूत्र, ३४/२९-३०

२. वही, ३४/३१-३२

कर्म-सिद्धान्त और कार्यकारण का नियम

आचार के क्षेत्र में इस कर्म-सिद्धान्त की उतनी ही आवश्यकता है जितनी विज्ञान के क्षेत्र में कार्यकारण-सिद्धान्त की। जिस प्रकार कार्यकारण-सिद्धान्त के अभाव में वैज्ञानिक व्याख्यायें असम्भव होती हैं, उसी प्रकार कर्म-सिद्धान्त के अभाव में नीतिशास्त्र भी अर्थ-शून्य हो जाता है।

प्रो. वेंकटरमण के शब्दों में कर्म-सिद्धान्त कार्यकारण-सिद्धान्त के नियमों एवं मान्यताओं का मानवीय आचार के क्षेत्र में प्रयोग है, जिसकी उप-कल्पना यह है कि जगत् में सभी कुछ किसी नियम के अधीन है। मैक्समूलर लिखते हैं कि यह विश्वास कि कोई भी अच्छा-बुरा कर्म बिना फल दिए समाप्त नहीं होता, नैतिक जगत् का वैसा ही विश्वास है, जैसा भौतिक जगत् में ऊर्जा की अविनाशिता का नियम है।[१] यद्यपि कर्म-सिद्धान्त एवं वैज्ञानिक कार्यकारण-सिद्धान्त में सामान्य रूप से समानता प्रतीत होती है, किन्तु उनमें एक मौलिक अन्तर भी है, यह कि जहाँ कार्यकारण-सिद्धान्त का विवेच्य जड़ तत्त्व के क्रिया-कलाप हैं वहीं कर्म-सिद्धान्त का विवेच्य चेतना सत्ता के क्रिया-कलाप हैं। अतः कर्म-सिद्धान्त में वैसी पूर्ण नियतता नहीं होती, जैसी कार्यकारण-सिद्धान्त में होती है। यह नियतता एवं स्वतंत्रता का समुचित संयोग है। कर्म-सिद्धान्त की मौलिक स्वीकृति यही है कि प्रत्येक शुभाशुभ क्रिया का कोई प्रभाव या परिणाम अवश्य होता है। साथ ही उस कर्म-विपाक या परिणाम का भोक्ता वही होता है जो क्रिया का कर्ता होता है और कर्म एवं विपाक की यह परम्परा अनादिकाल से चल रही है।

कर्म-सिद्धान्त की उपयोगिता

कर्म-सिद्धान्त की व्यावहारिक उपयोगिता यह है कि वह न केवल हमें नैतिकता के प्रति आस्थावान् बनाता है, अपितु वह हमारे सुख-दुःख आदि का स्रोत हमारे व्यक्तित्व में ही खोजकर ईश्वर एवं प्रतिवेशी अर्थात् अन्य व्यक्तियों के प्रति कटुता का निवारण करता है। कर्म-सिद्धान्त की स्थापना का प्रयोजन यही है कि नैतिक कृत्यों के अनिवार्य फल के आधार पर उनके प्रेरक कारणों एवं अनुवर्ती परिणामों की व्याख्या की जा सके तथा व्यक्तियों को अशुभ या दुष्कर्मों से विमुख किया जा सके।

जैन कर्म-सिद्धान्त और अन्य दर्शन

ऐतिहासिक दृष्टि से वेदों में उपस्थित ऋत का सिद्धान्त कर्म-नियम का आदि स्रोत है। यद्यपि उपनिषदों के पूर्व के वैदिक साहित्य में कर्म-सिद्धान्त का कोई सुस्पष्ट विवेचन नहीं मिलता, फिर भी उसमें उपस्थित ऋत के नियम की व्याख्या इस रूप में की जा सकती है। प्रो. दलसुख मालवणिया के शब्दों में कर्म जगत् वैचित्र्य का कारण है, ऐसा वाद उपनिषदों का सर्व-सम्मतवाद हो, यह नहीं कहा जा सकता। भारतीय चिन्तन में कर्म-सिद्धान्त का विकास जैन, बौद्ध और वैदिक तीनों परम्पराओं में हुआ है। यद्यपि यह एक भिन्न बात है कि जैनों ने कर्म-सिद्धान्त का जो गंभीर विवेचन प्रस्तुत किया वह अन्य परम्पराओं में उपलब्ध नहीं है।[२] वैदिकों के लिए जो महत्त्व ऋत का, मीमांसकों के लिए अपूर्व का, नैयायिकों के लिए अदृष्ट का, वेदान्तियों के लिए माया का और सांख्यों के लिए प्रकृति का है, वही जैनों के लिए कर्म का है। यद्यपि सामान्य दृष्टि से देखने पर वेदों का ऋत, मीमांसकों का अपूर्व, नैयायिकों का अदृष्ट, अद्वैतियों की माया, सांख्यों की प्रकृति एवं बौद्धों की अविद्या या संस्कार पर्यायवाची से लगते हैं, क्योंकि व्यक्ति के बन्धन एवं उसके सुख-दुःख की स्थितियों में इनकी मुख्य भूमिका है, फिर भी इनके स्वरूप में दार्शनिक दृष्टि से अन्तर भी है, यह बात हमें दृष्टिगत रखनी होगी। ईसाई धर्म और इस्लाम धर्म में भी कर्म-नियम को स्थान मिला है। फिर भी ईश्वरीय अनुग्रह पर अधिक बल देने के कारण उनमें कर्म-नियम के प्रति आस्था के स्थान पर ईश्वर के प्रति विश्वास ही प्रमुख रहा है। ईश्वर की अवधारणा के अभाव के कारण भारत की श्रमण परम्परा कर्म-सिद्धान्त के प्रति अधिक आस्थावान् रही है, बौद्ध दर्शन में भी जैनों के समान ही कर्म-नियम को सर्वोपरि माना गया। हिन्दू धर्म में भी ईश्वरीय व्यवस्था को कर्म-नियम के अधीन लाया गया, उसमें ईश्वर कर्म-नियम का व्यवस्थापक होकर भी उसके अधीन ही कार्य करता है।

जैन कर्म-सिद्धान्त का विकास किस क्रम में हुआ, इस प्रश्न का समाधान उतना सरल नहीं है, जितना कि हम समझते हैं। सामान्य विश्वास तो यह है कि जैन धर्म की तरह यह भी अनादि है, किन्तु विद्वत्-वर्ग इसे स्वीकार नहीं करता है। यदि जैन कर्म-सिद्धान्त के विकास का कोई समाधान देना हो तो, वह जैन आगम एवं कर्म-सिद्धान्त सम्बन्धी ग्रन्थों के कालक्रम के आधार पर ही दिया जा सकता है, उसके अतिरिक्त अन्य विकल्प नहीं है। जैन-आगम साहित्य में आचारांग प्राचीनतम है। उस ग्रन्थ में जैन कर्म-सिद्धान्त का चाहे विकसित स्वरूप उपलब्ध न हो, किन्तु उसकी मूलभूत अवधारणाएँ अवश्य उपस्थित हैं। कर्म से उपाधि या बन्धन होता है, कर्म रज है, कर्म का आस्रव होता है, साधक को कर्म-शरीर को धुन डालना चाहिए आदि विचार उसमें परिलक्षित होते हैं। इससे यह फलित होता है कि आचारांग के काल में कर्म को स्पष्ट रूप से बन्धन का कारण माना जाता था और कर्म के भौतिक पक्ष की स्वीकृति के साथ यह भी माना जाता था कि कर्म की निर्जरा की जा सकती है। साथ ही आचारांग में शुभाशुभ कर्मों का शुभाशुभ विपाक होता है, यह अवधारणा भी उपस्थित है। उसके अनुसार बन्धन का मूल कारण ममत्व है। बन्धन से मुक्ति का उपाय ममत्व का विसर्जन और समत्व का सर्जन है।[३]

---

१. Maxmullar—Three Lectures on Vedanta Philosophy, p. 165

२. पं. दलसुखभाई मालवणिया, आत्म-मीमांसा (जैन संस्कृति संशोधन मण्डल)

३. रविन्द्रनाथ मिश्रा, जैन कर्म-सिद्धान्त का उद्‌भव एवं विकास (पार्श्वनाथ शोधपीठ, वाराणसी-५, १९८५), पृ. ८

सूत्रकृतांग का प्रथम श्रुतस्कन्ध भी आचारांग से किंचित् ही परवर्ती माना जाता है। सूत्रकृतांग के काल में यह प्रश्न बहुचर्चित था कि कर्म का फल संविभाग सम्भव है या नहीं ? इसमें स्पष्ट रूप से यह प्रतिपादित किया गया है कि व्यक्ति अपने स्वकृत कर्मों का विपाक अनुभव करता है। बन्धन के सम्बन्ध में सूत्रकृतांग स्पष्ट रूप से कहता है कि कुछ व्यक्ति कर्म और अकर्म को वीर्य (पुरुषार्थ) कहते हैं। इसका तात्पर्य यह है कि कर्म के सन्दर्भ में यह विचार लोगों के मन में उत्पन्न हो गया था कि यदि कर्म ही बन्धन है तो फिर अकर्म अर्थात् निष्क्रियता ही बन्धन से बचने का उपाय होगा, किन्तु सूत्रकृतांग के अनुसार अकर्म का अर्थ निष्क्रियता नहीं है। इसमें प्रतिपादित है कि प्रमाद कर्म है और अप्रमाद अकर्म है। वस्तुतः किसी क्रिया की बन्धकता उसके क्रिया-रूप होने पर नहीं, अपितु उसके पीछे रही प्रमत्तता या अप्रमत्तता पर निर्भर है। यहाँ प्रमाद का अर्थ है आत्मचेतना (Self-awareness) का अभाव। जिस आत्मा का विवेक जाग्रत नहीं है और जो कषाययुक्त है, वही परिसुप्त या प्रमत्त है और जिसका विवेक जाग्रत है और जो वासना-मुक्त है, वही अप्रमत्त है। सूत्रकृतांग में ही हमें क्रियाओं के दो रूपों की चर्चा भी मिलती है–(१) साम्परायिक और (२) ईर्यापथिक।[१] राग, द्वेष, क्रोध आदि कषायों से युक्त क्रियायें साम्परायिक कही जाती हैं, जबकि इनसे रहित क्रियायें ईर्यापथिक कही जाती हैं। साम्परायिक क्रियायें बन्धक होती हैं, जबकि ईर्यापथिक बन्धनकारक नहीं होतीं। इससे इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि सूत्रकृतांग में कौन-सा कर्म-बन्धन का कारण होगा और कौन-सा कर्म-बन्धन का कारण नहीं होगा, इसकी एक कसौटी प्रस्तुत कर दी गई है। आचारांग सूत्र में प्रतिपादित ममत्व की अपेक्षा इसमें प्रमत्तता और कषाय को बन्धन का प्रमुख कारण माना गया है।

यदि हम बन्धन के कारणों का ऐतिहासिक दृष्टि से विश्लेषण करें, तो यह पाते हैं कि प्रारम्भ में ममत्व (मेरेपन) को बन्धन का कारण माना गया, फिर आत्म-विस्मृति या प्रमाद को। जब प्रमाद की व्याख्या का प्रश्न आया तो स्पष्ट किया गया कि राग-द्वेष की उपस्थिति ही प्रमाद है। अतः राग-द्वेष को बन्धन का कारण बताया गया। राग-द्वेष का कारण मोह माना गया, अतः उत्तराध्ययन में राग-द्वेष एवं मोह को बन्धन का कारण बताया गया है।[२] इनमें मोह मिथ्यात्व और कषाय का संयुक्त रूप है। प्रमाद के साथ इनमें अविरति एवं योग के जुड़ने पर जैन परम्परा में बन्धन के ५ कारण माने जाने लगे।[३] समयसार आदि में प्रमाद को कषाय का ही एक रूप मानकर बन्धन के चार कारणों का उल्लेख मिलता है।[४] इनमें योग बन्धनकारक होते हुए भी वस्तुतः जब तक कषाय के साथ युक्त नहीं होता है, बन्धन का कारण नहीं बनता है। अतः प्राचीन ग्रन्थों में बन्धन के कारणों की चर्चा में मुख्य रूप से राग-द्वेष (कषाय) एवं मोह (मिथ्या-दृष्टि) की ही चर्चा हुई है।

जैन कर्म-सिद्धान्त के इतिहास की दृष्टि से कर्म-प्रकृतियों का विवेचन भी महत्त्वपूर्ण माना जाता है। कर्म की अष्ट मूल-प्रकृतियों का सर्वप्रथम निर्देश ऋषिभाषित के पार्श्व नामक अध्ययन में उपलब्ध होता है।[५] इसमें ८ प्रकार की कर्म-ग्रन्थियों का उल्लेख है। यद्यपि वहाँ इनके नामों की कोई चर्चा उपलब्ध नहीं होती है। ८ प्रकार की कर्म-प्रकृतियों के नामों का स्पष्ट उल्लेख हमें उत्तराध्ययन के ३३वें अध्याय में और स्थानांग में मिलता है।[६] स्थानांग की अपेक्षा भी उत्तराध्ययन में यह वर्णन विस्तृत है, क्योंकि इसमें अवान्तर कर्म-प्रकृतियों की चर्चा भी हुई है। इसमें ज्ञानावरण कर्म की ५, दर्शनावरण की ९, वेदनीय की २, मोहनीय की २ एवं २८, नाम-कर्म की २ एवं अनेक, आयुष्य-कर्म की ४, गोत्र-कर्म की २ और अन्तराय-कर्म की ५ अवान्तर प्रकृतियों का उल्लेख मिलता है।[७] आगे जो कर्म-साहित्य सम्बन्धी ग्रन्थ निर्मित हुए उनमें नाम-कर्म की प्रकृतियों की संख्या में और भी वृद्धि हुई, साथ ही उनमें आत्मा में किस अवस्था में कितनी कर्म-प्रकृतियों का उदय, सत्ता, बन्ध आदि होते हैं, इसकी भी चर्चा हुई। वस्तुतः जैन कर्म-सिद्धान्त ई. पू. आठवीं शती से लेकर ईस्वी सन् की सातवीं शती तक लगभग पन्द्रह सौ वर्ष की सुदीर्घ अवधि में व्यवस्थित होता रहा है। यह एक सुनिश्चित सत्य है कि कर्म-सिद्धान्त का जितना गहन विश्लेषण जैन परम्परा के कर्म-सिद्धान्त सम्बन्धी साहित्य में हुआ उतना अन्यत्र किसी भी परम्परा में नहीं हुआ है।

कर्म शब्द का अर्थ

जब हम जैन कर्म-सिद्धान्त की बात करते हैं, तो हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि उसमें कर्म शब्द एक विशेष अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। वह अर्थ कर्म के उस सामान्य अर्थ की अपेक्षा अधिक व्यापक है। सामान्यतया कोई भी क्रिया कर्म कहलाती है, प्रत्येक हलचल चाहे वह मानसिक हो, वाचिक हो या शारीरिक हो कर्म है। किन्तु जैन परम्परा में जब हम कर्म शब्द का प्रयोग करते हैं, तो वहाँ ये क्रियायें तभी कर्म बनती हैं, जब ये बन्धन का कारण हों। मीमांसा-दर्शन में कर्म का तात्पर्य यज्ञ-याग आदि क्रियाओं से लिया जाता है। गीता आदि में कर्म का अर्थ अपने वर्णाश्रम के अनुसार किये जाने वाले कर्मों से लिया गया है। यद्यपि गीता एक व्यापक अर्थ में भी कर्म शब्द का प्रयोग करती है। उसके अनुसार मनुष्य जो भी करता है या करने का आग्रह रखता है, वे सभी प्रवृत्तियाँ कर्म की श्रेणी में आती हैं। बौद्ध-दर्शन में चेतना को ही कर्म कहा गया है। बुद्ध कहते हैं कि "**भिक्षुओं कर्म, चेतना ही है**", ऐसा मैं इसलिए कहता हूँ कि चेतना के द्वारा ही व्यक्ति कर्म को करता है, काया से, मन से या वाणी से।[८] इस प्रकार बौद्ध-दर्शन में कर्म के समुत्थान या कारक को ही कर्म कहा गया है। बौद्ध-दर्शन में

---

१. रविन्द्रनाथ मिश्रा, जैन कर्म-सिद्धान्त का उद्भव एवं विकास (पार्श्वनाथ शोधपीठ, वाराणसी-५, १९८५), पृ. ९-१०
२. रागो य दोसो वि य कम्मबीयं, उत्तराध्ययन सूत्र, ३२/७
३. (अ) समवायांग सूत्र, ५१४
(ब) इसिभासियाइं, ९/५
(स) तत्त्वार्थ सूत्र, ८/१
४. कुन्दकुन्द, समयसार, १७१
५. (अ) अट्ठविहं कम्मगंठि–इसिभासियाइं, ३१
(ब) अट्ठविहं कम्मरयमलं–इसिभासियाइं, २३
६. उत्तराध्ययन सूत्र (सं. मधुकर मुनि), ३३/२-३
७. वही, ३३/४-१५
८. अंगुत्तर निकाय उपाध्याय भरतसिंह, बौद्ध-दर्शन व अन्य भारतीय-दर्शन, पृ. ४६३

आगे चलकर चेतना कर्म और चेतयित्वा कर्म की चर्चा हुई है। चेतना कर्म मानसिक कर्म है, चेतयित्वा कर्म वाचिक एवं कायिक कर्म है।[1] किन्तु हमें ध्यान रखना चाहिए कि जैन कर्म-सिद्धान्त में कर्म शब्द अधिक वाचिक अर्थ में गृहीत हुआ है। उसमें मात्र क्रिया को ही कर्म नहीं कहा गया, अपितु उसके हेतु (कारण) को भी कर्म कहा गया है। आचार्य देवेन्द्रसूरि लिखते हैं–जीव की क्रिया का हेतु ही कर्म है।[2] किन्तु हम मात्र हेतु को भी कर्म नहीं कह सकते हैं। हेतु उससे निष्पन्न क्रिया और उस क्रिया का परिणाम, सभी मिलकर जैन-दर्शन में कर्म की परिभाषा को स्पष्ट करते हैं। पं. सुखलाल जी संघवी लिखते हैं कि मिथ्यात्व, कषाय आदि कारणों से जीव द्वारा जो किया जाता है, वह कर्म कहलाता है। मेरी दृष्टि से इसके साथ ही साथ कर्म में उस क्रिया के विपाक को भी सम्मिलित करना होगा। इस प्रकार कर्म के हेतु, क्रिया और क्रिया-विपाक सभी मिलकर कर्म कहलाते हैं। जैन दार्शनिकों ने कर्म के दो पक्ष माने हैं–(१) **राग-द्वेष एवं कषाय**–ये सभी मनोभाव, भाव-कर्म कहे जाते हैं। (२) **कर्म-पुद्गल**–ये द्रव्य-कर्म कहे जाते हैं। ये भाव-कर्म के परिणाम होते हैं, साथ ही मनोजन्य-कर्म की उत्पत्ति का निमित्त कारण भी होते हैं। यह भी स्मरण रखना होगा कि ये कर्म हेतु (भाव-कर्म) और कर्म-परिणाम (द्रव्य-कर्म) भी परस्पर कार्य-कारण भाव रखते हैं।

सभी आस्तिक दर्शनों ने एक ऐसी सत्ता को स्वीकार किया है, जो आत्मा या चेतना की शुद्धता को प्रभावित करती है। उसे वेदान्त में माया, सांख्य में प्रकृति, न्याय-दर्शन में अदृष्ट एवं मीमांसा में अपूर्व कहा गया है। बौद्ध-दर्शन में उसे ही अविद्या और संस्कार (वासना) के नाम से जाना जाता है। योग-दर्शन में इसे आशय कहा जाता है, तो शैव-दर्शन में यह पाश कहलाती है। जैन-दर्शन इसी आत्मा की विशुद्धता को प्रभावित करने वाली शक्ति को 'कर्म' कहता है। जैन-दर्शन में कर्म के निमित्त कारणों के रूप में कर्म-पुद्गल को भी स्वीकार किया गया है, जबकि इसके उपादान के रूप में आत्मा को ही माना गया है। आत्मा के बन्धन में कर्म-पुद्गल निमित्त-कारण है और स्वयं आत्मा उपादान-कारण होता है।

कर्म का भौतिक स्वरूप

जैन-दर्शन में कर्म चेतना से उत्पन्न क्रिया मात्र नहीं है, अपितु यह स्वतन्त्र तत्त्व भी है। आत्मा के बन्धन का कारण क्या है ? जब यह प्रश्न जैन दार्शनिकों के समक्ष आया तो उन्होंने बताया कि आत्मा के बन्धन का कारण केवल आत्मा नहीं हो सकती। वस्तुतः कषाय (राग-द्वेष) अथवा मोह (मिथ्यात्व) आदि जो बन्धक मनोवृत्तियाँ हैं, वे भी स्वतः उत्पन्न नहीं हो सकतीं, जब तक कि वे पूर्वबद्ध कर्म-वर्गणाओं के विपाक (संस्कार) के रूप में चेतना के समक्ष उपस्थित नहीं होती हैं। जिस प्रकार मनोवैज्ञानिक दृष्टि से शरीर-रसायनों के परिवर्तन से संवेग (मनोभाव) उत्पन्न होते हैं और उन संवेगों के कारण ही शरीर-रसायनों में परिवर्तन होता है। यही स्थिति आत्मा की भी है। पूर्व-कर्मों के कारण आत्मा में राग-द्वेष आदि मनोभाव उत्पन्न (उदित) होते हैं और इन उदय में आये मनोभावों के क्रिया-रूप परिणत होने पर आत्मा नवीन कर्मों का संचय करती है। बन्धन की दृष्टि से कर्म-वर्गणाओं के कारण मनोभाव उत्पन्न होते हैं और उन मनोभावों के कारण जड़ कर्म-वर्गणाएँ कर्म का स्वरूप ग्रहण कर आत्मा को बन्धन में डालती हैं। जैन विचारकों के अनुसार एकान्त रूप से न तो आत्मा स्वतः ही बन्धन का कारण है, न कर्म-वर्गणा के पुद्गल ही। दोनों निमित्त एवं उपादान के रूप से एक-दूसरे से संयुक्त होकर ही बन्धन की प्रक्रिया को जन्म देते हैं।

द्रव्य-कर्म और भाव-कर्म

कर्म-वर्गणाएँ या कर्म का भौतिक पक्ष, द्रव्य-कर्म कहलाता है। जबकि कर्म की चैतसिक अवस्थाएँ अर्थात् मनोवृत्तियाँ, भाव-कर्म हैं। आत्मा के मनोभाव या चेतना की विविध विकारित अवस्थाएँ भाव-कर्म हैं और ये मनोभाव जिस निमित्त से उत्पन्न होते हैं, वह पुद्गल-द्रव्य द्रव्य-कर्म है। आचार्य नेमिचन्द गोम्मटसार में लिखते हैं कि पुद्गल द्रव्य-कर्म है और उसकी चेतना को प्रभावित करने वाली शक्ति भाव-कर्म है।[3] आत्मा में जो मिथ्यात्व और कषाय अथवा राग-द्वेष आदि भाव हैं, वे ही भाव-कर्म हैं और उनकी उपस्थिति में कर्म-वर्गणा के जो पुद्गल परमाणु ज्ञानावरण आदि कर्म-प्रकृतियों के रूप में परिणत होते हैं, वे ही द्रव्य-कर्म हैं। द्रव्य-कर्म का कारण भाव-कर्म है और भाव-कर्म का कारण द्रव्य-कर्म है। आचार्य विद्यानन्दी ने अष्टसहस्री में द्रव्य-कर्म को आवरण व भाव-कर्म को दोष कहा है। चूँकि द्रव्य-कर्म आत्म-शक्ति के प्रकटन को रोकता है, इसलिए वह आवरण है और भाव-कर्म स्वयं आत्मा की विभाव अवस्था है, अतः वह दोष है।[4] कर्म-वर्गणा के पुद्गल तब तक कर्मरूप में परिणत नहीं होते हैं, जब तक ये भाव-कर्मों द्वारा प्रेरित नहीं होते हैं। किन्तु साथ ही यह भी स्मरण रखना होगा कि आत्मा में जो विभाव दशाएँ हैं, उनके निमित्त कारण के रूप में द्रव्य-कर्म भी अपना कार्य करते हैं। यह सत्य है कि दूषित मनोविकारों का जन्म आत्मा में ही होता है, किन्तु उसके निमित्त (परिवेश) के रूप में कर्म-वर्गणाएँ अपनी भूमिका का अवश्य निर्वाह करती हैं। जिस प्रकार हमारे स्वभाव में परिवर्तन का कारण हमारे जैव-रसायनों एवं रक्त-रसायनों का परिवर्तन है, उसी प्रकार कर्म-वर्गणाएँ हमारे मनोविकारों के सृजन में निमित्त कारण होती हैं। पुनः जिस प्रकार हमारे मनोभावों के आधार पर हमारे जैव-रसायन एवं रक्त-रसायन में परिवर्तन होता है, वैसे ही आत्मा में विकारी भावों के कारण जड़ कर्म-वर्गणा के पुद्गल कर्मरूप में परिणत हो जाते हैं। अतः द्रव्य-कर्म

---

१. देखें–आचार्य नरेन्द्रदेव, बौद्ध धर्म दर्शन, पृ. २५०

२. देवेन्द्रसूरि, कर्मग्रन्थ प्रथम, कर्म-विपाक

३. पं. सुखलाल संघवी, दर्शन व चिन्तन, पृ. २२५

४. आचार्य नेमिचन्द, गोम्मटसार, कर्मकाण्ड ६

और भाव-कर्म भी परस्पर सापेक्ष हैं। पं. सुखलाल जी लिखते हैं कि भाव-कर्म के होने में द्रव्य-कर्म निमित्त है और द्रव्य-कर्म के होने में भाव-कर्म निमित्त है।[१] दोनों आपस में बीजांकुर की तरह सम्बद्ध हैं। जिस प्रकार बीज से वृक्ष और वृक्ष से बीज उत्पन्न होता है, उनमें किसी को पूर्वापर नहीं कहा जा सकता है, वैसे इनमें भी किसी की पूर्वापरता का निश्चय नहीं हो सकता है। प्रत्येक द्रव्य-कर्म की अपेक्षा से भाव-कर्म पूर्व होगा तथा प्रत्येक भाव-कर्म की अपेक्षा से द्रव्य-कर्म पूर्व होगा।

द्रव्य-कर्म एवं भाव-कर्म की इस अवधारणा के आधार पर जैन कर्म-सिद्धान्त अधिक युक्ति-संगत बन गया है। जैन कर्म-सिद्धान्त कर्म के भावात्मक पक्ष पर समुचित बल देते हुए भी जड़ और चेतन के मध्य एक वास्तविक सम्बन्ध बनाने का प्रयास करता है। कर्म जड़-जगत् एवं चेतना के मध्य एक योजक कड़ी है। जहाँ एक ओर सांख्य-योग दर्शन के अनुसार कर्म-पूर्णतः जड़ प्रकृति से सम्बन्धित है। अतः उनके अनुसार वह प्रकृति ही है, जो बन्धन में आती है और मुक्त होती है। वहीं दूसरी ओर बौद्ध-दर्शन के अनुसार कर्म संस्कार रूप है अतः वे चैतसिक हैं। इसलिए उन्हें मानना पड़ा कि चेतना ही बन्धन एवं मुक्ति का कारण है। किन्तु जैन विचारक इन एकांगी दृष्टिकोणों से सन्तुष्ट नहीं हो पाये। उनके अनुसार संसार का अर्थ है–जड़ और चेतन का पारस्परिक बन्धन या उनकी पारस्परिक प्रभावशीलता तथा मुक्ति का अर्थ है–जड़ एवं चेतन की एक-दूसरे को प्रभावित करने की सामर्थ्य का समाप्त हो जाना।

मूर्त्त कर्म का अमूर्त्त आत्मा पर प्रभाव

यह भी सत्य है कि कर्म मूर्त्त है और वे हमारी चेतना को प्रभावित करते हैं। जैसे मूर्त्त भौतिक विषयों का चेतन व्यक्ति से सम्बन्ध होने पर सुख-दुःख आदि का अनुभव या वेदना होती है, वैसे ही कर्म के परिणामस्वरूप भी वेदना होती है, अतः वे मूर्त्त हैं। किन्तु दार्शनिक दृष्टि से यह प्रश्न किया जा सकता है कि यदि कर्म मूर्त्त है तो वह अमूर्त्त आत्मा पर प्रभाव कैसे डालेगा ? जिस प्रकार वायु और अग्नि अमूर्त्त आकाश पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं डाल सकती है, उसी प्रकार कर्म का अमूर्त्त आत्मा पर भी कोई प्रभाव नहीं होना चाहिए। जैन-दार्शनिक यह मानते हैं कि जैसे अमूर्त्त ज्ञानादि गुणों पर मूर्त्त मदिरादि का प्रभाव पड़ता है, वैसे ही अमूर्त्त जीव पर भी मूर्त्त कर्म का प्रभाव पड़ता है। उक्त प्रश्न का दूसरा तर्क-संगत एवं निर्दोष समाधान यह भी है कि कर्म के सम्बन्ध से आत्मा कथंचित् मूर्त्त भी है। क्योंकि संसारी आत्मा अनादिकाल से कर्मद्रव्य से सम्बद्ध है, इस अपेक्षा से आत्मा सर्वथा अमूर्त्त नहीं है, अपितु कर्म से सम्बद्ध होने के कारण स्वरूपतः अमूर्त्त होते हुए भी वस्तुतः कथंचित् मूर्त्त है। इस दृष्टि से भी आत्मा पर मूर्त्त कर्म का उपघात, अनुग्रह और प्रभाव पड़ता है। वस्तुतः जिस पर कर्म-सिद्धान्त का नियम लागू होता है, वह व्यक्तित्व अमूर्त्त नहीं है। हमारा वर्तमान व्यक्तित्व शरीर (भौतिक) और आत्मा (अभौतिक) का एक विशिष्ट संयोग है। शरीरी आत्मा भौतिक बाह्य तथ्यों से अप्रभावित नहीं रह सकता। जब तक आत्मा-शरीर (कर्म-शरीर) के बन्धन से मुक्त नहीं हो जाती, तब तक वह अपने को भौतिक प्रभावों से पूर्णतया अप्रभावित नहीं रख सकती। मूर्त्त शरीर के माध्यम से ही उस पर मूर्त्त कर्म का प्रभाव पड़ता है।

आत्मा और कर्म-वर्गणाओं में वास्तविक सम्बन्ध स्वीकार करने पर यह प्रश्न उठता है कि मुक्त अवस्था में भी जड़ कर्म-वर्गणाएँ आत्मा को प्रभावित किये बिना नहीं रहेंगी, क्योंकि मुक्ति क्षेत्र में भी कर्म-वर्गणाओं का अस्तित्व तो है ही। इस सन्दर्भ में जैन आचार्यों का उत्तर यह है कि जिस प्रकार कीचड़ में रहा लोहा जंग खाता है, परन्तु स्वर्ण नहीं, उसी प्रकार जड़-कर्म पुद्‌गल उसी आत्मा को विकारी बना सकते हैं, जो राग-द्वेष से अशुद्ध है। वस्तुतः जब तक आत्मा भौतिक शरीर से युक्त होती है, तभी तक कर्म-वर्गणा के पुद्‌गल उसे प्रभावित कर सकते हैं। आत्मा में पूर्व से उपस्थित कर्म-वर्गणा के पुद्‌गल ही बाह्य-जगत् के कर्म-वर्गणाओं को आकर्षित कर सकते हैं। मुक्त अवस्था में आत्मा अशरीरी होती है अतः उसे कर्म-वर्गणा के पुद्‌गल प्रभावित करने में समर्थ नहीं होते हैं।

कर्म एवं उनके विपाक की परम्परा

कर्म एवं उनके विपाक की परम्परा से ही यह संसार-चक्र प्रवर्तित होता है। दार्शनिक दृष्टि से यह प्रश्न महत्त्वपूर्ण है कि कर्म और आत्मा का सम्बन्ध कब से हुआ यदि हम यह सम्बन्ध सादि अर्थात् काल विशेष में हुआ, ऐसा मानते हैं, तो यह मानना होगा कि उसके पहले आत्मा मुक्त थी और यदि मुक्त आत्मा को बन्धन में आने की सम्भावना हो तो फिर मुक्ति का कोई मूल्य ही नहीं रह जाता है। यदि यह माना जाय कि आत्मा अनादिकाल से बन्धन में है, तो फिर यह मानना होगा कि यदि बन्धन अनादि है तो वह अनन्त भी होगा, ऐसी स्थिति में मुक्ति की सम्भावना ही समाप्त हो जायेगी।

जैन दार्शनिकों ने इस समस्या का समाधान इस रूप में किया कि कर्म और विपाक की यह परम्परा कर्म विशेष की अपेक्षा से तो सादि और सान्त है, किन्तु प्रवाह की अपेक्षा से अनादि और अनन्त है। पुनः कर्म और विपाक की परम्परा का यह प्रवाह भी व्यक्ति विशेष की दृष्टि से अनादि तो है, अनन्त नहीं। क्योंकि प्रत्येक कर्म अपने बन्धन की दृष्टि से सादि है। यदि व्यक्ति नवीन कर्मों का आगमन रोक सकें तो यह परम्परा स्वतः ही समाप्त हो जायेगी, क्योंकि कर्म-विशेष तो सादि है ही और जो सादि है, वह कभी समाप्त होगा ही।

जैन दार्शनिकों के अनुसार राग-द्वेष रूपी कर्मबीज के भुन जाने पर कर्म प्रवाह की परम्परा समाप्त हो जाती है। कर्म और विपाक की परम्परा के सम्बन्ध में यही एक ऐसा दृष्टिकोण है जिसके आधार पर बन्धन का अनादित्व व मुक्ति से अनावृत्ति की समुचित व्याख्या सम्भव है।

---

१. आचार्य विद्यानन्दी, अष्टसहस्री, पृ. ५१, उद्धृत—Tatia N. M. Studies in Jaina Philosophy (P. V. Research Institute, Varanasi-5), p. 227

कर्मफल संविभाग का प्रश्न

क्या एक व्यक्ति अपने शुभाशुभ कर्मों का फल दूसरे को दे सकता है या नहीं अथवा दूसरे के कर्मों का फल उसे प्राप्त होता है या नहीं, यह दार्शनिक दृष्टि से एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न है। भारतीय चिन्तन में हिन्दू परम्परा मानती है कि व्यक्ति के शुभाशुभ कर्मों का फल उसके पूर्वजों व सन्तानों को मिल सकता है। इस प्रकार वह इस सिद्धान्त को मानती है कि कर्मफल का संविभाग सम्भव है।[1] इसके विपरीत बौद्ध परम्परा कहती है कि व्यक्ति के पुण्यकर्म का ही संविभाग हो सकता है, पापकर्म का नहीं। क्योंकि पापकर्म में उसकी अनुमति नहीं होती है। पुनः उनके अनुसार पाप सीमित होता है उतः इसका संविभाग नहीं हो सकता, किन्तु पुण्य के अपरिमित होने से उसका ही संविभाग सम्भव है।[2] किन्तु इस सम्बन्ध में जैनों का दृष्टिकोण भिन्न है, उनके अनुसार व्यक्ति अपने कर्मों का फल-विपाक न तो दूसरों को दे सकता है और न दूसरे के शुभाशुभ कर्मों का फल उसे मिल सकता है। जैन दार्शनिक स्पष्ट रूप से यह कहते हैं कि कर्म और उसका विपाक व्यक्ति का अपना स्वकृत होता है।[3]

जैन कर्म-सिद्धान्त में कर्मफल संविभाग का अर्थ समझने के लिए हमें निमित्त कारण और उपादान कारण के भेद को समझना होगा। दूसरा व्यक्ति हमारे सुख-दुःख में और हम दूसरे के सुख-दुःख में निमित्त हो सकते हैं, किन्तु भोक्ता और कर्ता तो वही होता है। अतः उपादान की दृष्टि से तो कर्म और उसका विपाक अर्थात् सुख-दुःख का अनुभव स्वकृत है। निमित्त की दृष्टि से उन्हें परकृत कहा जा सकता है, किन्तु निमित्त अपने आप में महत्त्वपूर्ण नहीं है; क्योंकि कर्म संकल्प तो हमारा अपना ही होता है एवं कर्म के विपाक की अनुभूति भी हमारी ही होती है। अतः उपादान कारण की दृष्टि से तो कर्म एवं उसके विपाक में संविभाग सम्भव नहीं है। न तो दूसरा व्यक्ति हमें सुखी या दुःखी कर सकता है और न हम दूसरे को सुखी या दुःखी कर सकते हैं। हम अधिक से अधिक दूसरे के सुख-दुःख के निमित्त हो सकते हैं। लेकिन ऐसी निमित्तता तो भौतिक पदार्थों के सन्दर्भ में भी होती है। सत्य तो यह है कि कर्म और उसका विपाक दोनों ही व्यक्ति के अपने होते हैं।

कर्म-सिद्धान्त की दृष्टि से यह प्रश्न भी महत्त्वपूर्ण है कि क्या जिन कर्मों का बन्ध किया गया है, उनका विपाक व्यक्ति को भोगना ही होता है। जैन कर्म-सिद्धान्त में कर्मों को दो भागों में बाँटा गया है–१. नियत विपाकी और २. अनियत विपाकी। कुछ कर्म ऐसे होते हैं, जिनका जिस फल-विपाक को लेकर बन्ध किया गया है, उसी रूप में उनके फल के विपाक का वेदन करना होता है, किन्तु इसके अतिरिक्त कुछ कर्म ऐसे भी होते हैं, जिनके विपाक का वेदन उसी रूप में नहीं करना होता, जिस रूप में उनका बन्ध होता है। जैन कर्म-सिद्धान्त मानता है कि जो कर्म तीव्र कषायों से उद्भूत होते हैं उनका बन्ध भी प्रगाढ़ होता है और विपाक भी नियत होता है। पारम्परिक शब्दावली में उन्हें निकाचित कहते हैं। इसके विपरीत जिन कर्मों के सम्पादन के पीछे कषायभाव अल्प होता है, उनका बन्धन शिथिल होता है और उनके विपाक का संवेदन आवश्यक नहीं होता है। वे तप एवं पश्चात्ताप के द्वारा अपना फल-विपाक दिये बिना ही समाप्त हो जाते हैं।

वैयक्तिक दृष्टि से सभी आत्माओं में कर्म-विपाक परिवर्तन करने की क्षमता नहीं होती है। केवल वे ही व्यक्ति जो आध्यात्मिक ऊँचाई पर स्थित हैं, कर्म-विपाक में परिवर्तन कर सकते हैं। पुनः वे भी उन्हीं कर्मों के विपाक को अन्यथा कर सकते हैं, जिनका बन्ध अनियत विपाकी कर्म के रूप में हुआ है। नियत विपाकी कर्मों का भोग तो अनिवार्य है। इस प्रकार जैन कर्म-सिद्धान्त अपने को नियतिवाद और यदृच्छावाद दोनों की एकांगिकता से बचाता है।

वस्तुतः कर्म-सिद्धान्त में कर्म-विपाक की नियतता और अनियतता की विरोधी धारणाओं के समन्वय के अभाव में नैतिक जीवन की यथार्थ व्याख्या सम्भव नहीं होती है। यदि एकान्त रूप से कर्म-विपाक की नियतता को स्वीकार किया जाता है तो नैतिक आचरण का चाहे निषेधात्मक रूप में कुछ सामाजिक मूल्य बना रहे, लेकिन उसका विधायक मूल्य तो पूर्णतया समाप्त हो जाता है, क्योंकि नियत भविष्य के बदलने का सामर्थ्य नैतिक जीवन में नहीं रह पाता है। दूसरे, यदि कर्मों को पूर्णतः अनियत विपाकी माना जाये, तो नैतिक व्यवस्था का ही कोई अर्थ नहीं रह जाता है। विपाक की पूर्ण नियतता मानने पर निर्धारणवाद और विपाक की पूर्ण अनियतता मानने पर अनिर्धारणवाद की सम्भावना होगी, लेकिन दोनों ही धारणाएँ एकान्तिक रूप में नैतिक जीवन की समुचित व्याख्या कर पाने में असमर्थ हैं। अतः कर्म-विपाक की आंशिक नियतता ही एक तर्क-संगत दृष्टिकोण है, जो नैतिक दर्शन की सम्यक् व्याख्या प्रस्तुत करता है।

कर्म की विभिन्न अवस्थाएँ[4]

जैन-दर्शन में कर्मों की विभिन्न अवस्थाओं पर चिन्तन हुआ है और बताया गया है कि कर्म के बन्ध और विपाक (उदय) के बीच कौन-कौन-सी अवस्थायें घटित हो सकती हैं, पुनः वे किस सीमा तक आत्म-स्वातन्त्र्य को कुण्ठित करती हैं अथवा किस सीमा तक आत्म-स्वातन्त्र्य को अभिव्यक्त करती हैं, इसकी चर्चा भी की गयी है। ये अवस्थाएँ निम्न हैं–

१. बन्ध–कषाय एवं योग के फलस्वरूप कर्म-वर्गणा के पुद्गलों का आत्म-प्रदेशों से जो सम्बन्ध स्थापित होता है, उसे बन्ध कहते हैं।

---

१. सागरमल जैन, कर्म-सिद्धान्त का तुलनात्मक अध्ययन, पृ. १७-१८

२. (अ) महाभारत : शान्तिपर्व (गीता प्रेस, गोरखपुर), पृ. १२९
   (ब) तिलक, लोकमान्य बालगंगाधर, गीतारहस्य, पृ. २६८

३. आचार्य नरेन्द्रदेव, बौद्ध धर्म दर्शन, पृ. २७७

४. (अ) देखें–उत्तराध्ययन सूत्र: सम्पादक मधुकर मुनि, ४/४, २३/११
   (ब) भगवती सूत्र, १/२/६४

२. **संक्रमण**–एक कर्म के अनेक अवान्तर भेद होते हैं। जैन कर्म-सिद्धान्त के अनुसार कर्म का एक भेद अपने सजातीय दूसरे भेद में बदल सकता है। अवान्तर कर्म-प्रकृतियों का यह अदल-बदल संक्रमण कहलाता है। संक्रमण में आत्मा पूर्वबद्ध कर्म-प्रकृति का नवीन कर्म-प्रकृति का बन्ध करते समय रूपान्तरण करता है। उदाहरण के रूप में पूर्वबद्ध दुःखद संवेदन रूप असातावेदनीय कर्म का नवीन सातावेदनीय कर्म का बन्ध करते समय सातावेदनीय कर्म के रूप में संक्रमण किया जा सकता है। संक्रमण की यह क्षमता आत्मा की पवित्रता के साथ ही बढ़ती जाती है। जो आत्मा जितनी पवित्र होती है, उसमें संक्रमण की क्षमता भी उतनी ही अधिक होती है। आत्मा में कर्म-प्रकृतियों के संक्रमण का सामर्थ्य होना यह बताता है, जहाँ अपवित्र आत्माएँ परिस्थितियों की दास होती हैं, वहीं पवित्र आत्मा परिस्थितियों की स्वामी होती हैं। यहाँ यह भी ज्ञातव्य है कि प्रथम तो मूल कर्म-प्रकृतियों का एक-दूसरे में कभी भी संक्रमण नहीं होता है जैसे ज्ञानावरण दर्शनावरण में नहीं बदलता है। मात्र यही नहीं, दर्शनमोह कर्म, चारित्रमोह कर्म और आयुष्य कर्म की आवान्तर प्रकृतियों का भी परस्पर संक्रमण नहीं होता है।

३. **उद्वर्तना**–नवीन बन्ध करते समय आत्मा पूर्वबद्ध कर्मों की काल-मर्यादा (स्थिति) और तीव्रता (अनुभाग) को बढ़ा भी सकता है। काल-मर्यादा और तीव्रता को बढ़ाने की यह प्रक्रिया उद्वर्तना कहलाती है।

४. **अपवर्तना**–नवीन बन्ध करते समय पूर्वबद्ध कर्मों की काल-मर्यादा (स्थिति) तीव्रता (अनुभाग) को कम भी किया जा सकता है, इसे अपर्वतना कहते हैं।

५. **सत्ता**–कर्म के बद्ध होने के पश्चात् तथा उसके विपाक से पूर्व बीच की अवस्था सत्ता कहलाती है। सत्ता काल में कर्म अस्तित्व में तो रहता है, किन्तु वह सक्रिय नहीं होता।

६. **उदय**–जब कर्म अपना फल देना प्रारम्भ करते हैं तो वह अवस्था उदय कहलाती है। उदय दो प्रकार का माना गया है–(१) विपाकोदय और (२) प्रदेशोदय। कर्म का अपना अपने फल की चेतन अनुभूति कराये बिना ही निर्जरित होना प्रदेशोदय कहलाता है। जैसे अचेतन अवस्था में शल्य क्रिया की वेदना की अनुभूति नहीं होती, यद्यपि वेदना की घटना घटित होती है। इसी प्रकार बिना अपनी फलानुभूति करवाये जो कर्म परमाणु आत्मा से निर्जरित होते हैं, उनका उदय प्रदेशोदय होता है। इसके विपरीत जिन कर्मों की अपने विपाक के समय फलानुभूति होती है उनका उदय विपाकोदय कहलाता है। ज्ञातव्य है कि विपाकोदय में प्रदेशोदय अनिवार्य रूप से होता है, लेकिन प्रदेशोदय में विपाकोदय हो, यह आवश्यक नहीं है।

७. **उदीरणा**–अपने नियत काल से पूर्व ही पूर्वबद्ध कर्मों को प्रयासपूर्वक उदय में लाकर उनके फलों को भोगना उदीरणा है। ज्ञातव्य है कि जिस कर्म-प्रकृति का उदय या भोग चल रहा हो, उसकी सजातीय कर्म-प्रकृति की ही उदीरणा सम्भव होती है।

८. **उपशमन**–उदय में आ रहे कर्मों के फल देने की शक्ति को कुछ समय के लिए दबा देना अथवा काल-विशेष के लिए उन्हें फल देने से अक्षम बना देना उपशमन है। उपशमन में कर्म की सत्ता समाप्त नहीं होती, मात्र उसे काल विशेष के लिए फल देने में अक्षम बना दिया जाता है। इसमें कर्म राख से दबी अग्नि के समान निष्क्रिय होकर सत्ता में बने रहते हैं।

९. **निधत्ति**–कर्म की वह अवस्था निधत्ति है, जिसमें कर्म न तो अपने अवान्तर भेदों में रूपान्तरित या संक्रमित हो सकते हैं और न अपना फल प्रदान कर सकते हैं, लेकिन कर्मों की समय-मर्यादा और विपाक-तीव्रता (परिमाण) को कम-अधिक किया जा सकता है अर्थात् इस अवस्था में उत्कर्षण और अपकर्षण सम्भव है, संक्रमण नहीं।

१०. **निकाचना**–कर्मों के बन्धन का इतना प्रगाढ़ होना कि उनकी काल-मर्यादा एवं तीव्रता में कोई भी परिवर्तन न किया जा सके, न समय से पूर्व उनका भोग ही किया जा सके, वह निकाचना कहलाता है। इस दशा में कर्म का जिस रूप में बन्धन हुआ होता है उसको उसी रूप में अनिवार्यतया भोगना पड़ता है।

इस प्रकार जैन कर्म-सिद्धान्त में कर्म के फल-विपाक की नियतता और अनियतता को सम्यक् प्रकार से समन्वित करने का प्रयास किया गया है तथा यह बताया गया है कि जैसे-जैसे आत्मा कषायों से मुक्त होकर आध्यात्मिक विकास की दिशा में बढ़ता है, वह कर्म के फल-विपाक की नियतता को समाप्त करने में सक्षम होता जाता है। कर्म कितना बलवान होगा यह बात मात्र कर्म के बल पर निर्भर नहीं है, अपितु आत्मा की पवित्रता पर भी निर्भर है। इन अवस्थाओं का चित्रण यह भी बताता है कि कर्मों का विपाक या उदय एक अलग स्थिति है तथा उनसे नवीन कर्मों का बन्ध होना या न होना यह एक अलग स्थिति है। कषाय-युक्त प्रमत्त आत्मा कर्मों के उदय में नवीन कर्मों का बन्ध करता है, इसके विपरीत कषाय-मुक्त अप्रमत्त आत्मा कर्मों के विपाक में नवीन कर्मों का बन्ध नहीं करता है, मात्र पूर्वबद्ध कर्मों को निर्जरित करता है।

जैन दर्शन में कर्म-अकर्म विचार

कर्म के यथार्थ स्वरूप को समझने के लिए उस पर दो दृष्टियों से विचार किया जा सकता है–(१) उसकी बन्धनात्मक शक्ति के आधार पर और (२) उसकी शुभाशुभता के आधार पर। बन्धनात्मक शक्ति के आधार पर विचार करने पर हम पाते हैं कि कुछ कर्म बन्धन में डालते हैं और कुछ कर्म बन्धन में नहीं डालते हैं। बन्धक कर्मों को कर्म और अबन्धक कर्मों को अकर्म कहा जाता है। जैन दर्शन में कर्म और अकर्म के यथार्थ स्वरूप का विवेचन हमें सर्वप्रथम आचारांग एवं सूत्रकृतांग में मिलता है। सूत्रकृतांग में कहा गया है कि कुछ कर्म और

अकर्म को वीर्य (पुरुषार्थ) कहते हैं।[1] इसका तात्पर्य यह है कि कुछ विचारकों की दृष्टि में सक्रियता ही पुरुषार्थ या नैतिकता है, जबकि दूसरे विचारकों की दृष्टि में निष्क्रियता ही पुरुषार्थ या नैतिकता है। इस सम्बन्ध में महावीर अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत करते हुए यह स्पष्ट करने का प्रयास करते हैं कि **'कर्म का अर्थ शरीरादि की चेष्टा एवं अकर्म का अर्थ शरीरादि की चेष्टा का अभाव'** ऐसा नहीं मानना चाहिए। वे अत्यन्त सीमित शब्दों में कहते हैं कि प्रमाद कर्म है और अप्रमाद अकर्म है।[2] ऐसा कहकर महावीर यह स्पष्ट कर देते हैं कि अकर्म निष्क्रियता नहीं, वह तो सतत जागरूकता है। अप्रमत्त अवस्था या आत्म-जागृति की दशा में क्रियाशीलता भी अकर्म हो जाती है, जबकि प्रमत्त दशा या आत्म-जागृति के अभाव में निष्क्रियता भी कर्म (बन्धन) बन जाती है। वस्तुतः किसी क्रिया का बन्धकत्व मात्र क्रिया के घटित होने में नहीं, वरन् उसके पीछे रहे हुए कषाय-भावों एवं राग-द्वेष की स्थिति पर निर्भर है। जैन दर्शन के अनुसार, राग-द्वेष एवं कषाय (जो कि आत्मा की प्रमत्त दशा है) ही किसी क्रिया को कर्म बना देते हैं, जबकि कषाय एवं आसक्ति से रहित होकर किया हुआ कर्म अकर्म बन जाता है। महावीर ने स्पष्ट रूप से कहा है कि–जो आस्रव या बन्धनकारक क्रियाएँ हैं, वे ही अनासक्ति एवं विवेक से समन्वित होकर मुक्ति का साधन बन जाती हैं।[3] इस प्रकार जैन विचारणा में कर्म और अकर्म अपने बाह्य-स्वरूप की अपेक्षा कर्ता के विवेक और मनोवृत्ति पर निर्भर होते हैं।

ईर्यापथिक कर्म और साम्परायिक कर्म[4]

जैन-दर्शन में बन्धन की दृष्टि से क्रियाओं को दो भागों में बाँटा गया है–(१) ईर्यापथिक क्रियाएँ (अकर्म) और (२) साम्परायिक क्रियाएँ (कर्म)। ईर्यापथिक क्रियाएँ निष्काम वीतराग दृष्टि सम्पन्न व्यक्ति की क्रियाएँ हैं, जो बन्धनकारक नहीं हैं और साम्परायिक क्रियाएँ आसक्त व्यक्ति की क्रियाएँ हैं, जो बन्धनकारक हैं। संक्षेप में वे समस्त क्रियाएँ जो आस्रव एवं बन्ध की कारण हैं वे कर्म हैं और वे समस्त क्रियाएँ जो संवर एवं निर्जरा की हेतु हैं वे अकर्म हैं। जैन दृष्टि में अकर्म या ईर्यापथिक कर्म का अर्थ है–राग-द्वेष एवं मोहरहित होकर मात्र कर्त्तव्य अथवा शरीर-निर्वाह के लिए किया जाने वाला कर्म। कर्म का अर्थ है–राग-द्वेष और मोह से युक्त कर्म, वह बन्धन में डालता है, इसलिए वह कर्म है। जो क्रिया व्यापार राग-द्वेष और मोह से रहित होकर कर्त्तव्य या शरीर निर्वाह के लिए किया जाता है, वह बन्धन का कारण नहीं है, अतः अकर्म है। जिन्हें जैन-दर्शन में ईर्यापथिक क्रियाएँ या अकर्म कहा गया है, उन्हें बौद्ध परम्परा अनुपचित, अव्यक्त या अकृष्ण-अशुक्ल कर्म कहती हैं और जिन्हें जैन परम्परा साम्परायिक क्रियाएँ या कर्म कहती हैं, उन्हें बौद्ध परम्परा उपचित कर्म या कृष्ण-शुक्ल कर्म कहती हैं। इस सम्बन्ध में विस्तार से विचार करना आवश्यक है।

बन्धन के कारणों में मिथ्यात्व और कषाय की प्रमुखता का प्रश्न[5]

जैन कर्म-सिद्धान्त के उद्भव व विकास की चर्चा करते हुए हमने बन्धन के पाँच सामान्य कारणों का उल्लेख किया था। वैसे जैन ग्रन्थों में भिन्न-भिन्न कर्मों के बन्धन के भिन्न-भिन्न कारणों की विस्तृत चर्चाएँ भी उपलब्ध होती हैं। किन्तु सामान्य रूप से बन्धन के ५ कारण माने गए हैं–(१) मिथ्यात्व, (२) अविरति, (३) प्रमाद, (४) कषाय और (५) योग।

इन पाँच कारणों में योग को अर्थात् मानसिक, वाचिक व शारीरिक क्रियाओं को बन्धन का कारण कहा गया है, किन्तु हमें स्मरण रखना चाहिए कि यदि पूर्व के चार का अभाव हो, तो मात्र योग से कर्म-वर्गणाओं का आस्रव होकर, जो बन्ध होगा, वह ईर्यापथिक बन्ध कहलाता है। उसके सन्दर्भ में कहा गया है कि उसका प्रथम समय में बन्ध होता है और दूसरे समय में निर्जरा हो जाती है। ईर्यापथिक बन्ध ठीक वैसा ही है, जैसे चलते समय शुभ्र आर्द्रता से रहित कपड़े पर गिरे हुए बालू के कण, जो गति की प्रक्रिया में ही आते हैं और फिर अलग भी हो जाते हैं। वस्तुतः यह बन्ध वास्तविक बन्ध नहीं है। अतः हम समझते हैं कि इन पाँच कारणों में योग महत्त्वपूर्ण कारण नहीं है। यद्यपि अविरति, प्रमाद एवं कषाय को अलग-अलग कारण कहा गया है, किन्तु इनमें भी बहुत अन्तर नहीं है। जब हम प्रमाद को व्यापक अर्थ में लेते हैं तब कषायों का अन्तर्भाव प्रमाद में हो जाता है। दूसरे कषायों की उपस्थिति में ही प्रमाद सम्भव होता है। उनकी अनुपस्थिति में प्रमाद सामान्यतया तो रहता ही नहीं है और यदि रहे भी तो अति निर्बल होता है। इसी प्रकार अविरति के मूल में भी कषाय ही होते हैं। यदि हम कषाय को व्यापक अर्थ में लें तो अविरति और प्रमाद दोनों उसी में अन्तर्भावित हो जाते हैं। अतः बन्धन के दो ही प्रमुख कारण शेष रहते हैं–मिथ्यात्व और कषाय।

मिथ्यात्व एवं कषाय में कौन प्रमुख कारण है, यह वर्तमान युग में एक बहुचर्चित विषय है। इस सन्दर्भ में पक्ष व प्रतिपक्ष में पर्याप्त लेख लिखे गये हैं। आचार्य विद्यासागर जी एवं उनके समर्थक विद्वत् वर्ग का कहना है कि मिथ्यात्व अकिंचित्कर है और कषाय ही बन्धन का प्रमुख कारण है, क्योंकि कषाय की उपस्थिति के कारण ही मिथ्यात्व होता है। कानजीस्वामी समर्थक दूसरे वर्ग का कहना है कि मिथ्यात्व ही बन्धन का प्रमुख कारण है। वस्तुतः यह विवाद अपने-अपने एकांगी दृष्टिकोणों के कारण है। कषाय और मिथ्यात्व ये दोनों ही अन्योन्याश्रित हैं। कषाय के अभाव में मिथ्यात्व की सत्ता नहीं रहती और न मिथ्यात्व के अभाव में कषाय ही रहते हैं। मिथ्यात्व तभी समाप्त होता है, जब अनन्तानुबन्धी कषायें समाप्त होते हैं और कषायें भी तभी समाप्त होने लगते हैं, जब मिथ्यात्व का प्रहाण होता है। वे ताप और

१. सूत्रकृतांग सूत्र, १/८/१-२
२. वही, १/८/३
३. आचारांग सूत्र, १/४/२/१
४. जैन कर्म-सिद्धान्त का तुलनात्मक अध्ययन, डॉ. सागरमल जैन, पृ. ५२-५५
५. वही, पृ. ६१-६७

प्रकाश के समान सहजीवी हैं। इनमें एक के अभाव में दूसरे की सत्ता क्षीण होने लगती है। वैसे मिथ्यात्व, अज्ञान एवं मोह का पर्यायवाची है। आवेगों अर्थात् कषायों की उपस्थिति में ही मोह या मिथ्यात्व सम्भव होता है। वास्तविकता यह है कि मोह (मिथ्यात्व) से कषाय उत्पन्न होते हैं और कषायों के कारण ही मोह (मिथ्यात्व) होता है। अतः कषाय और मिथ्यात्व अन्योन्याश्रित हैं और बीज एवं वृक्ष की भाँति इनमें से किसी की पूर्व कोटि निर्धारित नहीं की जा सकती है।

यदि हम इसी प्रश्न पर बौद्ध दृष्टि से विचार करें तो उसमें सामान्यतया लोभ (राग), द्वेष एवं मोह को बन्धन का कारण कहा गया है। बौद्ध परम्परा में भी इनको परस्पर सापेक्ष ही माना गया है। मोह को बौद्ध परम्परा में अविद्या भी कहा गया है। बौद्ध विचारणा यह मानती है कि अविद्या (मोह) के कारण तृष्णा (राग) होती है और तृष्णा के कारण मोह होता है। आचार्य नरेन्द्रदेव लिखते हैं कि लोभ एवं द्वेष का हेतु मोह है, किन्तु पर्याय से लोभ व मोह भी द्वेष के हेतु हैं। बौद्ध-दर्शन में भी जैन-दर्शन के समान ही अविद्या और तृष्णा को अन्योन्याश्रित माना गया है और कहा गया है कि इनमें से किसी की भी पूर्व कोटि निर्धारित करना सम्भव नहीं है। सांख्य एवं योग दर्शन में क्लेश या बन्धन के पाँच कारण हैं–अविद्या, अस्मिता (अहंकार), राग, द्वेष, अभिनिवेश। इनमें भी अविद्या प्रमुख है। शेष चारों उसी पर आधारित हैं। न्याय दर्शन भी जैन और बौद्धों के समान ही राग-द्वेष एवं मोह को बन्धन का कारण मानता है। इस प्रकार लगभग सभी दर्शन प्रकारान्तर से राग-द्वेष एवं मोह (मिथ्यात्व) को बन्धन का कारण मानते हैं।

बन्धन के चार प्रकारों से बन्धनों के कारण का सम्बन्ध[1]

जैन कर्म-सिद्धान्त में बन्धन के चार प्रारूप कहे गए हैं–(१) प्रकृति-बन्ध, (२) प्रदेश-बन्ध, (३) स्थिति-बन्ध एवं (४) अनुभाग-बन्ध।

१. **प्रकृति-बन्ध**–बन्धन के स्वभाव का निर्धारण प्रकृति-बन्ध करता है। वह यह निश्चय करता है कि कर्म-वर्गणा के पुद्गल आत्मा की ज्ञान, दर्शन आदि किस शक्ति को आवृत करेंगे।

२. **प्रदेश-बन्ध**–यह कर्म-परमाणुओं की आत्मा के साथ संयोजित होने वाली मात्रा का निर्धारण करता है। अतः यह मात्रात्मक होता है।

३. **स्थिति-बन्ध**–कर्म-परमाणु कितने समय तक आत्मा से संयोजित रहेंगे और कब निर्जरित होंगे, इस काल-मर्यादा का निश्चय स्थिति-बन्ध करता है। अतः यह बन्धन की समय-मर्यादा का सूचक है।

४. **अनुभाग-बन्ध**–कर्मों के बन्धन और विपाक की तीव्रता एवं मन्दता का निश्चय करना यह अनुभाग-बन्ध का कार्य है। दूसरे शब्दों में यह बन्धन की तीव्रता या गहनता का सूचक है।

उपर्युक्त चार प्रकार के बन्धनों में प्रकृति-बन्ध एवं प्रदेश-बन्ध का सम्बन्ध मुख्यतया योग अर्थात् कायिक, वाचिक एवं मानसिक क्रियाओं से है, जबकि बन्धन की तीव्रता (अनुभाग) एवं समयावधि (स्थिति) का निश्चय कर्म के पीछे रही हुई कषाय-वृत्ति और मिथ्यात्व पर आधारित होता है। संक्षेप में योग का सम्बन्ध प्रदेश एवं प्रकृति-बन्ध से है, जबकि कषाय का सम्बन्ध स्थिति एवं अनुभाग-बन्ध से है।

आठ प्रकार के कर्म और उनके बन्धन के कारण[2]

जिस रूप में कर्म-परमाणु आत्मा की विभिन्न शक्तियों के प्रकटन का अवरोध करते हैं और आत्मा का शरीर से सम्बन्ध स्थापित करते हैं–उनके अनुसार उनके विभाग किये जाते हैं। जैन-दर्शन के अनुसार कर्म आठ प्रकार के हैं–(१) ज्ञानावरणीय, (२) दर्शनावरणीय, (३) वेदनीय, (४) मोहनीय, (५) आयुष्य, (६) नाम, (७) गोत्र और (८) अन्तराय।

१. ज्ञानावरणीय कर्म

जिस प्रकार बादल सूर्य के प्रकाश को ढँक देते हैं, उसी प्रकार जो कर्म-वर्गणाएँ आत्मा की ज्ञान-शक्ति को ढँक देती हैं और ज्ञान की प्राप्ति में बाधक बनती हैं, वे ज्ञानावरणीय कर्म कही जाती हैं।

ज्ञानावरणीय कर्म के बन्धन के कारण–जिन कारणों से ज्ञानावरणीय कर्म के परमाणु आत्मा से संयोजित होकर ज्ञान-शक्ति को कुंठित करते हैं, वे छह हैं–

१. **प्रदोष**–ज्ञानी का अवर्णवाद (निन्दा) करना एवं उसके अवगुण निकालना।

२. **निन्हव**–ज्ञानी का उपकार स्वीकार न करना अथवा किसी विषय को जानते हुए भी उसका अपलाप करना।

३. **अन्तराय**–ज्ञान की प्राप्ति में बाधक बनना, ज्ञानी एवं ज्ञान के साधन पुस्तकादि को नष्ट करना।

४. **मात्सर्य**–विद्वानों के प्रति द्वेष-बुद्धि रखना, ज्ञान के साधन पुस्तक आदि में अरुचि रखना।

५. **असातना**–ज्ञान एवं ज्ञानी पुरुषों के कथनों को स्वीकार नहीं करना, उनका समुचित विनय नहीं करना।

---

१. जैन कर्म-सिद्धान्त का तुलनात्मक अध्ययन, पृ. ५७

२. (अ) वही, पृ. ६७-७९

(ब) प्रस्तुत विवरण तत्त्वार्थ सूत्र, अध्याय ६ एवं ८, कर्मग्रन्थ प्रथम (कर्म-विपाक), पृ. ५४-६२, समवायांग सूत्र, ३०/१ तथा स्थानांग सूत्र, ४/४/३७३ पर आधारित है।

६. **उपघात**–विद्वानों के साथ मिथ्याग्रह-युक्त विसंवाद करना अथवा स्वार्थवश सत्य को असत्य सिद्ध करने का प्रयत्न करना। उपर्युक्त छह प्रकार का अनैतिक आचरण व्यक्ति की ज्ञान-शक्ति के कुंठित होने का कारण है।

ज्ञानावरणीय कर्म का विपाक–विपाक की दृष्टि से ज्ञानावरणीय कर्म के कारण पाँच रूपों में आत्मा की ज्ञान-शक्ति का आवरण होता है–(१) **मतिज्ञानावरण**–ऐन्द्रिक एवं मानसिक ज्ञान-क्षमता का अभाव, (२) **श्रुतज्ञानावरण**–बौद्धिक अथवा आगम ज्ञान की अनुपलब्धि, (३) **अवधिज्ञानावरण**–अतीन्द्रिय ज्ञान-क्षमता का अभाव, (४) **मनःपर्याय ज्ञानावरण**–दूसरे की मानसिक अवस्थाओं का ज्ञान प्राप्त कर लेने की शक्ति का अभाव, (५) **केवलज्ञानावरण**–पूर्ण ज्ञान प्राप्त करने की क्षमता का अभाव।

कहीं-कहीं विपाक की दृष्टि से इसके १० भेद भी बताये गये हैं–(१) सुनने की शक्ति का अभाव, (२) सुनने से प्राप्त होने वाले ज्ञान की अनुपलब्धि, (३) दृष्टि शक्ति का अभाव, (४) दृश्यज्ञान की अनुपलब्धि, (५) गंधग्रहण करने की शक्ति का अभाव, (६) गन्ध सम्बन्धी ज्ञान की अनुपलब्धि, (७) स्वाद ग्रहण करने की शक्ति का अभाव, (८) स्वाद सम्बन्धी ज्ञान की अनुपलब्धि, (९) स्पर्श-क्षमता का अभाव और (१०) स्पर्श सम्बन्धी ज्ञान की अनुपलब्धि।

२. दर्शनावरणीय कर्म

जिस प्रकार द्वारपाल राजा के दर्शन में बाधक होता है, उसी प्रकार जो कर्म-वर्गणाएँ आत्मा की दर्शन-शक्ति में बाधक होती हैं, वे दर्शनावरणीय कर्म कहलाती हैं। ज्ञान से पहले होने वाला वस्तु-तत्त्व का निर्विशेष (निर्विकल्प) बोध, जिसमें सत्ता के अतिरिक्त किसी विशेष गुण धर्म की प्राप्ति नहीं होती, दर्शन कहलाता है। दर्शनावरणीय कर्म आत्मा के दर्शन-गुण को आवृत करता है।

दर्शनावरणीय कर्म के बन्ध के कारण–ज्ञानावरणीय कर्म के समान ही छह प्रकार के अशुभ आचरण के द्वारा दर्शनावरणीय कर्म का बन्ध होता है–(१) सम्यक्दृष्टि की निन्दा (छिद्रान्वेषण) करना अथवा उसके प्रति अकृतज्ञ होना, (२) मिथ्यात्व या असत् मान्यताओं का प्रतिपादन करना, (३) शुद्ध दृष्टिकोण की उपलब्धि में बाधक बनना, (४) सम्यक्दृष्टि का समुचित विनय एवं सम्मान नहीं करना, (५) सम्यक्दृष्टि पर द्वेष करना, (६) सम्यक्दृष्टि के साथ मिथ्याग्रह सहित विवाद करना।

दर्शनावरणीय कर्म का विपाक–उपर्युक्त अशुभ आचरण के कारण आत्मा का दर्शन गुण नौ प्रकार से कुंठित हो जाता है–(१) **चक्षुदर्शनावरण**–नेत्रशक्ति का अवरुद्ध हो जाना। (२) **अचक्षुदर्शनावरण**–नेत्र के अतिरिक्त शेष इन्द्रियों की सामान्य अनुभव-शक्ति का अवरुद्ध हो जाना। (३) **अवधिदर्शनावरण**–सीमित अतीन्द्रिय दर्शन की उपलब्धि में बाधा उपस्थित होना। (४) **केवलदर्शनावरण**–परिपूर्ण दर्शन की उपलब्धि का नहीं होना। (५) **निद्रा**–सामान्य निद्रा। (६) **निद्रानिद्रा**–गहरी निद्रा। (७) **प्रचला**–बैठे-बैठे आ जाने वाली निद्रा। (८) **प्रचला-प्रचला**–चलते-फिरते भी आ जाने वाली निद्रा। (९) **स्त्यानगृद्धि**–जिस निद्रा में प्राणी बड़े-बड़े बल-साध्य कार्य कर डालता है। अन्तिम दो अवस्थाएँ आधुनिक मनोविज्ञान के द्विविध व्यक्तित्व के समान मानी जा सकती हैं। उपर्युक्त पाँच प्रकार की निद्राओं के कारण व्यक्ति की सहज अनुभूति की क्षमता में अवरोध उत्पन्न हो जाता है।

३. वेदनीय कर्म

जिसके कारण सांसारिक सुख-दुःख की संवेदना होती है, उसे वेदनीय कर्म कहते हैं। इसके दो भेद हैं–(१) सातावेदनीय और (२) असातावेदनीय। सुख रूप संवेदना का कारण सातावेदनीय और दुःख रूप संवेदना का कारण असातावेदनीय कर्म कहलाता है।

सातावेदनीय कर्म के कारण–दस प्रकार का शुभाचरण करने वाला व्यक्ति सुखद-संवेदना रूप सातावेदनीय कर्म का बन्ध करता है–(१) पृथ्वी, पानी आदि के जीवों पर अनुकम्पा करना। (२) वनस्पति, वृक्ष, लतादि पर अनुकम्पा करना। (३) द्वीन्द्रिय आदि प्राणियों पर दया करना। (४) पंचेन्द्रिय पशुओं एवं मनुष्यों पर अनुकम्पा करना। (५) किसी को भी किसी प्रकार से दुःख न देना। (६) किसी भी प्राणी को चिन्ता एवं भय उत्पन्न हो ऐसा कार्य न करना। (७) किसी भी प्राणी को शोकाकुल नहीं बनाना। (८) किसी भी प्राणी को रुदन नहीं कराना। (९) किसी भी प्राणी को नहीं मारना और (१०) किसी भी प्राणी को प्रताड़ित नहीं करना। कर्मग्रन्थों में सातावेदनीय कर्म के बन्धन का कारण गुरुभक्ति, क्षमा, करुणा, व्रतपालन, योग-साधना, कषायविजय, दान और दृढ़श्रद्धा माना गया है। तत्त्वार्थसूत्रकार का भी यही दृष्टिकोण है।

सातावेदनीय कर्म का विपाक–उपर्युक्त शुभाचरण के फलस्वरूप प्राणी निम्न प्रकार की सुखद संवेदना प्राप्त करता है–(१) मनोहर, कर्णप्रिय, सुखद स्वर श्रवण करने को मिलते हैं। (२) सुस्वादु भोजन-पानादि उपलब्ध होते हैं। (३) वांछित सुखों की प्राप्ति होती है। (४) शुभ वचन, प्रशंसादि सुनने का अवसर प्राप्त होता है। (५) शारीरिक सुख मिलता है।

असातावेदनीय कर्म के कारण–जिन अशुभ आचरणों के कारण प्राणी को दुःखद संवेदना प्राप्त होती है, वे १२ प्रकार के हैं–(१) किसी भी प्राणी को दुःख देना, (२) चिन्तित बनाना, (३) शोकाकुल बनाना, (४) रुलाना, (५) मारना और (६) प्रताड़ित करना, इन छह क्रियाओं की मन्दता और तीव्रता के आधार पर इनके बारह प्रकार हो जाते हैं। तत्त्वार्थ सूत्र के अनुसार–(१) दुःख, (२) शोक, (३) ताप, (४) आक्रन्दन, (५) वध और (६) परिवेदन, ये छह असातावेदनीय कर्म के बंध के कारण हैं, जो 'स्व' और 'पर' की अपेक्षा से १२ प्रकार के हो जाते हैं। स्व एवं पर की अपेक्षा पर आधारित तत्त्वार्थ सूत्र का यह दृष्टिकोण अधिक संगत है। कर्मग्रन्थ में सातावेदनीय के बन्ध के

कारणों के विपरीत गुरु का अविनय, अक्षमा, क्रूरता, अविरति, योगाभ्यास नहीं करना, कषाययुक्त होना, तथा दान एवं श्रद्धा का अभाव असातावेदनीय कर्म के कारण माने गये हैं। इन क्रियाओं के विपाक के रूप में आठ प्रकार की दुःखद संवेदनाएँ प्राप्त होती हैं–(१) कर्ण-कटु, कर्कश स्वर सुनने को प्राप्त होते हैं, (२) अमनोज्ञ एवं सौन्दर्यविहीन रूप देखने को प्राप्त होता है, (३) अमनोज्ञ गन्धों की उपलब्धि होती है, (४) स्वादविहीन भोजनादि मिलता है, (५) अमनोज्ञ, कठोर एवं दुःखद संवेदना उत्पन्न करने वाले स्पर्श की प्राप्ति होती है, (६) अमनोज्ञ मानसिक अनुभूतियों का होना, (७) निन्दा अपमानजनक वचन सुनने को मिलते हैं और (८) शरीर में विविध रोगों की उत्पत्ति से शरीर को दुःखद संवेदनाएँ प्राप्त होती हैं।

४. मोहनीय कर्म

जैसे मदिरा आदि नशीली वस्तु के सेवन से विवेक-शक्ति कुंठित हो जाती है, उसी प्रकार जिन कर्म-परमाणुओं से आत्मा की विवेक-शक्ति कुंठित होती है और अनैतिक आचरण में प्रवृत्ति होती है, उन्हें मोहनीय (विमोहित करने वाले) कर्म कहते हैं। इसके दो भेद हैं–दर्शनमोह और चारित्रमोह।

मोहनीय कर्म के बन्ध के कारण–सामान्यतया मोहनीय कर्म का बन्ध छह कारणों से होता है–(१) क्रोध, (२) अहंकार, (३) कपट, (४) लोभ, (५) अशुभाचरण और (६) विवेकाभाव (विमूढ़ता)। प्रथम पाँच से चारित्रमोह का और अन्तिम से दर्शनमोह का बन्ध होता है। कर्मग्रन्थ में दर्शनमोह और चारित्रमोह के बन्धन के कारण अलग-अलग बताये गये हैं। दर्शनमोह के कारण हैं–उन्मार्ग देशना, सन्मार्ग का अपलाप, धार्मिक सम्पत्ति का अपहरण और तीर्थंकर, मुनि, चैत्य (जिन-प्रतिमाएँ) और धर्म-संघ के प्रतिकूल आचरण। चारित्रमोह कर्म के बन्धन के कारणों में कषाय, हास्य आदि तथा विषयों के अधीन होना प्रमुख है। तत्त्वार्थ सूत्र में सर्वज्ञ, श्रुत, संघ, धर्म और देव के अवर्णवाद (निन्दा) को दर्शनमोह का तथा कषायजनित आत्म-परिणाम को चारित्रमोह का कारण माना गया है। समवायांग सूत्र में तीव्रतम मोहकर्म के बन्धन के तीस कारण बताये गये हैं–(१) जो किसी त्रस प्राणी को पानी में डुबाकर मारता है। (२) जो किसी त्रस प्राणी को तीव्र अशुभ अध्यवसाय से मस्तक को गीला चमड़ा बाँधकर मारता है। (३) जो किसी त्रस प्राणी को मुँह बाँधकर मारता है। (४) जो किसी त्रस प्राणी को अग्नि के धुएँ से मारता है। (५) जो किसी त्रस प्राणी के मस्तक का छेदन करके मारता है। (६) जो किसी त्रस प्राणी को छल से मारकर हँसता है। (७) जो मायाचार करके तथा असत्य बोलकर अपना अनाचार छिपाता है। (८) जो अपने दुराचार को छिपाकर दूसरे पर कलंक लगाता है। (९) जो कलह बढ़ाने के लिए जानता हुआ मिश्र भाषा बोलता है। (१०) जो पति-पत्नी में मतभेद पैदा करता है तथा उन्हें मार्मिक वचनों से झेंपा देता है। (११) जो स्त्री में आसक्त व्यक्ति अपने आपको कुँवारा कहता है। (१२) जो अत्यन्त कामुक व्यक्ति अपने आपको ब्रह्मचारी कहता है। (१३) जो चापलूसी करके अपने स्वामी को ठगता है। (१४) जो जिनकी कृपा से समृद्ध बना है, ईर्ष्या से उनके ही कार्यों में विघ्न डालता है। (१५) जो प्रमुख पुरुष की हत्या करता है। (१६) जो संयमी को पथभ्रष्ट करता है। (१७) जो अपने उपकारी की हत्या करता है। (१८) जो प्रसिद्ध पुरुष की हत्या करता है। (१९) जो महान् पुरुषों की निन्दा करता है। (२०) जो न्यायमार्ग की निन्दा करता है। (२१) जो आचार्य, उपाध्याय एवं गुरु की निन्दा करता है। (२२) जो आचार्य, उपाध्याय एवं गुरु का अविनय करता है। (२३) जो अबहुश्रुत होते हुए भी अपने-आपको बहुश्रुत कहता है। (२४) जो तपस्वी न होते हुए भी अपने आपको तपस्वी कहता है। (२५) जो अस्वस्थ आचार्य आदि की सेवा नहीं करता। (२६) जो आचार्य आदि कुशास्त्र का प्ररूपण करते हैं। (२७) जो आचार्य आदि अपनी प्रशंसा के लिए मंत्रादि का प्रयोग करते हैं। (२८) जो इहलोक और परलोक में भोगोपभोग पाने की अभिलाषा करता है। (२९) जो देवताओं की निन्दा करता है या करवाता है। (३०) जो असर्वज्ञ होते हुए भी अपने आपको सर्वज्ञ कहता है।

(अ) **दर्शनमोह**–जैन-दर्शन में दर्शन शब्द तीन अर्थों में प्रयुक्त हुआ है–(१) प्रत्यक्षीकरण, (२) दृष्टिकोण और (३) श्रद्धा। प्रथम अर्थ का सम्बन्ध दर्शनावरणीय कर्म से है, जबकि दूसरे और तीसरे अर्थ का सम्बन्ध मोहनीय कर्म से है। दर्शनमोह के कारण प्राणी में सम्यक् दृष्टिकोण का अभाव होता है और वह मिथ्या धारणाओं एवं विचारों का शिकार रहता है, उसकी विवेक बुद्धि असंतुलित होती है। दर्शन-मोह तीन प्रकार का है–(१) **मिथ्यात्व मोह**–जिसके कारण प्राणी असत्य को सत्य तथा सत्य को असत्य समझता है। शुभ को अशुभ और अशुभ को शुभ मानना मिथ्यात्व मोह है। (२) **सम्यक्-मिथ्यात्व मोह**–सत्य एवं असत्य तथा शुभ एवं अशुभ के सम्बन्ध में अनिश्चयात्मकता और (३) **सम्यक्त्व मोह**–क्षायिक सम्यक्त्व की उपलब्धि में बाधक सम्यक्त्व मोह है अर्थात् दृष्टिकोण की आंशिक विशुद्धता।

(ब) **चारित्रमोह**–चारित्रमोह के कारण प्राणी का आचरण अशुभ होता है। चारित्रमोहजनित अशुभाचरण २५ प्रकार का है–(१) प्रबलतम क्रोध, (२) प्रबलतम मान, (३) प्रबलतम माया (कपट), (४) प्रबलतम लोभ, (५) अति क्रोध, (६) अति मान, (७) अति माया (कपट), (८) अति लोभ, (९) साधारण क्रोध, (१०) साधारण मान, (११) साधारण माया (कपट), (१२) साधारण लोभ, (१३) अल्प क्रोध, (१४) अल्प मान, (१५) अल्प माया (कपट) और (१६) अल्प लोभ–ये सोलह कषाय हैं। उपर्युक्त कषायों को उत्तेजित करने वाली नौ मनोवृत्तियाँ (उपकषाय) हैं–(१) हास्य, (२) रति (स्नेह, राग), (३) अरति (द्वेष), (४) शोक, (५) भय, (६) जुगुप्सा (घृणा), (७) स्त्रीवेद (पुरुष-सहवास की इच्छा), (८) पुरुषवेद (स्त्री-सहवास की इच्छा), (९) नपुंसकवेद (स्त्री-पुरुष दोनों के सहवास की इच्छा)।

मोहनीय कर्म विवेकाभाव है और उसी विवेकाभाव के कारण अशुभ की ओर प्रवृत्ति की रुचि होती है। अन्य परम्पराओं में जो स्थान अविद्या का है, वही स्थान जैन परम्परा में मोहनीय कर्म का है। जिस प्रकार अन्य परम्पराओं में बन्धन का मूल कारण अविद्या है, उसी प्रकार जैन परम्परा में बन्धन का मूल कारण मोहनीय कर्म। मोहनीय कर्म का क्षयोपशम ही आध्यात्मिक विकास का आधार है।

५. आयुष्य कर्म

जिस प्रकार बेड़ी स्वाधीनता में बाधक है, उसी प्रकार जो कर्म परमाणु आत्मा को विभिन्न शरीरों में नियत अवधि तक कैद रखते हैं, उन्हें आयुष्य कर्म कहते हैं। यह कर्म निश्चय करता है कि आत्मा को किस शरीर में कितनी समयावधि तक रहना है। आयुष्य कर्म चार प्रकार का है–(१) नरक आयु, (२) तिर्यंच आयु (वानस्पतिक एवं पशु जीवन), (३) मनुष्य आयु और (४) देव आयु।

आयुष्य कर्म के बन्ध के कारण–सभी प्रकार के आयुष्य कर्म के बन्ध का कारण शील और व्रत से रहित होना माना गया है। फिर भी किस प्रकार के आचरण से किस प्रकार का जीवन मिलता है, उसका निर्देश भी जैन आगमों में उपलब्ध है। स्थानांग सूत्र में प्रत्येक प्रकार के आयुष्य कर्म के बन्ध के चार-चार कारण माने गये हैं।

(अ) नारकीय जीवन की प्राप्ति के चार कारण–(१) महारम्भ (भयानक हिंसक कर्म), (२) महापरिग्रह (अत्यधिक संचय वृत्ति), (३) मनुष्य, पशु आदि का वध करना, (४) माँसाहार और शराब आदि नशीले पदार्थ का सेवन।

(ब) पाशविक जीवन की प्राप्ति के चार कारण–(१) कपट करना, (२) रहस्यपूर्ण कपट करना, (३) असत्य भाषण, (४) कम-ज्यादा तोल-माप करना। कर्मग्रन्थ में प्रतिष्ठा कम होने के भय से पाप का प्रकट न करना भी तिर्यंच आयु के बन्ध का कारण माना गया है। तत्त्वार्थ सूत्र में माया (कपट) को ही पशुयोनि का कारण बताया है।

(स) मानव जीवन की प्राप्ति के चार कारण–(१) सरलता, (२) विनयशीलता, (३) करुणा और (४) अहंकार एवं मात्सर्य से रहित होना। तत्त्वार्थ सूत्र में–(१) अल्प आरम्भ, (२) अल्प परिग्रह, (३) स्वभाव की सरलता और (४) स्वभाव की मृदुता को मनुष्य आयु के बन्ध का कारण कहा गया है।

(द) दैवीय जीवन की प्राप्ति के चार कारण–(१) सराग (सकाम) संयम का पालन, (२) संयम का आंशिक पालन, (३) सकाम तपस्या (बाल-तप), (४) स्वाभाविक रूप में कर्मों के निर्जरित होने से। तत्त्वार्थ सूत्र में भी यही कारण माने गये हैं। कर्मग्रन्थ के अनुसार अविरत सम्यक्दृष्टि मनुष्य या तिर्यंच, देशविरत श्रावक, सरागी-साधु, बाल-तपस्वी और इच्छा नहीं होते हुए भी परिस्थितिवश भूख-प्यास आदि को सहन करते हुए अकाम-निर्जरा करने वाले व्यक्ति देवायु का बन्ध करते हैं।

आकस्मिक मरण–प्राणी अपने जीवनकाल में प्रत्येक क्षण आयु-कर्म को भोग रहा है और प्रत्येक क्षण में आयु-कर्म के परमाणु भोग के पश्चात् पृथक् होते रहते हैं। जिस समय वर्तमान आयु-कर्म के पूर्वबद्ध समस्त परमाणु आत्मा से पृथक् हो जाते हैं उस समय प्राणी को वर्तमान शरीर छोड़ना पड़ता है। वर्तमान शरीर छोड़ने के पूर्व ही नवीन शरीर के आयु-कर्म का बन्ध हो जाता है। लेकिन यदि आयुष्य का भोग इस प्रकार नियत है तो आकस्मिक मरण की व्याख्या क्या ? इसके प्रत्युत्तर में जैन-विचारकों ने आयु-कर्म का भोग दो प्रकार का माना–(१) क्रमिक, (२) आकस्मिक। क्रमिक भोग में स्वाभाविक रूप से आयु का भोग धीरे-धीरे होता रहता है, जबकि आकस्मिक भोग में किसी कारण के उपस्थित हो जाने पर आयु एक साथ ही भोग ली जाती है। इसे ही आकस्मिक मरण या अकाल मृत्यु कहते हैं। स्थानांग सूत्र में इसके सात कारण बताये गये हैं–(१) हर्ष-शोक का अतिरेक, (२) विष अथवा शस्त्र का प्रयोग, (३) आहार की अत्यधिकता अथवा सर्वथा अभाव, (४) व्याधिजनित तीव्र वेदना, (५) आघात, (६) सर्पदंशादि और (७) श्वासनिरोध।

६. नाम-कर्म

जिस प्रकार चित्रकार विभिन्न रंगों से अनेक प्रकार के चित्र बनाता है, उसी प्रकार नाम-कर्म विभिन्न कर्म परमाणुओं से जगत् के प्राणियों के शरीर की रचना करता है। मनोविज्ञान की भाषा में नाम-कर्म को व्यक्तित्व का निर्धारक तत्त्व कह सकते हैं। जैन-दर्शन में व्यक्तित्व के निर्धारक तत्त्वों को नाम-कर्म की प्रकृति के रूप में जाना जाता है, जिनकी संख्या १०३ मानी गई है लेकिन विस्तारभय से उनका वर्णन सम्भव नहीं है। उपर्युक्त सारे वर्गीकरण का संक्षिप्त रूप है–(१) शुभ नाम-कर्म (अच्छा व्यक्तित्व) और (२) अशुभ नाम-कर्म (बुरा व्यक्तित्व)। प्राणी जगत् में, जो आश्चर्यजनक वैचित्र्य दिखाई देता है, उसका आधार नाम-कर्म है।

शुभ नाम-कर्म के बन्ध के कारण

जैनागमों में अच्छे व्यक्तित्व की उपलब्धि के चार कारण माने गये हैं–(१) शरीर की सरलता, (२) वाणी की सरलता, (३) मन या विचारों की सरलता, (४) अहंकार एवं मात्सर्य से रहित होना या सामंजस्यपूर्ण जीवन।

शुभ नाम-कर्म का विपाक

उपर्युक्त चार प्रकार के शुभाचरण से प्राप्त शुभ व्यक्तित्व का विपाक १४ प्रकार का माना गया है–(१) अधिकारपूर्ण प्रभावक वाणी (इष्ट-शब्द), (२) सुन्दर सुगठित शरीर (इष्ट-रूप), (३) शरीर से निःसृत होने वाले मलों में भी सुगंधि (इष्ट-गंध), (४) जैवीय-रसों की समुचितता (इष्ट-रस), (५) त्वचा का सुकोमल होना (इष्ट-स्पर्श), (६) अचपल योग्य गति (इष्ट-गति), (७) अंगों का समुचित स्थान पर होना (इष्ट-स्थिति), (८) लावण्य, (९) यशःकीर्ति का प्रसार (इष्ट-यशःकीर्ति), (१०) योग्य शारीरिक शक्ति (इष्ट-उत्थान, कर्म, बलवीर्य, पुरुषार्थ और पराक्रम), (११) लोगों को रुचिकर लगे ऐसा स्वर, (१२) कान्त स्वर,(१३) प्रिय स्वर और (१४) मनोज्ञ स्वर।

अशुभ नाम-कर्म के कारण–निम्न चार प्रकार के अशुभाचरण से व्यक्ति (प्राणी) को अशुभ व्यक्तित्व की उपलब्धि होती है–(१) शरीर की वक्रता, (२) वचन की वक्रता, (३) मन की वक्रता और (४) अहंकार एवं मात्सर्य वृत्ति या असामंजस्यपूर्ण जीवन।

अशुभ नाम-कर्म का विपाक–(१) अप्रभावक वाणी (अनिष्ट शब्द), (२) असुन्दर शरीर (अनिष्ट स्पर्श), (३) शारीरिक मलों का दुर्गन्धयुक्त होना (अनिष्ट गंध), (४) जैवीय रसों की असमुचितता (अनिष्ट रस), (५) अप्रिय स्पर्श, (६) अनिष्ट गति, (७) अंगों का समुचित स्थान पर न होना (अनिष्ट स्थिति), (८) सौन्दर्य का अभाव, (९) अपयश, (१०) पुरुषार्थ करने की शक्ति का अभाव, (११) हीन स्वर, (१२) दीन स्वर, (१३) अप्रिय स्वर और (१४) अकान्त स्वर।

७. गोत्र-कर्म

जिसके कारण व्यक्ति प्रतिष्ठित और अप्रतिष्ठित कुलों में जन्म लेता है, वह गोत्र-कर्म है। यह दो प्रकार का माना गया है–(१) उच्च गोत्र (प्रतिष्ठित कुल) और (२) नीच गोत्र (अप्रतिष्ठित कुल)। किस प्रकार के आचरण के कारण प्राणी का अप्रतिष्ठित कुल में जन्म होता है और किस प्रकार के आचरण से प्राणी का प्रतिष्ठित कुल में जन्म होता है, इस पर जैनाचार-दर्शन में विचार किया गया है। अहंकारवृत्ति ही इसका प्रमुख कारण मानी गई है।

उच्च गोत्र एवं नीच गोत्र के कर्म-बन्ध के कारण–निम्न आठ बातों का अहंकार न करने वाला व्यक्ति भविष्य में प्रतिष्ठित कुल में जन्म लेता है–(१) जाति, (२) कुल, (३) बल (शारीरिक शक्ति), (४) रूप (सौन्दर्य), (५) तपस्या (साधना), (६) ज्ञान (श्रुत), (७) लाभ (उपलब्धियाँ) और (८) स्वामित्व (अधिकार)। इसके विपरीत जो व्यक्ति उपर्युक्त आठ प्रकार का अहंकार करता है, वह नीच कुल में जन्म लेता है। कर्मग्रन्थ के अनुसार भी अहंकार-रहित गुणग्राही दृष्टि वाला, अध्ययन-अध्यापन में रुचि रखने वाला तथा भक्त उच्च गोत्र को प्राप्त करता है। इसके विपरीत आचरण करने वाला नीच गोत्र को प्राप्त करता है। तत्त्वार्थ सूत्र के अनुसार पर-निन्दा, आत्म-प्रशंसा, दूसरों के सद्गुणों का आच्छादन और असद्गुणों का प्रकाशन ये नीच गोत्र के बन्ध के हेतु हैं। इसके विपरीत पर-प्रशंसा, आत्म-निन्दा, सद्गुणों का प्रकाशन, असद्गुणों का गोपन और नम्र-वृत्ति एवं निरभिमानता ये उच्च गोत्र के बन्ध के हेतु हैं।

गोत्र-कर्म का विपाक–विपाक (फल) दृष्टि से विचार करते हुए यह ध्यान रखना चाहिए कि जो व्यक्ति अहंकार नहीं करता, वह प्रतिष्ठित कुल में जन्म लेकर निम्नोक्त आठ क्षमताओं से युक्त होता है–(१) निष्कलंक मातृ-पक्ष (जाति), (२) प्रतिष्ठित पितृ-पक्ष (कुल), (३) सबल शरीर, (४) सौन्दर्ययुक्त शरीर, (५) उच्च साधना एवं तप-शक्ति, (६) तीव्र बुद्धि एवं विपुलज्ञान राशि पर अधिकार, (७) लाभ एवं विविध उपलब्धियाँ और (८) अधिकार, स्वामित्व एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति। लेकिन अहंकारी व्यक्तित्व उपर्युक्त समग्र क्षमताओं से अथवा इनमें से किन्हीं विशेष क्षमताओं से वंचित रहता है।

८. अन्तराय कर्म

अभीष्ट की उपलब्धि में बाधा पहुँचाने वाले कारण को अन्तराय कर्म कहते हैं। यह पाँच प्रकार का है–

१. **दानान्तराय**–दान की इच्छा होने पर भी दान नहीं दिया जा सके,

२. **लाभान्तराय**–कोई वस्तु आदि की प्राप्ति होने वाली हो लेकिन किसी कारण से उसमें बाधा आ जाना,

३. **भोगान्तराय**–भोग में बाधा उपस्थित होना, जैसे–व्यक्ति सम्पन्न हो, भोजनगृह में अच्छा सुस्वादु भोजन भी बना हो लेकिन अस्वस्थता के कारण उसे मात्र खिचड़ी ही खानी पड़े,

४. **उपभोगान्तराय**–उपभोग की सामग्री के होने पर भी उपभोग करने में असमर्थता,

५. **वीर्यान्तराय**–शक्ति के होने पर भी पुरुषार्थ में उसका उपयोग नहीं किया जा सकना। (तत्त्वार्थ सूत्र, ८.१४)

जैन नीति-दर्शन के अनुसार जो व्यक्ति किसी भी व्यक्ति के दान, लाभ, भोग, उपभोग शक्ति के उपयोग में बाधक बनता है, वह भी अपनी उपलब्ध सामग्री एवं शक्तियों का समुचित उपयोग नहीं कर पाता है। जैसे कोई व्यक्ति किसी दान देने वाले व्यक्ति को दान प्राप्त करने वाली संस्था के बारे में गलत सूचना देकर या अन्य प्रकार से दान देने से रोक देता है अथवा किसी भोजन करते हुए व्यक्ति को भोजन पर से उठा देता है, तो उसकी उपलब्धियों में भी बाधा उपस्थित होती है अथवा भोग-सामग्री के होने पर भी वह उसके भोग से वंचित रहता है। कर्मग्रन्थ के अनुसार धर्म-कार्यों में विघ्न उत्पन्न करने वाला और हिंसा में तत्पर व्यक्ति भी अन्तराय कर्म का संचय करता है। तत्त्वार्थ सूत्र के अनुसार भी विघ्न या बाधा डालना ही अन्तराय-कर्म के बन्ध का कारण है।

घाती और अघाती कर्म

कर्मों के इस वर्गीकरण में ज्ञानावरण, दर्शनावरण, मोहनीय और अन्तराय–इन चार कर्मों को 'घाती' और नाम, गोत्र, आयुष्य और वेदनीय–इन चार कर्मों को 'अघाती' माना जाता है। घाती कर्म आत्मा के ज्ञान, दर्शन, सुख और शक्ति नामक गुणों का आवरण करते हैं। ये कर्म आत्मा की स्वभाव दशा को विकृत करते हैं, अतः जीवन-मुक्ति में बाधक होते हैं। इन घाती कर्मों में अविद्या रूप मोहनीय कर्म ही आत्मस्वरूप की आवरण-क्षमता, तीव्रता और स्थितिकाल की दृष्टि से प्रमुख हैं। वस्तुतः मोहकर्म ही एक ऐसा कर्म-संस्कार है, जिसके कारण कर्म-बन्ध का प्रवाह सतत बना रहता है। मोहनीय कर्म उस बीज के समान है, जिसमें अंकुरण की शक्ति है। जिस प्रकार उगने योग्य बीज हवा, पानी आदि के सहयोग से अपनी परम्परा को बढ़ाता रहता है, उसी प्रकार मोहनीय रूपी कर्म-बीज, ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय रूप हवा, पानी आदि के सहयोग से कर्म-परम्परा को सतत बनाये रखता है। मोहनीय कर्म ही जन्म-मरण, संसार या बन्धन का मूल है, शेष घाती कर्म उसके सहयोगी मात्र हैं। इसे कर्मों का सेनापति कहा गया है। जिस प्रकार सेनापति के पराजित होने पर सारी सेना हतप्रभ

हो शीघ्र ही पराजित हो जाती है, उसी प्रकार मोहकर्म पर विजय प्राप्त कर लेने पर शेष सारे कर्मों को आसानी से पराजित कर आत्मशुद्धता की उपलब्धि की जा सकती है। जैसे ही मोह नष्ट हो जाता है, वैसे ही ज्ञानावरण और दर्शनावरण का पर्दा हट जाता है, अन्तराय या बाधकता समाप्त हो जाती है और व्यक्ति (आत्मा) जीवन-मुक्त बन जाता है।

अघाती कर्म वे हैं जो आत्मा के स्वभाव दशा की उपलब्धि और विकास में बाधक नहीं होते। अघाती कर्म भुने बीज के समान हैं, जिनमें नवीन कर्मों की उत्पादन-क्षमता नहीं होती। वे कर्म-परम्परा का प्रवाह बनाये रखने में असमर्थ होते हैं और समय की परिपक्वता के साथ ही अपना फल देकर सहज ही अलग हो जाते हैं।

सर्वघाती और देशघाती कर्म-प्रकृतियाँ--आत्मा के स्व-लक्षणों का आवरण करने वाले घाती कर्मों की ४५ कर्म-प्रकृतियाँ भी दो प्रकार की हैं-(१) सर्वघाती और (२) देशघाती। सर्वघाती कर्म-प्रकृति किसी आत्मगुण को पूर्णतया आवरित करती है और देशघाती कर्म-प्रकृति उसके एक अंश को आवरित करती है।

आत्मा के स्वाभाविक सत्यानुभूति नामक गुण को मिथ्यात्व (अशुद्ध दृष्टिकोण) सर्वरूपेण आच्छादित कर देता है। अनन्तज्ञान (केवलज्ञान) और अनन्तदर्शन (केवलदर्शन) नामक आत्मा के गुणों का आवरण भी पूर्ण रूप से होता है। पाँचों प्रकार की निद्राएँ भी आत्मा की सहज अनुभूति की क्षमता को पूर्णतया आवरित करती हैं। इसी प्रकार चारों कषायों के पहले तीनों प्रकार, जो कि संख्या में १२ होते हैं वे भी पूर्णतया बाधक बनते हैं। अनन्तानुबन्धी कषाय सम्यक्त्व का, प्रत्याख्यानी कषाय देशव्रती चारित्र (गृहस्थ धर्म) का और प्रत्याख्यानी कषाय सर्वव्रती चारित्र (मुनिधर्म) का पूर्णतया बाधक बनता है। अतः ये २० प्रकार की कर्म-प्रकृतियाँ सर्वघाती कही जाती हैं। शेष ज्ञानावरणीय कर्म की ४, दर्शनावरणीय कर्म की ३, मोहनीय कर्म की १३, अन्तराय कर्म की ५, कुल २५ कर्म-प्रकृतियाँ देशघाती कही जाती हैं। सर्वघात का अर्थ मात्र इन गुणों के पूर्ण प्रकटन को रोकना है, न कि गुणों का अनस्तित्व। क्योंकि ज्ञानादि गुणों के पूर्ण अभाव की स्थिति में आत्म-तत्त्व और जड़-तत्त्व में अन्तर ही नहीं रहेगा। कर्म तो आत्म-गुणों के प्रकटन में बाधक तत्त्व हैं, वे आत्म-गुणों को विनष्ट नहीं कर सकते। नन्दीसूत्र में तो कहा गया है कि जिस प्रकार बादल सूर्य के प्रकाश को चाहे कितना ही आवरित क्यों न कर ले, फिर भी वह न तो उसकी प्रकाश-क्षमता को नष्ट कर सकता है और न उसके प्रकाश के प्रकटन को पूर्णतया रोक सकता है। उसी प्रकार चाहे कर्म ज्ञानादि आत्मगुणों को कितना ही आवृत क्यों न कर ले, फिर भी उनका एक अंश हमेशा ही अनावृत रहता है।

कर्म बन्धन से मुक्ति

जैन कर्म-सिद्धान्त की यह मान्यता है कि प्रत्येक कर्म अपना विपाक या फल देकर आत्मा से अलग हो जाता है। इस विपाक की अवस्था में यदि आत्मा राग-द्वेष अथवा मोह से अभिभूत होता है तो वह पुनः नये कर्म का संचय कर लेता है। इस प्रकार यह परम्परा सतत रूप से चलती रहती है। व्यक्ति के अधिकार क्षेत्र में यह नहीं है कि वह कर्म के विपाक के परिणामस्वरूप होने वाली अनुभूति से इंकार कर दे। अतः यह एक कठिन समस्या है कि कर्म के बन्धन व विपाक की इस प्रक्रिया से मुक्ति कैसे हो, यदि कर्म के विपाक के फलस्वरूप हमारे अन्दर क्रोधादि कषाय भाव अथवा कामादि भोग भाव उत्पन्न होना ही है तो फिर स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठता है कि हम विमुक्ति की दिशा में आगे कैसे बढ़ें ? इस हेतु जैन आचार्यों ने दो उपायों का प्रतिपादन किया है-(१) संवर और (२) निर्जरा। संवर का तात्पर्य है कि विपाक की स्थिति में प्रतिक्रिया से रहित रहकर नवीन कर्माश्रव एवं बन्ध को नहीं होने देना और निर्जरा का तात्पर्य है पूर्व-कर्मों के विपाक की समभावपूर्वक अनुभूति करते हुए उन्हें निर्जरित कर देना या फिर तप साधना द्वारा पूर्वबद्ध अनियत विपाकी कर्मों को समय से पूर्व उनके विपाक को प्रदेशोदय के माध्यम से निर्जरित करना।

यह सत्य है कि पूर्वबद्ध कर्मों के विपाकोदय की स्थिति में क्रोधादि आवेग अपनी अभिव्यक्ति के हेतु चेतना के स्तर पर आते हैं, किन्तु यदि आत्मा उस समय अपने को राग-द्वेष से ऊपर उठाकर साक्षीभाव में स्थित रखे और उन उदय में आ रहे क्रोधादि भावों के प्रति मात्र द्रष्टा भाव रखे, तो वह भावी बन्धन से बचकर पूर्वबद्ध कर्मों की निर्जरा कर देता है और इस प्रकार वह बन्धन से विमुक्ति की ओर अपनी यात्रा प्रारम्भ कर देता है। वस्तुतः विवेक व अप्रमत्तता ऐसे तथ्य हैं जो हमें नवीन बन्धन से बचाकर विमुक्ति की ओर अभिमुख करते हैं। व्यक्ति में जितनी अप्रमत्तता या आत्म-चेतनता होगी, उसका विवेक उतना जाग्रत रहेगा। वह बन्धन से विमुक्ति की दिशा में आगे बढ़ेगा। जैन-कर्म सिद्धान्त बताता है कि कर्मों के विपाक के सम्बन्ध में हम विवश या परतन्त्र होते हैं, किन्तु उस विपाक की दशा में भी हम में इतनी स्वतन्त्रता अवश्य होती है कि हम नवीन कर्म परम्परा का संचय करें या न करें, ऐसा निश्चय कर सकते हैं। वस्तुतः कर्म-विपाक के सन्दर्भ में हम परतन्त्र होते हैं, किन्तु नवीन कर्म बन्ध के सन्दर्भ में हम आंशिक रूप में स्वतन्त्र हैं। इसी आंशिक स्वतन्त्रता द्वारा हम मुक्ति अर्थात् पूर्ण स्वतन्त्रता प्राप्त कर सकते हैं। जो साधक विपाकोदय के समय साक्षी भाव या ज्ञाता-द्रष्टा भाव में जीवन जीना जानता है, वह निश्चय ही कर्म-विमुक्ति को प्राप्त कर लेता है।

कर्मों से मुक्ति ही मोक्ष है। मोक्ष ही जैन धर्म-दर्शन का चरम साध्य है, इसलिए अब उसी का विवेचन किया जा रहा है।

मोक्ष तत्त्व

जैन तत्त्व-मीमांसा के अनुसार संवर के द्वारा कर्मों के आगमन का निरोध हो जाने पर और निर्जरा के द्वारा समस्त पुरातन कर्मों का क्षय हो जाने पर आत्मा की जो निष्कर्म शुद्ध अवस्था होती है उसे मोक्ष कहा जाता है।[1] कर्म-फल के अभाव में कर्म-जनित आवरण या

१. कृत्स्न कर्मक्षयान् मोक्षः -तत्त्वार्थ सूत्र, १०१

बंधन भी नहीं रहते और यही बंधन का अभाव ही मुक्ति है।[1] वस्तुतः मोक्ष आत्मा की शुद्ध स्वरूपावस्था है।[2] बंधन आत्मा की विरूपावस्था है और मुक्ति आत्मा की स्वरूपावस्था है। अनात्मा में ममत्व, आसक्ति रूप आत्माभिमान का दूर हो जाना यही मोक्ष है।[3] और यही आत्मा की शुद्धावस्था है। बन्धन और मुक्ति की यह समग्र व्याख्या पर्याय दृष्टि का विषय है। आत्मा की विरूप पर्याय बन्धन है और स्वरूप पर्याय मोक्ष है। पर पदार्थ, पुद्गल, परमाणु या जड़ कर्म-वर्गणाओं के निमित्त आत्मा में जो पर्यायें उत्पन्न होती हैं और जिनके कारण पर में आत्म-भाव (मेरापन) उत्पन्न होता है, यही विरूप पर्याय है, परपरिणति है, स्व की पर में अवस्थिति है, यही बन्धन है और इसका अभाव ही मुक्ति है। बन्धन और मुक्ति दोनों एक ही आत्म-द्रव्य या चेतना की दो अवस्थाएँ मात्र हैं, जिस प्रकार स्वर्ण मुकुट और स्वर्ण कुंडल स्वर्ण की ही दो अवस्थाएँ हैं। लेकिन यदि मात्र, विशुद्ध तत्त्व दृष्टि या निश्चय नय से विचार किया जाय तो बंधन और मुक्ति दोनों की व्याख्या संभव नहीं है क्योंकि आत्म-तत्त्व स्वरूप का परित्याग कर परस्वरूप में कभी भी परिणत नहीं होता। विशुद्ध तत्त्व दृष्टि से तो आत्मा नित्यमुक्त है। लेकिन जब तत्त्व की पर्यायों के संबंध में विचार प्रारम्भ किया जाता है तो बंधन और मुक्ति की संभावनाएँ स्पष्ट हो जाती हैं, क्योंकि बन्धन और मुक्ति पर्याय अवस्था में ही संभव होती हैं। मोक्ष को तत्त्व माना गया है, लेकिन वस्तुतः मोक्ष बंधन के अभाव का ही नाम है। जैनागमों में मोक्ष तत्त्व पर तीन दृष्टियों से विचार किया गया है-(१) भावात्मक दृष्टिकोण, (२) अभावात्मक दृष्टिकोण, (३) अनिर्वचनीय दृष्टिकोण।

मोक्ष पर भावात्मक दृष्टिकोण से विचार-जैन दार्शनिकों ने मोक्षावस्था पर भावात्मक दृष्टिकोण से विचार करते हुए उसे निर्बाध अवस्था कहा है।[4] मोक्ष में समस्त बाधाओं के अभाव के कारण आत्मा के निजगुण पूर्ण रूप से प्रकट हो जाते हैं। मोक्ष, बाधक तत्त्वों की अनुपस्थिति और पूर्णता का प्रकटन है। आचार्य कुन्दकुन्द ने मोक्ष की भावात्मक दशा का चित्रण करते हुए उसे शुद्ध, अनन्त चतुष्टययुक्त, अक्षय, अविनाशी, निर्बाध, अतीन्द्रिय, अनुपम, नित्य, अविचल, अनालम्ब कहा है।[5] आचार्य उसी ग्रंथ में आगे चलकर मोक्ष में निम्न बातों की विद्यमानता की सूचना करते हैं[6]-(१) पूर्ण ज्ञान, (२) पूर्ण दर्शन, (३) पूर्ण सौख्य, (४) पूर्ण वीर्य, (५) अमूर्त्तत्व, (६) अस्तित्व और (७) सप्रदेशता। आचार्य कुन्दकुन्द ने मोक्ष दशा के जिन सात भावात्मक तथ्यों का उल्लेख किया है, वे सभी भारतीय दर्शनों को स्वीकार नहीं हैं। वेदान्त को स्वीकार नहीं हैं, सांख्य सौख्य एवं वीर्य को और न्याय वैशेषिक ज्ञान और दर्शन को भी अस्वीकार कर देते हैं। बौद्ध शून्यवाद अस्तित्व का भी विनाश कर देता है और चार्वाक् दर्शन मोक्ष की धारणा को भी समाप्त कर देता है। वस्तुतः मोक्ष को अनिर्वचनीय मानते हुए भी विभिन्न दार्शनिक मान्यताओं के निराकरण के लिये ही मोक्ष की इस भावात्मक अवस्था का चित्रण किया गया है। भावात्मक दृष्टि से जैन विचारणा मोक्षावस्था में अनन्त चतुष्टय की उपस्थिति पर बल देती है। अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्त सौख्य और अनन्त शक्ति को जैन विचारणा में अनन्त चतुष्टय कहा जाता है। बीजरूप में यह अनन्त चतुष्टय सभी जीवात्माओं में उपस्थित है, मोक्ष दशा में इनके अवरोधक कर्मों का क्षय हो जाने से ये गुण पूर्ण रूप में प्रकट हो जाते हैं। ये प्रत्येक आत्मा के स्वाभाविक गुण हैं जो मोक्षावस्था में पूर्ण रूप से अभिव्यक्त हो जाते हैं। अनन्त चतुष्टय में अनन्त ज्ञान, अनन्त शक्ति और अनन्त सौख्य आते हैं। लेकिन अष्टकर्मों के प्रहाण के आधार पर सिद्धों के आठ गुणों की मान्यता भी जैन विचारणा में प्रचलित है-(१) ज्ञानावरणीय कर्म के नष्ट हो जाने से मुक्तात्मा अनन्त ज्ञान या पूर्ण ज्ञान से युक्त होता है। (२) दर्शनावरण कर्म के नष्ट हो जाने से अनन्त दर्शन से संपन्न होता है। (३) वेदनीय कर्म के क्षय हो जाने से विशुद्ध अनश्वर आध्यात्मिक सुखों से युक्त होता है। (४) मोहकर्म के नष्ट हो जाने से यथार्थ दृष्टि (क्षायिक सम्यक्त्व) से युक्त होता है। मोहकर्म के दर्शनमोह और चारित्रमोह ऐसे दो भाग किए जाते हैं। दर्शनमोह के प्रहाण से यथार्थ और चारित्रमोह के क्षय से यथार्थ चारित्र (क्षायिक चारित्र) का प्रकटन होता है। लेकिन मोक्ष दशा में क्रियारूप चारित्र नहीं होता मात्र दृष्टि रूप चारित्र ही होता है। अतः उसे क्षायिक सम्यक्त्व के अंतर्गत ही माना जा सकता है। वैसे आठ कर्मों की ३१ प्रकृतियों के प्रहाण के आधार से सिद्धों के ३१ गुण माने गये हैं, उसमें यथाख्यात चारित्र को स्वतंत्र गुण माना गया है। (५) आयु कर्म के क्षय हो जाने से मुक्तात्मा जन्म-मरण के चक्र से छूट जाता है वह अजर-अमर होता है। (६) नाम-कर्म का क्षय हो जाने से मुक्तात्मा अशरीरी एवं अमूर्त्त होता है अतः वह इन्द्रिय ग्राह्य नहीं होता है। (७) गोत्र-कर्म के नष्ट हो जाने से अगुरुलघुत्व से युक्त हो जाता है।[7] अर्थात् सभी सिद्ध समान होते हैं, उनमें छोटा-बड़ा या ऊँच-नीच का भाव नहीं होता। (८) अन्तराय कर्म का प्रहाण हो जाने से बाधारहित होता है अर्थात् अनन्त शक्ति संपन्न होता है।[8] अनन्त शक्ति का यह विचार मूलतः निषेधात्मक ही है। यह मात्र बाधाओं का अभाव है। लेकिन इस प्रकार अष्ट कर्मों के प्रहाण के आधार से मुक्तात्मा के आठ गुणों की व्याख्या की मात्र एक व्यावहारिक संकल्पना ही है। उसके वास्तविक स्वरूप का निर्वचन नहीं है यह व्यावहारिक दृष्टि से उसे समझने का प्रयास मात्र है। इसका व्यावहारिक मूल्य है, वस्तुतः तो वह अनिर्वचनीय है आचार्य नेमीचन्द्र गोम्मटसार में स्पष्ट रूप से कहते हैं कि सिद्धों के इन गुणों का विधान मात्र सिद्धात्मा के स्वरूप के संबंध में जो एकान्तिक मान्यताएँ हैं, उनके निषेध के लिये हैं।[9] मुक्तात्मा में केवलज्ञान और केवलदर्शन के रूप में ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग को स्वीकार करके मुक्तात्माओं को जड़ मानने वाली वैभाषिक, बौद्धों और न्याय-वैशेषिक की धारणा का प्रतिषेध किया गया है। मुक्तात्मा के अस्तित्व या अक्षयता को स्वीकार कर मोक्ष को अभाव रूप में मानने वाली जड़वादी तथा सौत्रान्तिक बौद्धों की मान्यता का निरसन किया गया है। इस प्रकार हम देखते हैं कि मोक्ष दशा का समग्र भावात्मक चित्रण निषेधात्मक मूल्य ही रखता है। यह विधान भी निषेध के लिये है।

---

१. बन्ध वियोगो मोक्षः -अभिधान राजेन्द्र, खंड ६, पृष्ठ ४३१
२. मुक्खो जीवस्स सुद्ध रूपस्स -वही, खंड ६, पृष्ठ ४३१
३. तुलना कीजिये-(अ) आत्म-मीमांसा (दलसुखभाई), पृष्ठ ६६-६७
(ब) ममेति वध्यते जन्तुर्ममनेति प्रमुच्यते -गरुड़ पुराण
४. अव्वाबाहं अवत्थाणं-व्यावाधावर्जितभवस्थानम्-अवस्थितिः जीवस्यासौ मोक्ष इति। -अभिधान राजेन्द्र, खंड ६, पृष्ठ ४३१
५. नियमसार, १७६-१७७
६. विज्जदि केवलणाणं, केवलसोक्खं च केवलविरियं।
केवलदिट्ठि अमुत्तं अत्थितं सप्पदेसत्तं॥ -नियमसार, १८१
७. कुछ विद्वानों ने अगुरुलघुत्व का अर्थ न हल्का न भारी किया है।
८. प्रवचनसारोद्धार द्वार २७६, गाथा १५९३-१५९४
९. सदसित संखो मक्कडि बुद्धो णेया इयो य विसेसी।
ईसर मंडलि दंसण विइसणट्ठं कयं एवं। -गोम्मटसार, नेमीचन्द्र

अभावात्मक दृष्टि से मोक्ष तत्त्व पर विचार–जैनागमों में मोक्षावस्था का चित्रण निषेधात्मक रूप से भी हुआ है। प्राचीनतम जैनागम आचारांग सूत्र में मुक्तात्मा का निषेधात्मक चित्रण निम्न प्रकार से प्रस्तुत किया गया है। मोक्षावस्था में समस्त कर्मों का क्षय हो जाने से मुक्तात्मा न दीर्घ है, न ह्रस्व है, न वृत्ताकार है, न त्रिकोण है, न चतुष्कोण है, न परिमंडल संस्थान वाला है, न वह तीक्ष्ण है, वह कृष्ण, नील, पीत, रक्त और श्वेत वर्ण वाला भी नहीं है। वह सुगंध और दुर्गंध वाला भी नहीं है। कटु, खट्टा, मीठा एवं अम्ल रस वाला भी नहीं है। उसमें गुरु, लघु, कोमल, कठोर, स्निग्ध, रुक्ष, शीत एवं उष्ण आदि स्पर्श गुणों का भी अभाव है। वह न स्त्री है, न पुरुष है, न नपुसंक है। इस प्रकार मुक्तामा में रस, रूप, वर्ण, गंध और स्पर्श भी नहीं है।[1] आचार्य कुन्दकुन्द नियमसार में मोक्ष दशा का निषेधात्मक चित्रण प्रस्तुत करते हुए लिखते हैं–"मोक्ष दशा में सुख है, न दुःख है, न पीड़ा है, न बाधा है, न जन्म है, न मरण है, न वहाँ इन्द्रियाँ हैं, न उपसर्ग है, न मोह है, न व्यामोह है, न निद्रा है, न वहाँ चिंता है, न आर्त्त और न रौद्र विचार ही है। वहाँ तो धर्म (शुभ) और शुक्ल (प्रशस्त) विचारों का भी अभाव है।"[2] मोक्षावस्था तो सर्व-संकल्पों का अभाव है। वह बुद्धि और विचार का विषय नहीं है, वह पक्षातिक्रान्त है। इस प्रकार मुक्तावस्था का निषेधात्मक विवेचन उसको अनिर्वचनीय बतलाने के लिये ही है।

मोक्ष का अनिर्वचनीय स्वरूप–मोक्ष का निषेधात्मक निर्वचन अनिवार्य रूप से हमें उसकी अनिर्वचनीयता की ओर ही ले जाता है। पारमार्थिक दृष्टि से विचार करते हुए जैन दार्शनिकों ने उसे अनिर्वचनीय ही माना है।

आचारांग सूत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि समस्त स्वर वहाँ से लौट आते हैं अर्थात् ध्वन्यात्मक किसी भी शब्द की प्रवृत्ति का वह विषय नहीं है, वाणी उसका निर्वचन करने में कथमपि समर्थ नहीं है। वहाँ वाणी मूक हो जाती है, तर्क की वहाँ तक पहुँच नहीं है, बुद्धि (मति) उसे ग्रहण करने में असमर्थ है अर्थात् वह वाणी, विचार और बुद्धि का विषय नहीं है। किसी उपमा के द्वारा भी उसे नहीं समझाया जा सकता क्योंकि उसे कोई उपमा नहीं दी जा सकती, वह अनुपम है, अरूपी सत्तावान् है। वह अ-पद कोई पद नहीं है अर्थात् ऐसा कोई शब्द नहीं है जिसके द्वारा उसका निरूपण किया जा सके।[3] उसके बारे में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि वह अरूप, अरस, अवर्ण और अस्पर्श है क्योंकि वह इन्द्रिय-ग्राह्य नहीं है।

वस्तुतः मोक्ष ही ऐसा तत्त्व है जो सभी दर्शनों, धर्मों और साधना विधियों का चरम लक्ष्य है, प्राप्तव्य है। वह आत्मपूर्णता है–उसका केवल अनुभव किया जा सकता है। उसे शब्दों में बाँधा नहीं जा सकता। यह शाब्दिक विवरण उसका संकेत तो कर सकता है–किन्तु उसे अनुभूत नहीं करा सकता है। उसकी अनुभूति तो साधना के माध्यम से ही सम्भव है। आशा है प्रबुद्ध साधक उसकी स्वानुभूति कर अनन्त और असीम आनन्द को प्राप्त करेंगे।

इस प्रकार द्रव्यानुयोग की इस भूमिका में हमने मुख्य रूप से पंचास्तिकायों, षट्द्रव्यों और नवतत्त्वों की अपनी दृष्टि से ऐतिहासिक और आगमिक परिप्रेक्ष्य में चर्चा की है।

यह अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण तथ्य है कि उपाध्यायप्रवर मुनि श्री कन्हैयालाल जी म. सा. 'कमल' ने अपने सम्पूर्ण जीवन को अनुयोगों के इस वर्गीकरण के महान् कार्य में समर्पित कर दिया है। वे अपने जीवन के लगभग आठ दशक पूर्ण कर चुके हैं। उसमें लगभग पिछले पचास वर्षों में इसी कार्य में जुटे रहे हैं। उन्होंने यह श्रम करके अर्ध-मागधी आगमों के विषयों के अध्ययन के लिए शोधार्थियों और विद्वानों का जो उपकार किया है उसे कभी भी विस्मृत नहीं किया जा सकेगा।

उपाध्यायश्री ने द्रव्यानुयोग के इस संकलन में द्रव्य विवेचन, पर्याय विवेचन तथा जीवाजीव विवेचन के साथ-साथ जीव का आहार, भवसिद्धिक, संज्ञी, लेश्या, दृष्टि, संयत, कषाय, ज्ञान, योग, उपयोग, वेद, शरीर, पर्याप्त आदि अपेक्षाओं से भी विस्तृत विचार करते हुए तत्सम्बन्धी सभी आगमिक स्थलों को उपशीर्षकों के अन्तर्गत रखकर प्रस्तुत किया है। इस विषयानुक्रम से किये गये आगमिक स्थलों के प्रस्तुतीकरण का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ है कि एक विषय से सम्बन्धित सभी आगमिक सन्दर्भ एक साथ प्राप्त हो जाते हैं। उनके द्वारा किये गये इस श्रम-साध्य कार्य से अनेकानेक लोगों को श्रम से मुक्ति मिली है। हम उनका आभार किन शब्दों में प्रकट करें, उनके सार्थक श्रम को शब्द की सीमा में बाँध पाना सम्भव नहीं है।

तेउलेस्साए जीवाइओ तियभंगो

णवरं–पुढविकाइएसु आउ-वणस्सईसु छब्भंगा।

पम्हलेसा सुक्कलेसाए जीवाइओ तियभंगो।

अलेसेहिं जीव-सिद्धेहिं तियभंगो।

मणुस्सेसु छब्भंगा।

५. लेश्या द्वार–

सलेश्य जीवों का कथन सामान्य जीवों के समान करना चाहिए।

कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या वाले जीवों का कथन आहारक जीव के समान करना चाहिए।

विशेष–जिसके जो लेश्या हो उसके वह लेश्या कहनी चाहिए।

तेजोलेश्या में जीवादि तीन भंग कहने चाहिए,

विशेष–पृथ्वीकायिक, अप्कायिक और वनस्पतिकायिक जीवों में छह भंग कहने चाहिए।

पद्मलेश्या और शुक्ललेश्या में जीवादि तीन भंग कहने चाहिए।

अलेश्य (लेश्या रहित) जीव और सिद्धों में तीन भंग कहने चाहिए।

(अलेश्य) मनुष्यों में (पूर्ववत्) छह भंग कहने चाहिए।

६. दिट्ठीदारं-

१. सम्मदिट्ठीहिं जीवाइओ तियभंगो।
विगलिंदिएसु छब्भंगा।

२. मिच्छदिट्ठीहिं एगिंदियवज्जो तियभंगो।

३. सम्मामिच्छादिट्ठीहिं छब्भंगा।

७. संजय-दारं-

१. संजतेहिं जीवाइओ तियभंगो।

२. असंजतेहिं एगिंदियवज्जो तियभंगो।

३. संजतासंजतेहिं जीवाइओ तियभंगो।

४. नोसंजय-नो असंजय-नो संजयासंजय-जीव-सिद्धेहिं तियभंगो।

८. कसाय-दारं-

१. सकसाईहिं जीवाइओ तियभंगो।

एगिंदिएसु अभंगयं।

कोहकसाईहिं जीवेगिंदियवज्जो तियभंगो।

देवेहिं छब्भंगा।

माणकसाई मायाकसाई जीवेगिंदियवज्जो तियभंगो।

नेरइय-देवेहिं छब्भंगा।

लोभकसायीहिं जीवेगिंदियवज्जो तियभंगो।

नेरइएसु छब्भंगा।

२. अकसाई जीव-मणुएहिं सिद्धेहिं तियभंगो।

९. णणदारं-

१. ओहियनाणे आभिणिबोहियनाणे सुयनाणे जीवाइओ तियभंगो।

विगलिंदिएहिं छब्भंगा।

ओहिनाणे मणपज्जवणाणे केवलनाणे जीवाइओ तियभंगो।

२. ओहिएअण्णाणे मइअण्णाणे सुयअण्णाणे एगिंदियवज्जो तियभंगो।

३. विभंगनाणे जीवाइओ तियभंगो।

१०. जोग दारं-

१. सजोगी जहा ओहिओ।

मणजोगी वयजोगी कायजोगी जीवाइओ तियभंगो,

णवरं-कायजोगी एगिंदिया तेसु अभंगयं।

६. दृष्टि द्वार-

१. सम्यग्दृष्टि जीवों में जीवादिक तीन भंग कहने चाहिए।
विकलेन्द्रियों में छह भंग कहने चाहिए।

२. मिथ्यादृष्टि जीवों में एकेन्द्रिय को छोड़कर तीन भंग कहने चाहिए।

३. सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवों में छह भंग कहने चाहिए।

७. संयत द्वार-

१. संयतों में जीवादि तीन भंग कहने चाहिए।

२. असंयतों में एकेन्द्रिय को छोड़ कर तीन भंग कहने चाहिए।

३. संयतासंयत जीवों में जीवादि तीन भंग कहने चाहिए।

४. नोसंयत, नोअसंयत, नोसंयतासंयत जीव और सिद्धों में तीन भंग कहने चाहिए।

८. कषायद्वार-

१. सकषायी (कषाययुक्त) जीवों में जीवादि तीन भंग कहने चाहिए।

एकेन्द्रिय में अभंगक (एक भंग) कहना चाहिए।

क्रोधकषायी जीवों में जीव और एकेन्द्रिय को छोड़कर तीन भंग कहने चाहिए।

(क्रोध कषायी) देवों में छह भंग कहने चाहिए।

मानकषायी और मायाकषायी जीवों में जीव और एकेन्द्रिय को छोड़कर तीन भंग कहने चाहिए।

नैरयिकों और देवों में छह भंग कहने चाहिए।

लोभकषायी जीवों में जीव और एकेन्द्रिय को छोड़कर तीन भंग कहने चाहिए।

नैरयिक जीवों में छह भंग कहने चाहिए।

२. अकषायी जीवों, मनुष्यों और सिद्धों में तीन भंग कहने चाहिए।

९. ज्ञान द्वार-

१. औघिक (सामान्य) ज्ञान, आभिनिबोधिक ज्ञान और श्रुतज्ञान में जीवादि तीन भंग कहने चाहिए।

विकलेन्द्रियों में छह भंग कहने चाहिए।

अवधिज्ञान, मनःपर्यवज्ञान और केवलज्ञान में जीवादि तीन भंग कहने चाहिए।

२. औघिक (सामान्य) अज्ञान, मति-अज्ञान और श्रुत-अज्ञान में एकेन्द्रिय को छोड़कर तीन भंग कहने चाहिए।

३. विभंगज्ञान में भी जीवादि तीन भंग कहने चाहिए।

१०. योग द्वार-

१. सयोगी जीवों का कथन औघिक जीवों के समान करना चाहिए।

मनोयोगी, वचनयोगी और काययोगी में जीवादि तीन भंग कहने चाहिए।

विशेष-काययोगी एकेन्द्रियों में अभंगक (केवल एक भंग) होता है।

२. अजोगी जहा अलेसा।

११. उवओगदारं–

सागारोवउत्त-अणागारोवउत्तेहिं जीवेगिंदियवज्जो तियभंगो।

१२. वेददारं–

१. सवेयगा य जहा सकसाई।

इत्थिवेयग-पुरिसवेयग-नपुंसगवेदगेसु जीवाइओ तियभंगो।

णवरं–नपुंसगवेदे एगिंदिएसु अभंगयं।

२. अवेयगा जहा अकसाई।

१३. सरीरदारं–

ससरीरा जहा ओहिओ।

ओरालिय-वेउव्वियसरीरीणं जीव एगिंदियवज्जो तियभंगो।

आहारगसरीरे जीव-मणुएसु छब्भंगा।

तेयग-कम्मगाणं जहा ओहिया।

असरीरेहिं जीव-सिद्धेहिं तियभंगो।

१४. पज्जत्तीदारं–

१. आहारपज्जत्तीए सरीरपज्जत्तीए इंदियपज्जत्तीए आणापाण-पज्जत्तीए जीवेगिंदियवज्जो तियभंगो।

भासामणपज्जत्तीए जहा सण्णी।

२. आहार अपज्जत्तीए जहा अणाहारगा।

सरीर-अपज्जत्तीए इंदिय-अपज्जत्तीए आणापाण अपज्जत्तीए जीवेगिंदियवज्जो तियभंगो।

नेरइय-देव-मणुएहिं छब्भंगा।

भासामणअपज्जत्तीए जीवादिओ तियभंगो,

णेरइय-देव-मणुएहिं छब्भंगा।

–विया. स. ६, उ. ४ सु. १-१९

२. अयोगी जीवों का कथन अलेश्य जीवों के समान करना चाहिए।

११. उपयोग द्वार–

१. साकारोपयोग और अनाकारोपयोग वाले जीवों में जीव और एकेन्द्रिय को छोड़कर तीन भंग कहने चाहिए।

१२. वेद द्वार–

१. सवेदक जीवों का कथन सकषायी जीवों के समान करना चाहिए।

स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी और नपुंसकवेदी जीवों में जीवादि तीन भंग कहने चाहिए।

विशेष–नपुंसकवेदी एकेन्द्रिय अभंगक (एक भंग) वाले होते हैं।

२. अवेदक जीवों का कथन अकषायी जीवों के समान करना चाहिए।

१३. शरीर द्वार–

सशरीरी जीवों का कथन सामान्य जीवों के समान करना चाहिए।

औदारिक और वैक्रियशरीर वालों में जीव और एकेन्द्रिय को छोड़ कर तीन भंग कहने चाहिए।

आहारक शरीर वाले जीव और मनुष्य में छह भंग कहने चाहिए।

तैजस् और कार्मण शरीर वाले जीवों का कथन औधिक के समान करना चाहिए।

अशरीरी जीव और सिद्धों के लिए तीन भंग कहने चाहिए।

१४. पर्याप्ति द्वार–

१. आहारपर्याप्ति, २. शरीरपर्याप्ति, ३. इन्द्रियपर्याप्ति और ४. श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति वाले जीवों में जीव और एकेन्द्रिय को छोड़कर तीन भंग कहने चाहिए।

५. भाषापर्याप्ति और ६. मनःपर्याप्ति वाले जीवों का कथन संज्ञीजीवों के समान करना चाहिए।

२. आहार अपर्याप्ति वाले जीवों का कथन अनाहारक जीवों के समान करना चाहिए।

शरीर अपर्याप्ति, इन्द्रिय अपर्याप्ति और श्वासोच्छ्वास अपर्याप्ति वाले जीवों में जीव और एकेन्द्रिय को छोड़कर तीन भंग कहने चाहिए।

(अपर्याप्तक) नैरयिक, देव तथा मनुष्यों में छह भंग कहने चाहिए।

भाषा अपर्याप्ति और मनःअपर्याप्ति वाले जीवों में जीवादि तीन भंग कहने चाहिए।

नैरयिक, देव तथा मनुष्यों में छह भंग कहने चाहिए।

९२. जीव-चउवीसदंडएसु अजीवदव्वस्स परिभोगत्त परूवणं–

प. जीवदव्वाणं भंते ! अजीवदव्वा परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति, अजीवदव्वाणं जीवदव्वा परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति ?

९२. जीव-चौबीस दंडकों में अजीवद्रव्य के परिभोगत्व का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! अजीव-द्रव्य जीवद्रव्यों के परिभोग में आते हैं या जीवद्रव्य अजीवद्रव्यों के परिभोग में आते हैं ?

उ. गोयमा ! जीवदव्वाणं अजीवदव्वा परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति, नो अजीवदव्वाणं जीवदव्वा परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"जीवदव्वाणं अजीवदव्वा परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति, नो अजीवदव्वाणं जीवदव्वा परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति ?"

उ. गोयमा ! जीवदव्वा णं अजीवदव्वा परियादियंति, अजीवदव्वे परियादिइत्ता ओरालियं वेउव्वियं आहारगं तेयगं कम्मगं सोइंदिय जाव फासिंदिय मणजोगं वइजोगं कायजोगं आणापाणुत्तं च निव्वत्तयंति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"जीवदव्वाणं अजीवदव्वा परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति, नो अजीवदव्वाणं जीवदव्वा परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति।"

प. दं. १. नेरइयाणं भंते ! अजीवदव्वा परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति, अजीवदव्वाणं नेरइया परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति ?

उ. गोयमा ! नेरइयाणं अजीवदव्वा परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति, नो अजीवदव्वाणं नेरइया परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"नेरइयाणं अजीवदव्वा परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति, नो अजीवदव्वाणं नेरइय परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति ?'

उ. गोयमा ! नेरइए अजीवदव्वे परियादियंति–
अजीवदव्वे परियादिइत्ता वेउव्विय-तेयग-कम्मग सोइंदिय जाव फासिंदिय, मणजोगं वइजोगं कायजोगं आणापाणुत्तं च निव्वत्तयंति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'नेरइयाणं अजीवदव्वा परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति नो अजीवदव्वाणं नेरइया परिभोगत्ताए हव्वमागच्छंति।'

दं. २-२४. एवं जाव वेमाणिया,

णवरं–सरीर-इंदिय-जोगा भाणियव्वा जस्स जे अत्थि।

-विया. स. २५, उ. २, सु. ४-६

९३. जीव-चउवीसदंडएसु कामित्तं भोगित्तं अप्पबहुत्त य परूवणं–

प. जीवा णं भंते ! किं कामी ? भोगी ?

उ. गोयमा ! जीवा कामी वि, भोगी वि।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
जीवा कामी वि भोगी वि ?

उ. गोयमा ! सोइंदिय-चक्खिंदियाइं पडुच्च कामी

उ. गौतम ! अजीवद्रव्य जीवद्रव्यों के परिभोग में आते हैं, किन्तु जीवद्रव्य अजीवद्रव्य के परिभोग में नहीं आते हैं,

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'अजीवद्रव्य जीवद्रव्यों के परिभोग में आते हैं किन्तु जीवद्रव्य अजीवद्रव्यों के परिभोग में नहीं आते हैं ?

उ. गौतम ! जीवद्रव्य, अजीवद्रव्य को ग्रहण करते हैं, अजीवद्रव्य (पुद्गल) को ग्रहण करके औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस् और कार्मण इन पांच शरीरों तथा श्रोत्रेन्द्रिय से स्पर्शेन्द्रिय पर्यन्त पांच इन्द्रियों, मनोयोग, वचनयोग और काययोग तथा श्वासोच्छ्वास के रूप में निष्पन्न करते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
'अजीवद्रव्य जीवद्रव्यों के परिभोग में आते हैं, किन्तु जीवद्रव्य अजीवद्रव्यों के परिभोग में नहीं आते हैं।'

प्र. दं. १. भन्ते ! अजीवद्रव्य नैरयिकों के परिभोग में आते हैं या नैरयिक अजीवद्रव्यों के परिभोग में आते हैं ?

उ. गौतम ! अजीव द्रव्य नैरयिकों के परिभोग में आते हैं, किन्तु नैरयिक अजीवद्रव्यों के परिभोग में नहीं आते हैं।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'अजीवद्रव्य नैरयिकों के परिभोग में आते हैं किन्तु नैरयिक अजीवद्रव्यों के परिभोग में नहीं आते हैं ?'

उ. गौतम ! नैरयिक अजीवद्रव्यों को ग्रहण करते हैं।
अजीवद्रव्यों को ग्रहण करके वैक्रिय तैजस् और कार्मणशरीर के रूप में, श्रोत्रेन्द्रिय **यावत्** स्पर्शेन्द्रिय के रूप में, मनोयोग वचनयोग और काययोग तथा श्वासोच्छ्वास के रूप में निष्पन्न करते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"अजीवद्रव्य नैरयिकों के परिभोग में आते हैं किन्तु नैरयिक अजीवद्रव्यों के परिभोग में नहीं आते हैं।"

दं. २-२४. **इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।**

विशेष–जिसके जितने शरीर, इन्द्रियाँ तथा योग हों, उसके उतने (यथायोग्य) कहने चाहिए।

९३. जीव–चौबीसदंडकों में कामित्व भोगित्व और अल्पबहुत्व का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! जीव कामी हैं या भोगी हैं ?

उ. गौतम ! जीव कामी भी हैं और भोगी भी हैं।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'जीव कामी भी हैं और भोगी भी हैं ?'

उ. गौतम ! श्रोत्रेन्द्रिय और चक्षुरिन्द्रिय की अपेक्षा जीव कामी हैं।

घाणिंदिय जिब्भिंदिय फासिंदियाइं पडुच्च भोगी।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'जीवा कामी वि, भोगी वि।'

प. दं. १. नेरइया णं भंते ! किं कामी ? भोगी ?
उ. गोयमा ! नेरइया कामी वि, भोगी वि।
दं. २-११. एवं जाव थणियकुमारा।
प. दं. १२. पुढविकाइया णं भंते ! किं कामी ? भोगी ?
उ. गोयमा ! पुढविकाइया नो कामी, भोगी।
प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'पुढविकाइया नो कामी, भोगी ?'
उ. गोयमा ! फासिंदियं पडुच्च भोगी,
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'पुढविकाइया नो कामी, भोगी।'
दं. १३-१६. एवं जाव वणस्सइकाइया।

दं. १७. बेइंदिया एवं चेव।
णवरं–जिब्भिंदिय फासिंदियाइं पडुच्च भोगी।
दं. १८. तेइंदिया वि एवं चेव।
णवरं–घाणिंदिय-जिब्भिंदिय-फासिंदियाइं पडुच्च भोगी।
प. दं. १९. चउरिंदियाणं भंते ! किं कामी ? भोगी ?
उ. गोयमा ! चउरिंदिया कामी वि, भोगी वि।
प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'चउरिंदिया कामी वि भोगी वि ?'
उ. गोयमा ! चक्खिंदियं पडुच्च कामी,
घाणिंदिय-जिब्भिंदिय-फासिन्दियाइं पडुच्च भोगी।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
'चउरिंदिया कामी वि, भोगी वि'।
दं. २०-२४. अवसेसा जहा जीवा जाव वेमाणिया।

प. एएसि णं भंते ! जीवाणं काम भोगीणं, नोकामीणं-नोभोगीणं य कयरे कयरेहिंतो अप्पा वा भोगीणं जाव विसेसाहिया वा ?
उ. गोयमा ! सव्वत्थोवा जीवा कामभोगी,
नोकामी नोभोगी अणंतगुणा,
भोगी अणंतगुणा। *–विया. स. ७, उ. ७, सु. १३-१९*

घ्राणेन्द्रिय, जिह्वेन्द्रिय एवं स्पर्शेन्द्रिय की अपेक्षा जीव भोगी हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
'जीव कामी भी हैं और भोगी भी हैं।'

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिक जीव क्या कामी हैं या भोगी हैं ?
उ. गौतम ! नैरयिक जीव कामी भी हैं और भोगी भी हैं।
दं. २-११. इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त कहना चाहिए।
प्र. दं. १२. भंते ! पृथ्वीकायिक जीव क्या कामी हैं या भोगी हैं ?
उ. गौतम ! पृथ्वीकायिक जीव कामी नहीं हैं किन्तु भोगी हैं।
प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'पृथ्वीकायिक जीव कामी नहीं हैं किन्तु भोगी हैं ?'
उ. गौतम ! स्पर्शेन्द्रिय की अपेक्षा भोगी हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
'पृथ्वीकायिक जीव कामी नहीं हैं किन्तु भोगी हैं।'
दं. १३-१६. इसी प्रकार वनस्पतिकायिक जीवों पर्यन्त कहना चाहिए।
दं. १७. इसी प्रकार द्वीन्द्रिय जीव भी भोगी हैं।
विशेष–वे जिह्वेन्द्रिय और स्पर्शेन्द्रिय की अपेक्षा भोगी हैं।
दं. १८. त्रीन्द्रिय जीव भी इसी प्रकार भोगी हैं।
विशेष–वे घ्राणिन्द्रिय, जिह्वेन्द्रिय और स्पर्शेन्द्रिय की अपेक्षा भोगी हैं।
प्र. दं. १९. भंते ! चतुरिन्द्रिय जीव कामी हैं या भोगी हैं ?
उ. गौतम ! चतुरिन्द्रिय जीव कामी भी हैं और भोगी भी हैं।
प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
'चतुरिन्द्रिय जीव कामी भी हैं और भोगी भी हैं ?'
उ. गौतम ! चक्षुइन्द्रिय की अपेक्षा कामी हैं,
घ्राणेन्द्रिय, जिह्वेन्द्रिय और स्पर्शेन्द्रिय की अपेक्षा भोगी हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
'चतुरिन्द्रिय जीव कामी भी हैं और भोगी भी हैं।'
दं. २०-२४. वैमानिकों पर्यन्त शेष सभी जीव औधिक जीवों के समान (कामी भी हैं, भोगी भी हैं) कहना चाहिए।
प्र. भंते ! कामभोगी, नोकामी नोभोगी और भोगी इन (तीन प्रकार के) जीवों में से कौन किनसे अल्प यावत् विशेषाधिक हैं ?
उ. गौतम ! कामभोगी जीव सबसे अल्प हैं,
(उनसे) नोकामी नोभोगी जीव उनसे अनन्तगुणे हैं,
(उनसे) भोगी जीव अनन्तगुणे हैं।

९५. जीव-चउवीसदंडएसु सिद्धेसु य पोग्गलि पोग्गलित्त परूवणं–

प. जीवे णं भंते ! किं पोग्गली पोग्गले ?
उ. गोयमा ! जीवे पोग्गली वि, पोग्गले वि।
प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'जीवे पोग्गली वि, पोग्गले वि ?'

९५. जीव–चौवीसदंडक और सिद्धों में पुद्‌गली और पुद्‌गलत्व का प्ररूपण–

प्र. भंते ! जीव पुद्‌गली हैं या पुद्‌गल हैं ?
उ. गौतम ! जीव पुद्‌गली भी हैं और पुद्‌गल भी हैं।
प्र. भंते ! किस कारण ऐसा कहा जाता है कि–
'जीव पुद्‌गली भी हैं और पुद्‌गल भी हैं ?'

उ. गोयमा ! से जहानामए छत्तेणं छत्ती, दंडेणं दंडी, घडेणं घडी, पडेणं पडी, करेणं करी एवामेव गोयमा ! जीवे वि सोइंदिय-चक्खिदिय-घाणिंदिय-जिब्भिंदिय-फासिंदियाइं पडुच्च पोग्गली, जीवं पडुच्च पोग्गले।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'जीवे पोग्गली वि, पोग्गले वि।'

प. दं. १. नेरइए णं भंते ! किं पोग्गली, पोग्गले ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

दं.२-२४. एवं जाव वेमाणिए।

णवरं–जस्स जइ इंदियाइं तस्स तइ वि भाणियव्वाइं।

प. सिद्धे णं भंते ! किं पोग्गली, पोग्गले ?

उ. गोयमा ! नो पोग्गली, पोग्गले।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"सिद्धे णं नो पोग्गली, पोग्गले ?"

उ. गोयमा ! जीवं पडुच्च।

ते तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"सिद्धे नो पोग्गली, पोग्गले।"

–विया. स. ८ उ. १०, सु. ५९-६१

उ. गौतम ! जैसे कोई पुरुष के पास छत्र हो उसे छत्री, दण्ड हो उसे दण्डी, घट होने से घटी, पट होने से पटी एवं कर होने से करी कहा जाता है, इसी तरह हे गौतम ! जीव श्रोत्रेन्द्रिय, चक्षुरिन्द्रिय, घ्राणेन्द्रिय, जिह्वेन्द्रिय, स्पर्शेन्द्रिय, (स्वरूप पुद्‌गल वाला होने) की अपेक्षा से पुद्‌गली कहलाता है और जीव की अपेक्षा पुद्‌गल कहलाता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

'जीव पुद्‌गली भी है और पुद्‌गल भी है।'

प्र. दं. १. भन्ते ! नैरयिक जीव पुद्‌गली हैं या पुद्‌गल हैं ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् कथन करना चाहिए।**

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।

विशेष–जिस जीव के जितनी इन्द्रियाँ हो उतनी इन्द्रियाँ कहनी चाहिए।

प्र. भंते ! सिद्धजीव पुद्‌गली हैं या पुद्‌गल हैं ?

उ. गौतम ! सिद्धजीव पुद्‌गली नहीं हैं, किन्तु पुद्‌गल हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

'सिद्धजीव पुद्‌गली नहीं हैं, किन्तु पुद्‌गल हैं ?"

उ. गौतम ! जीव की अपेक्षा सिद्धजीव पुद्‌गल हैं (किन्तु उनके इन्द्रियाँ न होने से वे पुद्‌गली नहीं हैं)

इस कारण से गौतम ऐसा कहा जाता है कि–

'सिद्धजीव पुद्‌गली नहीं हैं किन्तु पुद्‌गल है।'

९६. चउवीसदंडग जीवाणं विविह विवक्खया वग्गणा परूवणं–

(२) एगा भवसिद्धियाणं वग्गणा।

एगा अभवसिद्धियाणं वग्गणा।

दं. १. एगा भवसिद्धियाणं नेरइयाणं वग्गणा।

एगा अभवसिद्धियाणं णेरइयाणं वग्गणा।

दं. २-२४. एवं जाव एगा भवसिद्धियाणं अभवसिद्धियाणं वेमाणियाणं वग्गणा।

(३) १. एगा सम्मदिट्ठीयाणं वग्गणा,

२. एगा मिच्छादिट्ठीयाणं वग्गणा,

३. एगा सम्ममिच्छादिट्ठीयाणं वग्गणा,

दं. १. १. एगा सम्मदिट्ठीयाणं णेरइयाणं वग्गणा,

२. एगा मिच्छादिट्ठीयाणं णेरइयाणं वग्गणा,

३. एगा सम्ममिच्छादिट्ठीयाणं णेरइयाणं वग्गणा।

दं. २-११. एवं एगा असुरकुमाराणं वग्गणा जाव थणियकुमाराणं वग्गणा।

दं. १२. एगा मिच्छादिट्ठीयाणं पुढविक्काइयाणं वग्गणा,

दं. १३-१६. एवं जाव वणस्सइकाइयाणं वग्गणा।

दं. १७. एगा सम्मदिट्ठीयाणं बेइंदियाणं वग्गणा,

एगा मिच्छादिट्ठीयाणं बेइंदियाणं वग्गणा,

दं. १८. एवं तेइंदियाण वि

९६. चौबीस दंडक जीवों की विविध विवक्षाओं से वर्गणा का प्ररूपण–

(२) भवसिद्धिक जीवों की वर्गणा एक है।

अभवसिद्धिक जीवों की वर्गणा एक है।

दं. १. भवसिद्धिक नैरयिकों की वर्गणा एक है।

अभवसिद्धिक नैरयिकों की वर्गणा एक है।

दं. २-२४. इसी प्रकार यावत् भवसिद्धिक और अभवसिद्धिक वैमानिकों की वर्गणा एक है।

(३) १. सम्यक्‌दृष्टि जीवों की वर्गणा एक है,

२. मिथ्यादृष्टि जीवों की वर्गणा एक है,

३. सम्यक्‌मिथ्यादृष्टि जीवों की वर्गणा एक है।

दं. १. १. सम्यक्‌दृष्टि नैरयिकों की वर्गणा एक है,

२. मिथ्यादृष्टि नैरयिकों की वर्गणा एक है,

३. सम्यक्‌मिथ्यादृष्टि नैरयिकों की वर्गणा एक है।

दं. २-११. इसी प्रकार असुरकुमारों से स्तनितकुमारों पर्यन्त प्रत्येक की एक-एक वर्गणा है।

दं. १२. पृथ्वीकायिक मिथ्यादृष्टि जीवों की वर्गणा एक है।

दं. १३-१६. इसी प्रकार वनस्पतिकायिकों पर्यन्त प्रत्येक जीवों की वर्गणा एक-एक है।

दं. १७. सम्यक्‌दृष्टि द्वीन्द्रिय जीवों की वर्गणा एक है।

मिथ्यादृष्टि द्वीन्द्रिय जीवों की वर्गणा एक है।

दं. १८. इसी प्रकार त्रीन्द्रिय जीवों की वर्गणा एक है।

दं. १९. एवं चउरिंदियाण वि,

दं. २०-२४. सेसा जहा नेरइया जाव एगा सम्ममिच्छादिट्ठीयाणं वेमाणियाणं वग्गणा।

(४) एगा कण्हपक्खियाणं वग्गणा।

एगा सुक्कपक्खियाणं वग्गणा।

दं. १. एगा कण्हपक्खियाणं णेरइयाणं वग्गणा।

एगा सुक्कपक्खियाणं णेरइयाणं वग्गणा।

दं. २-२४. एवं चउवीसदंडओ भाणियव्वो।

(५) एगा कण्हलेस्साणं वग्गणा

एवं जाव एगा सुक्कलेस्साणं वग्गणा।

एगा कण्हलेसाणं णेरइयाणं वग्गणा।

एगा णीललेसाणं णेरइयाणं वग्गणा।

एगा काउलेसाणं णेरइयाणं वग्गणा।

एवं जस्स जइ लेसाओ, तं जहा—

भवणवइ-वाणमंतर-पुढवि-आउ-वणस्सइकाइयो य चत्तारि लेसाओ,

तेउ-वाउ-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदियाणं तिण्णि लेसाओ,

पंचिंदिय-तिरिक्खजोणियाणं-मणुस्साणं छल्लेसाओ,

जोइसियाणं एगा तेउलेसा,

वेमाणियाणं तिण्णि उवरिमलेसाओ।

(६) एगा कण्हलेसाणं भवसिद्धियाणं वग्गणा।

एगा कण्हलेसाणं अभवसिद्धियाणं वग्गणा।

एवं-छसुवि लेसासु दो दो पयाणि भाणियव्वाणि।

एगा कण्हलेसाणं भवसिद्धियाणं णेरइयाणं वग्गणा।

एगा कण्हलेसाणं अभवसिद्धियाणं णेरइयाणं वग्गणा।

एवं जस्स जइ लेसाओ तस्स तइयाओ भाणियव्वाओ जाव वेमाणियाणं।

(७) एगा कण्हलेसाणं सम्मदिट्ठीयाणं वग्गणा।

एगा कण्हलेसाणं मिच्छद्दिट्ठियाणं वग्गणा।

एगा कण्हलेसाणं सम्ममिच्छद्दिट्ठियाणं वग्गणा।

एवं छसुवि लेसासु जाव वेमाणियाणं जेसिं जइ दिट्ठीओ।

(८) एगा कण्हलेसाणं कण्हपक्खियाणं वग्गणा।

एगा कण्हलेसाणं सुक्कपक्खियाणं वग्गणा।

दं. १९. इसी प्रकार चतुरिन्द्रियों की भी वर्गणा एक है,

दं. २०-२४. सम्यक्मिथ्यादृष्टि की वैमानिकों पर्यन्त वर्गणा एक है, शेष जीवों की वर्गणा का कथन नैरयिकों के समान करना चाहिए।

(४) कृष्ण-पाक्षिक जीवों की वर्गणा एक है।

शुक्ल-पाक्षिक जीवों की वर्गणा एक है।

दं. १. कृष्ण-पाक्षिक नैरयिकों की वर्गणा एक है।

शुक्ल-पाक्षिक नैरयिकों की वर्गणा एक है।

दं. २-२४. इसी प्रकार चौवीस दण्डकों में वर्गणा कहनी चाहिए।

(५) कृष्ण लेश्या वाले जीवों की वर्गणा एक है।

इसी प्रकार यावत् शुक्ल लेश्या वाले जीवों की वर्गणा एक है।

कृष्ण लेश्या वाले नैरयिकों की वर्गणा एक है।

नीललेश्या वाले नैरयिकों की वर्गणा एक है।

कापोतलेश्या वाले नैरयिकों की वर्गणा एक है।

इसी प्रकार जिनमें जितनी लेश्याएँ होती हैं उन प्रत्येक की एक-एक वर्गणा जाननी चाहिए, यथा—

भवनपति, वाणव्यंतर, पृथ्वी, जल और वनस्पतिकायिक जीवों में आदि की चार लेश्याएँ होती हैं।

अग्नि, वायु, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवों में आदि की तीन लेश्याएँ होती हैं।

पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक और मनुष्यों के छहों लेश्याएं होती हैं।

ज्योतिष्क देवों के एक तेजोलेश्या होती है।

वैमानिक देवों के अन्तिम तीन लेश्याएँ होती हैं।

(६) कृष्णलेश्या वाले भवसिद्धिक जीवों की वर्गणा एक है।

कृष्णलेश्या वाले अभवसिद्धिक जीवों की वर्गणा एक है।

इसी प्रकार छहों लेश्याओं में दो-दो पद (भवसिद्धिक और अभवसिद्धिक) का कथन करना चाहिए।

कृष्णलेश्या वाले भवसिद्धिक नैरयिकों की वर्गणा एक है।

कृष्णलेश्या वाले अभवसिद्धिक नैरयिकों की वर्गणा एक है।

इसी प्रकार भवसिद्धिक और अभवसिद्धिक वैमानिकों पर्यन्त जिनके जितनी लेश्याएं हैं, उनके अनुपात से सभी दण्डकों में एक-एक वर्गणा कहनी चाहिए।

(७) कृष्णलेश्या वाले सम्यक्दृष्टि जीवों की वर्गणा एक है।

कृष्णलेश्या वाले मिथ्यादृष्टि जीवों की वर्गणा एक है।

कृष्णलेश्या वाले सम्यक्मिथ्यादृष्टि जीवों की वर्गणा एक है।

इसी प्रकार छहों लेश्या वाले वैमानिक पर्यन्त जिन जीवों में जितनी दृष्टियां हैं, उनके अनुपात से उनकी एक-एक वर्गणा कहनी चाहिए।

(८) कृष्णलेश्या वाले कृष्ण पाक्षिक जीवों की वर्गणा एक है।

कृष्णलेश्या वाले शुक्ल पाक्षिक जीवों की वर्गणा एक है।

जाव वेमाणियाणं जस्स जइ लेसाओ।

इसी प्रकार वैमानिकों पर्यंत जिनमें जितनी लेश्याएं हैं उनक अनुपात से कृष्ण पाक्षिक और शुक्ल पाक्षिक जीवों की वर्गणा एक-एक है।

एए अट्ठ, चउवीसदंडया।[1] —*ठाणं, अ. १, सु. ४१ (१-८)*

इन आठ प्रकारों से चौवीस दंडकों की वर्गणा का कथन किया गया है।

९६. चउवीसदंडग जीवाणं अणंतर-परंपरोववन्नगाइ दस पगारा—

दं. १. दसविहा णेरइया पण्णत्ता, तं जहा—

१. अणंतरोववण्णा,
२. परंपरोववण्णा,
३. अणंतरावगाढा,
४. परंपरावगाढा,
५. अणंतराहारगा,
६. परंपराहारगा,
७. अणंतरपज्जत्ता,
८. परंपरपज्जत्ता,
९. चरिमा,
१०. अचरिमा।

दं. २-२४. **एवं णिरंतरं जाव वेमाणिया।**

—*ठाणं, अ. १०, सु. ७५७*

९६. चौबीस दंडकों के जीवों के अनन्तर परंपरोपपन्नकादि दस प्रकार—

दं. १. नैरयिक दस प्रकार के कहे गए हैं, यथा—

१. अनन्तरोपपन्नक—जिन्हें उत्पन्न हुए एक समय हुआ।
२. परम्परोपपन्नक—जिन्हें उत्पन्न हुए दो आदि समय हुए हों।
३. अनन्तरावगाढ—विवक्षित क्षेत्र में अवस्थित होने का प्रथम समय।
४. परम्परावगाढ—विवक्षित क्षेत्र में अवस्थित होने का द्वितीयादि समय।
५. अनन्तराहारक—प्रथम समय के आहारक।
६. परम्पराहारक—दो आदि समयों के आहारक।
७. अनन्तरपर्याप्तक—प्रथम समय के पर्याप्तक।
८. परम्पर पर्याप्तक—दो आदि समयों के पर्याप्तक।
९. चरम—नरकगति में अन्तिम बार उत्पन्न होने वाले।
१०. अचरम—जो भविष्य में फिर नरकगति में उत्पन्न होंगे।

दं. २-२४. इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त सभी दण्डकों के दस-दस प्रकार कहने चाहिए।

९७. चउवीसदंडएसु महासवाइचउपयाणं परूवणं—

प. दं. (१) सिय भंते ! नेरइया महासवा, महाकिरिया, महावेयणा, महानिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (२) सिय भंते ! नेरइया महासवा, महाकिरिया, महावेयणा, अप्पनिज्जरा?

उ. हंता, गोयमा ! सिया।

प. (३) सिय भंते ! नेरइया महासवा, महाकिरिया, अप्पवेयणा, महानिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (४) सिय भंते ! नेरइया महासवा, महाकिरिया, अप्पवेयणा अप्पनिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (५) सिय भंते ! नेरइया महासवा, अप्पकिरिया, महावेयणा, महानिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (६) सिय भंते ! नेरइया महासवा, अप्पकिरिया, महावेयणा, अप्पनिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

९७. चौबीसदंडकों में महास्रवादि चार पदों का परूपण—

प. दं. (१) भंते ! क्या नैरयिक जीव महास्रव, महाक्रिया, महावेदना और महानिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. (२) भंते ! क्या नैरयिक जीव महास्रव, महाक्रिया, महावेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं?

उ. हां, गौतम हैं।

प. (३) भंते ! क्या नैरयिक जीव महास्रव, महाक्रिया, अल्पवेदना और महानिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. (४) भंते ! क्या नैरयिक जीव महास्रव, महाक्रिया, अल्पवेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. (५) भंते ! क्या नैरयिक महास्रव, अल्पक्रिया, महावेदना और महानिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. (६) भंते ! क्या नैरयिक महास्रव, अल्पक्रिया, महावेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

१. प्रथम वर्गणा जीव प्रज्ञापना अध्ययन के प्रारंभ में है।

प. (७) सिय भंते ! नेरइया महासवा, अप्पकिरिया, अप्पवेयणा, महानिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (८) सिय भंते ! नेरइया महासवा, अप्पकिरिया, अप्पवेयणा, अप्पनिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (९) सिय भंते ! नेरइया अप्पासवा, महाकिरिया, महावेयणा, महामनिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (१०) सिय भंते ! नेरइया अप्पासवा, महाकिरिया, महावेयणा, अप्पनिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (११) सिय भंते ! नेरइया अप्पासवा, महाकिरिया, अप्पवेयणा, महानिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (१२) सिय भंते ! नेरइया अप्पासवा, महाकिरिया, अप्पवेयणा, अप्पनिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (१३) सिय भंते ! नेरइया अप्पासवा, अप्पकिरिया, महावेयणा, महानिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (१४) सिय भंते ! नेरइया अप्पासवा, अप्पकिरिया, महावेयणा, अप्पनिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (१५) सिय भंते ! नेरइया अप्पासवा, अप्पकिरिया, अप्पवेयणा, महानिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. (१६) सिय भंते ! नेरइया अप्पासवा, अप्पकिरिया, अप्पवेयणा, अप्पनिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

एए सोलस भंगा।

प. दं. २. सिय भंते ! असुरकुमारा महासवा, महाकिरिया, महावेयणा, महानिज्जरा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

एवं चउत्थो भंगो भाणियव्वो,

सेसा पन्नरस भंगा खोडेयव्वा।

दं. ३-११ एवं जाव थणियकुमारा।

प. दं. १२-(१). सिय भंते ! पुढविकाइया महासवा, महाकिरिया, महावेयणा, महानिज्जरा?

उ. हंता, गोयमा ! सिया।

(२-१५) एवं जाव–

प. (७) भंते ! क्या नैरयिक महास्रव, अल्पक्रिया, अल्पवेदना और महानिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. (८) भंते ! क्या नैरयिक महास्रव, अल्पक्रिया, अल्पवेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. (९) भंते ! क्या नैरयिक अल्पास्रव, महाक्रिया, महावेदना और महानिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. (१०) भंते ! क्या नैरयिक अल्पास्रव, महाक्रिया, महावेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. (११) भंते ! क्या नैरयिक अल्पास्रव, महाक्रिया, अल्पवेदना और महानिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. (१२) भंते ! क्या नैरयिक अल्पास्रव, महाक्रिया, अल्पवेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. (१३) भंते ! क्या नैरयिक अल्पास्रव, अल्पक्रिया, महावेदना और महानिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. (१४) भंते ! क्या नैरयिक अल्पास्रव, अल्पक्रिया, महावेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. (१५) भंते ! क्या नैरयिक अल्पास्रव, अल्पक्रिया, अल्पवेदना और महानिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. (१६) भंते ! क्या नैरयिक अल्पास्रव, अल्पक्रिया, अल्पवेदना और अल्पनिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

यह सोलह भंग (विकल्प) हैं।

प. दं. २. भंते ! क्या असुरकुमार महास्रव, महाक्रिया, महावेदना और महानिर्जरा वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

इस प्रकार यहां (पूर्वोक्त सोलह भंगों में से) केवल चतुर्थ भंग कहना चाहिए।

शेष पन्द्रह भंगों का निषेध करना चाहिए।

दं. ३-११. इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त समझना चाहिए।

प. दं. १२-(१). भंते ! क्या पृथ्वीकायिक जीव महास्रव, महाक्रिया, महावेदना और महानिर्जरा वाले हैं?

उ. हां, गौतम ! कदाचित् होते हैं।

(२-१५) इसी प्रकार यावत्–

प. (१६) सिया भंते ! पुढविकाइया अप्पासवा, अप्पकिरिया, अप्पवेयणा, अप्पनिज्जरा ?

उ. हंता, गोयमा ! सिया।

दं. १३-२१ एवं जाव मणुस्सा।

दं. २२-२४ वाणमंतर जोइसिय वेमाणिया जहा असुरकुमारा। *-विया. स. १९, उ. ४, सु. १-२२*

प. (१६) भंते ! क्या पृथ्वीकायिक अल्पास्रव, अल्पक्रिया, अल्पवेदना और अल्पनिर्जरा (पर्यन्त सोलह भंगों) वाले हैं ?

उ. हां, गौतम ! वे कदाचित् सोलह भंगों वाले हैं।

दं. १३-२१. इसी प्रकार मनुष्यों पर्यन्त जानना चाहिए।

दं. २२-२४. वाणव्यन्तर-ज्योतिष्क एवं वैमानिकों के विषय में असुरकुमारों के समान जानना चाहिए।

९८. चउवीसदंडएसु समाहाराइ सत्तदाराणं परूवणं-

गाहा- १. आहार-सम-सरीरा-उस्सास
२. कम्म ३. वण्ण ४. लेस्सासु।
५. समवेदण ६. समकिरिया
७. समाउया-चेव- बोधव्वा॥

(१) आहार-सरीर-उस्सास-दारं-

प. दं. १. णेरइया णं भंते ! सव्वे समाहारा सव्वे समसरीरा सव्वे समुस्सासणिस्सासा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ-
'णेरइया णो सव्वे समाहारा णो सव्वे समसरीरा णो सव्वे समुस्सासणिस्सासा ?'

उ. गोयमा ! णेरइया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा-
१. महासरीरा य २. अप्पसरीरा य।

१. तत्थ णं जे ते महासरीरा ते णं बहुतराए पोग्गले आहारेंति, बहुतराए पोग्गले परिणामेंति, बहुतराए पोग्गले ऊससंति, बहुतराए पोग्गले णीससंति

अभिक्खणं आहारेंति, अभिक्खणं परिणामेंति, अभिक्खणं ऊससंति, अभिक्खणं णीससंति।

२. तत्थ णं जे ते अप्पसरीरा ते णं अप्पतराए पोग्गले आहारेंति, अप्पतराए पोग्गले परिणामेंति, अप्पतराए पोग्गले ऊससंति, अप्पतराए पोग्गले णीससंति।

आहच्च आहारेंति, आहच्च परिणामेंति, आहच्च ऊससंति, आहच्च णीससंति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ-
"णेरइया णो सव्वे समाहारा, णो सव्वे सम सरीरा णो सव्वे समुस्सास णिस्सासा।"[1]

९८. चौबीस दंडकों में समाहारादि सात द्वारों का प्ररूपण-

गाथार्थ-१. समाहार सम-शरीर और समश्वासोच्छ्वास
२. कर्म ३. वर्ण, ४. लेश्या,
५. समवेदना, ६. समक्रिया तथा
७. समायुष्क इन सात द्वारों का चौबीस दंडकवर्ती जीवों में वर्णन करते हैं।

(१) आहार-शरीर-उच्छ्वास द्वार-

प्र. दं. १. भन्ते ! क्या सभी नारक समान आहार वाले हैं, सभी समान शरीर वाले हैं तथा सभी समान उच्छ्वास-निःश्वास वाले हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि-
"सभी नैरयिक समान आहार वाले नहीं हैं, सभी समान शरीर वाले नहीं हैं और सभी समान उच्छ्वास निःश्वास वाले नहीं हैं ?"

उ. गौतम ! नैरयिक दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा-
१. महाशरीर वाले २. अल्पशरीर वाले।

१. उनमें से जो महाशरीर वाले नारक हैं, वे बहुत अधिक पुद्गलों का आहार करते हैं, बहुत अधिक पुद्गलों को परिणमाते हैं, बहुत अधिक पुद्गलों का उच्छ्वास लेते हैं और बहुत अधिक पुद्गलों का निःश्वास छोड़ते हैं।

वे बार-बार आहार करते हैं, बार-बार पुद्गलों को परिणमाते हैं, बार-बार उच्छ्वसन करते हैं, बार-बार निःश्वसन करते हैं।

२. उनमें से जो अल्प शरीर वाले नारक हैं, वे अल्पपुद्गलों का आहार करते हैं, अल्प पुद्गलों को परिणमाते हैं, अल्प पुद्गलों का उच्छ्वास लेते हैं और अल्प पुद्गलों का निःश्वास छोड़ते हैं।

वे कदाचित् आहार करते हैं, कदाचित पुद्गलों को परिणमाते हैं, कदाचित् उच्छ्वसन करते हैं और कदाचित् नि-श्वसन करते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि-
'सभी नारक समान आहार वाले नहीं हैं, सभी समान शरीर वाले नहीं हैं और सभी समान उच्छ्वास निःश्वास वाले नहीं हैं।"

---

१. (क) विया. स. १, उ. २, सु. ५/१
(ख) प. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए णेरइयाणं केरिसया पोग्गला उसासत्ताए परिणमंति ?
उ. गोयमा ! जे पोग्गला अणिट्ठा जाव अमणामा ते तेसिं उसासत्ताए परिणमंति। एवं जाव अहेसत्तमाए। एवं आहारस्सवि सत्तसु वि।
-जीवा पडि. ३, सु. ८८(१)

(२) कम्म दारं–

प. णेरइया णं भंते ! सव्वे समकम्मा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"णेरइया णो सव्वे समकम्मा ?"

उ. गोयमा ! णेरइया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. पुव्वोववण्णगा य, २. पच्छोववण्णगा य।
१. तत्थ णं जे ते पुव्वोववण्णगा, ते णं अप्पकम्मतरागा।
२. तत्थ णं जे ते पच्छोववण्णगा, ते णं महाकम्मतरागा।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"णेरइया णो सव्वे समकम्मा।[1]

(२) कर्म द्वार–

प्र. भन्ते ! क्या सभी नारक समान कर्म वाले हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी नारक समान कर्म वाले नहीं हैं ?"

उ. गौतम ! नारक दो प्रकार के कहे गए हैं। यथा–
१. पूर्वोपपन्नक, २. पश्चादुपपन्नक।
१. उनमें से जो पूर्वोपपन्नक हैं, वे अल्प कर्म वाले हैं
२. उनमें से जो पश्चादुपपन्नक हैं, वे महाकर्म वाले हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी नारक समान कर्म वाले नहीं हैं।"

(३) वण्ण दारं–

प. णेरइया णं भंते ! सव्वे समवण्णा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"णेरइया णो सव्वे समवण्णा ?

उ. गोयमा ! णेरइया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. पुव्वोववण्णगा य २. पच्छोववण्णगा य।
१. तत्थ णं जे ते पुव्वोववण्णगा, ते विसुद्धवण्णतरागा।
२. तत्थ णं जे ते पच्छोववण्णगा, ते णं अविसुद्धवण्णतरागा।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"णेरइया णो सव्वे समवण्णा।[2]"

(३) वर्ण द्वार–

प्र. भन्ते ! क्या सभी नारक समान वर्ण वाले हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी नारक समान वर्ण वाले नहीं हैं ?"

उ. गौतम ! नैरयिक दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. पूर्वोपपन्नक, २. पश्चादुपपन्नक।
१. उनमें से जो पूर्वोपपन्नक हैं वे अधिक विशुद्ध वर्ण वाले हैं,
२. उनमें से जो पश्चादुपपन्नक हैं वे अविशुद्ध वर्ण वाले हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी नारक समान वर्ण वाले नहीं हैं।"

(४) लेस्सा दारं–

प. णेरइया णं भंते ! सव्वे समलेसा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
'णेरइया णो सव्वे समलेसा ?

उ. गोयमा ! णेरइया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. पुव्वोववण्णगा य, २. पच्छोववण्णगा य।
१. तत्थ णं जे ते पुव्वोववण्णगा ते णं विसुद्धलेसतरागा।
२. तत्थ णं जे ते पच्छोववण्णगा, ते णं अविसुद्धलेसतरागा।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"णेरइया णो सव्वे समलेसा।[3]"

(४) लेश्या द्वार–

प्र. भन्ते ! क्या नैरयिक सभी समान लेश्या वाले हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"नैरयिक सभी समान लेश्या वाले नहीं हैं ?"

उ. गौतम ! नैरयिक दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. पूर्वोपपन्नक, २. पश्चादुपपन्नक।
१. उनमें से जो पूर्वोत्पन्न हैं, वे अधिक विशुद्धतर लेश्या वाले हैं।
२. उनमें से जो पश्चात् उत्पन्न होने वाले हैं वे अविशुद्ध लेश्या वाले हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा गया है कि–
"सभी नैरयिक समान लेश्या वाले नहीं हैं।"

(५) वेयणा दारं–

प. णेरइया णं भंते ! सव्वे समवेयणा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

(५) वेदना द्वार–

प्र. भन्ते ! क्या सभी नारक समान वेदना वाले हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

१. विया. स. १, उ. २, सु. ५/२ २. विया. स. १, उ. २, सु. ५/३ ३. विया. स. १, उ. २, सु. ५/४

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"णेरइया णो सव्वे समवेयणा ?"

उ. गोयमा ! णेरइया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. सण्णिभूया य २. असण्णिभूया य।
१. तत्थ णं जे ते सण्णिभूया ते णं महावेयणतरागा।
२. तत्थ णं जे ते असण्णिभूया ते णं अप्पवेयणतरागा।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"णेरइया नो सव्वे समवेयणा।[1]"

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी नारक समान वेदना वाले नहीं हैं ?"

उ. गौतम ! नैरयिक दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. संज्ञीभूत, २. असंज्ञीभूत।
१. उनमें से जो संज्ञीभूत हैं, वे महान् वेदना वाले हैं,
२. उनमें से जो असंज्ञीभूत हैं, वे अल्प वेदना वाले हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी नारक समान वेदना वाले नहीं हैं।"

(६) किरिया दारं–

प. णेरइया णं भंते ! सव्वे समकिरिया ?
उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"णेरइया णो सव्वे समकिरिया ?"
उ. गोयमा ! णेरइया तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. सम्मदिट्ठी २. मिच्छादिट्ठी
३. सम्मामिच्छादिट्ठी।
१. तत्थ णं जे ते सम्मदिट्ठी तेसि णं चत्तारि किरियाओ कज्जंति, तं जहा–
१. आरंभिया, २. परिग्गहिया
३. मायावत्तिया, ४. अपच्चक्खाणकिरिया।
२. तत्थ णं जे ते मिच्छादिट्ठी तेसि णं पंच किरियाओ कज्जंति, तं जहा–
१. आरंभिया २. परिग्गहिया,
३. मायावत्तिया, ४. अपच्चक्खाणकिरिया
५. मिच्छादंसणवत्तिया।
३. सम्मामिच्छादिट्ठी वि एवं चेव
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"णेरइया णो सव्वे समकिरिया।[2]"

(६) क्रिया द्वार–

प्र. भन्ते ! क्या सभी नारक समान क्रिया वाले हैं ?
उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी नारक समान क्रिया वाले नहीं हैं ?"
उ. गौतम ! नारक तीन प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. सम्यग्दृष्टि, २. मिथ्यादृष्टि,
३. सम्यग्मिथ्यादृष्टि।
१. उनमें से जो सम्यग्दृष्टि हैं, वे चार क्रियाएं करते हैं, यथा–
१. आरम्भिकी, २. पारिग्रहिकी,
३. मायाप्रत्यया, ४. अप्रत्याख्यानक्रिया।
२. उनमें से जो मिथ्यादृष्टि हैं, वे नियमतः पांच क्रियाएँ करते हैं– यथा–
१. आरम्भिकी, २. पारिग्रहिकी,
३. मायाप्रत्यया, ४. अप्रत्याख्यानक्रिया,
५. मिथ्यादर्शनप्रत्यया।
३. सम्यग्मिथ्यादृष्टि भी इसी प्रकार पांच क्रियाएं करते हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी नारक समान क्रिया वाले नहीं हैं।"

(७) आउ दारं–

प. णेरइया णं भंते ! सव्वे समाउया ?
उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"णेरइया णो सव्वे समाउया ?"
उ. गोयमा ! णेरइया चउव्विहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. अत्थेगइया समाउया समोववण्णगा,
२. अत्थेगइया समाउया विसमोववण्णगा,
३. अत्थेगइया विसमाउया समोववण्णगा,

(७) आयु द्वार–

प्र. भन्ते ! क्या सभी नारक समान आयु वाले हैं ?
उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी नारक समान आयु वाले नहीं हैं ?"
उ. गौतम ! नैरयिक चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. कई नारक समान आयु वाले हैं और एक साथ उत्पन्न होने वाले हैं,
२. कई नारक समान आयु वाले हैं किन्तु पहले पीछे उत्पन्न हुए हैं,
३. कई नारक विषम आयु वाले हैं किन्तु एक साथ उत्पन्न हुए हैं,

---

१. विया. स. १, उ. २, सु. ५/५
२. विया. स. १, उ. २, सु. ५/६

४. अत्थेगइया विसमाउया विसमोववण्णगा।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"णेरइया णो सव्वे समाउया।[1]

प. दं. २. असुरकुमारा णं भंते ! सव्वे समाहारा? सव्वे समसरीरा? सव्वे समुस्सासणिस्सासा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।
जहा णेरइया तहा भाणियव्वा।

प. असुरकुमारा णं भंते ! सव्वे समकम्मा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"असुरकुमारा णो सव्वे समकम्मा?"

उ. गोयमा ! असुरकुमारा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. पुव्वोववण्णगा य २. पच्छोववण्णगा य।
१. तत्थ णं जे ते पुव्वोववण्णगा ते णं महाकम्मतरागा।
२. तत्थ णं जे ते पच्छोववण्णगा ते णं अप्पकम्मतरागा।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"असुरकुमारा णो सव्वे समकम्मा।"

प. असुरकुमारा णं भंते ! सव्वे समवण्णा?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"असुरकुमारा णो सव्वे समवण्णा?"

उ. गोयमा ! असुरकुमारा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. पुव्वोववण्णगा य २. पच्छोववण्णगा य।
१. तत्थ णं जे ते पुव्वोववण्णगा ते णं अविसुद्धवण्णतरागा,
२. तत्थ णं जे ते पच्छोववण्णगा ते णं विसुद्धवण्णतरागा,
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"असुरकुमारा णो सव्वे समवण्णा"
एवं लेस्साए वि।
वेयणाए जहा णेरइया।
अवसेसं जहा णेरइयाणं।

दं. ३-११. एवं जाव थणियकुमारा।[2]

दं. १२. पुढविक्काइया आहार कम्म-वण्ण लेस्साहिं जहा णेरइया।

प. पुढविक्काइया णं भंते ! सव्वे समवेयणा?

४. कई नारक विषम आयु वाले हैं और पहले पीछे उत्पन्न हुए हैं,

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी नारक समान आयु वाले नहीं हैं।"

प्र. दं. २. भन्ते ! सभी असुरकुमार क्या समान आहार वाले हैं? सभी समान शरीर वाले हैं? सभी समान उच्छ्वास निःश्वास वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।
शेष सब वर्णन नैरयिकों के समान जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! क्या सभी असुरकुमार समान कर्म वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी असुरकुमार समान कर्म वाले नहीं हैं?"

उ. गौतम ! असुरकुमार दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. पूर्वोपपन्नक २. पश्चादुपपन्नक
१. उनमें से जो पूर्वोपपन्नक हैं, वे महाकर्म वाले हैं।
२. उनमें से जो पश्चादुपपन्नक हैं, वे अल्पतरकर्म वाले हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी असुरकुमार समान कर्म वाले नहीं हैं।"

प्र. भंते ! असुरकुमार क्या सभी समान वर्ण वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी असुरकुमार समान वर्ण वाले नहीं हैं?"

उ. गौतम ! असुरकुमार दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. पूर्वोपपन्नक २. पश्चादुपपन्नक
१. उनमें से जो पूर्वोपपन्नक हैं वे अविशुद्धतर वर्ण वाले हैं।
२. उनमें से जो पश्चादुपपन्नक हैं, वे विशुद्धतर वर्ण वाले हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी असुरकुमार समान वर्ण वाले नहीं हैं।"
इसी प्रकार लेश्या के विषय में भी कहना चाहिए।
वेदना का कथन नैरयिकों के समान करना चाहिए।
शेष द्वारों (क्रिया और आयु) का कथन नैरयिकों के समान करना चाहिए।

दं. ३-११. इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त (समाहारादि सात द्वार) समझना चाहिए।

दं. १२. पृथ्वीकायिकों के आहार, कर्म, वर्ण, और लेश्या का कथन नैरयिकों के समान करना चाहिए।

प्र. भंते ! क्या सभी पृथ्वीकायिक समान वेदना वाले हैं?

---

१. विया. स. १, उ. २, सु. ५/७
२. (क) विया. स. १, उ. २, सु. ६
(ख) विया. स. १६, उ. ११, सु. १
(ग) विया. स. १६, उ. १२-१४
(घ) विया. स. १७, उ. १३-१७।

उ. हंता, गोयमा ! सव्वे समवेयणा।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"पुढविक्काइया सव्वे समवेयणा ?"

उ. गोयमा ! पुढविक्काइया सव्वे असण्णी असण्णीभूयं अणिययं वेयणं वेदेंति।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"पुढविक्काइया सव्वे समवेयणा।

प. पुढविक्काइया णं भंते ! सव्वे समकिरिया ?

उ. हंता, गोयमा ! पुढविक्काइया सव्वे समकिरिया।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"पुढविक्काइया सव्वे समकिरिया ?"

उ. गोयमा ! पुढविक्काइया सव्वे माइमिच्छादिट्ठी तेसिं णेयइयाओ पंच किरियाओ कज्जंति, तं जहा–
१. आरंभिया, २. परिग्गहिया,
३. मायावत्तिया, ४. अपच्चक्खाणकिरिया,
५. मिच्छादंसणवत्तिया।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"पुढविक्काइया सव्वे समकिरिया।"
(समाउया जहा नेरइया तहा भाणियव्वा।[1])

दं. १३-१९. जहा पुढविक्काइया तहा जाव चउरिंदिया।[2]

दं. २०. पंचिंदियतिरिक्खजोणिया जहा णेरइया।

णवरं–नाणत्तं किरियासु।

प. पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया णं भंते ! सव्वे समकिरिया ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"पंचेंदिय तिरिक्खजोणिया नो सव्वे समकिरिया ?"

उ. गोयमा ! पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. सम्मद्दिट्ठी, २. मिच्छादिट्ठी
३. सम्मामिच्छादिट्ठी।
१. तत्थ णं जे ते सम्मद्दिट्ठी ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. असंजया य २. संजयासंजया य।
१. तत्थ णं जे ते संजयासंजया तेसिं णं तिण्णि किरियाओ कज्जंति, तं जहा–
१. आरंभिया २. परिग्गहिया ३. मायावत्तिया।

उ. हाँ गौतम ! सभी समान वेदना वाले हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी पृथ्वीकायिक समान वेदना वाले हैं ?"

उ. गौतम ! सभी पृथ्वीकायिक असंज्ञी हैं, वे असंज्ञीभूत होने से अनियत वेदना वेदते हैं।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी पृथ्वीकायिक समान वेदना वाले हैं।"

प्र. भंते ! क्या सभी पृथ्वीकायिक समान क्रिया वाले हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! सभी पृथ्वीकायिक समान क्रिया वाले हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी पृथ्वीकायिक समान क्रिया वाले हैं ?"

उ. गौतम ! सभी पृथ्वीकायिक मायी-मिथ्यादृष्टि होते हैं, वे निश्चित रूप से पांचों क्रियाएं करते हैं। यथा–
१. आरम्भिकी, २. पारिग्रहिकी,
३. मायाप्रत्यया, ४. अप्रत्याख्यान क्रिया
५. मिथ्यादर्शनप्रत्यया।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"सभी पृथ्वीकायिक समान क्रिया वाले हैं।"
(सभी समान आयु वाले हैं, का कथन नैरयिकों के समान करना चाहिए।)

दं. १३-१९. पृथ्वीकायिकों के समान अप्कायिकों से लेकर चतुरिन्द्रियों पर्यन्त (आहारादि द्वार) कहने चाहिए।

दं. २०. पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिकों (आहारादि द्वारों) का कथन नैरयिक जीवों के समान है।

विशेष–क्रियाओं में अंतर है।

प्र. भंते ! पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक क्या सभी समान क्रिया वाले हैं ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक सभी समान क्रिया वाले नहीं है ?"

उ. गौतम ! पंचेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिक तीन प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. सम्यग्दृष्टि २. मिथ्यादृष्टि
३. सम्यग्मिथ्यादृष्टि
१. उनमें से जो सम्यग्दृष्टि हैं वे दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. असंयत २. संयतासंयत
१. उनमें से जो संयतासंयत हैं, वे तीन क्रियाएं करते हैं यथा–
१. आरम्भिकी, २. पारिग्रहिकी, ३. मायाप्रत्यया,

---

१. (क) विया. स. १, उ. २, सु. ७
(ख) विया. स. १७, उ. १२, सु. १

२. विया. स. १, उ. २, सु. ८

२. तत्थ णं जे ते असंजया तेसि णं चत्तारि किरियाओ कज्जंति, तं जहा–

१. आरंभिया, २. परिग्गहिया,

३. मायावत्तिया, ४. अपच्चक्खाणकिरिया।

३. तत्थ णं जे ते मिच्छादिट्ठी जे य सम्मामिच्छादिट्ठी तेसिं णेयइयाओ पंच किरियाओ कज्जंति, तं जहा–

१. आरंभिया जाव २. मिच्छादंसणवत्तिया।

सेसं तं चेव।[1]

प. दं. २१. मणूसाणं भंते ! सव्वे समाहारा? सव्वे समसरीरा? सव्वे समुस्सास णिस्सासा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

'मणूसाणं णो सव्वे समाहारा, णो सव्वे समसरीरा, णो सव्वे समुस्सास णिस्सासा?

उ. गोयमा ! मणूसा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. महासरीरा य २. अप्पसरीरा य।

१. तत्थ णं जे ते महासरीरा ते णं बहुतराए पोग्गले आहारेंति **जाव** बहुतराए पोग्गले णीससंति,

आहच्च आहारेंति **जाव** आहच्च णीससंति।

२. तत्थ णं जे ते अप्पसरीरा ते णं अप्पतराए पोग्गले आहारेंति **जाव** अप्पतराए पोग्गले णीससंति,

अभिक्खणं आहारेंति **जाव** अभिक्खणं णीससंति,

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"मणूसा णो सव्वे समाहारा, णो सव्वे समसरीरा, णो सव्वे समुस्सासणिस्सासा।"

सेसं जहा णेरइयाणं।

णवरं–किरियाहिं मणूसा तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सम्मद्दिट्ठी, २. मिच्छादिट्ठी,

३. सम्मामिच्छादिट्ठी।

१. तत्थ णं जे ते सम्मद्दिट्ठी ते तिविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. संजया २. असंजया ३. संजयासंजया।

१. तत्थ णं जे ते संजया ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सरागसंजया य २. वीयरागसंजया य।

१. तत्थ णं जे ते वीयरागसंजया, ते णं अकिरिया।

२. उनमें से जो असंयत हैं वे चार क्रियाएं करते हैं, यथा–

१. आरम्भिकी, २. पारिग्रहिकी,

३. मायाप्रत्यया, ४. अप्रत्याख्यानक्रिया।

३. उनमें से जो मिथ्यादृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि हैं वे निश्चित रूप से पांच क्रियाएं करते हैं, यथा–

१. आरम्भिकी यावत् ५. मिथ्यादर्शनप्रत्यया।

शेष–सब कथन पूर्ववत् जानना चाहिए।

प्र. दं. २१. भंते ! क्या मनुष्य सभी समान आहार वाले हैं? सभी समान शरीर वाले हैं? सभी समान उच्छ्वास-निःश्वास वाले हैं?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"सभी मनुष्य समान आहार वाले नहीं हैं? सभी समान शरीर वाले नहीं हैं? सभी समान उच्छ्वास निःस्वास वाले नहीं है?"

उ. गौतम ! मनुष्य दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. महाशरीर वाले २. अल्प शरीर वाले।

१. उनमें से जो महाशरीर वाले हैं, वे बहुत से पुद्गलों का आहार करते हैं **यावत्** बहुत से पुद्गलों का निःश्वास छोड़ते हैं।

कदाचित् आहार करते हैं **यावत्** कदाचित् नि-श्वास छोड़ते हैं।

२. उनमें से जो अल्पशरीर वाले हैं वे अल्पतर पुद्गलों का आहार करते हैं **यावत्** अल्पतर पुदगलों का निःश्वास छोड़ते हैं।

बार-बार आहार लेते हैं **यावत्** बार-बार निःश्वास छोड़ते हैं,

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"सभी मनुष्य समान आहार वाले नहीं हैं, सभी समान शरीर वाले नहीं हैं और सभी समान उच्छ्वास निःश्वास वाले नहीं हैं।"

शेष सब वर्णन (छः द्वार) नैरयिकों के समान कहने चाहिए।

विशेष–क्रियाओं में मनुष्य तीन प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. सम्यग्दृष्टि, २. मिथ्यादृष्टि

३. सम्यग्मिथ्यादृष्टि।

१. इनमें से जो सम्यग्दृष्टि हैं, वे तीन प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. संयत २. असंयत ३. संयतासंयत

१. इनमें से जो संयत हैं, वे दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. सरागसंयत २. वीतरागसंयत।

१. इनमें से जो वीतरागसंयत हैं वे अक्रिय (क्रियारहित) होते हैं,

१. विया. स. १, उ. २, सु. ९

२. तत्थ णं जे ते सरागसंजया ते दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. पमत्तसंजया य, २. अपमत्तसंजया य,

१. तत्थ णं जे ते अपमत्तसंजया तेसिं एगा मायावत्तिया किरिया कज्जंति,

२. तत्थ णं जे ते पमत्तसंजया तेसिं दो किरियाओ कज्जंति, तं जहा–

१. आरंभिया २. मायावत्तिया य।

२. तत्थ णं जे ते संजयासंजया तेसिं तिण्णि किरियाओ कज्जंति, तं जहा–

१. आरंभिया, २. परिग्गहिया, ३. मायावत्तिया।

३. तत्थ णं जे ते असंजया तेसिं चत्तारि किरियाओ कज्जंति, तं जहा–

१. आरंभिया, २. परिग्गहिया,
३. मायावत्तिया, ४. अपच्चक्खाणकिरिया।

तत्थ णं जे ते मिच्छादिट्ठी जे य सम्मामिच्छादिट्ठी तेसिं णेयइयाओ पंचकिरियाओ कज्जंति, तं जहा–

१. आरंभिया **जाव** ५. मिच्छादंसणवत्तिया।

सेसं जहा णेरइयाणं।[1]

दं. २२. वाणमंतराणं जहा असुरकुमाराणं।[2]

दं. २३-२४. एवं जोइसिय वेमाणियाण वि।

णवरं–ते वेयणाए दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. माइमिच्छादिट्ठी उववण्णगा य
२. अमाइसम्मद्दिट्ठी उववण्णगा य।

१. तत्थ णं जे ते माइमिच्छादिट्ठी उववण्णग्गा ते णं अप्पवेयणतरागा।

२. तत्थ णं जे ते अमाइसम्मद्दिट्ठी उववण्णगा ते णं महावेयणतरागा।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

'जोइसिय वेमाणिया णो सव्वे समवेयणा।'

सेसं तहेव।[3]

–पण्ण. प. १७, उ. १, सु. ११२३-११४४

२. इनमें से जो सरागसंयत हैं, वे दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. प्रमत्तसंयत २. अप्रमत्तसंयत।

१. इनमें से जो अप्रमत्तसंयत हैं वे एक मात्र मायाप्रत्यया क्रिया करते हैं।

२. इनमें से जो प्रमत्तसंयत हैं, वे दो क्रियाएं करते हैं, यथा–

१. आरम्भिकी २. मायाप्रत्यया।

२. इनमें से जो संयतासंयत हैं, वे तीन क्रियाएं करते हैं, यथा–

१. आरम्भिकी, २. पारिग्राहिकी ३. मायाप्रत्यया।

३. इनमें से जो असंयत हैं वे चार क्रियाएं करते हैं, यथा–

१. आरम्भिकी, २. पारिग्रहिकी,
३. मायाप्रत्यया, ४. अप्रत्याख्यानक्रिया।

इनमें से जो मिथ्यादृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि हैं वे निश्चितरूप से पांचों क्रियाएं करते हैं, यथा–

१. आरम्भिकी **यावत्** ५. मिथ्यादर्शनप्रत्यया।

शेष कथन नैरयिकों के समान करना चाहिए।

दं. २२ वाणव्यन्तरों (के आहारादि ७ द्वारों) का कथन नैरयिकों के समान करना चाहिए।

दं. २३-२४ इसी प्रकार ज्योतिष्क और वैमानिक देवों का कथन करना चाहिए।

विशेष–वेदना की अपेक्षा से वे देव दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. मायीमिथ्यादृष्टि उपपन्नक,
२. अमायी-सम्यग्दृष्टिउपपन्नक।

१. उनमें से जो मायी मिथ्यादृष्टि उपपन्नक हैं, वे अल्पतर वेदना वाले हैं।

२. उनमें से जो अमायी सम्यग्दृष्टि उपपन्नक हैं, वे महावेदना वाले हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"सभी ज्योतिष्क और वैमानिक समान वेदना वाले नहीं हैं।

शेष (आहार वर्ण, कर्म आदि सब पूर्ववत् कहना चाहिए।)

९९. चउवीस दंडएसु आहार-परिणामाइ परूवणं–

प. दं. १. नेरइया णं भंते ! किमाहारा, किंपरिणामा, किंजोणीया, किंठिईया पण्णत्ता ?

९९. चौबीस दंडकों में आहार-परिणामादि का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिक जीव किन द्रव्यों का आहार करते हैं ? किस तरह परिणमाते हैं ? उनकी योनि (उत्पत्तिस्थान) क्या है ? उनकी स्थिति का क्या कारण है ?

१. विया. स. १, उ. २ सु. १०
२. विया. स. १, उ. २ सु. ११
३. विया. स. १९, उ. १०, सु. १

उ. गोयमा ! नेरइया णं पोग्गलाहारा, पोग्गलपरिणामा, पोग्गलजोणीया, पोग्गलट्ठिईया, कम्मोवगा।

कम्मनियाणा कम्मट्ठिईया, कम्मुणामेव विप्परियासमेंति।

दं. २-२४. एवं जाव वेमाणिया।

–विया. स. १४, उ. ६, सु. २-३

उ. गौतम ! नैरयिक जीव पुद्गलों का आहार करते हैं, पुद्गल रूप में परिणमाते हैं। उनकी योनि (शीतादि स्पर्शमय) पुद्गल रूप है। उनकी स्थिति पुद्गल रूप है वे (ज्ञानावरणीयादि) कर्मरूपी पुद्गलों से युक्त हैं।

उनके नारकत्व आदि की प्राप्ति पौद्गलिक कर्म निमित्तक है, उनकी स्थिति के कारण कर्मपुद्गल हैं। कर्म पुद्गलों के कारण ही वे विपर्यास (अन्य पर्याय) को प्राप्त होते हैं।

दं. २-२४. **इसी प्रकार वैमानिकों पर्यन्त कहना चाहिए।**

१००. चउवीस दंडएसु ठिइट्ठाणाइ दसदारेहिं कोहोवउत्ताइ भंग परूवणं–

गाहा–१. पुढविट्ठिइ २. ओगाहण ३. सरीर ४. संघयणमेव ५. संठाणे।

६. लेसा ७. दिट्ठी ८. णाणे ९-१०. जोगुवओगे य दस ठाणा॥

(१) ठिइट्ठाण दारं–

प. दं. १. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससयसहस्सेसु एगमेगंसि निरयावासंसि नेरइयाणं केवइया ठिइठाणा पण्णत्ता ?

उ. गोयमा ! असंखेज्जा ठिइठाणा पण्णत्ता, तं जहा–

जहण्णिया ठिई,

समयाहिया जहण्णिया ठिई,

दुसमयाहिया जहण्णिया ठिई,

तिसमयाहिया जहिण्णिया ठिई **जाव** असंखेज्ज-समयाहिया जहण्णिया ठिई, तप्पाउग्गुक्कोसिया ठिई।

प. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससयसहस्सेसु एगमेगंसि निरयावासंसि जहन्नियाए ठिईए वट्टमाणा नेरइया किं कोहोवउत्ता, माणोवउत्ता, मायोवउत्ता, लोभोवउत्ता ?

उ. गोयमा ! सव्वे वि ताव होज्जा कोहोवउत्ता।

१. अहवा कोहोवउत्ता य माणोवउत्ते य।

२. अहवा कोहोवउत्ता य माणोवउत्ता य।

३. अहवा कोहोवउत्ता य मायोवउत्ते य।

४. अहवा कोहोवउत्ता य मायोवउत्ता य।

५. अहवा कोहोवउत्ता य लोभोवउत्ते य।

६. अहवा कोहोवउत्ता य लोभोवउत्ता य।

१००. चौबीस दंडकों में स्थिति स्थानादि दस द्वारों में क्रोधोपयुक्तादि भंगों का प्ररूपण–

गाथार्थ– १. स्थिति २. अवगाहना ३. शरीर ४. संहनन ५. संस्थान ६. लेश्या ७. दृष्टि ८. ज्ञान ९. योग १०. उपयोग इन दस स्थानों (द्वारों) द्वारा नरकादि पृथ्वीवर्ती जीवों का वर्णन करते हैं–

(१) स्थिति स्थान द्वार–

प्र. दं. १. भंते ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के तीस लाख नारकावासों में से एक-एक नारकवास में रहने वाले नारक जीवों के कितने स्थिति स्थान कहे गये हैं ?

उ. गौतम ! उनके असंख्यात स्थिति स्थान कहे गए हैं, यथा–

जघन्य स्थिति (दस हजार वर्ष की है)

एक समय अधिक जघन्य स्थिति,

दो समय अधिक जघन्य स्थिति।

तीन समय अधिक जघन्य स्थिति **यावत्** असंख्यात समय अधिक जघन्य स्थिति तथा उसके योग्य उत्कृष्ट स्थिति ये सब मिलकर असंख्यात स्थिति स्थान हैं।

प्र. भन्ते ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के तीस लाख नारकावासों में से एक-एक नारकावास में जघन्य स्थिति में वर्तमान नारक क्या क्रोधोपयुक्त हैं, मानोपयुक्त हैं, मायोपयुक्त हैं या लोभोपयुक्त हैं ?

उ. गौतम ! वे सभी क्रोधोपयुक्त होते हैं।

१. अथवा बहुत से नारक क्रोधोपयुक्त होते हैं और एक नारक मानोपयुक्त होता है।

२. अथवा बहुत से क्रोधोपयुक्त भी होते हैं और बहुत मानोपयुक्त भी होते हैं।

३. अथवा बहुत से क्रोधोपयुक्त होते हैं और एक मायोपयुक्त होता हैं।

४. अथवा बहुत से क्रोधोपयुक्त और बहुत से मायोपयुक्त होते हैं।

५. अथवा बहुत से क्रोधोपयुक्त होते हैं और एक लोभोपयुक्त होता है।

६. अथवा बहुत से क्रोधोपयुक्त और बहुत से लोभोपयुक्त होते हैं (ये द्विक संयोगी भंग है)

१. अहवा कोहोवउत्ता य माणोवउत्ते य मायोवउत्ते य।

२. कोहोवउत्ता य माणोवउत्ते य मायोवउत्ता य।

३. कोहोवउत्ता य माणोवउत्ता य मायोवउत्ते य।

४. कोहोवउत्ता य माणोवउत्ता य मायोवउत्ता य।

५-८. एवं कोह-माण-लोभेण वि चउ।

९-१२. एवं कोह-माया-लोभेण-वि चउ १ = (१२)

पच्छा माणेण मायाए लोभेण य कोहो भइयव्वो, ते कोहं अमुंचता।

एवं सत्तावीसं भंगा णेयव्वा।

प. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससयसहस्सेसु एगमेगंसि निरयावासंसि समयाहियाए जहन्नट्ठिइए वट्टमाणा नेरइया किं कोहोवउत्ता, माणोवउत्ता, मायोवउत्ता, लोभोवउत्ता?

उ. गोयमा ! कोहोवउत्ते य, माणोवउत्ते य, मायोवउत्ते, य, लोभोवउत्ते य,

कोहोवउत्ता य, माणोवउत्ता य, मायोवउत्ता य, लोभोवउत्ता य।

अहवा कोहोवउत्ते य माणोवउत्ते य,

अहवा कोहोवउत्ते य माणोउत्ता य,

एवं असीति भंगा नेयव्वा,

एवं जाव संखिज्ज समयाहिया ठिई।

असंखेज्जसमयाहियाए ठिईए तप्पाउग्गुक्कोसियाए ठिईए सत्तावीसं भंगा भाणियव्वा।

(२) ओगाहणठाणा दारं–

प. इमीसे णं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए तीसाए निरयावाससयसहस्सेसु एगमेगंसि निरयावासंसि नेरइयाणं केवइया ओगाहणठाणा पण्णत्ता?

उ. गोयमा ! असंखेज्जा ओगाहणठाणा पण्णत्ता, तं जहा–

जहण्णिया ओगाहणा,

पएसाहिया जहन्निया ओगाहणा,

१. अथवा बहुत से क्रोधोपयुक्त होते हैं एक मानोपयुक्त और एक मायोपयुक्त होता है।

२. अथवा बहुत से क्रोधोपयुक्त होते हैं एक मानोपयुक्त होता है और बहुत से मायोपयुक्त होते हैं।

३. अथवा बहुत से क्रोधोपयुक्त और बहुत से मानोपयुक्त होते हैं और एक मायोपयुक्त होता है।

४. अथवा बहुत से क्रोधोपयुक्त, बहुत से मानोपयुक्त और बहुत से मायोपयुक्त होते हैं।

५-८. **इसी प्रकार क्रोध, मान और लोभ के (त्रिकसंयोगी) चार भंग कहने चाहिए।**

९-१२. **इसी प्रकार क्रोध, माया और लोभ के (त्रिकसंयोगी) चार भंग कहने चाहिए।**

इस प्रकार कुल १२ भंग होते हैं। (ये त्रिक संयोगी भंग हैं) **तत्पश्चात् मान, माया और लोभ के साथ क्रोध को नहीं छोड़ते हुए (एक वचन, बहुवचन के साथ चतुष्कसंयोगी) ८ भंग होते हैं।**

इस प्रकार कुल २७ भंग समझ लेने चाहिए।

किन्तु न तो वहां रहे हुए पुद्गलों को ग्रहण करके परिणमन करता है, और न ही अन्यत्र रहे हुए पुद्गलों को ग्रहण करके परिणमन करता है।

१६. चोद्दसपुव्विस्स सहस्स रूवकरण सामत्थं–

प. पभू णं भंते ! चोद्दसपुव्वी घडाओ घडसहस्सं, पडाओ पडसहस्सं, कडाओ कडसहस्सं, रहाओ रहसहस्सं, छत्ताओ छत्तसहस्सं, दंडाओ दंडसहस्सं, अभिनिव्वत्तित्ता उवदंसेत्तए ?

उ. हंता गोयमा ! पभू।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

पभू चोद्दसपुव्वी घडाओ घडसहस्सं **जाव** दंडाओ दंडसहस्सं अभिनिव्वत्तित्ता उवदंसेत्तए ?

उ. गोयमा ! चउद्दसपुव्विस्स णं अणंताइं दव्वाइं उक्करियाभेएणं भिज्जमाणाइं लद्धाइं पत्ताइं अभिसमन्नागयाइं भवंति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

पभू चोद्दसपुव्वी घडाओ घडसहस्सं **जाव** दंडाओ दंडसहस्सं अभिनिव्वत्तित्ता उवदंसेत्तए।

–विया. स. ५, उ. ४, सु. ३६

१६. चौदहपूर्वी के हजार रूप करने का सामर्थ्य–

प्र. भंते ! क्या चतुर्दशपूर्वधारी एक घड़े में से हजार घड़े, एक वस्त्र में से हजार वस्त्र, एक कट (चटाई) में से हजार कट, एक रथ में से हजार रथ, एक छत्र में से हजार छत्र और एक दण्ड में से हजार दण्ड करके दिखलाने में समर्थ है ?

उ. हाँ, गौतम ! वे ऐसा करके दिखलाने में समर्थ हैं।

प्र. भंते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

चतुर्दशपूर्वधारी एक घट में से हजार घट **यावत्** एक दण्ड में से हजार दण्ड दिखलाने में समर्थ हैं ?

उ. गौतम ! चतुर्दशपूर्वधारी ने उत्करिका भेद द्वारा भेदे जाते हुए अनन्त द्रव्यों को लब्ध किया है तथा अभिसमन्वागत किया है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

चतुर्दशपूर्वधारी एक घट में से हजार घट **यावत्** एक दण्ड में से हजार दण्ड करके दिखलाने में समर्थ है।

१७. भावियप्पा अणगारस्स ओगहणं सामत्थं–

प. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा असिधारं वा खुरधारं वा ओगाहेज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! ओगाहेज्जा।

प. से णं तत्थ छिज्जेज्ज वा भिज्जेज्ज वा ?

१७. भावितात्मा अनगार का अवगाहन सामर्थ्य–

प्र. भन्ते ! क्या भावितात्मा अनगार (वैक्रियलब्धि के सामर्थ्य से) तलवार की धार पर अथवा उस्तरे की धार पर रह सकता है ?

उ. हाँ, गौतम ! वह रह सकता है।

प्र. क्या वह वहां छिन्न या भिन्न होता है ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, णो खलु तत्थ सत्थं कमइ।

प. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा अगणिकायस्स मज्झंमज्झेणं वीइवएज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! वीइवएज्जा।

प. से णं भंते ! तत्थ झियाएज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, णो खलु तत्थ सत्थं कमइ।

प. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा पुक्खलसंवट्टगस्स महामेहस्स मज्झंमज्झेणं वीइवएज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! वीइवएज्जा।

प. से णं भंते ! तत्थ उल्ले सिया ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, णो खलु तत्थ सत्थं कमइ।

प. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा गंगाए महाणदीए पडिसोयं हव्वमागच्छेज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! हव्वमागच्छेज्जा।

प. से णं भंते ! तत्थ विणिहायमावज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, णो खलु तत्थ सत्थं कमइ।

प. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा उदगावत्तं वा उदगबिंदु वा ओगाहेज्जा ?

उ. हंता, गोयमा ! ओगाहेज्जा।

प. से णं भंते ! तत्थ परियावज्जेज्जा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, णो खलु तत्थ सत्थं कमइ।

-विया. स. १८ उ. १० सु. २-३

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, क्योंकि उस पर शस्त्र संक्रमण नहीं करता।

प्र. भन्ते ! क्या भावितात्मा अनगार अग्निकाय के बीच में से होकर निकल सकता है ?

उ. हाँ, गौतम ! वह निकल सकता है।

प्र. भन्ते ! क्या वह वहाँ जलता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, क्योंकि उस पर शस्त्र संक्रमण नहीं करता।

प्र. भन्ते ! क्या भावितात्मा अनगार पुष्कर-संवर्त्तक महामेघ के मध्य प्रवेश कर सकता है ?

उ. हाँ, गौतम ! वह प्रवेश कर सकता है।

प्र. भन्ते ! क्या वह वहाँ पर गीला होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, क्योंकि उस पर शस्त्र संक्रमण नहीं करता।

प्र. भन्ते ! क्या भावितात्मा अनगार गंगा-सिन्धु नदियों के प्रतिस्रोत में से होकर निकल सकता है ?

उ. हाँ, गौतम ! वह निकल सकता है।

प्र. भन्ते ! क्या वह विनष्ट हो जाता है

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, क्योंकि उस पर शस्त्र संक्रमण नहीं करता।

प्र. भन्ते ! क्या भावितात्मा अनगार उदकावर्त में या उदकबिन्दु में प्रवेश कर सकता है ?

उ. हाँ, गौतम ! वह प्रवेश कर सकता है।

प्र. भन्ते ! क्या वह परिताप को प्राप्त होता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, क्योंकि उस पर शस्त्र संक्रमण नहीं करता।

१८. पंचविहदेवाणं विकुव्वणा-सत्ति-

प. १. भवियदव्वदेवा णं भंते ! किं एगत्तं पि पभू विउव्वित्तए, पुहत्तं पि पभू विउव्वित्तए ?

उ. गोयमा ! एगत्तं पि पभू विउव्वित्तए,
पुहत्तं पि पभू विउव्वित्तए।
एगत्तं विउव्वमाणे एगिंदियरूवं वा जाव पंचेंदियरूवं वा,
पुहत्तं विउव्वमाणे एगिंदियरूवाणि वा जाव पंचेंदियरूवाणि वा।
ताइं संखेज्जाणि वा, असंखेज्जाणि वा,
संबद्धाणि वा असंबद्धाणि वा,
सरिसाणि वा असरिसाणि वा विउव्वंति,
विउव्वित्ता तओ पच्छा जहिच्छियाइं कज्जाइं करेंति।
एवं २. नरदेवा वि, ३. धम्मदेवा वि।

प. ४. **देवाहिदेवा** णं भंते ! किं एगत्तं पभू विउव्वित्तए, पुहत्तं पि पभू विउव्वित्तए ?

१८. पांच प्रकार के देवों की विकुर्वणा शक्ति-

प्र. १. भन्ते ! क्या भव्य द्रव्य देव एक रूप की विकुर्वणा करने में समर्थ है या अनेक रूपों की विकुर्वणा करने में समर्थ है ?

उ. गौतम ! वह एक रूप की विकुर्वणा करने में समर्थ है और अनेक रूपों की विकुर्वणा करने में भी समर्थ हैं।
एक रूप की विकुर्वणा करता हुआ वह एक एकेन्द्रिय रूप यावत् पंचेन्द्रिय रूप की विकुर्वणा करता है।
अनेक रूपों की विकुर्वणा करता हुआ अनेक एकेन्द्रिय रूपों यावत् अनेक पंचेन्द्रिय रूपों की विकुर्वणा करता है।
वे रूप संख्येय या असंख्येय,
सम्बद्ध अथवा असम्बद्ध, अथवा
सदृश या असदृश विकुर्वित किए जाते हैं।
विकुर्वणा करने के बाद वे अपना यथेष्ट कार्य करते हैं।
इसी प्रकार २. नरदेव और ३. धर्मदेव की विकुर्वणा के लिए भी कहना चाहिए।

प्र. ४. भन्ते ! **देवाधिदेव** क्या एक रूप की विकुर्वणा करने में समर्थ है या अनेक रूपों की विकुर्वणा करने में समर्थ है ?

उ. गोयमा ! एगत्तं पि पभू विउव्वित्तए, पुहत्तं पि पभू विउव्वित्तए,

णो चेव णं संपत्तीए विउव्विंसु वा, विउव्वंति वा, विउव्विस्संति वा।

५. भावदेवा जहा भवियदव्वदेवा।

–*विया. स. १२, उ. ९, सु. १७-२०*

उ. गौतम ! वह एक रूप की विकुर्वणा करने में समर्थ हैं और अनेक रूपों की विकुर्वणा करने में भी समर्थ हैं।

किन्तु शक्ति होते हुए भी उन्होंने कभी विकुर्वणा नहीं की, नहीं करते हैं और न करेंगे।

५. जिस प्रकार भव्य-द्रव्यदेव का कथन किया है, उसी प्रकार भावदेव का भी कथन करना चाहिए।

१९. चउव्विहे देव-देविंदसामाणियाईणं इड्ढि विउव्वणाई परूवणं–

तेणं कालेणं तेणं समएणं मोया नामं नगरी होत्था, **वण्णओ।**

तीसे णं मोयाए नगरीए बहिया उत्तरपुरत्थिमे दिसीभाए णं नंदणे नामं चेइए होत्था। **वण्णओ।**

तेणं कालेणं सामी समोसढे, परिसा निग्गच्छइ पडिगया परिसा।

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स दोच्चे अंतेवासी अग्गिभूई नामं अणगारे गोयमे गोत्तेणं सत्तुस्सेहे **जाव** पज्जुवासमाणे एवं वयासी–

प. चमरे णं भंते ! असुरिंदे असुरराया के महिड्ढीए ? के महज्जुईए ? के महाबले ? के महायसे ? के महासोक्खे ? के महाणुभागे ? केवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए ?

उ. गोयमा ! चमरे णं असुरिंदे असुरराया महिड्ढीए **जाव** महाणुभागे।

से णं तत्थ चोत्तीसाएभवणावाससयसहस्साणं, चउसट्ठीए सामाणियसाहस्सीणं, तायत्तीसाए तायत्तीसगाणं **जाव** विहरइ।

एमहिड्ढीए **जाव** ए महाणुभागे, एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए–

से जहानामए जुवइं जुवाणे हत्थेणं हत्थे गेण्हेज्जा,

चक्कस्स वा नाभी अरगाउत्ता सिया,

एवामेव गोयमा ! चमरे असुरिंदे असुरराया वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहण्णइ, समोहण्णित्ता संखेज्जाइं जोयणाइं दंडं निसिरइ, तं जहा–रयणाणं **जाव** रिट्ठाणं, अहाबायरे पोग्गले परिसाडेइ, परिसाडेत्ता अहासुहुमे पोग्गले परियाइयइ

परियाइयत्ता दोच्चं पि वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहण्णइ समोहण्णित्ता

१९. चतुर्विध देव-देवेन्द्र और सामानिकादिकों की ऋद्धि विकुर्वणा आदि का प्ररूपण–

उस काल और उस समय में "मोका" नाम की नगरी थी। उसका **वर्णन करना चाहिए।**

इस मोका नगरी के बाहर उत्तरपूर्व के दिशाभाग में, अर्थात् ईशानकोण में नन्दन नाम का चैत्य (उद्यान) था। उसका **वर्णन करना चाहिए।**

उस काल और उस समय में श्रमण भगवान् महावीर स्वामी वहां पधारे। (श्रमण भगवान् महावीर का आगमन जानकर) परिषद् (उनके दर्शनार्थ) निकली (भगवान् का धर्मोपदेश सुनकर) परिषद् वापस चली गई।

उस काल और उस समय में श्रमण भगवान् महावीर के द्वितीय अन्तेवासी गौतमगोत्री सात हाथ ऊंचे **यावत्** शरीर सम्पदा से युक्त अग्निभूति नामक अनगार ने पर्युपासना करते हुए इस प्रकार पूछा–

प्र. भंते ! असुरों का इन्द्र असुरराज चमरेन्द्र कितनी बड़ी ऋद्धि वाला है ? कितनी बड़ी द्युति वाला है ? कितने महान् बल से सम्पन्न है ? कितना महान् यशस्वी है ? कितने महान् सुखों से सम्पन्न है ? कितने महान् प्रभाव वाला है ? और वह कितनी विकुर्वणा करने में समर्थ है ?

उ. गौतम ! असुरों का इन्द्र असुरराज चमर महान् ऋद्धि वाला है **यावत्** महाप्रभावशाली है।

वह वहां चौंतीस लाख भवनावासों पर, चौंसठ हजार सामानिक देवों पर और तेतीस त्रायस्त्रिंशक देवों पर आधिपत्य करता हुआ **यावत्** विचरण करता है।

वह चमरेन्द्र इतनी बड़ी ऋद्धि वाला है **यावत्** ऐसे महाप्रभाव वाला है और इस प्रकार की विक्रिया करने में समर्थ है,

हे गौतम ! जैसे कोई युवा पुरुष (अपने) हाथ से युवती स्त्री के हाथ को (दृढ़तापूर्वक) पकड़ता है,

अथवा जैसे गाड़ी के पहिये की नाभि आरों से अच्छी तरह जुड़ी हुई एवं सुसम्बद्ध होती है

इसी प्रकार हे गौतम ! असुरेन्द्र असुरराज चमर वैक्रिय समुद्घात द्वारा समवहत होता है और समवहत होकर संख्यात योजन प्रमाण वाला दण्ड निकालता है तथा उसके द्वारा रत्नों के **यावत्** रिष्ट रत्नों के स्थूल पुद्गलों को झाड़ देता है और सूक्ष्म पुद्गलों को ग्रहण करता है।

ग्रहण करके फिर दूसरी बार वैक्रिय समुद्घात द्वारा समवहत होता है, समवहत होकर–

पभू णं गोयमा ! चमरे असुरिंदे असुरराया केवलकप्पं जंबुद्दीवं दीवं बहूहिं असुरकुमारेहिं देवेहिं देवीहिं य आइण्णे विइकिण्णं उवत्थडं संथडं फुडं अवगाढावगाढं करेत्तए।

हे गौतम ! वह असुरेन्द्र असुरराज चमर, बहुत से असुरकुमार देवों और देवियों द्वारा परिपूर्ण जम्बूद्वीप नामक द्वीप को आकीर्ण व्यतिकीर्ण उपस्तीर्ण, संस्तीर्ण, स्पृष्ट और गाढ़ावगाढ करने में समर्थ है।

अदुत्तरं च णं गोयमा ! पभू चमरे असुरिंदे असुरराया तिरियमसंखेज्जे दीवसमुद्दे बहूहिं असुरकुमारेहिं देवेहिं देवीहि य आइण्णे विइकिण्णे उवत्थडे संथडे फुडे अवगाढावगाढे करेत्तए।

अथवा हे गौतम ! वह असुरेन्द्र असुरराज चमर, अनेक असुरकुमार देव देवियों द्वारा इस तिर्यग्लोक में भी असंख्यात द्वीपों और समुद्रों तक के स्थल को आकीर्ण व्यतिकीर्ण, उपस्तीर्ण, संस्तीर्ण, स्पृष्ट और गाढावगाढ करने में समर्थ है।

एस णं गोयमा ! चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो अयमेयारूवे विसए विसयमेत्ते वुइए, णो चेव णं संपत्तीए विकुव्विंसु वा, विकुव्वइ वा, विकुव्विस्सइ वा।

हे गौतम ! असुरेन्द्र असुरराज चमर की ऐसी शक्ति का विषय और विषयमात्र बताया गया है परन्तु चमरेन्द्र ने ऐसी शक्ति के रहते हुए भी कभी विकुर्वणा की नहीं, करता नहीं और करेगा भी नहीं।

प. जइ णं भंते ! चमरे असुरिंदे असुरराया एमहिड्ढीए **जाव** एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए, चमरस्स णं भंते ! असुरिंदस्स असुररण्णो सामाणिया देवा के महिड्ढीया **जाव** केवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए ?

प्र. भंते ! असुरेन्द्र असुरराज चमर जब ऐसी बड़ी ऋद्धि वाला है **यावत्** इतनी विकुर्वणा करने में समर्थ है तब भंते ! उस असुरराज असुरेन्द्र चमर के सामानिक देव कितनी बड़ी ऋद्धि वाले हैं **यावत्** कितनी विकुर्वणा करने में समर्थ हैं ?

उ. गोयमा ! चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो सामाणिया देवा महिड्ढीया **जाव** महाणुभागा।

उ. गौतम ! असुरेन्द्र असुरराज चमर के सामानिक देव, महती ऋद्धि वाले हैं **यावत्** महाप्रभावशाली हैं।

ते णं तत्थ साणं-साणं भवणाणं, साणं-साणं सामाणियाणं, साणं-साणं अग्गमहिसीणं **जाव** दिव्वाइं भोगभोगाइं भुंजमाणा विहरंति।

वे वहां अपने-अपने भवनों पर, अपने अपने सामानिक देवों पर तथा अपनी अपनी अग्रमहिषियों (पटरानियों) पर आधिपत्य करते हुए **यावत्** दिव्य भोगों का उपभोग करते हुए विचरते हैं।

एमहिड्ढीया **जाव** एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए–

ये इस प्रकार की बड़ी ऋद्धि वाले हैं **यावत्** इतनी विकुर्वणा करने में समर्थ हैं।

से जहानामए जुवइं जुवाणे हत्थेणं हत्थे गेण्हेज्जा

हे गौतम ! जैसे कोई युवा पुरुष अपने हाथ से युवती स्त्री के हाथ को पकड़ता है।

चक्कस्स वा नाभी अरयाउत्ता सिया,

अथवा जैसे गाड़ी के पहिये की धुरी आरों से सुसम्बद्ध होती है।

एवामेव गोयमा ! चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो एगमेगे सामाणिए देवे वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहण्णइ, समोहण्णित्ता **जाव** दोच्चं पि वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहण्णइ समोहण्णित्ता

इसी प्रकार हे गौतम ! विकुर्वणा करने के लिए असुरेन्द्र असुरराज चमर का एक एक सामानिक देव वैक्रिय समुद्घात द्वारा समवहत होता है **यावत्** दूसरी बार भी वैक्रिय समुद्घात द्वारा समवहत होता है और समवहत होकर–

पभू णं गोयमा ! चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो एगमेगे सामाणिए देवे केवलकप्पं जंबुद्दीवं दीवं बहूहिं असुरकुमारेहिं देवेहिं देवीहि य आइण्णं विइकिण्णं उवत्थडं संथडं फुडं अवगाढावगाढं करेत्तए।

गौतम ! असुरेन्द्र असुरराज चमर का प्रत्येक सामानिक देव इस सम्पूर्ण जम्बूद्वीप नामक द्वीप को बहुत से असुरकुमार देवों और देवियों से आकीर्ण, व्यतिकीर्ण, उपस्तीर्ण, संस्तीर्ण, स्पृष्ट और गाढावगाढ कर सकता है।

अदुत्तरं च णं गोयमा ! पभू चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो एगमेगे सामाणियदेवे तिरियमसंखेज्जे दीव-समुद्दे बहूहिं असुरकुमारेहिं देवेहिं देवीहि य आइण्णे विइकिण्णे उवत्थडे संथडे फुडे अवगाढावगाढे करेत्तए।

इसके उपरान्त हे गौतम ! असुरेन्द्र असुरराज चमर का एक-एक सामानिक देव, इस तिर्यग्लोक के असंख्य द्वीपों और समुद्रों तक के स्थल को बहुत से असुरकुमार देवों और देवियों से आकीर्ण, व्यतिकीर्ण, उपस्तीर्ण, संस्तीर्ण, स्पृष्ट और गाढावगाढ कर सकता है।

एस णं गोयमा ! चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो एगमेगस्स सामाणियदेवस्स अयमेयारूवे विसए विसयमेत्ते वुइए, णो चेव णं संपत्तीए विकुव्विंसु वा, विकुव्वइ वा, विकुव्विस्सइ वा।

हे गौतम ! असुरेन्द्र असुरराज चमर के प्रत्येक सामानिक देव में इस प्रकार की विकुर्वणा करने की शक्ति का विषय और विषयमात्र बताया गया है परन्तु चमरेन्द्र के किसी भी सामानिक देव ने ऐसी शक्ति के रहते हुए भी न कभी विकुर्वणा की है, न ही करता है और न ही करेगा।

प. जइ णं भंते ! चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो सामाणिया देवा एमहिड्ढीया **जाव** एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए चमरस्स णं भंते ! असुरिंदस्स असुररण्णो तायत्तीसिया देवा केमहिड्ढीया **जाव** केवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए ?

उ. गोयमा ! **तायत्तीसिया देवा जहा सामाणिया देवा तहा नेयव्वा।**

लोगपाला तहेव।

णवरं–संखेज्जा दीव-समुद्दा भाणियव्वा।

प. जइ णं भंते ! चमरस्स असुरिंदस्स असुररण्णो लोगपाला देवा एमहिड्ढीया **जाव** एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए चमरस्स णं भंते ! असुरिंदस्स असुररण्णो अग्गमहिसीओ देवीओ केमहिड्ढीयाओ **जाव** केवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए ?

उ. गोयमा ! चमरस्स णं असुरिंदस्स असुररण्णो अग्गमहिसीओ महिड्ढीयाओ **जाव** एमहाणुभागाओ, ताओ णं तत्थ साणं साणं भवणाणं, साणं साणं सामाणियसाहस्सीणं, साणं साणं महत्तरियाणं, साणं-साणं परिसाणं **जाव** एमहिड्ढीयाओ,

अन्नं जहा लोगपालाणं अपरिसेसं,

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति भगवं दोच्चे गोयमे समणे भगवं महावीरं वंदइ, नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता जेणेव तच्चे गोयमे वायुभूई अणगारे तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता तच्चं गोयमं वायुभूइं अणगारं एवं वयासि

'एवं खलु गोयमा ! चमरे असुरिंदे असुरराया एमहिड्ढीए **ते चेव एवं सव्वं अपुट्ठवागरणं नेयव्वं अपरिसेसिय जाव अग्गमहिसीणं वत्तव्वया समत्ता।**

तए णं से तच्चे गोयमे वायुभूई अणगारे दोच्चस्स गोयमस्स अग्गिभूइस्स अणगारस्स एवमाइक्खमाणस्स **जाव** एयमट्ठं नो सद्दहइ, नो पत्तियइ, नो रोयइ, एयमट्ठं असद्दहमाणे अपत्तियमाणे अरोएमाणे उट्ठाए उट्ठेइ उट्ठित्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ **जाव** पज्जुवासमाणे एवं वयासी–

'एवं खलु भंते ! मम दोच्चे गोयमे अग्गिभूई अणगारे एवमाइक्खइ भासइ पण्णवेइ परूवेइ-एवं खलु गोयमा ! चमरे असुरिंदे असुरराया एमहिड्ढीए **जाव** एमहाणुभागे णं तत्थ चोत्तीसाए भवणावाससयसहस्साणं **एवं ते चेव सव्वे अपरिसेसं भाणियव्वं जाव अग्गमहिसीणं वत्तव्वया समत्ता।**

प. से कहमेयं भंते ! एवं ?

प्र. भंते ! असुरेन्द्र असुरराज चमर के सामानिक देव यदि इस प्रकार की महती ऋद्धि से सम्पन्न हैं **यावत्** विकुर्वणा करने में समर्थ हैं, तो भंते ! उस असुरेन्द्र असुरराज चमर के त्रायस्त्रिंशक देव कितनी बड़ी ऋद्धि वाले हैं ? **यावत्** वे कितनी विकुर्वणा करने में समर्थ हैं ?

उ. गौतम ! **जैसे सामानिक देवों के विषय में कहा वैसे ही त्रायस्त्रिंशक देवों के विषय में भी कहना चाहिए।**

लोकपालों के विषय में भी इसी तरह कहना चाहिए।

विशेष–लोकपाल विकुर्वित देव देवियों के संख्यात द्वीप समुद्र कहने चाहिए।

प्र. भंते ! जब असुरेन्द्र असुरराज चमर के लोकपाल ऐसी महाऋद्धि वाले हैं **यावत्** वे इतनी विकुर्वणा करने में समर्थ हैं, तब असुरेन्द्र असुरराज चमर की अग्रमहिषियाँ कितनी बड़ी ऋद्धि वाली हैं **यावत्** वे कितनी विकुर्वणा करने में समर्थ हैं ?

उ. गौतम ! असुरेन्द्र असुरराज चमर की अग्रमहिषी देवियाँ महाऋद्धिसम्पन्न हैं **यावत्** महाप्रभावशालिनी हैं। वे अपने अपने भवनों पर अपने अपने एक हजार सामानिक देवों पर अपनी अपनी महत्तरिका देवियों पर और अपनी-अपनी परिषदाओं पर आधिपत्य करती हुई विचरती हैं **यावत्** वे अग्रमहिषियाँ ऐसी महाऋद्धिवाली हैं।

शेष सब वर्णन लोपालों के समान कहना चाहिए।

भंते ! यह इसी प्रकार है भंते ! यह इसी प्रकार है (यों कहकर) द्वितीय गौतम गोत्रीय अग्निभूति अनगार श्रमण भगवान् महावीर स्वामी को वन्दन नमस्कार करते हैं, वन्दन नमस्कार करके जहां तृतीय गौतम ! (गोत्रीय) वायुभूति अनगार थे, वहां आए। उनके निकट पहुंचकर वे तृतीय गौतम (गोत्रीय) वायुभूति अनगार से यों बोले

हे गौतम ! असुरेन्द्र असुरराज चमर ऐसी महाऋद्धि वाला है। **इत्यादि समग्र वर्णन बिना पूछे ही अग्रमहिषियों पर्यन्त कहा।**

तदनन्तर द्वितीय (गणधर) गौतम गोत्रीय अग्निभूति अनगार द्वारा इस प्रकार से कहे गए **यावत्** इस अर्थ पर तृतीय गौतम वायुभूति अनगार को श्रद्धा नहीं हुई, प्रतीति न हुई, न ही उन्हें रुचिकर लगी। अतः उक्त बात पर श्रद्धा, प्रतीति और रुचि न करते हुए वे अपने आसन से उठे और उठकर जहां श्रमण भगवान् महावीर स्वामी विराजमान थे, वहां (उनके पास) आए और **यावत्** उनकी पर्युपासना करते हुए इस प्रकार बोले-

'भंते ! द्वितीय गौतम गोत्रीय अग्निभूति अनगार ने मुझ से इस प्रकार कहा, इस प्रकार भाषण किया, इस प्रकार बतलाया और यह प्ररूपित किया कि हे गौतम ! असुरेन्द्र असुरराज चमर ऐसी बड़ी ऋद्धिवाला है **यावत्** ऐसा महान् प्रभावशाली है कि वह चौंतीस लाख भवनावासों आदि पर आधिपत्य करता हुआ विचरता है **इत्यादि समग्र वर्णन अग्रमहिषियों की विकुर्वणा शक्ति पर्यन्त कहा।**

प्र. भंते ! यह बात कैसे कही ?

उ. गोयमा ! समणे भगवं महावीरे तच्चं गोयमं वायुभूतिं अणगारं एवं वयासि-

जं णं गोयमा ! तव दोच्चे गोयमे अग्गिभूई अणगारे एवमाइक्खइ जाव परूवेइ "एवं खलु गोयमा ! चमरेणं असुरिंदे असुरराया एमहिड्ढीए **एवं तं चेव सव्वं जाव अग्गमहिसीणं वत्तव्वया समत्ता**" सच्चे णं एसमट्ठे,

अहं पि णं गोयमा ! एवमाइक्खामि जाव परूवेमि एवं खलु गोयमा ! चमरे असुरिंदे असुरराया जाव **महिड्ढीए सो चेव बिइओ गमो भाणियव्वो जाव अग्गमहिसीओ सच्चे णं एसमट्ठे।**

सेवं भंते ! सेवं भंते त्ति तच्चे गोयमे वायुभूई अणगारे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता- 'जेणेव दोच्चे गोयमे अग्गिभूई अणगारे तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता दोच्चं गोयमं अग्गिभूइं अणगारं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एयमट्ठं सम्मं विणएणं भुज्जो-भुज्जो खामेइ।

तए णं से दोच्चे गोयमे अग्गिभूई अणगारे तच्चेणं गोयमेणं वायुभूइणा अणगारे एयमट्ठं सम्मं विणएणं भुज्जो-भुज्जो खामिए समाणे उवट्ठाए उट्ठेइ उट्ठित्ता तच्चेणं गोयमेणं वायुभूइणा अणगारेणं सद्धिं जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता जाव पज्जुवासए।

तए णं से तच्चे गोयमे वायुभूई अणगारे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी-

जइ णं भंते ! चमरे असुरिंदे असुरराया एमहिड्ढीए जाव एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए बली णं भंते ! वइरोयणिंदे वइरोयणराया के महिड्ढीए जाव केवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए ?

उ. गोयमा ! बली णं वइरोयणिंदे वइरोयणराया महिड्ढीए जाव महाणुभागे।

से णं तत्थ तीसाए भवणावाससयसहस्साणं, सट्ठीए सामाणियसाहस्सीणं **सेसं जहा चमरस्स**

णवरं-चउण्हं सट्ठीणं आयरक्खदेवसाहस्सीणं अन्नेसिं च जाव भुंजमाणे विहरइ।

से जहानामए एवं जहा चमरस्स,

णवरं-साइरेगं केवलकप्पं जंबूद्दीवे दीवं ति भाणियव्वं।

सेसं तहेव जाव नो विउव्विस्सइ वा।

उ. गौतम ! इस प्रकार सम्बोधन करके श्रमण भगवान् महावीर ने तृतीय गौतम वायुभूति अनगार से इस प्रकार कहा-

हे गौतम! द्वितीय गौतम अग्निभूति अनगार ने तुम से जो इस प्रकार कहा यावत् प्ररूपित किया है गौतम ! असुरेन्द्र असुरराज चमर ऐसी महान ऋद्धि वाला है, **इत्यादि उसकी अग्रमहिषियों पर्यन्त का समग्र वर्णन (यहां कहना चाहिए) यह कथन सत्य है।**

हे गौतम ! मैं भी इसी प्रकार कहता हूं यावत् प्ररूपित करता हूं कि हे गौतम ! असुरेन्द्र असुरराज चमर महाऋद्धिशाली है, इत्यादि **उसकी अग्रमहिषियों तक का समग्र वर्णन द्वितीय आलापक के समान कहना चाहिए। यह बात सत्य है।**

भंते ! यह इसी प्रकार है, भंते ! यह इसी प्रकार है, यों कहकर तृतीय गौतम वायुभूति अनगार ने श्रमण भगवान् महावीर को वन्दन नमस्कार किया और वंदन नमस्कार करके जहां द्वितीय गौतम गोत्रीय अग्निभूति अनगार थे, वहां आए वहां आकर द्वितीय गौतम गोत्रीय अग्निभूति अनगार को वन्दन नमस्कार किया वंदन नमस्कार करके पूर्वोक्त बात की उपेक्षा के लिए उनसे विनय पूर्वक बार बार क्षमायाचना की।

तदनन्तर द्वितीय गौतम (गोत्रीय) अग्निभूति अनगार उस पूर्वोक्त बात के लिए तृतीय गौतम वायुभूति के साथ सम्यक् प्रकार से विनयपूर्वक क्षमायाचना कर लेने पर अपने आसन से उठे और उठकर तृतीय गौतम गोत्रीय वायुभूति अनगार के साथ जहां श्रमण भगवान् महावीर विराजमान थे वहां आए, वहां आकर श्रमण भगवान् महावीर को वंदन नमस्कार किया और वंदन नमस्कार करके यावत् उनकी पुर्यपासना करने लगे।

इसके पश्चात् तीसरे गौतम ! (गोत्रीय) वायुभूति अनगार ने श्रमण भगवान् महावीर को वंदन नमस्कार किया, वंदन नमस्कार करके इस प्रकार बोले-

'भंते ! यदि असुरेन्द्र असुरेन्द्रराज चमर इतनी बड़ी ऋद्धि वाला है यावत् इतनी विकुर्वणाशक्ति से सम्पन्न है, तब भंते ! वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि कितनी बड़ी ऋद्धि वाला है? यावत् वह कितनी विकुर्वणा करने में समर्थ है ?

उ. गौतम ! वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि महाऋद्धिसम्पन्न है यावत् महाप्रभावशाली है।

वह वहां तीस लाख भवनावासों तथा साठ हजार सामानिक देवों का अधिपति है। **शेष समग्र वर्णन चमरेन्द्र के समान जान लेना चाहिए।**

विशेष-बलि वैरोचनेन्द्र दो लाख चालीस हजार आत्मरक्षक देवों का तथा अन्य बहुत से दूसरे देव देवियों का आधिपत्य करता हुआ यावत् विचरता है।

चमरेन्द्र की विकुर्वणा शक्ति की तरह इसकी भी विकुर्वणा शक्ति का रूप जानना चाहिए।

विशेष-बलि अपनी विकुर्वणा शक्ति से सातिरेक सम्पूर्ण जम्बूद्वीप को भर देता है।

शेष सारा वर्णन विकुर्वणा नहीं करेगा पर्यन्त पूर्ववत् समझ लेना चाहिए।

प. जइ णं भंते ! बली वइरोयणिंदे वैरोयणराया एमहिड्ढीए **जाव** एवइयं च णं पभू विउव्वित्तए बलिस्स णं वइरोयणस्स सामाणियदेवा के महिड्ढिया जाव केवइयं णं पभू किकुव्वित्तए ?

उ. गोयमा ! एवं **सामाणियदेवा, तावत्तीसा, लोकपालअग्गमहिसीओ य जहा चमरस्स**

णवरं–साइरेगं जंबुद्दीवे जाव एगमेगाए अग्गमहिसीए देवीए इमे वुइए विसए जाव नो विउव्विस्संति वा।

सेवं भंते ! सेवं भंते त्ति, तच्चे गोयमे वायुभूई अणगारे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता **नच्चासन्ने जाव** पज्जुवासइ।

तए णं से दोच्चे गोयमे अग्गिभूई अणगारे समणे भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासि–

प. जइ णं भंते ! बली वइरोयणिंदे वइरोयणराया एमहिड्ढीए **जाव** एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए धरणे णं भंते ! नागकुमारिंदे नागकुमारराया के महिड्ढीए **जाव** केवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए ?

उ. गोयमा ! धरणे णं नागकुमारिंदे नागकुमारराया एमहिड्ढीए **जाव** से णं तत्थ चोयालीसाए भवणावाससयसहस्साणं, छण्हं सामाणियसाहस्सीणं, तायत्तीसाए तायत्तीसगाणं, चउण्हं लोगपालाणं, छण्हं अग्गमहिसीणं सपरिवाराणं, तिण्हं परिसाणं, सत्तण्हं अणियाणं, सत्तण्हं अणियाहिवईणं, चउवीसाए आयरक्खदेवसाहस्सीणं अन्नेसिं च णं **जाव** विहरइ। एवइयं च णं पभू विउव्वित्तए से जहानामए जुवइं जुवाणे **जाव** पभू केवलकप्पं जंबुद्दीवं **जाव** तिरियमसंखेज्जे दीवे-समुद्दे बहूहिं नागकुमारीहिं **जाव** नो विउव्विस्सइ वा।

सामाणिय-तायत्तीस-लोगपाल अग्गमहिसीओ य तहेव जहा चमरस्स।

णवरं–संखिज्जे दीव-समुद्दे भाणियव्वं।

एवं जाव थणियकुमारा, वाणमंतर जोइसिया वि।

णवरं–दाहिणिल्ले सव्वे अग्गीभूई पुच्छइ, उत्तरिल्ले सव्वे वाउभूई पुच्छइ।

प्र. भंते ! यदि वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि इतनी महाऋद्धि वाला है **यावत्** उसकी इतनी विकुर्वणा शक्ति है तो उस वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि के सामानिक देव कितनी बड़ी ऋद्धि वाले हैं, यावत् उनकी विकुर्वणाशक्ति कितनी है ?

उ. गौतम ! **बलि के सामानिक देव, त्रायस्त्रिंशक देव एवं लोकपाल तथा अग्रमहिषियों की ऋद्धि आदि का वर्णन चमरेन्द्र के सामानिक देवों की तरह समझना चाहिए।**

विशेष–इनकी विकुर्वणा शक्ति सातिरेक जम्बूद्वीप के स्थल तक को भर देने की है **यावत्** प्रत्येक अग्रमहिषी की इतनी विकुर्वणाशक्ति विषयमात्र कही है यावत् वे विकुर्वणा करेंगी भी नहीं, यहां तक पूर्ववत् समझ लेना चाहिए।

भंते ! जैसे आप कहते हैं, वह इसी प्रकार है, भंते ! यह इसी प्रकार है यों कहकर तृतीय गौतम ! वायुभूति अनगार ने श्रमण भगवान् महावीर स्वामी को वंदन नमस्कार किया और वंदन नमस्कार करके न अतिदूर और न अतिनिकट रहकर **यावत्** वे पर्युपासना करने लगे।

तत्पश्चात् द्वितीय गौतम (गोत्रीय) अग्निभूति अणगार ने श्रमण भगवान् महावीर को वंदन नमस्कार किया वंदन नमस्कार करके इस प्रकार कहा–

प्र. भंते ! यदि वैरोचनेन्द्र वैरोचनराज बलि इस प्रकार की महाऋद्धि वाला है **यावत्** इतनी विकुर्वणा करने में समर्थ है, तो भंते ! नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज धरण कितनी बड़ी ऋद्धि वाला है ? **यावत्** कितनी विकुर्वणा करने में समर्थ है ?

उ. गौतम ! वह नागकुमारेन्द्र नागकुमारराज धरणेन्द्र महाऋद्धि वाला है **यावत्** वह चवालीस लाख भवनावासों पर, छह हजार सामानिक देवों पर, तेतीस त्रायस्त्रिंशक देवों पर, चार लोकपालों पर, परिवार सहित छह अग्रमहिषियों पर, तीन परिषदाओं पर, सात सेनाओं पर, सात सेनाधिपतियों पर और चौबीस हजार आत्मरक्षक देवों पर तथा अन्य अनेक देवों और देवियों पर आधिपत्य आदि करता हुआ रहता है और इतनी विकुर्वणा करने में समर्थ है जैसे युवा पुरुष अपने हाथ से युवती स्त्री के हाथ को पकड़ता है। उसी प्रकार **यावत्** वह अपने द्वारा वैक्रियकृत बहुत से नागकुमार देवों और नागकुमारदेवियों से सम्पूर्ण जम्बूद्वीप को भरने में समर्थ है और तिर्यग्लोक के असंख्यात द्वीप समुद्रों जितने स्थल को भरने की शक्ति वाला है। परन्तु विकुर्वणा नहीं करेगा।

धरणेन्द्र के सामानिक देव, त्रायस्त्रिंशक देव, लोकपाल और अग्रमहिषियों की ऋद्धि आदि का वर्णन चमरेन्द्र के वर्णन की तरह कह लेना चाहिए।

विशेष–इन सबकी विकुर्वणा शक्ति संख्यात द्वीप समुद्रों के स्थल को भरने की समझनी चाहिए।

इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त सभी भवनपतिदेवो वाणव्यंतर और ज्योतिष्कदेवों के सम्बन्ध में कहना चाहिए।

विशेष–दक्षिण दिशा के सभी इन्द्रों के विषय में द्वितीय गौतम (गोत्रीय) अग्निभूति अनगार पूछते हैं और उत्तर दिशा के सभी इन्द्रों के विषय में तृतीय गौतम वायुभूति अनगार पूछते हैं।

'भंते !' त्ति भगवं दोच्चे गोयमे अग्गिभूई अणगारे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–

प. जइ णं भंते ! जोइसिंदे जोइसराया एमहिड्ढीए **जाव** एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए सक्के णं भंते ! देविंदे देवराया के महिड्ढीए **जाव** केवइयं च णं पभू विउव्वित्तए ?

उ. गोयमा ! सक्के णं देविंदे देवराया महिड्ढीए **जाव** महाणुभागे। से णं तत्थ बत्तीसाए विमाणावाससयसहस्साणं, चउरासीए सामाणियसाहस्सीणं **जाव** चउण्हं चउरासीणं आयरक्खदेवसाहस्सीणं अन्नेसिं च **जाव** विहरइ। एमहिड्ढीए **जाव** एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए।

एवं जहेव चमरस्स तहेव भाणियव्वं।

णवरं–दो केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे,

अवसेसं तं चेव।

एस णं गोयमा ! सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो इमेयारूवे विसए विसयमेत्ते णं वुइए, नो चेव णं संपत्तीए विकुव्विंसु वा, विकुव्वइ वा, विकुव्विस्सइ वा।

प. जइ णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया एमहिड्ढीए **जाव** एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए एवं खलु देवाणुप्पियाणं अंतेवासी तीसए णामं अणगारे पगइभद्दए जाव विणीए छट्ठंछट्ठेणं अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं अप्पाणं भावेमाणे बहुपडिपुण्णाइं अट्ठसंवच्छराइं सामण्णपरियागं पाउणित्ता मासियाए संलेहणाए अत्ताणं झूसेत्ता सट्ठिं भत्ताइं अणसणाए छेदेत्ता आलोइय-पडिक्कंते समाहिपत्ते कालमासे कालं किच्चा सोहम्मे कप्पे सयंसी उववायसभाए देवसयणिज्जंसि देवदूसंतरिए अंगुलस्स असंखेज्जइभागमेत्तीए ओगाहणाए सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो सामाणियदेवत्ताए उववन्ने। तए णं तीसए देवे अहुणोववन्नमेत्ते समाणे पंचविहाए पज्जत्तीए पज्जत्तिभावं गच्छइ, तंजहा–

१. आहारपज्जत्तीए, २. सरीरपज्जत्तीए,
३. इंदियपज्जत्तीए, ४. आणापाणुपज्जत्तीए,
५. भासा-मणपज्जत्तीए।

तए णं तं तीसयं देवं पंचविहाए पज्जत्तीए पज्जत्तिभावं गयं समाणं सामाणियपरिसोववन्नया देवा करलयपरिग्गहियं दसनहं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु जएणं विजएणं वद्धाविंति वद्धावित्ता एवं वयासि–

'भंते !' यों संबोधन करके द्वितीय गौतम (गौत्रीय) अग्निभूति अनगार ने श्रमण भगवान् महावीर को वंदन नमस्कार किया और वंदन नमस्कार करके इस प्रकार कहा–

प्र. भंते ! यदि ज्योतिष्केन्द्र ज्योतिष्कराज ऐसी महाऋद्धिवाला है **यावत्** इतनी विकुर्वणा करने में समर्थ है तो भंते ! देवेन्द्र देवराज शक्र कितनी महाऋद्धि वाला है और कितनी विकुर्वणा करने में समर्थ है ?

उ. गौतम ! देवेन्द्र देवराज शक्र महान ऋद्धिवाला है **यावत्** महाप्रभावशाली है वह वहां बत्तीस लाख विमानावासों पर तथा चौरासी हजार सामानिक देवों पर **यावत्** तीन लाख छत्तीस हजार आत्मरक्षक देवों पर एवं दूसरे बहुत से देवों पर आधिपत्य करता हुआ **यावत्** विचरण करता है। शक्रेन्द्र ऐसी बड़ी ऋद्धि वाला है यावत् इतनी विक्रिया करने में समर्थ है।

उसकी वैक्रिय शक्ति के विषय में चमरेन्द्र की तरह सब कथन करना चाहिए।

विशेष–वह अपने विकुर्वित रूपों से दो सम्पूर्ण जम्बूद्वीप जितने स्थल को भरने में समर्थ है।

शेष सब पूर्ववत् कहना चाहिए।

गौतम ! देवेन्द्र देवराज शक्र की यह इस रूप की वैक्रिय शक्ति तो केवल विषय और विषयमात्र कही है परन्तु शक्र ने ऐसी शक्ति के रहते हुए भी विकुर्वणा की नहीं, करता नहीं और करेगा भी नहीं।

प्र. भंते ! यदि देवेन्द्र देवराज शक्र ऐसी महान् ऋद्धि वाला है **यावत्** इतनी विकुर्वणा करने में समर्थ है तो आप देवानुप्रिय का शिष्य "तिष्यक" नामक अनगार जो प्रकृति से भद्र **यावत्** विनीत था निरन्तर छठ छठ (बेले-बेले) की तपस्या से अपनी आत्मा को भावित करता हुआ, पूरे आठ वर्ष तक श्रामण्यपर्याय (साधु-दीक्षा) का पालन करके, एक मास की संलेखना से अपनी आत्मा को भावित करते हुए तथा साठ भक्त (टंक) अनशन का छेदन कर, आलोचना और प्रतिक्रमण करके समाधिपूर्वक काल के अवसर पर मृत्यु प्राप्त करके सौधर्मदेवलोक में गया है। वह वहां अपने विमान में, उपपातसभा में, देवदूष्य से आच्छादित देवशय्या में, अंगुल के असंख्यातवें भाग जितनी अवगाहना से देवेन्द्र देवराज शक्र के सामानिक देव के रूप में उत्पन्न हुआ है। फिर तत्काल उत्पन्न हुआ वह तिष्यक देव पांच प्रकार की पर्याप्तियों से पर्याप्त भाव को प्राप्त हुआ, यथा–

१. आहार पर्याप्ति, २. शरीरपर्याप्ति,
३. इन्द्रियपर्याप्ति, ४. आनापान पर्याप्ति (श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति),
५. भाषा-मनः पर्याप्ति।

तदनन्तर जब वह तिष्यकदेव पांच प्रकार की पर्याप्तियों से पर्याप्त भाव को प्राप्त हो चुका तब सामानिक परिषद् के देवों ने दोनों हाथों को जोड़कर एवं दसों अंगुलियों के दसों नखों को इकट्ठे करके मस्तक पर अंजलि करके जय विजय शब्दों से बधाई दी और बधाई देकर इस प्रकार बोले–

"अहो ! णं देवाणुप्पिएहिं दिव्वा देविड्ढी, दिव्वा देवज्जुई दिव्वे देवाणुभावे लद्धे पत्ते अभिसमन्नागए जारिसिया णं देवाणुप्पिएहिं दिव्वा देविड्ढी दिव्वा देवज्जुई दिव्वे देवाणुभावे लद्धे पत्ते अभिसमन्नागए तारिसिया णं सक्केणं देविंदेणं देवरण्णा दिव्वा देविड्ढी **जाव** अभिसमन्नागया जारिसिया णं सक्केणं देविंदेणं देवरण्णा दिव्वा देविड्ढी **जाव** अभिसमन्नागया तारिसिया णं देवाणुप्पिएहिं दिव्वा देविड्ढी जाव अभिसमन्नागया।

"अहो ! आप देवानुप्रिय ने यह दिव्य देव ऋद्धि दिव्य देव द्युति और दिव्य देव-प्रभाव उपलब्ध किया है, अधिगत किया है जैसी दिव्य देव ऋद्धि, दिव्य देव कान्ति और दिव्य देवप्रभाव आप देवानुप्रिय ने उपलब्ध प्राप्त और अभिमुख किया है, वैसी ही दिव्य देवऋद्धि, दिव्य देवकान्ति और दिव्य देवप्रभाव देवेन्द्र देवराज शक्र ने उपलब्ध, प्राप्त और अभिमुख किया है जैसी दिव्य देव ऋद्धि **यावत्** अभिमुख शक्र ने किया है वैसी ही दिव्य देवऋद्धि **यावत्** अभिमुख आपने किया है।"

प. से णं भंते ! तीसए देवे के महिड्ढीए **जाव** केवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए ?

उ. गोयमा ! महिड्ढीए **जाव** महाणुभागे से णं तत्थ सयस्स विमाणस्स, चउण्हं सामाणियसाहस्सीणं, चउण्हं अग्गमहिसीणं सपरिवाराणं, तिण्हं परिसाणं, सत्तण्हं अणियाणं, सत्तण्हं अणियाहिवईणं, सोलसण्हं आयरक्खदेवसाहस्सीणं, अन्नेसिं च बहूणं वेमाणियाणं देवाण य देवीण य **जाव** विहरइ। एमहिड्ढी ए **जाव** एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए।

से जहाणामए जुवइं जुवाणे हत्थेणं हत्थे गेण्हेज्जा **जहेव सक्कस्स तहेव जाव एस** णं गोयमा ! तीसयस्स देवस्स अयमेयारूवे विसए विसयमेत्ते वुइए नो चेव णं संपत्तीए विउव्विंसु वा, विउव्वइ वा, विउविस्सइं वा।

प्र. भंते ! वह तिष्यक देव कितनी महाऋद्धि वाला है **यावत्** कितनी विकुर्वणा करने में समर्थ है ?

उ. गौतम ! वह तिष्यक देव महाऋद्धि वाला है **यावत्** महाप्रभाव वाला है। वह वहां अपने विमान पर चार हजार सामानिक देवों पर, सपरिवार चार अग्रमहिषियों पर, तीन परिषदाओं पर, सात सैन्यों पर, सात सेनाधिपतियों पर एवं सोलह हजार आत्मरक्षक देवों और देवियों पर आधिपत्य करता हुआ **यावत्** विचरण करता है यह तिष्यकदेव ऐसी महाऋद्धि वाला है **यावत्** इतनी विकुर्वणा करने में समर्थ है।

जैसे कोई युवती युवा पुरुष का हाथ दृढ़ता से पकड़कर चलती है **इस प्रकार शक्रेन्द्र की विकुर्वणा शक्ति के लिए दिये गए दृष्टांत की तरह यहां भी कहना चाहिए यावत्** हे गौतम ! तिष्यकदेव का यह और इस प्रकार की शक्ति का विषय और विषय मात्र बताया है किन्तु शक्ति के रहते हुए भी कभी उसने इतनी विकुर्वणा की नहीं, करता भी नहीं और करेगा भी नहीं।

प. जइ णं भंते ! तीसए देवे एमहिड्ढीए **जाव** एवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए सक्कस्स णं भंते ! देविंदस्स देवरण्णो अवसेसा सामाणिया देवा के महिड्ढीया जाव केवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए ?

उ. गोयमा ! **तहेव सव्वं जाव एस** णं गोयमा ! सक्कस्स देविंदस्स देवरण्णो एगमेगस्स सामाणियस्स देवस्स इमेयारूवे विसए विसयमेत्ते वुइए नो चेव णं संपत्तीए विकुव्विंसु वा, विकुव्वंति वा विकुव्विस्संति वा।

प्र. भंते ! यदि तिष्यक देव इतनी महाऋद्धि वाला है **यावत्** इतनी विकुर्वणा करने की शक्ति रखता है, तो भंते ! देवेन्द्र देवराज शक्र के दूसरे सब सामानिक देव कितनी महाऋद्धि वाले हैं **यावत्** उनकी विकुर्वणा शक्ति कितनी है ?

उ. हे गौतम ! **जिस प्रकार तिष्यकदेव की ऋद्धि एवं विकुर्वणा-शक्ति आदि के विषय में कहा उसी प्रकार शक्रेन्द्र के विषय में जानना चाहिए**, किन्तु हे गौतम ! यह विकुर्वणा शक्ति देवेन्द्र देवराज शक्र के प्रत्येक सामानिक देव का विषय और विषय-मात्र बताया गया है किन्तु शक्ति के रहते हुए भी उन्होंने कभी इतनी विकुर्वणा की नहीं, करते नहीं और करेंगे भी नहीं।

तायत्तीसय-लोगपाल-अग्गमहिसीणं जहेव चमरस्स।

शक्रेन्द्र के त्रायस्त्रिंशक लोकपाल और अग्रमहिषियों का कथन चमरेन्द्र की तरह कहना चाहिए।

णवरं–दो केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे, अन्नं तं चेव।

विशेष–वे अपने वैक्रियकृत रूपों से दो सम्पूर्ण जम्बूद्वीपों को व्याप्त करने में समर्थ हैं। **शेष समग्र वर्णन चमरेन्द्र की तरह कहना चाहिए।**

सेवं भंते ! सेवं भंते ! त्ति दोच्चे गोयमे **जाव** विहरइ।

भंते ! यह इसी प्रकार है, भंते ! यह इसी प्रकार है, यों कहकर द्वितीय गौतम अग्निभूति अनगार **यावत्** विचरण करते हैं।

भंते ! त्ति भगवं तच्चे गोयमे वाउभूई अणगारे भगवं **जाव** एवं वयासी–

'भंते !' यों संबोधन कर तृतीय गौतम वायुभूति अनगार ने श्रमण भगवान् महावीर से **यावत्** इस प्रकार पूछा–

प. जइ णं भंते ! सक्के देविंदे देवराया एमहिड्ढीए **जाव** एवइयं च णं पभू विउव्वित्तए ईसाणे णं भंते ! देविंदे देवराया के महिड्ढीए **जाव** केवइयं च णं पभू विकुव्वित्तए ?

प्र. भंते ! यदि देवेन्द्र देवराज शक्र इतनी महाऋद्धि वाला है **यावत** इतनी विकुर्वणा करने में समर्थ है तो भंते देवेन्द्र देवराज ईशान कितनी महाऋद्धि वाला है **यावत्** कितनी विकुर्वणा करने की शक्ति वाला है ?

उ. गोयमा ! एवं तहेव।

णवरं–साहिए दो केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे,

अवसेसं तहेव।

जइ णं भंते ! ईसाणे देविंदे देवराया एमहिड्ढीए जाव एवइयं च णं पभू विउव्वित्तए एवं खलु देवाणुप्पियाणं अंतेवासी कुरुदत्तपुत्ते नामं पगइभद्दए जाव विणीए अट्ठमंअट्ठमेणं अणिक्खित्तेणं पारणए आयंबिलपरिग्गहिएणं तवोकम्मेणं उड्ढं बाहाओ पगिज्झिय-पगिज्झिय सूराभिमुहे आयावणभूमीए आयावेमाणं बहुपडिपुण्णे छम्मासे सामण्णपरियागं पाउणित्ता अद्धमासियाए संलेहणाए अत्ताणं झोसित्ता तीसं भत्ताइं अणसणाए छेदित्ता आलोइयपडिक्कंते समाहिपत्ते कालमासे कालं किच्चा ईसाणे कप्पे सयंसि विमाणंसि जा चेव तीसाए वत्तव्वया सच्चेव अपरिसेसा कुरुदत्तपुत्ते वि।

णवरं–साइरेगे दो केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे,

अवसेसं तं चेव।

एवं सामाणिय तायत्तीस-लोगपाल-अग्गमहिसीणं जाव एस णं गोयमा ! ईसाणस्स देविंदस्स देवरण्णो एवं एगमेगाए अग्गमहिसीए देवीए अयमेयारूवे विसए विसयमेत्ते वुइए, नो चेव णं संपत्तीए विकुव्विंसु वा, विकुव्वंति वा, विकुविस्संति वा।

एवं सणंकुमारे वि,

णवरं–चत्तारि केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे, अदुत्तरं च णं तिरियमसंखेज्जे।

एवं सामाणिय-तायत्तीस-लोगपाल-अग्गमहिसीणं असंखेज्जे दीव-समुद्दे सव्वे विउव्वंति।

सणंकुमाराओ आरद्धा उवरिल्ला लोगपाला सव्वे वि असंखेज्जे दीव समुद्दे विउव्वंति।

एवं माहिंदे वि।

णवरं–साइरेगे चत्तारि केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे।

एवं बंभलोए वि,

नवरं–अट्ठ केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे।

उ. गौतम ! जैसा शक्रेन्द्र के विषय में कहा था वैसा ही सारा वर्णन ईशानेन्द्र के विषय में जानना चाहिए।

विशेष–वह (अपने वैक्रियकृत) रूपों से कुछ अधिक सम्पूर्ण दो जम्बूद्वीपों को भरने में समर्थ है

शेष सारा वर्णन पूर्ववत् जानना चाहिए।

भंते ! यदि देवेन्द्र देवराज ईशान इतनी बड़ी ऋद्धि से युक्त है यावत् वह इतनी विकुर्वणा शक्ति रखता है तो प्रकृति से भद्र यावत् विनीत तथा निरन्तर अट्ठम-अट्ठम (तेले-तेले) की तपस्या और पारणे में आयम्बिल, ऐसी कठोर तपश्चर्या से आत्मा को भावित करता हुआ दोनों हाथ ऊंचे रखकर सूर्य की ओर मुख करके आतापना भूमि में आतापना लेने वाला आप देवानुप्रिय का अन्तेवासी (शिष्य) कुरुदत्तपुत्र अनगार पूरे छह महीने तक श्रामण्यपर्याय का पालन करके अर्द्धमासिक (१५ दिन के) संलेखना से अपनी आत्मा को शुद्ध करके तीस भक्तों (३० टंक) का अनशन से छेदन करके आलोचना प्रतिक्रमण पूर्वक समाधि प्राप्त कर काल का अवसर आने पर काल करके ईशानकल्प में अपने विमान में ईशानेन्द्र के सामानिक देव के रूप में उत्पन्न हुआ है इत्यादि समग्र कथन तिष्यक देव की तरह कुरुदत्तपुत्र देव के लिए भी कहना चाहिए।

विशेष–कुरुदत्तपुत्र देव अपने विकुर्वित रूपों से कुछ अधिक दो जम्बूद्वीपों को भरने में समर्थ है।

शेष समस्त वर्णन उसी तरह ही समझना चाहिए।

इसी तरह (ईशानेन्द्र के अन्य) सामानिक देव, त्रायस्त्रिंशक देव एवं लोकपाल तथा अग्रमहिषियों की ऋद्धि विकुर्वणा शक्ति आदि (के विषय में) जानना चाहिए यावत् हे गौतम ! देवेन्द्र देवराज ईशान और एक एक अग्रमहिषी देवी का यह और इस प्रकार का विषय और विषयमात्र बताया है किन्तु शक्ति के रहते हुए भी कभी इतनी विकुर्वणा की नहीं, करते नहीं और करेंगे भी नहीं।

इसी प्रकार सनत्कुमार देवलोक के देवेन्द्र के विषय में भी समझना चाहिए।

विशेष–सनत्कुमारेन्द्र की विकुर्वणा शक्ति सम्पूर्ण चार जम्बूद्वीपों जितने स्थल को भरने की है और तिरछे उसकी विकुर्वणाशक्ति असंख्यात द्वीप समुद्रों जितने स्थल को भरने की है।

इसी तरह (सनत्कुमारेन्द्र के) सामानिक देव त्रायस्त्रिंशक लोकपाल एवं अग्रमहिषियों की विकुर्वणाशक्ति असंख्यात द्वीप समुद्रों जितने स्थल को भरने की है।

सनत्कुमार से लेकर ऊपर के (देवलोकों के) सब लोकपाल असंख्यातद्वीप समुद्रों को भरने की वैक्रियशक्ति वाले हैं।

इसी तरह माहेन्द्र के विषय में भी समझ लेना चाहिए।

विशेष–कुछ अधिक चार जम्बूद्वीपों जितने स्थल को भरने की विकुर्वणाशक्ति वाले हैं।

इसी प्रकार ब्रह्मलोक के विषय में भी जानना चाहिए।

विशेष–वे सम्पूर्ण आठ जम्बूद्वीपों (को भरने) की वैक्रियशक्ति वाले हैं।

एवं लंतए वि,

इसी प्रकार लान्तक नामक देवलोक के विषय में भी समझना चाहिए।

णवरं--साइरेगे अट्ठ केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे।

विशेष--वे कुछ अधिक आठ जम्बूद्वीपों के स्थल को भरने की विकुर्वणा शक्ति रखते हैं।

महासुक्के सोलस केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे।

महाशुक्र देवलोक के इन्द्रादि सम्पूर्ण सोलह जम्बूद्वीपों (जितने स्थल) को भरने की वैक्रियशक्ति रखते हैं।

सहस्सारे साइरेगे सोलस केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे।

सहस्रार देवलोक के इन्द्रादि कुछ अधिक सोलह जम्बूद्वीपो के स्थल को भरने की सामर्थ्य रखते हैं।

एवं पाणए वि,

इसी प्रकार प्राणत देवलोक के इन्द्रादि के विषय में भी जानना चाहिए।

णवरं--बत्तीसं केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे।

विशेष--वे सम्पूर्ण बत्तीस जम्बूद्वीपों जितने क्षेत्र को भरने की वैक्रियशक्ति वाले हैं।

एवं अच्चुए वि,

इसी प्रकार अच्युत कल्प के इन्द्रादि के विषय में भी जानना चाहिए।

णवरं--साइरेगे बत्तीसं केवलकप्पे जंबुद्दीवे दीवे।

विशेष--कुछ अधिक बत्तीस जम्बूद्वीप क्षेत्र को भरने का वैक्रिय सामर्थ्य रखते हैं

अन्नं तं चेव।

शेष सब वर्णन पूर्ववत् समझना चाहिए।

सेव भंते ! सेवं भंते ! त्ति तच्चे गोयमे वायुभूई अणगारे समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता जाव विहरइ। *-विया. स. ३, उ. १, सु. २ ३०*

भंते ! यह इसी प्रकार है, भंते ! यह इसी प्रकार है यों कहकर तृतीय गौतम वायुभूति अनगार श्रमण भगवान् महावीर स्वामी को वंदन नमस्कार करते हैं और वंदन नमस्कार करके **यावत्** विचरण करने लगे।

२०. देवेसु जहेच्छया विकुव्वणा करणाकरण सामत्थं--

२०. देवों में यथेच्छा विकुर्वणा करने; नहीं करने का सामर्थ्य--

प. दो भंते ! असुरकुमारा एगंसि असुरकुमारावासंसि असुरकुमार देवत्ताए उववण्णा,
तत्थ णं एगे असुरकुमारे देवे उज्जुयं विउव्विस्सामीति

उज्जुयं विउव्वइ, वंकं विउव्विस्सामीति वंकं विउव्वइ, जं जहा इच्छइ तं तहा विउव्वइ।

एगे असुरकुमारे देवे उज्जुयं विउव्विस्सामीति वंकं विउव्वइ, वंकं विउव्विस्सामीति उज्जुयं विउव्वइ, जं जहा--इच्छइ नो तं तहा विउव्वइ,

से कहमेयं भंते ! एवं ?

प्र. भंते ! एक ही असुरकुमारावास में दो असुरकुमार, असुरकुमार देव रूप में उत्पन्न हुए,
उनमें से एक असुरकुमार देव यह चाहता है कि "मैं ऋजु रूप की विकुर्वणा करूँगा",
तो वह ऋजु रूप की विकुर्वणा करता है और यदि वह चाहता है कि "मैं वक्र रूप की विकुर्वणा करूँगा" तो वह वक्र रूप की विकुर्वणा करता है। अर्थात् वह जिस रूप की विकुर्वणा करना चाहता है वह उसी रूप की विकुर्वणा करता है।
जबकि एक असुरकुमारदेव चाहता है कि "मैं ऋजु रूप की विकुर्वणा करूँगा" किन्तु वक्र रूप की विकुर्वणा हो जाती है और वह यदि चाहता है कि 'मैं वक्र रूप की विकुर्वणा करूँगा' किन्तु ऋजु रूप की विकुर्वणा हो जाती है।
अर्थात् जो जिस रूप की विकुर्वणा करना चाहता है वह उस रूप की विकुर्वणा नहीं कर पाता;
भन्ते ! ऐसा, क्यों होता है ?

उ. गोयमा ! असुरकुमारा देवा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा--
१. माइमिच्छदिट्ठी उववण्णा य,
२. अमाइसम्मदिट्ठी उववण्णा य।
१. तत्थ णं जे से माइमिच्छदिट्ठी उववण्णए असुरकुमारे देवे से णं उज्जुयं विउव्विस्सामीति वंकं विउव्वइ **जाव** नो तं तहा विउव्वइ।

उ. गौतम ! असुरकुमारदेव दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा--
१. मायी-मिथ्यादृष्टि-उपपन्नक,
२. अमायी-सम्यग्दृष्टि-उपपन्नक।
१. इनमें से जो मायी-मिथ्यादृष्टि-उपपन्नक असुरकुमार-देव है, वह ऋजु रूप की विकुर्वणा करना चाहता है किन्तु वक्र रूप की विकुर्वणा हो जाती है **यावत्** जिस रूप की विकुर्वणा करना चाहता है उस रूप की विकुर्वणा नहीं कर पाता,

२. तत्थ णं जे से अमाइसम्मदिट्ठी उववण्णए असुरकुमारे देवे से णं उज्जुयं विउव्विस्सामीति उज्जुयं विउव्वइ जाव तं तहा विउव्वइति।

प. दो भंते ! नागकुमारा एगंसि नागकुमारावासंसि नागकुमारदेवत्ताए उववण्णा जाव जं जहा इच्छइ नो तं तहा विउव्वइ,

से कहमेयं भंते ! एवं ?

उ. गोयमा ! एवं चेव।

एवं जाव थणियकुमारा।

वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणिया एवं चेव।

–विया. स. १८, उ. ५, सु. १२-१५

२. इनमें से जो अमायी-सम्यग्दृष्टि-उपपन्नक असुरकुमारदेव है, वह ऋजु रूप की विकुर्वणा करना चाहता है और ऋजु रूप की ही विकुर्वणा करता है **यावत्** जिस रूप की विकुर्वणा करना चाहता है, उस रूप की विकुर्वणा करता है।

प्र. भंते ! एक ही नागकुमारावास में दो नागकुमार नागकुमार रूप में उत्पन्न हुए, उनमें से एक नागकुमार देव यदि वह चाहे कि मैं ऋजु रूप से **यावत्** जिस रूप की जिस प्रकार से विकुर्वणा करना चाहता है, उस रूप की उसी प्रकार से विकुर्वणा नहीं कर पाता है,

तो भन्ते ! ऐसा, क्यों होता है ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् (असुरकुमार के समान)** जानना चाहिए।

इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यंत विकुर्वणा जानना चाहिए।

वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक भी इसी प्रकार है।

१९. पोग्गल गहणेण विकुव्वणा करणं–

प. देवे णं भंते ! महिड्ढीए जाव महाणुभागे बाहिरए पोग्गले अपरियाइत्ता बालं अच्छेत्ता अभेत्ता पभू गढित्तए ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. **देवे** णं भंते ! महिड्ढीए **जाव** महाणुभागे बाहिरए पोग्गले **अपरियाइत्ता बालं छेत्ता** भेत्ता पभू गढित्तए ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. **देवे** णं भंते ! महिड्ढीए **जाव** महाणुभागे बाहिरए पोग्गले **परियाइत्ता बालं अच्छेत्ता** अभेत्ता पभू गढित्तए ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. **देवे** णं भंते ! महिड्ढीए **जाव** महाणुभागे बाहिरए पोग्गले **परियाइत्ता बालं छेत्ता** भेत्ता पभू गढित्तए ?

उ. हंता, गोयमा ! पभू।

तं चेव णं गंठिं छउमत्थे मणूसे ण जाणइ ण पासइ,

एसुहुमं च णं गढेज्जा।

× × ×

प. **देवे** णं भंते ! महिड्ढीए **जाव** महाणुभागे बाहिरए पोग्गले **अपरियाइत्ता बालं अच्छेत्ता** अभेत्ता पभू दीहीकरित्तए वा हस्सीकरित्तए वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. **देवे** णं भंते ! महिड्ढीए **जाव** महाणुभागे बाहिरए पोग्गले **अपरियाइत्ता बालं छेत्ता** भेत्ता पभू दीहीकरित्तए वा हस्सीकरित्तए **वा** ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

१९. पुद्गलों के ग्रहण द्वारा विकुर्वणा करण–

प्र. भंते ! महर्द्धिक **यावत्** महानुभाग देव बाह्य पुद्गलों को ग्रहण किए बिना और बाल का छेदन भेदन किए बिना उसको घड़ने में समर्थ है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! महर्द्धिक **यावत्** महानुभाग देव बाह्य पुद्गलों को ग्रहण किए बिना बाल का छेदन भेदन किए बिना उसको घड़ने में समर्थ है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! महर्द्धिक **यावत्** महानुभाग देव बाह्य पुद्गलों को ग्रहण करके किन्तु बाल का छेदन भेदन किए बिना उसको घड़ने में समर्थ है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! महर्द्धिक **यावत्** महानुभाग देव बाह्य पुद्गलों को ग्रहण करके और बाल का छेदन भेदन करके उसको घड़ने में समर्थ है ?

उ. हाँ, गौतम ! समर्थ है।

उस घड़ने को छद्मस्थ मनुष्य न जान सकता है और न देख सकता है,

इस प्रकार से वह सूक्ष्म घड़ता है।

× × ×

प्र. भंते ! महर्द्धिक **यावत्** महानुभाग देव बाह्य पुद्गलों को ग्रहण किए बिना और बाल का छेदन किए बिना उस को बड़ा या छोटा करने में समर्थ है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! महर्द्धिक **यावत्** महानुभाग देव बाह्य पुद्गलों को ग्रहण किए बिना बाल का छेदन भेदन करके उसको बड़ा या छोटा करने में समर्थ है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प. देवे णं भंते ! महिड्ढीए **जाव** महाणुभागे बाहिरए पोग्गले **परियाइत्ता बालं अच्छेत्ता** अभेत्ता पभू दीहीकरित्तए वा हस्सीकरित्तए वा?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. देवे णं भंते ! महिड्ढीए जाव महाणुभागे बाहिरए पोग्गले **परियाइत्ता बालं छेत्ता** भेत्ता पभू दीहीकरित्तए वा हस्सीकरित्तए वा?

उ. हंता, गोयमा ! पभू।
तं चेव णं गंठिं छउमत्थे मणूसे ण जाणइ ण पासइ,
एसुहुमं च णं दीहीकरेज्ज वा हस्सी करेज्ज वा।

–जीवा. पडि. ३, सु. ११०(११०-११७)

प्र. भंते ! महर्द्धिक **यावत्** महानुभाग देव बाह्य पुद्‌गलों को ग्रहण करके और बाल का छेदन भेदन किए बिना उस को बड़ा या छोटा करने में समर्थ है?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! महर्द्धिक **यावत्** महानुभाग देव बाह्य पुद्‌गल ग्रहण करके और बाल का छेदन भेदन करके उसको बड़ा या छोटा करने में समर्थ है?

उ. हाँ, गौतम ! यह अर्थ समर्थ है।
उस साधने को छद्‌मस्थ मनुष्य न जान सकता है और न देख सकता है। इस प्रकार से इतना सूक्ष्म छोटा या बड़ा करता है।

२१. पोग्गल गहणेण वण्णाइ परिणमणं–

प. देवे णं भंते ! महिड्ढीए **जाव** महाणुभागे बाहिरए पोग्गले अपरियाइत्ता पभू एगवण्णं एगरूवं विउव्वित्तए?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. देवे णं भंते ! बाहिरए पोग्गले परियाइत्ता पभू एगवण्णं एगरूवं विउव्वित्तए?

उ. हंता, गोयमा ! पभू।

प. से णं भंते ! किं इहगए पोग्गले परियाइत्ता विउव्वइ?
तत्थगए पोग्गले परियाइत्ता विउव्वइ?
अण्णत्थगए पोग्गले परियाइत्ता विउव्वइ?

उ. गोयमा ! णो इहगए पोग्गले परियाइत्ता विउव्वइ,
तत्थगए पोग्गले परियाइत्ता विउव्वइ,
णो अण्णत्थगए पोग्गले परियाइत्ता विउव्वइ।

एवं एएणं गमेणं जाव
१. एगवण्णं एगरूवं,
२. एगवण्णं अणेगरूवं,
३. अणेगवण्णं एगरूवं,
४. अणेगवण्णं अणेगरूवं-**चउभंगो।**

प. देवे णं भंते ! महिड्ढीए **जाव** महाणुभागे बाहिरए पोग्गले अपरियाइत्ता पभू कालगं पोग्गलं नीलगपोग्गलत्ताए परिणामेत्तए? नीलगं पोग्गलं वा कालगपोग्गलत्ताए परिणामेत्तए?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, परियाइत्ता पभू।

प. से णं भंते ! किं इहगए पोग्गले परियाइत्ता परिणामेइ?
तत्थगए पोग्गले परियाइत्ता परिणामेइ?
अण्णत्थगए पोग्गले परियाइत्ता परिणामेइ?

२१. पुद्‌गलों के ग्रहण द्वारा वर्णादि का परिणमन–

प्र. भंते ! क्या महर्द्धिक **यावत्** महानुभाग देव बाहर के पुद्‌गलों को ग्रहण किए बिना एक वर्ण और एक रूप की विकुर्वणा करने में समर्थ है?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! क्या बाहर के पुद्‌गलों को ग्रहण करके एक वर्ण और एक रूप की विकुर्वणा करने में समर्थ हैं?

उ. हाँ, गौतम ! समर्थ है।

प्र. भंते ! क्या वह देव इहगत पुद्‌गलों को ग्रहण करके विकुर्वणा करता है,
तत्रगत पुद्‌गलों को ग्रहण करके विकुर्वणा करता है या
अन्यत्रगत पुद्‌गलों को ग्रहण करके विकुर्वणा करता है?

उ. गौतम ! वह देव, यहाँ रहे हुए पुद्‌गलों को ग्रहण करके विकुर्वणा नहीं करता,
वह वहाँ के पुद्‌गलों को ग्रहण करके विकुर्वणा करता है,
किन्तु अन्यत्र रहे हुए पुद्‌गलों को ग्रहण करके विकुर्वणा नहीं करता है।

इस प्रकार इस गम द्वारा विकुर्वणा के चार भंग कहने चाहिए–
१. एक वर्ण वाला, एक रूप वाला,
२. एक वर्ण वाला, अनेक रूप वाला,
३. अनेक वर्ण वाला, एक रूप वाला,
४. अनेक वर्ण वाला, अनेक रूप वाला। ये चार भंग।

प्र. भंते ! क्या महर्द्धिक **यावत्** महानुभाग देव, बाहर के पुद्‌गलों को ग्रहण किए बिना काले पुद्‌गल को नीले पुद्‌गल के रूप में और नीले पुद्‌गल को काले पुद्‌गल के रूप में परिणत करने में समर्थ है?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है; किन्तु देव बाहरी पुद्‌गलों को ग्रहण करके वैसा करने में समर्थ है।

प्र. भंते ! क्या वह देव इहगत पुद्‌गलों को ग्रहण करके परिणमन करता है,
तत्रगत पुद्‌गलों को ग्रहण करके परिणमन करता है या
अन्यत्रगत पुद्‌गलों को ग्रहण करके परिणमन करता है?

उ. गोयमा ! णो इहगए पोग्गले परियाइत्ता परिणामेइ,

तत्थगए पोग्गले परियाइत्ता परिणामेइ,
णो अण्णत्थगए पोग्गले परियाइत्ता परिणामेइ।

एवं एएणं गमेणं जाव

१. एगवण्णं एगरूवं,
२. एगवण्णं अणेगरूवं,
३. अणेगवण्णं एगरूवं,
४. अणेगवण्णं अणेगरूवं-**चउभंगो।**

एवं कालगपोग्गलं लोहियपोग्गलत्ताए।

एवं कालएणं जाव सुक्किलं।

एवं नीलएणं जाव सुक्किलं।

एवं लोहिएणं जाव सुक्किलं।

एवं हालिद्दएणं जाव सुक्किलं।

एवं एयाए परिवाडीए गंध-रस-फासा।

(कक्खडफासपोग्गलं मउयफासपोग्गलत्ताए।

एवं दो दो गरुय-लहुय, सीय-उसिण, णिद्ध-लुक्ख, फासाइं परिणामेइ।

आलावगा य दो दो, तं जहा–

पोग्गले अपरियाइत्ता, परियाइत्ता।

–विया. स. ६, उ. ९, सु. २-१२

उ. गौतम ! वह देव, यहाँ रहे हुए पुद्गलों को ग्रहण करके परिणमन नहीं करता,

वह वहाँ के पुद्गलों को ग्रहण करके परिणमन करता है,

किन्तु अन्यत्र रहे हुए पुद्गलों को ग्रहण करके परिणमन नहीं करता।

इस प्रकार इस गम द्वारा परिणमन के चार भंग कहने चाहिए–

१. एक वर्ण वाला, एक रूप वाला,
२. एक वर्ण वाला, अनेक रूप वाला,
३. अनेक वर्ण वाला, एक रूप वाला,
४. अनेक वर्ण वाला, अनेक रूप वाला।

इसी प्रकार काले पुद्गल को लाल पुद्गल के रूप में परिणत करने में समर्थ है।

इसी प्रकार काले पुद्गल के साथ शुक्ल पुद्गल पर्यन्त जानना चाहिए।

इसी प्रकार नीले पुद्गल के साथ शुक्ल पुद्गल पर्यन्त जानना चाहिए।

इसी प्रकार लाल पुद्गल को **यावत्** शुक्ल पुद्गल के रूप में परिणत करने में समर्थ है।

इसी प्रकार पीले पुद्गल को **यावत्** शुक्ल पुद्गल के रूप में परिणत करने में समर्थ है।

इसी प्रकार इस क्रम के अनुसार गन्ध, रस और स्पर्श के विषय में भी समझना चाहिए।

(कर्कश स्पर्श वाले पुद्गल को मृदु स्पर्श वाले पुद्गल में परिणत करने में समर्थ है।

इसी प्रकार दो-दो विरुद्ध गुणों को अर्थात् गुरु और लघु, शीत और उष्ण, स्निग्ध और रूक्ष, स्पर्श आदि को वह सर्वत्र परिणमाता है।

इस क्रिया के साथ यहाँ इस प्रकार दो-दो आलापक कहने चाहिए, यथा–

पुद्गलों को ग्रहण करके परिणमाता है, पुद्गलों को ग्रहण किए बिना नहीं परिणमाता है।)

२३. रूविभावं पत्तस्स देवस्स अरूवित्तविउव्वण असामत्थ परूवणं–

प. देवे णं भंते ! महिड्ढीए **जाव** महेसक्खे पुव्वामेव रूवी भवित्ता पभू अरूविं विउव्वित्ता णं चिट्ठित्तए ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ-

"देवे णं महि इढीए **जाव** महेसक्खे पुव्वामेव रूवी भवित्ता पभू अरूविं विउव्वित्ता णं चिट्ठित्तए ?"

उ. गोयमा ! अहमेयं जाणामि, अहमेयं पासामि,
अहमेयं बुज्झामि, अहमेयं अभिसमण्णागच्छामि,
मए एयं नायं, मए एयं दिट्ठं,
मए एयं बुद्धं, मए एयं अभिसमण्णागयं–

२३. रूपी भाव को प्राप्त देव की अरूपी विकुर्वणा के असामर्थ्य का प्ररूपण–

प्र. भंते ! क्या महर्द्धिक **यावत्** महासुख-सम्पन्न देव, पहले रूपी होकर बाद में अरूपी की विक्रिया करने में समर्थ है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भंते ! ऐसा, क्यों कहते हैं कि–

महर्द्धिक **यावत्** महासुख-सम्पन्न देव, पहले रूपी होकर बाद में अरूपी की विक्रिया करने में समर्थ नहीं है ?

उ. गौतम ! मैं यह जानता हूँ, मैं यह देखता हूँ,
मैं यह निश्चित जानता हूँ, मैं यह सर्वथा जानता हूँ;
मैंने यह जाना है, मैंने यह देखा है,
मैंने यह निश्चित समझ लिया है और मैंने यह पूरी तरह से जाना है कि–

जण्णं तहागयस्स जीवस्स सरूविस्स,
सकम्मस्स, सरागस्स, सवेदस्स,
समोहस्स, सलेसस्स, ससरीरस्स,
ताओ सरीराओ अविप्पमुक्कस्स एवं पण्णायइ, तं जहा–

कालत्ते वा **जाव** सुक्किलत्ते वा,
सुब्भिगंधत्ते वा, दुब्भिगंधत्ते वा,
तित्तत्ते वा **जाव** महुरत्ते वा,
कक्खडत्ते वा **जाव** लुक्खत्ते वा।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"देवे णं महिड्ढिए **जाव** महेसक्खे पुव्वामेव रूवी भवित्ता नो पभू अरूविं विउव्वित्ता णं चिट्ठित्तए।"

-विया. स. १७, उ. २, सु. १८

तथा प्रकार के सरूपी,
सकर्म, सराग, सवेद,
समोह, सलेश्य, सशरीर और
उस शरीर से अविमुक्त जीव के विषय में ऐसा सम्प्रज्ञात होता है, यथा–
उस शरीरयुक्त जीव में कालापन **यावत्** श्वेतपन,
सुगन्धित्व या दुर्गन्धित्व,
कटुत्व **यावत्** मधुरत्व,
कर्कशत्व **यावत्** रूक्षत्व होता है।
इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–
"महर्द्धिक **यावत्** महासुख सम्पन्न देव पहले रूपी होकर बाद में अरूपी की विक्रिया करने में समर्थ नहीं है।"

२४. वेमाणिय देवाणं विकुव्वणासत्ती–

प. सोहम्मीसाणेसु णं भंते ! कप्पेसु देवा किं एगत्तं पभू विउव्वित्तए? पुहत्तं पभू विउव्वित्तए?

उ. गोयमा ! एगत्तंपि पभू विउव्वित्तए, पुहत्तंपि पभू विउव्वित्तए,
एगत्तं विउव्वेमाणा एगिंदियरूवं वा **जाव** पंचेंदियरूवं वा विउव्वंति,
पुहत्तं विउव्वेमाणा एगिंदियरूवाणि वा **जाव** पंचेंदियरूवाणि वा,

ताइं संखेज्जाइं पि असंखेज्जाइंपि
सरिसाइं पि असरिसाइं पि
संबद्धाइं पि असंबद्धाइं पि रूवाइं विउव्वंति,

विउव्वित्ता तओ पच्छा जहिच्छिताइं कज्जाइं करेंति।
एवं जाव अच्चुओ।

प. गेवेज्जादेवा किं एगत्तं पभू विउव्वित्तए? पुहुत्तं पभू विउव्वित्तए?

उ. गोयमा ! एगत्तं पि पभू विउव्वित्तए, पुहत्तं पि पभू विउव्वित्तए,
णो चेव णं संपत्तीए विउव्विंसु वा, विउव्वंति वा, विउव्विस्संति वा।
एवं अणुत्तरोववाइया। *-जीवा. पडि. ३, सु. २०३*

२४. वैमानिक देवों की विकुर्वणा शक्ति–

प्र. भंते ! सौधर्म और ईशान कल्पों में देव क्या एक रूप की विकुर्वणा करने में समर्थ है या अनेक रूपों की विकुर्वणा करने में समर्थ है?

उ. गौतम ! एक रूप की विकुर्वणा करने में भी समर्थ है और अनेक रूपों की विकुर्वणा करने में भी समर्थ है।
एक रूप की विकुर्वणा करते हुए एकेन्द्रिय के रूप की **यावत्** पंचेन्द्रिय के रूप की विकुर्वणा करता है।
अनेक रूपों की विकुर्वणा करता हुआ अनेक एकेन्द्रिय रूपों की विकुर्वणा करता है **यावत्** अनेक पंचेन्द्रिय रूपों की विकुर्वणा करता है।
उनमें संख्येय रूपों की भी और असंख्येय रूपों की भी,
सदृश रूपों की भी और असदृश रूपों की भी,
सम्बद्ध रूपों की भी और असम्बद्ध रूपों की भी विकुर्वणा करता है।
यदि काल से किंचित् न्यून एक पक्ष देखे तो क्षेत्र से पच्चीस योजन पर्यन्त देखता है।

यदि क्षेत्र से सम्पूर्ण भरतक्षेत्र को देखे तो काल से अर्धमास परिमित (भूत भविष्यत्) काल को जाने।

यदि क्षेत्र से जम्बूद्वीप पर्यन्त देखे तो काल से एक मास से भी अधिक भूत, भविष्य काल को देखता है।

यदि क्षेत्र से मनुष्यलोक परिमाण क्षेत्र को देखे तो काल से एक वर्ष पर्यन्त भूत, भविष्य काल को देखता है।

यदि क्षेत्र से रुचक क्षेत्र पर्यन्त देखे तो काल से वर्ष पृथक्त्व (अनेक वर्ष) भूत और भविष्यत् काल को जानता है।

यदि अवधिज्ञानी काल से संख्यातकाल को जाने तो क्षेत्र से संख्यात द्वीप-समुद्र पर्यन्त जाने और असंख्यात काल जानने पर क्षेत्र से द्वीपों एवं समुद्रों को भजना से जाने अर्थात् कोई संख्यात और कोई असंख्यात द्वीप-समुद्र जानता है।

काले चउण्ह वुड्ढी, कालो भइयव्वो खेत्तवुड्ढीए।

अवधिज्ञान में काल की वृद्धि होने पर द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव चारों की वृद्धि होती है। क्षेत्र की वृद्धि होने पर काल की वृद्धि में भजना है। अर्थात् किसी के काल की वृद्धि होती है और किसी के नहीं होती है।

वुड्ढीए दव्व-पज्जव भइयव्वा खेत्त-काला उ ॥५१॥

अवधिज्ञान में द्रव्य और पर्याय की वृद्धि होने पर क्षेत्र और काल में वृद्धि की भजना होती है अर्थात् क्षेत्रकाल वृद्धि पाते भी हैं और नहीं भी पाते हैं क्योंकि

सुहुमो य होइ कालो, तत्तो सुहुमयरं हवइ खेत्तं।
अंगुलसेढिमेत्ते ओसप्पिणिओ असंखेज्जा ॥५२॥
—नंदी. सु. १४

काल सूक्ष्म होता है किन्तु क्षेत्र उससे भी सूक्ष्मतर होता है इसका कारण यह है कि एक अंगुल प्रथम श्रेणीरूप क्षेत्र में असंख्यात अवसर्पिणियों जितने समय होते हैं।

८९. ओहिनाणस्स सामित्त परूवणं–

णेरइए-देव-तित्थंकरा य, ओहिस्स बाहिरा होंति।
पासंति सव्वओ खलु, सेसा देसेण पासंति ॥५४॥

से तं ओहिनाणं। —नंदी. सु. २७

८९. अवधिज्ञान के स्वामी का कथन–

नारक, देव एवं तीर्थंकर अवधिज्ञान से अबाह्य (युक्त) ही होते हैं और वे सब दिशाओं और विदिशाओं को देखते हैं। शेष मनुष्य एवं तिर्यञ्च एक देश से देखते हैं।

यह अवधिज्ञान का स्वरूप है।

९०. ओहिनाणभेयस्स उवसंहारो–

ओही भवपच्चइओ, गुणपच्चइओ य वण्णिओ एसो[1]।
तस्स य बहू विगप्पा, दव्वे खेत्ते य काले य ॥५३॥
—नंदी. सु. २६

९०. अवधिज्ञान के भेदों का उपसंहार–

अवधिज्ञान भवप्रत्ययिक और गुणप्रत्ययिक दो प्रकार का कहा गया है और उसके भी द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से बहुत से विकल्प कहे गए हैं।

९१. ओहिनाणस्स अंतो बाहिरदार परूवणं–

प. दं. १. णेरइया णं भन्ते ! ओहिस्स किं अंतो बाहिं[2] ?

उ. गोयमा ! अंतो, नो बाहिं।

दं. २-११. एवं जाव थणियकुमारा।

प. दं. २०. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणियाणं भन्ते ! ओहिस्स किं अंतो बाहिं ?

उ. गोयमा ! नो अंतो, बाहिं।

प. दं. २१. मणूसाणं भन्ते ! ओहिस्स किं अंतो बाहिं ?

उ. गोयमा ! अंतो वि, बाहिं वि।

दं. २२-२४. वाणमन्तर-जोइसिय-वेमाणियाणं जहा णेरइयाणं। —पण्ण. प. ३३, सु. २०१७-२०२१

९१. अवधिज्ञान के आभ्यन्तर-बाह्य द्वार का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भन्ते ! क्या नारक अवधिज्ञान के अन्दर है या बाहर है ?

उ. गौतम ! वे अवधिज्ञान के अन्दर है, बाहर नहीं है।

दं. २-११. इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. दं. २०. भन्ते ! पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिक अवधिज्ञान के अन्दर है या बाहर है ?

उ. गौतम ! वे अन्दर नहीं, बाहर है।

प्र. दं. २१. भन्ते ! मनुष्य अवधिज्ञान के अन्दर है या बाहर है ?

उ. गौतम ! वे अन्दर भी है और बाहर भी है।

दं. २२-२४. वाणव्यन्तर ज्योतिष्क और वैमानिकदेवों का कथन नैरयिकों के समान है।

९२. चउवीसदंडएसु देसोहि सव्वोही परूवणं–

प. दं. १. णेरइया णं भन्ते ! किं देसोही सव्वोही ?

उ. गोयमा ! देसोही, णो सव्वोही।

दं. २-११. एवं जाव थणियकुमाराणं।

प. दं. २०. पंचेंदिय तिरिक्खजोणियाणं भन्ते ! किं देसोही सव्वोही ?

उ. गोयमा ! देसोही, णो सव्वोही।

प. दं. २१. मणूसाणं भन्ते ! किं देसोही सव्वोही ?

उ. गोयमा ! देसोही वि, सव्वोही वि।

९२. चौबीस दण्डकों में देशावधि-सर्वावधि का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते! नारकों का अवधिज्ञान देशावधि है या सर्वावधि है ?

उ. गौतम ! उनका अवधिज्ञान देशावधि है, सर्वावधि नहीं है।

दं. २-११. इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. दं. २०. भन्ते ! पंचेन्द्रिय-तिर्यञ्चयोनिकों का अवधिज्ञान देशावधि है या सर्वावधि है ?

उ. गौतम! उनका अवधिज्ञान देशावधि है, सर्वावधि नहीं है।

प्र. दं. २१. भंते! मनुष्यों का अवधिज्ञान देशावधि है या सर्वावधि है ?

उ. गौतम! उनका अवधिज्ञान देशावधि भी है, सर्वावधि भी है।

---

१. राय. सु. २४१

२. जो अवधिज्ञानी अपनी जगह से चारों दिशाओं में देखता जानता है तो वह अवधिज्ञानी के अन्दर है।
जो अवधिज्ञानी अपनी जगह से एक ही दिशा में देखता जानता है तो वह अवधिज्ञानी के बाहर है।

दं. २२-२४. वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणियाणं जहा णेरइयाणं। –पण्ण.प. ३३, सु. २०२२-२०२६

९३. चउवीसदंडएसु ओहिणाणेण जाणण पासण खेत्त परूवणं–

प. दं. १. णेरइया णं भंते ! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अद्ध गाउयं,
उक्कोसेणं चत्तारि गाउयाइं ओहिणा जाणंति पासंति।

प. रयणप्पभापुढविणेरइया णं भंते ! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अद्धुट्ठाइं गाउयाइं,
उक्कोसेणं चत्तारि गाउयाइं ओहिणा जाणंति पासंति।

प. सक्करप्पभापुढविणेरइया णं भंते ! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति, पासंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं तिण्णि गाउयाइं,
उक्कोसेणं अद्धुट्ठाइं गाउयाइं ओहिणा जाणंति पासंति।

प. वालुयप्पभापुढविणेरइया णं भंते ! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अड्ढाइज्जाइं गाउयाइं,
उक्कोसेणं तिण्णि गाउयाइं ओहिणा जाणंति पासंति।

प. पंकप्पभापुढविणेरइया णं भंते ! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं दोण्णि गाउयाइं,
उक्कोसेणं अड्ढाइज्जाइं गाउयाइं ओहिणा जाणंति पासंति।

प. धूमप्पभापुढविणेरइया णं भंते ! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं दिवड्ढं गाउयं,
उक्कोसेणं दो गाउयाइं ओहिणा जाणंति पासंति।

प. तमापुढविणेरइया णं भंते ! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं गाउयं,
उक्कोसेणं दिवड्ढं गाउयं ओहिणा जाणंति पासंति।

प. अहेसत्तमापुढविणेरइया णं भंते ! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं अद्धगाउयं,
उक्कोसेणं गाउयं ओहिणा जाणंति पासंति[1]।

प. दं. २. असुरकुमारा मं भंते ! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति ?

उ. गोयमा ! जहण्णेणं पणुवीसं जोयणाइं,
उक्कोसेणं असंखेज्जे दीव-समुद्दे ओहिणा जाणंति पासंति।

प. दं. ३. णागकुमारा णं भंते ! ओहिणा केवइयं खेत्तं जाणंति पासंति

दं. २२-२४. वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क और वैमानिक देवों का अवधिज्ञान नारकों के समान देशावधि है।

९३. चौबीस दंडकों में अवधिज्ञान द्वारा जानने-देखने के क्षेत्र का प्ररूपण–

प्र. दं. १. भंते ! नैरयिक अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं ?

उ. गौतम ! वे अवधिज्ञान से जघन्य आधा गाऊ पर्यन्त,
उत्कृष्ट चार गाऊ पर्यन्त जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते ! रत्नप्रभापृथ्वी के नारक अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं ?

उ. गौतम ! वे अवधिज्ञान से जघन्य साढ़े तीन गाऊ,
उत्कृष्ट चार गाऊ पर्यन्त जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते ! शर्कराप्रभापृथ्वी के नारक अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं ?

उ. गौतम ! वे अवधिज्ञान से जघन्य तीन गाऊ,
उत्कृष्ट साढ़े तीन गाऊ पर्यन्त जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते ! बालुकाप्रभापृथ्वी के नारक अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं ?

उ. गौतम ! वे अवधिज्ञान से जघन्य ढाई गाऊ,
उत्कृष्ट तीन गाऊ पर्यन्त जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते ! पंकप्रभापृथ्वी के नारक अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं ?

उ. गौतम ! वे अवधिज्ञान से जघन्य दो गाऊ,
उत्कृष्ट ढाई गाऊ पर्यन्त जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते ! धूमप्रभापृथ्वी के नारक अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं ?

उ. गौतम ! वे अवधिज्ञान से जघन्य डेढ़ गाऊ,
उत्कृष्ट दो गाऊ पर्यन्त जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते ! तमःप्रभापृथ्वी के नारक अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं ?

उ. गौतम ! वे अवधिज्ञान से जघन्य एक गाऊ,
उत्कृष्ट डेढ़ गाऊ पर्यन्त जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते ! अधःसप्तम पृथ्वी के नारक अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं ?

उ. गौतम ! वे अवधिज्ञान से जघन्य आधा गाऊ,
उत्कृष्ट एक गाऊ पर्यन्त जानते-देखते हैं।

प्र. दं. २. भन्ते ! असुरकुमारदेव अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं ?

उ. गौतम ! वे अवधिज्ञान से जघन्य पच्चीस योजन,
उत्कृष्ट असंख्यात द्वीप समुद्रों को जानते-देखते हैं।

प्र. दं. ३. भन्ते ! नागकुमारदेव अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं ?

१. जीवा. पडि. ३, सु. ८८ (२)

उ. गोयमा! जहण्णेणं पणवीसं जोयणाइं,
उक्कोसेणं संखेज्जे दीव-समुद्दे ओहिणा जाणंति पासंति।
दं. ४-११. एवं जाव थणियकुमारा[1]।

प. दं. २०. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया णं भंते! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति?

उ. गोयमा! जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं,
उक्कोसेणं असंखेज्जे दीव-समुद्दे।

प. दं. २१. मणूसा णं भंते! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति?

उ. गोयमा! जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं
उक्कोसेण असंखेज्जाइं अलोए लोयपमाणमेत्ताइं खंडाइं ओहिणा जाणंति पासंति।
दं. २२. वाणमंतरा जहा णागकुमारा।

प. दं. २३. जोइसिया णं भंते! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति?

उ. गोयमा! जहण्णेणं संखेज्जे दीव-समुद्दे,
उक्कोसेण वि संखेज्जे दीव-समुद्दे।

प. दं. २४. सोहम्मदेवा णं भंते! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति?

उ. गोयमा! जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइ भागं,
उक्कोसेणं अहे **जाव** इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए हेट्ठिल्ले चरिमंते, तिरियं जाव असंखेज्जे दीव-समुद्दे, उड्ढं **जाव** सगाइं विमाणाइं ओहिणा जाणंति पासंति।
एवं ईसाणगदेवा वि।
सणंकुमारदेवा माहिंदगदेवा वि एवं चेव।
णवरं—अहे **जाव** दोच्चाए सक्करप्पभाए पुढवीए हेट्ठिल्ले चरिमंते ओहिणा जाणंति पासंति।
बंभलोग-लंतगदेवा तच्चाए पुढवीए हेट्ठिल्ले चरिमंते ओहिणा जाणंति पासंति।
महासुक्क-सहस्सारगदेवा चउत्थीए पंकप्पभाए पुढवीए हेट्ठिल्ले चरिमंते ओहिणा जाणंति पासंति।
आणय-पाणय-आरण-अच्चुयदेवा अहे **जाव** पंचमाए धूमप्पभाए पुढवीए हेट्ठिल्ले चरिमंते ओहिणा जाणंति पासंति।
हेट्ठिम-मज्झिमगेवेज्जगदेवा अहे **जाव** छट्ठाए तमाए पुढवीए हेट्ठिल्ले चरिमंते ओहिणा जाणंति पासंति।

प. उवरिमगेवेज्जगदेवा णं भंते! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति?

उ. गोयमा! जहण्णेणं अंगुलस्स असंखेज्जइभागं,

उ. गौतम! वे अवधिज्ञान से जघन्य पच्चीस योजन,
उत्कृष्ट संख्यात द्वीप-समुद्रों को जानते-देखते हैं।
दं. ४-११. इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. दं. २०. भन्ते! पंचेन्द्रिय तिर्यंचयोनिक जीव अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं?

उ. गौतम! वे अवधिज्ञान से जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग क्षेत्र को,
उत्कृष्ट असंख्यात द्वीप-समुद्रों को जानते-देखते हैं।

प्र. दं. २१. भन्ते! मनुष्य अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं?

उ. गौतम! वे अवधिज्ञान से जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग क्षेत्र को,
उत्कृष्ट अलोक में लोकप्रमाण असंख्य खण्डों को जानते-देखते हैं।
दं. २२. वाणव्यन्तर देवों के जानने-देखने की क्षेत्र सीमा नागकुमार देवों के समान है।

प्र. दं. २३. भन्ते! ज्योतिष्कदेव अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं।

उ. गौतम! वे अवधिज्ञान से जघन्य संख्यात द्वीप-समुद्रों को,
उत्कृष्ट भी संख्यात द्वीप-समुद्रों को जानते-देखते हैं।

प्र. दं. २४. भन्ते! सौधर्मदेवकल्प के देव अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं?

उ. गौतम! वे अवधिज्ञान से जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग क्षेत्र को और,
उत्कृष्ट नीचे इस रत्नप्रभापृथ्वी के निचले चरमान्त तक, तिरछे असंख्यात द्वीप-समुद्रों तक और ऊपर अपने-अपने विमानों तक को अवधिज्ञान से जानते-देखते हैं।
इसी प्रकार ईशानकल्पदेवों के विषय में भी समझना चाहिए।
सनत्कुमार और माहेन्द्र कल्प देवों के विषय में भी इसी प्रकार कहना चाहिए।
विशेष—ये नीचे दूसरी शर्कराप्रभा पृथ्वी के नीचले चरमान्त तक जानते-देखते हैं।
ब्रह्मलोक और लान्तक देव अवधिज्ञान से तीसरी पृथ्वी के नीचे के चरमान्त तक जानते-देखते हैं। (शेष सब पूर्ववत् है।)
महाशुक्र और सहस्रार कल्प के देव अवधिज्ञान से चौथी पंकप्रभापृथ्वी के नीचे के चरमान्त तक जानते-देखते हैं।
आनत, प्राणत, आरण और अच्युतदेव अवधिज्ञान से नीचे पांचवीं धूमप्रभापृथ्वी के नीचले चरमान्त तक जानते-देखते हैं।
नीचे के और मध्य के ग्रैवेयकदेव अवधिज्ञान से नीचे छठी तमःप्रभापृथ्वी के नीचले चरमान्त तक जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते! ऊपर के ग्रैवेयकदेव अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं?

उ. गौतम! वे अवधिज्ञान से जघन्य अंगुल के असंख्यातवें भाग क्षेत्र को और

१. बारहवें दण्डक से उन्नीसवें दण्डक तक के जीवों को अवधिज्ञान नहीं होता। इसलिए उनका यहाँ कथन नहीं किया गया है।

उक्कोसेणं अहेसत्तमाए पुढवीए हेट्ठिल्ले चरिमंते, तिरियं जाव असंखेज्जे दीव-समुद्दे, उड्ढं जाव सगाइं विमाणाइं ओहिणा जाणंति पासंति।

प. अणुत्तरोववाइयदेवा णं भंते! केवइयं खेत्तं ओहिणा जाणंति पासंति?

उ. गोयमा! संभिन्नं लोगणालिं ओहिणा जाणंति पासंति[1]।

—पण्ण. प. ३३, सु. १९८३-२००७

उत्कृष्ट अधःसप्तमपृथ्वी के नीचे के चरमान्त तक, तिरछे असंख्यात द्वीप समुद्र तक, ऊपर अपने विमानों तक अवधिज्ञान से जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते! अनुत्तरोपपातिकदेव अवधिज्ञान से कितने क्षेत्र को जानते-देखते हैं?

उ. गौतम! वे अवधिज्ञान से सम्पूर्ण लोकनाडी को जानते-देखते हैं।

९४. चउवीसदंडएसु ओहीणाणस्स संठाण परूवणं—

प. दं. १. णेरइयाणं भंते! ओही किं संठिए पण्णत्ते?

उ. गोयमा! तप्पगारसंठिए पण्णत्ते।

प. दं. २. असुरकुमाराणं भंते! ओही किं संठिए पण्णत्ते?

उ. गोयमा! पल्लगसंठिए पण्णत्ते।

दं. ३-११. एवं जाव थणियकुमाराणं।

प. दं. २०. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणियाणं भंते! ओही किं संठिए पण्णत्ते?

उ. गोयमा! णाणासंठाणसंठिए पण्णत्ते।

दं. २१. **एवं मणूसाण वि।**

प. दं. २२. वाणमंतराणं भंते! ओही किं संठिए पण्णत्ते?

उ. गोयमा! पडहसंठाणसंठिए पण्णत्ते।

प. दं. २३. जोइसियाणं भंते! ओही किं संठिए पण्णत्ते?

उ. गोयमा! झल्लरिसंठाणसंठिए पण्णत्ते।

प. दं. २४. सोहम्मगदेवाणं भंते! ओही किं संठिए पण्णत्ते?

उ. गोयमा! उड्ढमुइंगागारसंठिए पण्णत्ते।

एवं जाव अच्चुयदेवाणं।

प. गेवेज्जगदेवाणं भंते! ओही किं संठिए पण्णत्ते?

उ. गोयमा! पुप्फचंगेरिसंठिए पण्णत्ते।

प. अणुत्तरोववाइयाणं भंते! ओही किं संठिए पण्णत्ते?

उ. गोयमा! जवणालियासंठिए ओही पण्णत्ते।

—पण्ण. प. ३३ सु. २००८-२०१६

९४. चौबीसदंडकों में अवधिज्ञान के संस्थान का प्ररूपण—

प्र. दं. १. भन्ते! नारकों का अवधिज्ञान किस आकार वाला कहा गया है?

उ. गौतम! वह तप्र (नौका) के आकार का कहा गया है।

प्र. दं. २. भन्ते! असुरकुमारों का अवधिज्ञान किस आकार का कहा गया है?

उ. गौतम! वह पल्लक (धान्य माप के पात्र) के आकार का कहा गया है।

दं. ३-११. इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यंत के अवधिज्ञान का संस्थान जानना चाहिए।

प्र. दं. २०. भन्ते! पंचेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिकों का अवधिज्ञान किस आकार का कहा गया है?

उ. गौतम! वह नाना आकारों वाला कहा गया है।

दं. २१. इसी प्रकार मनुष्यों के अवधिज्ञान का संस्थान जानना चाहिए।

प्र. दं. २२. भन्ते! वाणव्यन्तर देवों का अवधिज्ञान किस आकार का कहा गया है?

उ. गौतम! वह पटह (वाद्य) के आकार का कहा गया है।

प्र. दं. २३. भन्ते! ज्योतिष्कदेवों का अवधिज्ञान किस आकार का कहा गया है?

उ. गौतम! वह झालर के आकार का कहा गया है।

प्र. दं. २४. भन्ते! सौधर्मदेवों का अवधिज्ञान किस आकार का कहा गया है?

उ. गौतम! वह ऊर्ध्व मृदंग के आकार का कहा गया है।

इसी प्रकार अच्युतदेवों पर्यन्त के अवधिज्ञान का आकार समझना चाहिए।

प्र. भन्ते! ग्रैवेयकदेवों का अवधिज्ञान किस आकार का कहा गया है?

उ. गौतम! वह फूलों की चंगेरी के आकार का कहा गया है।

प्र. भन्ते! अनुत्तरोपपातिक देवों का अवधिज्ञान किस आकार का कहा गया है?

उ. गौतम! उनका अवधिज्ञान यवनालिका के आकार का कहा गया है।

९५. चउवीसदंडएसु ओहिनाणस्स आणुगामित्ताइ परूवणं—

प. दं. १. णेरइयाणं भंते! ओही किं

१. आणुगामिए, २. अणाणुगामिए, ३. वड्ढमाणए,

९५. चौबीस दण्डकों में अवधि ज्ञान के आनुगामित्वादि का प्ररूपण—

प्र. दं. १. भन्ते! नारकों का अवधिज्ञान क्या—

१. आनुगामिक है, २. अनानुगामिक है, ३. वर्द्धमान है,

१. जीवा. पडि. ३, सु. २०२ (अनुत्तर विमावासी देव चौदह रज्जू प्रमाण लोकनाली क्षेत्र को देखते हैं यह अन्तर है।)

४. हीयमाणए, ५. पडिवाई, ६. अपडिवाई,
७. अवट्ठिए, ८. अणवट्ठिए ?

उ. गोयमा! आणुगामिए, णो अणाणुगामिए, नो वड्ढमाणए नो हीयमाणए, नो पडिवाई, अपडिवाई, अवट्ठिए, नो अणवट्ठिए।

दं. २-११. एवं जाव थणियकुमाराणं।

प. दं.२०. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणियाणं भंते! ओही किं आणुगामिए जाव अणवट्ठिए ?

उ. गोयमा! आणुगामिए वि जाव अणवट्ठिए वि।

दं. २१. एवं मणूसाण वि।

दं. २२-२४. वाणमंतर-जोइसिय-वेमाणियाणं जहा णेरइयाणं[1]। *–पण्ण. प. ३३, सु. २०२७-२०३१*

४. हीयमान है, ५. प्रतिपाती है, ६. अप्रतिपाती है,
७. अवस्थित है, या ८. अनवस्थित है ?

उ. गौतम! वह आनुगामिक है, किन्तु अनानुगामिक, वर्द्धमान, हीयमान, प्रतिपाती और अनवस्थित नहीं है, अप्रतिपाती और अवस्थित है।

दं. २-११. इसी प्रकार स्तनितकुमारों पर्यन्त के अवधिज्ञान के लिए जानना चाहिए।

प्र. दं. २०. भन्ते! पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिकों का अवधिज्ञान आनुगामिक है यावत् अनवस्थित है ?

उ. गौतम! वह आनुगामिक भी है यावत् अनवस्थित भी है।

दं. २१. इसी प्रकार मनुष्यों के अवधिज्ञान के लिए जानना चाहिए।

दं. २२-२४. वाणव्यन्तर, ज्योतिष्क, और वैमानिक देवों का कथन नारकों के जैसा है।

९६. मणपज्जवनाणस्स लक्खणं–

मणपज्जवणाणं पुण, जणमणपरिचिंतियत्थपागडणं।
माणुसखेत्तणिबद्धं, गुणपच्चइयं चरित्तवओ ॥५५॥
–नंदी. सु. ३८

९६. मन:पर्यवज्ञान का लक्षण–

मन:पर्यवज्ञान सभी जीवों के मन में सोचे हुए अर्थ को प्रकट करने वाला है और मनुष्य क्षेत्र में सीमित तथा चारित्रयुक्त साधु के क्षयोपशम गुण से उत्पन्न होने वाला है।

९७. मणपज्जवनाणस्स भेया–

तं च दुविहं उप्पज्जइ, तं जहा–
१. उज्जुमई य, २. विउलमई य[2]।
–नंदी. सु. ३६ (ख)

९७. मन:पर्यवज्ञान के भेद–

वह (मन:पर्यवज्ञान) दो प्रकार का है, यथा–
१. ऋजुमति, २. विपुलमति।

९८. मणपज्जवणाणस्स सामित्त परूवणं–

प. से किं तं मणपज्जवनाणं ?
मणपज्जवनाणे णं भन्ते ! किं मणुस्साणं उप्पज्जइ, अमणुस्साणं ?

उ. गोयमा ! मणुस्साणं, णो अमणुस्साणं।

प. जइ मणुस्साणं–किं सम्मुच्छिममणुस्साणं, गब्भवक्कं- तिय मणुस्साणं ?

उ. गोयमा ! णो सम्मुच्छिममणुस्साणं, गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं उपज्जइ।

प. जइ गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं
किं कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय मणुस्साणं ?
अकम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं ?
अंतरदीवग-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं ?

उ. गोयमा ! कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,
णो अकम्मभूमिअ - गब्भवक्कंतिय - मणुस्साणं,
णो अंतरदीवग- गब्भवक्कंतिय मणुस्साणं,

९८. मन:पर्यवज्ञान के स्वामित्व का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! मन:पर्यवज्ञान का क्या स्वरूप है ?
भन्ते ! यह मन:पर्यव ज्ञान मनुष्यों को उत्पन्न होता है या अमनुष्यों को उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! (मन:पर्यवज्ञान) मनुष्यों को ही उत्पन्न होता है, अमनुष्यों को नहीं होता है।

प्र. यदि मनुष्यों को उत्पन्न होता है तो क्या सम्मूर्च्छिम मनुष्यों को उत्पन्न होता है या गर्भव्युत्क्रान्तिक मनुष्यों को उत्पन्न होता है ?

उ. गौतम ! सम्मूर्च्छिम मनुष्यों को उत्पन्न नहीं होता किन्तु गर्भव्युत्क्रान्तिक मनुष्यों को उत्पन्न होता है।

प्र. यदि गर्भज मनुष्यों को ही मन:पर्यवज्ञान होता है तो
क्या कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को होता है ?
अकर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को होता है ?
या अन्तरद्वीपज गर्भज मनुष्यों को होता है ?

उ. गौतम !कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को ही मन:पर्यवज्ञान उत्पन्न होता है, अकर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को उत्पन्न नहीं होता है, अन्तरद्वीपज गर्भज मनुष्यों को भी उत्पन्न नहीं होता है।

---

१. (क) विया. स. १६, उ. १०, सु. १
(ख) सम. सु. १५३

२. (क) ठाणं. अ. २, उ. १, सु. ६०/१६
(ख) राय. सु. २४१

प. जइ कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

किं संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

असंखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं?

उ. गोयमा ! संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

णो असंखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय मणुस्साणं।

प. जइ संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं–

किं पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

अपज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं?

उ. गोयमा ! पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय- मणुस्साणं,

णो अपज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं।

प. जइ पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं–

किं सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

मिच्छद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

सम्मामिच्छद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं?

उ. गोयमा ! सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

णो मिच्छद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

णो सम्मामिच्छद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

प. जइ सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

किं संजय सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

असंजय सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

संजया-संजय सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्ज-वासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय- मणुस्साणं?

उ. गोयमा ! संजय सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग- संखेज्ज-वासाउय- कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय- मणुस्साणं,

प्र. यदि कर्मभूमिज मनुष्यों को ही मनःपर्यवज्ञान उत्पन्न होता है तो–

क्या संख्यात वर्ष की आयु वाले कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को होता है? या

असंख्यात वर्ष की आयु वाले कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को होता है?

उ. गौतम ! संख्यात वर्ष की आयु वाले कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को ही उत्पन्न होता है,

असंख्यात वर्ष की आयु वाले कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को उत्पन्न नहीं होता है।

प्र. यदि संख्यात वर्ष की आयु वाले कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को उत्पन्न होता है तो

क्या संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को होता है

या संख्यात वर्ष की आयु वाले अपर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को होता है?

उ. गौतम ! संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को होता है,

संख्यात वर्ष की आयु वाले अपर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को नहीं होता है।

प्र. यदि मनःपर्यवज्ञान संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज मनुष्यों को उत्पन्न होता है तो–

क्या वह संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज सम्यक्दृष्टि मनुष्यों को होता है,

संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज मिथ्यादृष्टि मनुष्यों को होता है,

या संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज सम्यग्मिथ्यादृष्टि मनुष्यों को उत्पन्न होता है?

उ. गौतम ! संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज सम्यक्दृष्टि मनुष्यों को होता है,

संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज मिथ्यादृष्टि मनुष्यों को नहीं होता है,

संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज सम्यग्मिथ्यादृष्टि मनुष्यों को भी नहीं होता है।

प्र. यदि संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को होता है तो–

क्या संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज संयत (संयमी) सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को होता है,

संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज असंयत (असंयमी) सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को होता है या

संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज संयतासंयत (देशविरत) सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को होता है?

उ. गौतम ! संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज संयत सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को उत्पन्न होता है,

णो असंजय सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

णो संजया-संजय सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय- कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय- मणुस्साणं।

प. जइ संजय-सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

किं पमत्तसंजय-सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय- कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय- मणुस्साणं,

अपमत्तसंजय-सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवा- साउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय- मणुस्साणं ?

उ. गोयमा ! अपमत्तसंजय-सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय- कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय- मणुस्साणं,

णो पमत्तसंजय-सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय- कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय- मणुस्साणं।

प. जइ अपमत्तसंजय-सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय- मणुस्साणं–

किं इड्ढिपत्त-अपमत्तसंजय-सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय- कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय- मणुस्साणं,

अणिड्ढिपत्त-अपमत्त-संजय-सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ-गब्भवक्कंतिय- मणुस्साणं ?

उ. गोयमा ! इड्ढिपत्त-अपमत्त-संजय-सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग- संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ- गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं,

णो अणिड्ढिपत्त-अप्पमत्तसंजय-सम्मद्दिट्ठि-पज्जत्तग-संखेज्जवासाउय-कम्मभूमिअ- गब्भवक्कंतिय-मणुस्साणं मणपज्जवनाणं समुप्पज्जइ।

–नंदी. सु. २८-३६

संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज असंयत सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को नहीं होता है,

संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज संयतासंयत सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को भी नहीं होता है।

प्र. यदि संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज संयत सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को होता है तो–

क्या संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज प्रमत्त संयत सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को होता है ? या

संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज अप्रमत्त संयत सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को होता है ?

उ. गौतम ! संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज अप्रमत्त संयत सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को होता है,

संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज प्रमत्त संयत सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को नहीं होता है।

प्र. यदि संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज अप्रमत्त संयत सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को मनःपर्यवज्ञान उत्पन्न होता है तो,

क्या संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज ऋद्धिप्राप्त लब्धिधारी अप्रमत्त संयत सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को होता है या

संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज लब्धिरहित अप्रमत्त संयत सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को होता है ?

उ. गौतम ! संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज ऋद्धि सहित अप्रमत्त संयत सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को मनःपर्यवज्ञान उत्पन्न होता है।

संख्यात वर्ष की आयु वाले पर्याप्त कर्मभूमिज गर्भज ऋद्धिरहित अप्रमत्त संयत सम्यग्दृष्टि मनुष्यों को मनःपर्यवज्ञान उत्पन्न नहीं होता है।

९९. केवलनाणस्स वित्थरओ परूवणं–

प. से किं तं केवलनाणं ?

उ. केवलनाणं दुविहं पण्णत्तं, तं जहा–

१. भवत्थकेवलनाणं च, २. सिद्धकेवलनाणं च।

प. से किं तं भवत्थकेवलनाणं ?

उ. भवत्थकेवलनाणं दुविहं पण्णत्तं, तं जहा–

१. सजोगिभवत्थकेवलनाणं च,

२. अजोगिभवत्थकेवलनाणं च।

प. से किं तं सजोगिभवत्थकेवलनाणं ?

उ. सजोगिभवत्थकेवलनाणं दुविहं पण्णत्तं, तं जहा–

१. पढमसमय-सजोगिभवत्थकेवलनाणं च,

२. अपढमसमय-सजोगिभवत्थकेवलनाणं च।

९९. केवलज्ञान का विस्तार से प्ररूपण–

प्र. केवलज्ञान क्या है ?

उ. केवलज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. भवस्थ-केवलज्ञान, २. सिद्ध-केवलज्ञान।

प्र. भवस्थ-केवलज्ञान कितने प्रकार का है ?

उ. भवस्थ-केवलज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. सयोगिभवस्थ-केवलज्ञान,

२. अयोगिभवस्थ-केवलज्ञान।

प्र. सयोगिभवस्थ-केवलज्ञान क्या है ?

उ. सयोगिभवस्थ-केवलज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. प्रथमसमय-सयोगिभवस्थ केवलज्ञान,

२. अप्रथमसमय-सयोगिभवस्थ केवलज्ञान।

अहवा १. चरिमसमय-सजोगिभवत्थकेवलनाणं च,
२. अचरिमसमय-सजोगिभवत्थकेवलनाणं च।
से तं सजोगिभवत्थकेवलनाणं।

प. से किं तं अजोगिभवत्थकेवलनाणं?

उ. अजोगिभवत्थकेवलनाणं दुविहं पण्णत्तं, तं जहा–
१. पढमसमय-अजोगिभवत्थकेवलनाणं च,
२. अपढमसमय-अजोगिभवत्थकेवलनाणं च।
अहवा १. चरिमसमय-अजोगिभवत्थकेवलनाणं च,
२. अचरिमसमय-अजोगिभवत्थकेवलनाणं च।
से तं अजोगिभवत्थकेवलनाणं।
से तं भवत्थकेवलनाणं।

प. से किं तं सिद्धकेवलनाणं?

उ. सिद्धकेवलनाणं दुविहं पण्णत्तं, तं जहा–
१. अणंतरसिद्धकेवलनाणं च,
२. परंपरसिद्धकेवलनाणं च।

प. से किं तं अणंतरसिद्धकेवलनाणं?

उ. अणंतरसिद्धकेवलनाणं पण्णरसविहं पण्णत्तं, तं जहा–

१. तित्थसिद्धा, २. अतित्थसिद्धा,
३. तित्थगरसिद्धा, ४. अतित्थगरसिद्धा,
५. सयंबुद्धसिद्धा, ६. पत्तेयबुद्धसिद्धा,
७. बुद्धबोहियसिद्धा, ८. इत्थिलिंगसिद्धा,
९. पुरिसलिंगसिद्धा, १०. णपुंसगलिंगसिद्धा,
११. सलिंगसिद्धा, १२. अण्णलिंगसिद्धा,
१३. गिहिलिंगसिद्धा, १४. एगसिद्धा,
१५. अणेगसिद्धा।

सें तं अणंतरसिद्धकेवलनाणं।

प. से किं तं परंपरसिद्धके[illegible]णं?

उ. परम्परसिद्धकेवलनाणं अणेगविहं पण्णत्तं, तं जहा–
अपढमसमयसिद्धा, दुसमयसिद्धा **जाव** दससमयसिद्धा, संखेज्जसमयसिद्धा, असंखेज्जसमयसिद्धा, अणंतसमयसिद्धा[1]

अथवा १. चरमसमय-सयोगिभवस्थ केवलज्ञान,
२. अचरमसमय-सयोगिभवस्थ केवलज्ञान।
यह सयोगिभवस्थ केवलज्ञान है।

प्र. अयोगिभवस्थ केवलज्ञान क्या है?

उ. अयोगिभवस्थ केवलज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. प्रथमसमय-अयोगिभवस्थ केवलज्ञान,
२. अप्रथमसमय-अयोगिभवस्थ केवलज्ञान,
अथवा १. चरमसमय-अयोगिभवस्थ केवलज्ञान,
२. अचरमसमय-अयोगिभवस्थ केवलज्ञान।
यह अयोगिभवस्थ केवलज्ञान है।
यह भवस्थकेवलज्ञान है।

प्र. सिद्ध केवलज्ञान क्या है?

उ. सिद्धकेवलज्ञान दो प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. अनन्तरसिद्ध केवलज्ञान,
२. परम्परसिद्ध केवलज्ञान।

प्र. अनन्तरसिद्ध केवलज्ञान क्या है?

उ. अनन्तरसिद्ध केवलज्ञान पन्द्रह प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. तीर्थसिद्ध, २. अतीर्थसिद्ध,
३. तीर्थंकरसिद्ध, ४. अतीर्थंकरसिद्ध,
५. स्वयंबुद्धसिद्ध, ६. प्रत्येकबुद्धसिद्ध,
७. बुद्धबोधितसिद्ध, ८. स्त्रीलिंगसिद्ध,
९. पुरुषलिंगसिद्ध, १०. नपुंसकलिंगसिद्ध,
११. स्वलिंगसिद्ध, १२. अन्यलिंगसिद्ध,
१३. गृहिलिंगसिद्ध, १४. एकसिद्ध,
१५. अनेकसिद्ध।

यह अनन्तरसिद्ध केवलज्ञान है।

प्र. परम्परसिद्ध केवलज्ञान क्या है?

उ. परम्परसिद्ध केवलज्ञान अनेक प्रकार का कहा गया है, यथा–
अप्रथमसमयसिद्ध, द्विसमयसिद्ध **यावत्** दससमयसिद्ध, संख्यातसमयसिद्ध, असंख्यातसमयसिद्ध, अनन्तसमयसिद्ध।

---

१. केवलनाणे दुविहं पण्णत्ते,
तं जहा– १. भवत्थकेवलनाणे चेव, २. सिद्धकेवलनाणे चेव।
भवत्थकेवलनाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. सजोगिभवत्थकेवलनाणे चेव, २. अजोगिभवत्थकेवलनाणे चेव।
सजोगिभवत्थकेवलनाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. पढमसमय-सजोगिभवत्थकेवलनाणे चेव,
२. अपढमसमय-सजोगिभवत्थकेवलनाणे चेव,
अहवा १. चरिमसमय-सजोगिभवत्थकेवलनाणे चेव,
२. अचरिमसमय-सजोगिभवत्थकेवलनाणे चेव।
एवं अजोगिभवत्थकेवलनाणे वि।
सिद्धकेवलनाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. अणंतरसिद्धकेवलनाणे चेव, २. परंपरसिद्धकेवलनाणे चेव।
अणंतरसिद्धकेवलनाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. एक्काणंतरसिद्धकेवलनाणे चेव, २. अणेक्काणंतरसिद्धकेवलनाणे चेव।
परंपरसिद्धकेवलनाणे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. एक्कपरंपरसिद्धकेवलनाणे चेव, २. अणेक्कपरंपरसिद्धकेवलनाणे चेव।
–ठाणं. अ. २, उ. १, सु. ६०/३-११

से तं परंपरसिद्धकेवलनाणं।
से तं सिद्धकेवलनाणं।
अह सव्वदव्व-परिणाम-भाव-विण्णत्तिकारणमणंतं।
सासयमप्पडिवाई, एगविहं केवलं नाणं॥

केवलनाणेणऽत्थे, नाउं जे तत्थ पण्णवणजोग्गे।
ते भासइ तित्थयरो, वइजोगसुअं हवइ सेसं॥

से तं केवलनाणं।
से तं नोइन्दियपच्चक्खं। —नंदी सु. ३९-४४

यह परम्परसिद्ध केवलज्ञान है।
यह सिद्ध केवलज्ञान है।
केवलज्ञान सम्पूर्ण द्रव्यों को, उत्पाद आदि परिणामों को और भाव (पर्यायों) को जानने का कारण है। वह अनन्त, शाश्वत तथा अप्रतिपाति है और वह एक ही प्रकार का है।
केवलज्ञान के द्वारा पदार्थों को जानकर उनमें जो वर्णन करने योग्य होता है उनका तीर्थंकर देव कथन करते हैं। वह उनका सम्पूर्ण वचनयोग द्रव्यश्रुत है।
यह केवलज्ञान का स्वरूप है।
यह नोइन्द्रिय प्रत्यक्ष का वर्णन है।

१००. केवलिणो नाणे विसिट्ठत्तं–

प. केवली णं भंते ! आयाणेहिं जाणइ पासइ ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भन्ते ! एवं वुच्चइ–
"केवली आयाणेहिं ण जाणइ, ण पासइ ?"

उ. गोयमा ! केवली णं पुरत्थिमे णं मियं पि जाणइ, अमियं पि जाणइ।
एवं दाहिणे णं, पच्चत्थिमे णं, उत्तरे णं।
उड्ढं अहे मियं पि जाणइ, अमियं पि जाणइ।

सव्वं जाणइ केवली, सव्वं पासइ केवली।
सव्वओ जाणइ केवली, सव्वओ पासइ केवली।
सव्वकालं जाणइ केवली, सव्वकालं पासइ केवली।
सव्वभावे जाणइ केवली, सव्वभावे पासइ केवली।
अणंते नाणे केवलिस्स, अणंते दंसणे केवलिस्स।
निव्वुडे (णिरावरणे) नाणे केवलिस्स निव्वुडे (णिरावरणे) दंसणे केवलिस्स[1]।
से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–
"केवली आयाणेहिं ण जाणइ, ण पासइ[2]।
—विया. स. ५, उ. ४, सु. ३४

१००. केवली के ज्ञान का विशिष्टत्व–

प्र. भन्ते ! क्या केवली भगवान् आदानों (इन्द्रियों) से जानते देखते हैं ?

उ. गौतम ! यह शक्य नहीं है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"केवली भगवान् इन्द्रियों से नहीं जानते और नहीं देखते हैं ?"

उ. गौतम ! केवली भगवान् पूर्व दिशा में परिमित भी जानते-देखते हैं और अपरिमित भी जानते-देखते हैं।
इसी प्रकार दक्षिण में, पश्चिम में, उत्तर में,
ऊपर, नीचे परिमित भी जानते-देखते हैं और अपरिमित भी जानते-देखते हैं।
केवली सब जानता है, केवली सब देखता है,
केवली सब ओर से जानता है, केवली सब ओर से देखता है,
केवली सभी काल को जानता है, केवली सभी काल को देखता है,
केवली सब भावों को जानता है, केवली सब भावों को देखता है,
केवली का ज्ञान अनन्त है, केवली का दर्शन अनन्त है,
केवली का ज्ञान निरावरण है, केवली का दर्शन निरावरण है।
इस कारण से गौतम ऐसा कहा जाता है कि–
"केवली इन्द्रियों से नहीं जानते हैं और नहीं देखते हैं।"

१०१. केवली छउमत्थाणं जा[ण]-पासण-अंतरं–

प. केवली णं भंते ! अंतकरं वा अंतिमसरीरियं वा जाणइ पासइ ?

उ. हंता, गोयमा ! जाणइ पासइ।

प. जहा णं भन्ते ! केवली अंतकरं वा अंतिमसरीरियं वा जाणइ पासइ, तहा णं छउमत्थे वि अंतकरं वा अंतिमसरीरियं वा जाणइ पासइ ?

१०१. छद्मस्थ और केवली के जानने-देखने में अन्तर–

प्र. भन्ते ! क्या केवली अन्तकर (सिद्ध) को या चरमशरीरी को जानता-देखता है ?

उ. हाँ, गौतम ! वह जानता देखता है।

प्र. भन्ते ! जिस प्रकार केवली मनुष्य अन्तकर (सिद्ध) को या अन्तिमशरीरी को जानता-देखता है, क्या उसी प्रकार छद्मस्थ-मनुष्य भी अन्तकर को अथवा अन्तिमशरीरी को जानता-देखता है ?

---

१. "अमियं पि जाणइ जाव निव्वुडे दंसणे केवलिस्स" (विया. स. ५, उ. ४, सु. ४/२) से इस पाठ को यहां पूर्ण किया गया है।

२. विया. स. ६, उ. १०, सु. १४

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, सोच्चा जाणइ पासइ, पमाणओ वा।

प. से किं तं सोच्चा?

उ. सोच्चा णं केवलिस्स वा, केवलिसावयस्स वा, केवलिसावियाए वा, केवलिउवासगस्स वा, केवलिउवासियाए वा, तप्पक्खियस्स वा, तपक्खियसावगस्स वा, तप्पक्खियसावियाए वा, तप्पक्खियउवासगस्स वा, तप्पक्खियउवासियाए वा।

से तं सोच्चा।

प. से किं तं पमाणे?

उ. गोयमा ! पमाणे चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. पच्चक्खे, २. अणुमाणे, ३. ओवम्मे, ४. आगमे।

जहा अणुओगद्दारे तहा णेयव्वं पमाणं जाव तेण परं नो अत्तागमे, नो अणंतरागमे, परंपरागमे।

प. केवली णं भंते ! चरमकम्मं वा, चरमनिज्जरं वा जाणइ पासइ?

उ. हंता, गोयमा ! जाणइ, पासइ।

प. जहा णं भंते ! केवली चरमकम्मं वा, चरमनिज्जरं वा जाणइ पासइ, तहा णं छउमत्थे वि चरिमकम्मं वा चरिमनिज्जरं वा जाणइ, पासइ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे, सोच्चा जाणइ पमाणओ वा।

सेसं जहा अंतकरेण आलावगो तहा चरिमकम्मेण वि अपरिसेसिओ णेयव्वो। *–विया. स. ५, उ. ४, सु. २५-२८*

१०२. केवलि-सिद्धाणं जाणण-पासण सामत्थ परूवणं–

प. केवली णं भंते ! छउमत्थं जाणइ, पासइ?

उ. हंता, गोयमा ! जाणइ, पासइ।

प. जहा णं भंते ! केवली छउमत्थं जाणइ पासइ, तहा णं सिद्धे वि छउमत्थं जाणइ पासइ?

उ. हंता, गोयमा ! जाणइ, पासइ।

प. केवली णं भंते ! आहोहियं जाणइ पासइ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

एवं परमाहोहियं।

एवं केवलिं।

एवं सिद्धं जाव–

प. जहा णं भंते ! केवली सिद्धं जाणइ पासइ, तहा णं सिद्धे वि सिद्धं जाणइ पासइ?

उ. हंता, गोयमा ! जाणइ, पासइ।

–विया. स. १४, उ. १०, सु. १-६

उ. गौतम ! यह शक्य नहीं है, किन्तु छद्मस्थ मनुष्य किसी से सुनकर अथवा प्रमाण द्वारा अन्तकर और अन्तिमशरीरी को जानता-देखता है।

प्र. भन्ते ! सुनकर का क्या अर्थ है?

उ. गौतम ! केवली से, केवली के श्रावक से, केवली की श्राविका से, केवली के उपासक से, केवली की उपासिका से, केवली-पाक्षिक से, केवली-पाक्षिक के श्रावक से, केवली-पाक्षिक की श्राविका से, केवली पाक्षिक के उपासक से अथवा केवली पाक्षिक की उपासिका से, इसमें से किसी के द्वारा "सुनकर" जानता और देखता है।

यह "सुनकर" का स्वरूप है।

प्र. भन्ते ! प्रमाण का क्या अर्थ है?

उ. गौतम ! प्रमाण चार प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. प्रत्यक्ष, २. अनुमान, ३. औपम्य, ४. आगम। (इनमें से किसी भी प्रमाण के द्वारा जानता व देखता है।)

जिस प्रकार से प्रमाण भेदों का अनुयोगद्वार में वर्णन किया गया है उसी प्रकार यहां पर भी आत्मागम नहीं, अनंतरागम नहीं किन्तु परंपरागम है पर्यन्त कथन करना चाहिए।

प्र. भन्ते ! क्या केवली चरमकर्म को अथवा चरमनिर्जरा को जानता-देखता है?

उ. हां, गौतम ! वह जानता-देखता है।

प्र. भन्ते ! जिस प्रकार केवली चरमकर्म को या चरमनिर्जरा को जानता-देखता है, क्या उसी तरह छद्मस्थ भी चरमकर्म या चरमनिर्जरा को जानता-देखता है?

उ. गौतम ! यह शक्य नहीं है। किन्तु किसी से सुनकर या प्रमाण द्वारा जानता-देखता है।

शेष सम्पूर्ण वर्णन अन्तकर (सिद्ध) के आलापक के समान चरमकर्म का भी जानना चाहिए।

१०२. केवली एवं सिद्धों में जानने-देखने के सामर्थ्य का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! क्या केवलज्ञानी छद्मस्थ को जानते-देखते हैं?

उ. हॉ, गौतम ! जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते ! जिस प्रकार केवलज्ञानी, छद्मस्थ को जानते-देखते हैं, क्या उसी प्रकार सिद्ध भी छदमस्थ को जानते-देखते हैं?

उ. हॉ, गौतम ! जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या केवलज्ञानी, आधोवधिक (प्रतिनियत क्षेत्र विषयक अवधिज्ञान वाले) को जानते-देखते हैं?

उ. गौतम ! पूर्ववत् जानना चाहिए।

इसी प्रकार परमावधिज्ञानी को भी जानते-देखते हैं।

इसी प्रकार केवलज्ञानी को भी जानते-देखते हैं।

इसी प्रकार सिद्धों के लिए भी कहना चाहिए यावत्–

प्र. भन्ते ! जिस प्रकार केवलज्ञानी सिद्ध को जानते-देखते हैं क्या उसी प्रकार सिद्ध भी (दूसरे) सिद्ध को जानते-देखते हैं?

उ. हॉ, गौतम ! वे जानते-देखते हैं।

प. केवली णं भंते ! इमं रयणप्पभं पुढविं "रयणप्पभ पुढवी" त्ति जाणइ, पासइ ?

उ. हंता, गोयमा ! जाणइ, पासइ।

प. जहा णं भंते ! केवली इमं रयणप्पभं पुढविं "रयणप्पभपुढवी" त्ति जाणइ पासइ ?

तहा णं सिद्धे वि इमं रयणप्पभं पुढविं "रयणप्पभ पुढवी" त्ति जाणइ पासइ ?

उ. हंता, गोयमा ! जाणइ, पासइ।

प. केवली णं भंते ! सक्करप्पभं पुढविं सक्करप्पभपुढवी त्ति जाणइ पासइ ?

उ. हंता, गोयमा ! **एवं चेव।**

एवं जाव अहेसत्तमा

प. केवली णं भंते ! सोहम्मं कप्पं, सोहम्मकप्पे त्ति जाणइ पासइ ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

एवं ईसाणं।

एवं जाव अच्चुयं।

प. केवली णं भंते ! गेवेज्जविमाणे-गेवेज्जविमाणे त्ति जाणइ पासइ ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

एवं अणुत्तरविमाणे वि।

प. केवली णं भंते ! ईसिपब्भारं पुढविं "ईसीपब्भारपुढवी" त्ति जाणइ पासइ ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

प. केवली णं भंते ! परमाणुपोग्गलं परमाणुपोग्गले त्ति जाणइ पासइ ?

उ. गोयमा ! **एवं चेव।**

एवं दुपदेसियं खंधं एवं जाव–

प. जहा णं भंते ! केवली अणंतपदेसियं खंधे "अणंतपदेसिए खंधे" त्ति जाणइ पासइ, तहा णं सिद्धे वि अणंतपदेसियं जाणइ, पासइ।

उ. हंता, गोयमा ! जाणइ, पासइ।

–विया. स. १४, उ. १०, सु. १२-२४

प्र. भन्ते ! क्या केवलज्ञानी इस रत्नप्रभापृथ्वी को यह "रत्नप्रभापृथ्वी है" इस प्रकार जानते-देखते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते ! जिस प्रकार केवली इस रत्नप्रभापृथ्वी को "यह रत्नप्रभापृथ्वी है" इस प्रकार जानते देखते हैं ?

क्या उसी प्रकार सिद्ध भी इस रत्नप्रभापृथ्वी को "यह रत्नप्रभापृथ्वी है" इस प्रकार जानते-देखते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते ! क्या केवलज्ञानी शर्कराप्रभापृथ्वी को "यह शर्कराप्रभापृथ्वी है" इस प्रकार जानते-देखते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! **उसी प्रकार (केवली और सिद्ध दोनों के विषय में पूर्ववत्) समझना चाहिए।**

इसी प्रकार अधःसप्तमपृथ्वी पर्यन्त जानना चाहिए।

प्र. भन्ते ! क्या केवलज्ञानी सौधर्मकल्प को यह सौधर्मकल्प है इस प्रकार जानते देखते हैं ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् जानना चाहिए।**

इसी प्रकार ईशान देवलोक के विषय में भी जानना चाहिए।

इसी प्रकार अच्युतकल्प पर्यन्त के लिए कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! क्या केवलज्ञानी ग्रैवेयकविमान को "ग्रैवेयकविमान है" इस प्रकार जानते देखते हैं ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् समझना चाहिए।**

इसी प्रकार (पांच) अनुत्तर विमानों के विषय में कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! क्या केवलज्ञानी ईषत्प्राग्भारापृथ्वी को "ईषत्प्राग्भारापृथ्वी है" इस प्रकार जानते देखते हैं ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् समझना चाहिए।**

प्र. भन्ते ! क्या केवलज्ञानी परमाणुपुद्गल को यह "परमाणुपुद्गल है" इस प्रकार जानते-देखते हैं ?

उ. गौतम ! **पूर्ववत् समझना चाहिए।**

इसी प्रकार द्विप्रदेशी स्कन्ध के विषय में भी समझना चाहिए, इसी प्रकार यावत्–

प्र. भन्ते ! जैसे केवली अनन्तप्रदेशिक स्कन्ध को "यह अनन्तप्रदेशिक स्कन्ध है" इस प्रकार जानते-देखते हैं क्या वैसे ही सिद्ध भी "अनन्तप्रदेशिक स्कन्ध" को अनन्तप्रदेशिक स्कन्ध है इस प्रकार जानते-देखते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! वे जानते-देखते हैं।

१०३. केवलि-सिद्धेसु भासणाइ परूवणं–

प. केवली णं भंते ! भासेज्ज वा वागरेज्ज वा ?

उ. हंता, गोयमा ! भासेज्ज वा, वागरेज्ज वा।

प. जहा णं भंते ! केवली भासेज्ज वा, वागरेज्ज वा, तहा णं सिद्धे वि भासेज्ज वा, वागरेज्ज वा ?

१०३. केवली और सिद्धों में भाषा आदि का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! क्या केवलज्ञानी बोलते हैं या प्रश्न का उत्तर देते हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! वे बोलते भी हैं और प्रश्न का उत्तर भी देते हैं।

प्र. भन्ते ! जिस प्रकार केवली बोलते हैं या प्रश्न का उत्तर देते हैं, क्या उसी प्रकार सिद्ध भी बोलते हैं और प्रश्न का उत्तर देते हैं ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"जहा णं केवली भासेज्ज वा, वागरेज्ज वा, नो तहा णं सिद्धे भासेज्ज वा, वागरेज्ज वा ?

उ. गोयमा ! केवली णं सउट्ठाणे सकम्मे सबले सवीरिए सपुरिसक्कार परक्कमे, सिद्धे णं अणुट्ठाणे **जाव** अपुरिसक्कारपरक्कमे।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"जहा णं केवली भासेज्ज वा, वागरेज्ज वा, नो तहा णं सिद्धे भासेज्ज वा वागरेज्ज वा।

प. केवली णं भंते ! उम्मिसेज्ज वा, निम्मिसेज्ज वा ?

उ. हंता, गोयमा ! उम्मिसेज्ज वा, निम्मिसेज्ज वा।

प. जहा णं भंते ! केवली उम्मिसेज्ज वा निमिसेज्ज वा तहा णं सिद्धे वि उम्मिसेज्ज वा निम्मिसेज्ज वा ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे । **सेसं जहा वागरणं आलावगो तहा उम्मिसेण वि अपरिसेसिओ णेयव्वो। एवं आउट्टेज्ज वा, पसारेज्ज वा।**

एवं ठाणं वा, सेज्जं वा, निसीहियं वा चेएज्जा।

–विया. स. १४, उ. १०, सु. ७-११

उ. गौतम ! यह शक्य नहीं हैं।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"केवली बोलते हैं एवं प्रश्न का उत्तर देते हैं, किन्तु सिद्ध भगवान् न बोलते हैं और न प्रश्न का उत्तर देते हैं ?

उ. गौतम ! केवलज्ञानी उत्थान, कर्म, बल, वीर्य एवं पुरुषकार-पराक्रम से सहित हैं, जबकि सिद्ध भगवान् उत्थान **यावत्** पुरुषकार-पराक्रम से रहित हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

'केवलज्ञानी बोलते हैं एवं प्रश्न का उत्तर देते हैं, किन्तु सिद्ध भगवान् न बोलते हैं और न प्रश्न का उत्तर देते हैं।'

प्र. भन्ते ! केवलज्ञानी अपनी आंखें खोलते हैं अथवा बन्द करते हैं ?

उ. हाँ गौतम ! वे आँखें खोलते हैं और बन्द करते हैं।

प्र. भन्ते ! जिस प्रकार केवली आँखें खोलते हैं और बन्द करते है, क्या उसी प्रकार सिद्ध भी आँखें खोलते हैं और बन्द करते हैं ?

उ. गौतम ! यह शक्य नहीं है। **शेष सम्पूर्ण वर्णन उपरोक्त सिद्ध के बोलने आदि के आलापक के समान जान लेना चाहिए। इसी प्रकार अंगों को संकुचित करने और फैलाने सम्बन्धी आलापक जानना चाहिए।**

इसी प्रकार खड़े रहने, सोने और बैठने सम्बन्धी आलापक भी जानना चाहिए।

१०४. छउमत्थेणं केवलणाणिस्स विसेसओ–

दस ठाणाई छउमत्थे सव्वभावेणं न जाणइ न पासइ, तं जहा–

१. धम्मत्थिकायं, २. अधम्मत्थिकायं,
३. आगासत्थिकायं, ४. जीवं असरीरपडिबद्धं,
५. परमाणुपोग्गलं[1], ६. सद्दं[2],
७. गंधं[3], ८. वातं[4],
९. अयं जिणे भविस्सइ वा, ण वा भविस्सइ,
१०. अयं सव्वदुक्खाणं अंतं करेस्सइ वा, न वा करेस्सइ।

एयाणि चेव उप्पन्न-नाण-दंसणधरे अरहा जिणे केवली सव्वभावेणं जाणइ पासइ, तं जहा–

१. धम्मत्थिकायं **जाव**
१०. अयं सव्वदुक्खाणं अंतं करेस्सइ वा, न वा करेस्सइ[5]।

–ठाणं, अ. १०, सु. ७५४

१०४. छद्मस्थ से केवलज्ञानी की विशेषता–

दस पदार्थों को छद्मस्थ सम्पूर्ण रूप से न जानता है और न देखता है, यथा–

१. धर्मास्तिकाय, २. अधर्मास्तिकाय,
३. आकाशास्तिकाय, ४. शरीरमुक्तजीव,
५. परमाणुपुद्गल, ६. शब्द,
७. गन्ध, ८. वायु,
९. यह जिन होगा या नहीं होगा ?
१०. यह सभी दुःखों का अन्त करेगा या नहीं करेगा ?

किन्तु उत्पन्न ज्ञान-दर्शन को धारण करने वाले अर्हत् जिन केवली इनको सम्पूर्ण रूप से जानते देखते हैं, यथा–

१. धर्मास्तिकाय, **यावत्**
१०. यह सभी दुःखों का अन्त करेगा या नहीं।

१०५. छउमत्थ-केवलिणं परियओ–

सत्तहिं ठाणेहिं छउमत्थं जाणेज्जा, तं जहा–

१. पाणे अइवाएत्ता भवइ,
२. मुसं वइत्ता भवइ,

१०५. छद्मस्थ और केवली का परिचय–

सात हेतुओं से छद्मस्थ जाना जाता है, यथा–

१. जो प्राणों का अतिपात करता है,
२. जो मृषा बोलता है,

---

१. ठाणं. अ. ५, सु. ४५०
२. ठाणं. अ. ६, सु. ४७८
३. ठाणं. अ. ७, सु. ५६७
४. ठाणं. अ. ८, सु. ६१०
५. विया. स. ८, उ. २, सु. २०-२१

३. अदिन्नमादित्ता भवइ,
४. सद्द-फरिस-रस-रूव-गंधे आसादेत्ता भवइ,
५. पूयासक्कारमणुवूहेत्ता भवइ,
६. इमं सावज्ज त्ति पण्णवेत्ता पडिसेवेत्ता भवइ,
७. णो जहावादी तहाकारी यावि भवइ।
सत्तहिं ठाणेहिं केवली जाणेज्जा, तं जहा–
१. णो पाणे अइवाइत्ता भवइ जाव २-७ जहावाई तहाकारी यावि भवइ। –ठाणं. अ. ७, सु. ५५०

३. जो अदत्त का ग्रहण करता है,
४. जो शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध का आस्वादक होता है,
५. जो पूजा और सत्कार का अनुमोदन करता है,
६. जो यह "सावद्य सपाप हैं" ऐसा कहकर भी उसका आसेवन करता है,
७. जो जैसा कहता है वैसा नहीं करता है।
सात हेतुओं से केवली जाना जाता है, यथा–
१. जो प्राणों का अतिपात नहीं करता यावत् २-७ जो जैसा कहता है वैसा करता है।

१०६. वेमाणियदेवेहिं केवलिस्स मणोवययोग विन्नाणं–

प. केवली णं भंते ! पणीयं मणं वा, वइं वा धारेज्जा ?
उ. हंता, गोयमा ! धारेज्जा।
प. जे णं भंते ! केवली पणीयं मणं वा, वइं वा धारेज्जा तं णं वेमाणिया देवा जाणंति पासंति ?
उ. गोयमा ! अत्थेगइया जाणंति पासंति, अत्थेगइया न जाणंति न पासंति।
प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"अत्थेगइया जाणंति पासंति, अत्थेगइया न जाणंति न पासंति ?"
उ. गोयमा ! वेमाणिया देवा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. मायिमिच्छादिट्ठिउववन्नगा य,
२. अमायिसम्मदिट्ठिउववन्नगा य।
तत्थ णं जे ते माइमिच्छादिट्ठीउववन्नगा ते ण जाणंति, ण पासंति।
तत्थ णं जे ते अमाइसम्मदिट्ठीउववन्नगा ते णं अत्थेगइया जाणंति-पासंति, अत्थेगइया ण जाणंति ण पासंति।
प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"अत्थेगइया जाणंति-पासंति, अत्थेगइया ण जाणंति, ण पासंति ?"
उ. गोयमा ! अमाइसम्मदिट्ठी दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. अणंतरोववण्णगा य,
२. परंपरोववण्णगा य।
तत्थ णं जे ते अणंतरोववण्णगा ते ण जाणंति, ण पासंति।
तत्थ णं जे ते परंपरोववण्णगा ते णं अत्थेगइया जाणंति-पासंति, अत्थेगइया ण जाणंति, ण पासंति।
प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–
"अत्थेगइया जाणंति-पासंति, अत्थेगइया ण जाणंति, ण पासंति ?"
उ. गोयमा ! परंपरोववण्णगा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१०६. वैमानिक देवों द्वारा केवली के मन वचन योगों का ज्ञान–

प्र. भन्ते ! क्या केवली प्रशस्त मन और प्रशस्त वचन धारण करता है ?
उ. हाँ, गौतम ! धारण करता है।
प्र. भन्ते ! केवली जिस प्रकार से प्रशस्त मन और प्रशस्त वचन को धारण करता है क्या उसे वैमानिक देव जानते-देखते हैं ?
उ. गौतम ! कितने ही जानते-देखते हैं और कितने ही नहीं जानते, नहीं देखते हैं।
प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"कितने ही देव जानते-देखते हैं, कितने ही देव नहीं जानते, नहीं देखते हैं ?
उ. गौतम ! वैमानिक देव दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. मायीमिथ्यादृष्टि रूप से उत्पन्न,
२. अमायीसम्यग्दृष्टि रूप से उत्पन्न।
इनमें जो मायीमिथ्यादृष्टि हैं वे नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं।
किन्तु जो अमायीसम्यग्दृष्टि हैं वे कई जानते-देखते हैं और कई नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं।
प्र. भन्ते ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है कि–
"कई जानते-देखते हैं और कई नहीं जानते, नहीं देखते हैं ?"
उ. गौतम ! अमायीसम्यग्दृष्टि दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. अनन्तरोपपन्नक,
२. परम्परोपपन्नक।
इनमें से जो अनन्तरोपपन्नक हैं वे नहीं जानते, नहीं देखते हैं,
इनमें से जो परंपरोपपन्नक हैं वे कई जानते-देखते हैं और कई नहीं जानते, नहीं देखते हैं।
प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–
"कई जानते-देखते हैं और कई नहीं जानते, नहीं देखते हैं ?"
उ. गौतम ! परम्परोपपन्नक (सम्यग्दृष्टि) भी दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. अपज्जत्तगा य, २. पज्जत्तगा य।

तत्थ णं जे ते अपज्जत्तगा ते ण जाणंति, ण पासंति।

तत्थ णं जे ते पज्जत्तगा ते णं अत्थेगइया जाणंति-पासंतिं, अत्थेगइया ण जाणंति, ण पासंति।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"अत्थेगइया जाणंति-पासंति, अत्थेगइया ण जाणंति, ण पासंति?"

उ. गोयमा ! पज्जत्तगा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. अणुवउत्ता य, २. उवउत्ता य।

तत्थ णं जे ते अणुवउत्ता ते ण जाणंति, ण पासंति।

तत्थ णं जे ते उवउत्ता ते जाणंति-पासंति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"अत्थेगइया जाणंति-पासंति, अत्थेगइया ण जाणंति, ण पासंति। –*विया. स. ५, उ. ४, सु. २९-३०*

१. अपर्याप्तक, २. पर्याप्तक।

इनमें से जो अपर्याप्तक हैं वे नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं, और जो पर्याप्तक हैं वे कई जानते-देखते हैं और कई नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं।

प्र. भन्ते ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है कि–

"कई जानते-देखते हैं और कई नहीं जानते, नहीं देखते हैं?"

उ. गौतम ! पर्याप्तक (सम्यग्दृष्टि) भी दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. अनुपयुक्त, २. उपयुक्त।

इसमें जो अनुपयुक्त हैं वे नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं और जो उपयुक्त हैं वे जानते-देखते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"कितने ही (वैमानिक देव केवली के मन को) जानते-देखते हैं और कितने ही नहीं जानते, नहीं देखते हैं।"

१०७. केवलि सद्धिं अणुत्तर देवाणं संलावो–

प. पभू णं भंते ! अणुत्तरोववाइया देवा तत्थगया चेव समाणा इहगएणं केवलिणा सद्धिं आलावं वा, संलावं वा करेत्तए?

उ. हंता, गोयमा ! पभू।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"पभू णं अणुत्तरोववाइया देवा तत्थगया चेव समाणा इहगएणं केवलिणा सद्धिं आलावं वा, संलावं वा करेत्तए?"

उ. गोयमा ! जं णं अणुत्तरोववाइया देवा तत्थगया चेव समाणा अट्ठं वा, हेउं वा, पसिणं वा, कारणं वा, वागरणं वा पुच्छंति तं णं इहगए केवली अट्ठं वा **जाव** वागरणं वा वागरेइ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"पभू णं अणुत्तरोववाइया देवा तत्थगया चेव समाणा इहगएणं केवलिणा सद्धिं आलावं वा, संलावं वा करेत्तए।"

प. जं णं भंते ! इहगए चेव केवली अट्ठं **जाव** वागरणं वा वागरेइ तं णं अणुत्तरोववाइया देवा तत्थगया चेव समाणा जाणंति पासंति?

उ. हंता, जाणंति, पासंति।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"जं णं इहगए चेव केवली अट्ठं वा **जाव** वागरणं वा वागरेइ तं णं अणुत्तरोववाइया देवा तत्थगया चेव समाणा जाणंति पासंति?"

उ. गोयमा ! तेसि णं देवाणं अणंताओ मणोदव्ववग्गणाओ लद्धाओ पत्ताओ अभिसमन्नागयाओ भवंति।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

१०७. केवली के साथ अणुत्तर देवों का संलाप–

प्र. भन्ते ! क्या अनुत्तरौपपातिक देव अपने स्थान पर रहे हुए ही यहां रहे हुए केवली के साथ आलाप और संलाप करने में समर्थ हैं?

उ. हां, गौतम ! समर्थ हैं।

प्र. भन्ते ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है कि–

"अनुत्तरौपपातिक देव अपने स्थान पर रहे हुए ही, यहां रहे हुए केवली के साथ आलाप और संलाप करने में समर्थ हैं?"

उ. गौतम ! अनुत्तरौपपातिक देव अपने स्थान पर रहे हुए ही, जिन अर्थों, हेतुओं, प्रश्नों, कारणों या व्याख्याओं को पूछते हैं, उन अर्थों **यावत्** व्याख्याओं का उत्तर यहां रहे हुए केवली देते हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"अनुत्तरौपपातिक देव अपने स्थान पर रहे हुए ही, यहां रहे हुए केवली के साथ आलाप और संलाप करने में समर्थ हैं।"

प्र. भन्ते ! केवली भगवान् यहां रहे हुए जिस अर्थ **यावत्** व्याख्या का उत्तर देते हैं, क्या उस उत्तर को वहां रहे हुए अनुत्तरौपपातिक देव जानते-देखते हैं?

उ. हाँ, गौतम ! जानते-देखते हैं।

प्र. भन्ते ! ऐसा किस कारण से कहा जाता है कि–

यहाँ रहे हुए केवली जिस अर्थ यावत् व्याख्या का उत्तर देते हैं, उस उत्तर को वहां रहे हुए ही अनुत्तरौपपातिक देव जानते-देखते हैं?"

उ. गौतम ! उन देवों को अनन्त मनोद्रव्य-वर्गणा लब्ध हैं, प्राप्त हैं, सम्मुख की हुई हैं।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"जं णं इहगए चेव केवली अट्ठं वा **जाव** वागरणं वा वागरेइ तं णं अणुत्तरोववाइया देवा तत्थगइया चेव समाणा जाणंति पासंति। *-विया. स. ५, उ. ४, सु. ३१-३२*

"यहाँ रहे हुए केवली जिस अर्थ **यावत्** व्याख्या का उत्तर देते हैं, उस उत्तर को वहां रहे हुए ही अनुत्तरौपपातिक देव जानते-देखते हैं।"

१०८. केवलिणो अस्सिं सेयकालंसि ओगाहणा सामत्थं-

प. केवली णं भंते ! अस्सिं समयंसि जेसु आगासपएसेसु हत्थं वा पायं वा बाहं वा उरूं वा ओगाहित्ताणं चिट्ठइ।

पभू णं भंते ! केवली सेयकालंसि वि तेसु चेव आगासपएसेसु हत्थं वा **जाव** उरूं वा ओगाहित्ताणं चिट्ठित्तए ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ-

"केवली णं अस्सिं समयंसि जेसु आगासपएसेसु हत्थं वा **जाव** उरूं वा चिट्ठइ, नो णं पभू केवली सेयकालंसि वि तेसु चेव आगासपएसेसु हत्थं वा **जाव** उरूं वा ओगाहित्ताणं चिट्ठित्तए ?

उ. गोयमा ! केवलिस्स णं वीरियसजोगसद्दव्वयाए चलाइं उवगरणाइं भवंति, चलोवगरणट्ठयाए य णं केवली अस्सिं समयंसि जेसु आगासपएसेसु हत्थं वा **जाव** उरूं वा चिट्ठइ णो णं पभू केवली सेयकालंसि वि तेसु चेव आगासपएसेसु हत्थं वा **जाव** उरूं वा ओगाहित्ताणं चिट्ठित्तए।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ-

"केवली णं अस्सिं समयंसि जेसु आगासपएसेसु हत्थं वा **जाव** उरूं वा ओगाहित्ताणं चिट्ठित्तए। णो णं पभू केवली सेयकालंसि वि तेसु चेव आगासपएसेसु हत्थं वा **जाव** उरूं वा ओगाहित्ताणं चिट्ठित्तए।

-विया. स. ५, उ. ४, सु. ३५

१०८. केवली का वर्तमान भविष्यकालीन अवगाहन सामर्थ्य-

प्र. भन्ते केवली इस समय में जिन आकाश प्रदेशों पर अपने हाथ, पैर, बाहू और उरू को अवगाहित करके रहते हैं,

तो भंते ! क्या भविष्यत्काल में भी वे उन्हीं आकाश-प्रदेशों पर अपने हाथ **यावत्** उरू आदि को अवगाहित करके रह सकते हैं ?

उ. गौतम ! यह शक्य नहीं है।

प्र. भन्ते किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि-

"केवली इस समय में जिन आकाशप्रदेशों पर अपने हाथ **यावत्** उरू को अवगाहित करके रहते हैं, वे उन्हीं आकाशप्रदेशों पर भविष्यकाल में अपने हाथ **यावत्** उरू को अवगाहित करके रहने में समर्थ नहीं है ?"

उ. गौतम ! केवली का जीवद्रव्य वीर्यप्रधान योग वाला होता है, इससे उनके हाथ आदि उपकरण चलायमान होते हैं, हाथ **यावत्** उरू के चलित होते रहने से वर्तमान समय में जिन आकाशप्रदेशों में केवली अपने हाथ **यावत्** उरू अवगाहित करके रहे हुए हैं उन्हीं आकाशप्रदेशों पर भविष्यत्काल में वे हाथ **यावत्** उरू को अवगाहित करके नहीं रह सकते।

इस कारण से गौतम ऐसा कहा जाता है कि-

"केवली इस समय में जिन आकाशप्रदेशों पर अपने हाथ **यावत्** उरू को अवगाहित करके रहते हैं, वे उन्हीं आकाशप्रदेशों पर भविष्यकाल में अपने हाथ **यावत्** उरू को अवगाहित करके नहीं रह सकते।

११२. केवलिस्स दस अणुत्तरा-

केवलिस्स णं दस अणुत्तरा पण्णत्ता, तं जहा-

१. अणुत्तरे णाणे, २. अणुत्तरे दंसणे,
३. अणुत्तरे चरित्ते, ४. अणुत्तरे तवे,
५. अणुत्तरे वीरिए, ६. अणुत्तरा खंती
७. अणुत्तरा मुत्ती, ८. अणुत्तरे अज्जवे,
९. अणुत्तरे मद्दवे, १०. अणुत्तरे लाघवे।

-ठाणं. अ. १०, सु. ७६३

१०९. केवली के दश अनुत्तर-

केवली के दस अनुत्तर कहे गए हैं, यथा-

१. अनुत्तर ज्ञान, २. अनुत्तर दर्शन,
३. अनुत्तर चारित्र, ४. अनुत्तर तप
५. अनुत्तर वीर्य (शक्ति) ६. अनुत्तर क्षान्ति (क्रोध क्षय)
७. अनुत्तर मुक्ति (निर्लोभता) ८. अनुत्तर आर्जव,
९. अनुत्तर मार्दव, १०. अनुत्तर लाघव

११३. पंच णाणाणं उप्पाय हेउ परूवणं-

दोहिं ठाणेहिं आया केवलं आभिणिबोहियणाणं उप्पाडेज्जा, तं जहा-

१. सोच्चा चेव २. अभिसमेच्च चेव।

दोहिं ठाणेहिं आया केवलं सुयणाणं उप्पाडेज्जा, तं जहा-

१. सोच्चा चेव, २. अभिसमेच्च चेव।

११०. पांच ज्ञानों की उत्पत्ति के हेतुओं का प्ररूपण-

इन दो स्थानों से आत्मा विशुद्ध आभिनिबोधिक ज्ञान को उत्पन्न करता है, यथा-

१. सुनने से, २. जानने से।

इन दो स्थानों से आत्मा विशुद्ध श्रुतज्ञान को उत्पन्न करता है, यथा-

१. सुनने से, २. जानने से।

दोहिं ठाणेहिं आया केवलं ओहिणाणं उप्पाडेज्जा, तं जहा—

१. सोच्चा चेव, २. अभिसमेच्च चेव।

दोहिं ठाणेहिं आया केवलं मणपज्जवणाणं उप्पाडेज्जा, तं जहा—

१. सोच्चा चेव, २. अभिसमेच्च चेव।

दोहिं ठाणेहिं आया केवलं केवलणाणं उप्पाडेज्जा, तं जहा—

१. सोच्चा चेव, २. अभिसमेच्च चेव।

दो ठाणाइं परियाणेत्ता आया केवलमाभिणिबोहियणाणं उप्पाडेज्जा, तं जहा—

१. आरंभे चेव, २. परिग्गहे चेव।

दो ठाणाइं परियाणेत्ता आया केवलं सुयणाणं उप्पाडेज्जा, तं जहा—

१. आरंभे चेव, २. परिग्गहे चेव।

दो ठाणाइं परियाणेत्ता आया केवलं ओहिणाणं उप्पाडेज्जा, तं जहा—

१. आरंभे चेव, २. परिग्गहे चेव।

दो ठाणाइं परियाणेत्ता आया केवलं मणपज्जवणाणं उप्पाडेज्जा, तं जहा—

१. आरंभे चेव, २. परिग्गहे चेव।

दो ठाणाइं परियाणेत्ता आया केवलं केवलणाणं उप्पाडेज्जा, तं जहा—

१. आरंभे चेव, २. परिग्गहे चेव।

—*ठाणं. अ. २, उ. १ सु. ५५*

इन दो स्थानों से आत्मा विशुद्ध अवधिज्ञान को उत्पन्न करता है, यथा—

१. सुनने से, २. जानने से।

उ. हाँ, गौतम ! वह जानता-देखता है।

प्र. भन्ते ! वह उन रूपों को यथाभाव से जानता-देखता है या अन्यथाभाव से जानता-देखता है?

उ. गौतम ! वह उन रूपों को यथाभाव से जानता-देखता है, किन्तु अन्यथाभाव से नहीं जानता-देखता है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"वह यथाभाव से उन रूपों को जानता देखता है, अन्यथाभाव से नहीं जानता-देखता है?

उ. गौतम ! उस अनगार के मन में इस प्रकार का विचार होता है कि–

एवं खलु अहं रायगिहे नगरे समोहए समोहणित्ता, वाणारसीए नगरीए रूवाइं जाणामि पासामि, से से दंसणे अविवच्चासे भवइ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"तहाभावं जाणइ पासइ, णो अण्णहाभावं जाणइ पासइ।"

बीओ वि आलावगो एवं चेव,

णवरं–वाणारसीए नगरीए समोहणावेयव्वो, रायगिहे नगरे रूवाइं जाणइ पासइ।

"वाराणसी नगरी में रहा हुआ मैं राजगृहनगर की विकुर्वणा करके वाराणसी के रूपों को जानता-देखता हूँ। इस प्रकार उसका दर्शन अविपरीत होता है।

इस कारण से गौतम! ऐसा कहा जाता है कि–

"वह यथाभाव से जानता-देखता है, किन्तु अन्यथाभाव से नहीं जानता-देखता है।"

दूसरा आलापक भी इसी तरह कहना चाहिए।

विशेष–विकुर्वणा वाराणसी नगरी की समझनी चाहिए और राजगृह नगर में रहकर रूपों को जानता-देखता है ऐसा समझना चाहिए।

प. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा अमायी सम्मद्दिट्ठी वीरियलद्धीए वेउव्वियलद्धीए ओहिनाणलद्धीए रायगिहं नगरं वाणारसिं च नगरिं अंतरा य एगं महं जणवयवग्गं समोहए समोहणित्ता, रायगिहं नगरं वाणारसिं च नगरिं तं च अंतरा एगं महं जणवयवग्गं जाणइ पासइ?

उ. हंता, गोयमा ! जाणइ पासइ।

प. से भंते ! किं तहाभावं जाणइ पासइ, अण्णहाभावं जाणइ पासइ?

उ. गोयमा ! तहाभावं जाणइ पासइ, णो अण्णहाभावं जाणइ पासइ।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"तहाभावं जाणइ पासइ, णो अण्णहाभावं जाणइ पासइ?"

उ. गोयमा ! तस्स णं एवं भवइ–

"णो खलु एस रायगिहे नगरे, णो खलु एस वाणारसी नगरी, णो खलु एस अंतरा एगे जणवयवग्गे,

एस खलु ममं वीरियलद्धी, वेउव्वियलद्धी, ओहिणाणलद्धी इड्ढी जुई जसे बले वीरिए पुरिसक्कारपरक्कमे लद्धे पत्ते अभिसमण्णागए"

से से दंसणे अविवच्चासे भवइ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"तहाभावं जाणइ पासइ, णो अण्णहाभावं जाणइ पासइ।" *–विया. स. ३, उ. ६, सु. ६-१०*

प्र. भन्ते ! अमायी सम्यग्दृष्टि भावितात्मा अनगार अपनी वीर्यलब्धि, वैक्रियलब्धि और अवधिज्ञानलब्धि से राजगृह-नगर और वाराणसी नगरी के बीच में एक बड़े जनपद-वर्ग की विकुर्वणा करके उस राजगृह नगर और वाराणसी के बीच में एक बड़े जनपद-वर्ग को जानता-देखता है?

उ. हाँ, गौतम, वह जानता-देखता है।

प्र. भन्ते ! क्या वह उस जनपद-वर्ग को यथाभाव से जानता और देखता है, या अन्यथाभाव से जानता-देखता है?

उ. गौतम ! वह उस जनपद वर्ग को यथाभाव से जानता और देखता है किन्तु अन्यथाभाव से नहीं जानता-देखता है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

"यथाभाव से जानता-देखता है, किन्तु अन्यथाभाव से नहीं जानता-देखता है?"

उ. गौतम ! उस अनगार के मन में ऐसा विचार होता है कि–

"न तो यह राजगृह नगर है और न यह वाराणसी नगरी है, तथा न ही इन दोनों के बीच में यह एक बड़ा जनपद-वर्ग है,

किन्तु यह मेरी वीर्यलब्धि है, वैक्रियलब्धि है और अवधिज्ञानलब्धि है, तथा यह मेरे द्वारा उपलब्ध, प्राप्त एवं अभिसमन्वागत ऋद्धि, द्युति, यश, बल, वीर्य और पुरुषाकार पराक्रम है।"

उसका वह दर्शन अविपरीत होता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि –

"वह अमायी सम्यग्दृष्टि अनगार यथाभाव से जानता-देखता है, किन्तु अन्यथाभाव से नहीं जानता- देखता है।"

१२३. भावियप्पअणगारेहिं वेउव्विय समुग्घाएणं समोहयस्स देवाण जाणणं-पासणं–

प. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा देवं वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहए जाणरूवेणं जायमाणं जाणइ पासइ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए देवं पासइ, णो जाणं पासइ,

अत्थेगइए जाणं पासइ, नो देवं पासइ,

१२३. भावितात्मा अणगार द्वारा वैक्रिय समुद्घात से समवहत देवादि का जानना-देखना–

प. भन्ते ! क्या भावितात्मा अनगार, वैक्रिय समुद्घात से समवहत हुए और यान रूप से जाते हुए देव को जानता-देखता है?

उ. गौतम ! कोई देव को तो देखता है किन्तु यान को नहीं देखता है,

कोई यान को देखता है, किन्तु देव को नहीं देखता है,

अत्थेगइए देवं पि पासइ जाणं पि पासइ

अत्थेगइए नो देवं पासइ, नो जाणं पासइ

प. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा देविं वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहयं जाणरूवेणं जायमाणिं जाणइ पासइ?

उ. गोयमा ! १. अत्थेगइए देविं पासइ, णो जाणं पासइ,

२. अत्थेगइए जाणं पासइ, नो देविं पासइ,

३. अत्थेगइए देविं पि पासइ, जाणं पि पासइ,

४. अत्थेगइए नो देविं पासइ, नो जाणं पासइ।

प. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा देवं सदेवीयं वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहए जाणरूवेणं जायमाणं जाणइ पासइ?

उ. गोयमा ! १. अत्थेगइए देवं सदेवीयं पासइ, णो जाणं पासइ,

२. अत्थेगइए जाणं पासइ, णो देवं सदेवीयं पासइ,

३. अत्थेगइए देवं सदेवीयं पि पासइ, जाणं पि पासइ,

४. अत्थेगइए णो देवं सदेवीयं पासइ, णो जाणं पासइ।

–विया. स. ३, उ. ४, स. १-३

कोई देव को भी देखता है और यान को भी देखता है,

कोई न देव को देखता है और न यान को देखता है।

प. भन्ते ! क्या भावितात्मा अनगार, वैक्रिय समुद्घात से समवहत हुई और यानरूप से जाती हुई देवी को जानता-देखता है?

उ. गौतम ! १. कोई देवी को तो देखता है, किन्तु यान को नहीं देखता है,

२. कोई यान को देखता है, किन्तु देवी को नहीं देखता है,

३. कोई देवी को भी देखता है और यान को भी देखता है,

४. कोई न देवी को देखता है और न यान को देखता है,

प. भन्ते ! क्या भावितात्मा अनगार, वैक्रिय समुद्घात से समवहत तथा यानरूप से जाते हुए, देवीसहित देव को जानता-देखता है?

उ. गौतम ! १. कोई देवीसहित देव को तो देखता है किन्तु यान को नहीं देखता है,

२. कोई यान को देखता है किन्तु देवीसहित देव को नहीं देखता है,

३. कोई देवीसहित देव को भी देखता है और यान को भी देखता है,

४. कोई न देवीसहित देव को देखता है और न यान को देखता है।

१२४. भावियप्पमणगारेणं रुक्खस्स अंतो-बाहिं पासण परूवणं–

प. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा रुक्खस्स किं अंतो पासइ, बाहिं पासइ?

उ. गोयमा ! १. अत्थेगइए रुक्खस्स अंतो पासइ, णो बाहिं पासइ,

२. अत्थेगइए रुक्खस्स बाहिं पासइ, णो अंतो पासइ,

३. अत्थेगइए रुक्खस्स अंतो पि पासइ, बाहिं पि पासइ,

४. अत्थेगइए रुक्खस्स णो अंतो पासइ, णो बाहिं पासइ। *–विया. स. ३, उ. ४, सु. ४/१*

१२४. भावितात्मा अनगार द्वारा वृक्ष के अन्दर और बाहर देखने का प्ररूपण–

प. भन्ते ! भावितात्मा अनगार क्या वृक्ष के आन्तरिक भाग को देखता है या बाह्य भाग को देखता है?

उ. गौतम ! १. कोई वृक्ष के आन्तरिक भाग को तो देखता है, किन्तु बाह्य भाग को नहीं देखता है,

२. कोई वृक्ष के बाह्य भाग को देखता है, किन्तु आन्तरिक भाग को नहीं देखता है,

३. कोई वृक्ष के आन्तरिक भाग को भी देखता है और बाह्य भाग को भी देखता है,

४. कोई वृक्ष के आन्तरिक भाग को नहीं भी देखता है और बाह्य भाग को भी नहीं देखता है।

१२५. भावियप्पमणगारेणं मूलाइं पासण परूवणं–

प. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा रुक्खस्स किं मूलं पासइ, कंदं पासइ?

उ. गोयमा ! १. अत्थेगइए रुक्खस्स मूलं पासइ, णो कंदं पासइ,

२. अत्थेगइए रुक्खस्स कंदं पासइ, णो मूलं पासइ,

३. अत्थेगइए रुक्खस्स मूलं पि पासइ, कंदं पि पासइ,

४. अत्थेगइए रुक्खस्स णो मूलं पासइ, णो कंदं पासइ।

प. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा रुक्खस्स किं मूलं पासइ, खंधं पासइ?

उ. गोयमा ! चउभंगो।

१२५. भावितात्मा अनगार द्वारा मूलादि देखने का प्ररूपण–

प. भन्ते ! भावितात्मा अनगार क्या वृक्ष के मूल को देखता है या कन्द को देखता है?

उ. गौतम ! कोई मूल को तो देखता है, किन्तु कन्द को नहीं देखता है,

कोई कन्द को देखता है, किन्तु मूल को नहीं देखता है,

कोई मूल को भी देखता है और कन्द को भी देखता है,

कोई न मूल को देखता है और न कन्द को देखता है।

प्र. भन्ते ! भावितात्मा अणगार क्या वृक्ष के मूल को देखता है या स्कन्ध को देखता है?

उ. गौतम ! चार-चार भंग पूर्ववत् कहने चाहिए।

एवं मूलेणं जाव बीजं संजोएयव्वं,

एवं कंदेण वि समं बीयं संजोएयव्वं जाव बीयं।

एवं जाव पुप्फेण समं बीयं संजोएयव्वं।

प. अणगारे णं भंते ! भावियप्पा रुक्खस्स किं फलं पासइ, बीयं पासइ?

उ. गोयमा ! **चउभंगो।** *–विया. स. ३, उ. ४ सु. ४-५*

१२६. छउमत्थयाइहिं परमाणुपोग्गलाईणं जाणणं पासणं–

तए णं भगवे गोयमे समणेणं भगवया महावीरेणं एवं वुत्ते समाणे हट्ठतुट्ठ समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी–

प. छउमत्थे णं भंते ! मणुस्से परमाणुपोग्गलं किं जाणइ पासइ, उदाहु न जाणइ, न पासइ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइए जाणइ न पासइ, अत्थेगइए न जाणइ, न पासइ।

एवं दुपदेसिए जाव असंखेज्जपएसियं खंधं भाणियव्वं।

प. छउमत्थे णं भंते ! मणूसे अणंतपएसियं खंधं किं जाणइ पासइ, उदाहू न जाणइ, न पासइ?

उ. गोयमा ! १. अत्थेगइए जाणइ, पासइ,

२. अत्थेगइए जाणइ, न पासइ,

३. अत्थेगइए न जाणइ, पासइ,

४. अत्थेगइए न जाणइ, न पासइ,

जहा छउमत्थे तहा आहोहिए वि जाव अणंतपएसिए खंधे।

प. परमाहोहिए णं भंते ! मणूसे परमाणु पोग्गलं किं जाणइ पासइ?

उ. हंता, गोयमा ! जाणइ पासइ एवं जाव अणंत पएसियं खंधं जाणइ पासइ।

प. परमाहोहिए णं भंते ! मणूसे परमाणुपोग्गलं जं समयं जाणइ, तं समयं पासइ, जं समयं पासइ, तं समयं जाणइ?

उ. गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

"परमाहोहिए णं मणूसे परमाणुपोग्गलं जं समयं जाणइ, नो तं समयं पासइ, जं समयं पासइ, नो तं समयं जाणइ?"

उ. गोयमा ! सागारे से नाणे भवइ, अणागारे से दंसणे भवइ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"परमाहोहिए जाव जं समयं पासइ, नो तं समयं जाणइ।

इसी प्रकार मूल के साथ बीज का संयोजन करके चार भंग कहने चाहिए।

इसी प्रकार कन्द के साथ बीज पर्यन्त का संयोजन कर लेना चाहिए।

इसी प्रकार पुष्प के साथ बीज पर्यन्त का संयोजन कर लेना चाहिए।

प्र. भन्ते ! क्या भावितात्मा अनगार वृक्ष के फल को देखता है या बीज को देखता है?

उ. गौतम ! **यहाँ भी पूर्वोक्त प्रकार से चार भंग कहने चाहिए।**

१२६. छद्मस्थादि द्वारा परमाणु पुद्‌गलादि का जानना-देखना–

(तत्पश्चात्) भगवान् गौतम ने श्रमण भ. महावीर के इस कथन को सुनकर हट्ष्ट तुष्ट होकर भ. महावीर स्वामी को वंदन नमस्कार किया और वंदन नमस्कार कर इस प्रकार पूछा–

प्र. भन्ते ! क्या छद्‌मस्थ मनुष्य परमाणु पुद्‌गल को जानता-देखता है अथवा जानता, देखता है?

उ. गौतम ! कोई छद्‌मस्थ मनुष्य जानता है किन्तु देखता नहीं, कोई जानता भी नहीं और देखता भी नहीं।

इसी प्रकार द्विप्रदेशी से असंख्यातप्रदेशी स्कन्ध पर्यन्त कहना चाहिए।

प्र. भन्ते ! क्या छद्‌मस्थ मनुष्य अनन्तप्रदेशी स्कन्ध को जानता-देखता है, अथवा न जानता, न देखता है?

उ. गौतम ! १. कोई जानता है और देखता है,

२. कोई जानता है किन्तु देखता नहीं है,

३. कोई जानता नहीं, किन्तु देखता है,

४. कोई जानता भी नहीं और देखता भी नहीं।

जिस प्रकार छद्‌मस्थ का कथन किया गया है उसी प्रकार आधोवधि का कथन अनन्तप्रदेशी स्कन्ध तक समझ लेना चाहिए।

प्र. भन्ते ! क्या परमावधिज्ञानी मनुष्य परमाणु पुद्‌गल को जानता-देखता है?

उ. हां, गौतम ! जानता देखता है इसी प्रकार यावत् अनन्तप्रदेशी स्कन्ध को जानता है, देखता है।

प्र. भन्ते ! परमावधिज्ञानी मनुष्य परमाणु पुद्‌गल को जिस समय जानता है, क्या उसी समय देखता है और जिस समय देखता है क्या उसी समय जानता है?

उ. गौतम ! यह शक्य नहीं है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहते हैं कि–

"परमावधिज्ञानी परमाणु पुद्‌गल को जिस समय जानता है, उस समय देखता नहीं है और जिस समय देखता है उस समय जानता नहीं है?"

उ. गौतम ! परमावधिज्ञानी का ज्ञान साकार होता है और दर्शन अनाकार होता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

"परमावधिज्ञानी यावत् जिस समय देखता है, उस समय जानता नहीं।"

एवं जाव अणंतपएसियं खंधं।

जहा परमाहोहिए तहा केवली वि।

–विया. स. १८, उ. ८, सु. १६-२३

इसी प्रकार यावत् अनन्तप्रदेशी स्कन्ध तक कहना चाहिए।

जिस प्रकार परमावधिज्ञानी के विषय में कहा है उसी प्रकार केवलज्ञानी के लिए भी कहना चाहिए।

१२७. निज्जरा पुग्गलाणं जाणण-पासण परूवणं–

प. अणगारस्स णं भंते ! भावियप्पणो सव्वं कम्मं वेएमाणस्स, सव्वं कम्मं निज्जरेमाणस्स, सव्वं मारं मरमाणस्स, सव्वं सरीरं विप्पजहमाणस्स, चरिमं कम्मं वेएमाणस्स, चरिमं कम्मं निज्जरेमाणस्स, चरिमं मारं मरमाणस्स, चरिमं सरीरं विप्पजहमाणस्स, मारणंतियं कम्मं वेएमाणस्स, मारणंतियं कम्मं निज्जरेमाणस्स, मारणंतियं मारं मरमाणस्स, मारणंतियं सरीरं विप्पजहमाणस्स जे चरिमा निज्जरापोग्गला सुहुमा णं ते पोग्गला पण्णत्ता, समणाउसो ! सव्वं लोगं पि य ते ओगाहित्ता णं चिट्ठंति ?

उ. हंता, गोयमा ! अणगारस्स णं भावियप्पणो सव्वं कम्मं वेएमाणस्स जाव जे चरिमा निज्जरापोग्गला सुहुमाणं ते पोग्गला पण्णत्ता, समणाउसो ! सव्वं लोगं पि णं ते ओगाहित्ता णं चिट्ठंति।

प. छउमत्थे णं भंते ! मणुस्से तेसिं निज्जरापोग्गलाणं किंचि आणत्तं वा, नाणत्तं वा, ओमत्तं वा, तुच्छत्तं वा, गरुयत्तं वा, लहुयत्तं वा जाणइ पासइ ?

उ. गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

छउमत्थे णं मणुस्से तेसिं निज्जरापोग्गलाणं नो किंचि आणत्तं वा, णाणत्तं वा, ओमत्तं वा, तुच्छत्तं वा, गरुयत्तं वा, लहुयत्तं वा जाणइ पासइ ?

उ. गोयमा ! देवे वि य णं अत्थेगइए जे णं तेसिं निज्जरापोग्गलाणं नो किंचि आणत्तं वा, णाणत्तं वा, ओमत्तं वा, तुच्छत्तं वा, गुरुयत्तं वा, लहुयत्तं वा जाणइ-पासइ।

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

"छउमत्थे णं मणुस्से तेसिं निज्जरापोग्गलाणं नो किंचि आणत्तं वा, नाणत्तं वा, ओमत्तं वा, तुच्छत्तं वा, गरुयत्तं वा, लहुयत्तं वा जाणइ पासइ, सुहुमाणं ते पोग्गला पण्णत्ता, समणाउसो! सव्वलोगं पि य णं ते ओगाहित्ता चिट्ठंति।[1]

–पण्ण. प. १५, सु. ९९३-९९४

१२७. निर्जरा पुद्गलों का जानने देखने का प्ररूपण–

प्र. भन्ते ! भावितात्मा अणगार ने सभी कर्मों को वेदते हुए, सर्वकर्मों की निर्जरा करते हुए, समस्त मरणों से मरते हुए, सर्वशरीर को छोड़ते हुए तथा चरम कर्म को वेदते हुए, चरम कर्म की निर्जरा करते हुए, चरम मरण से मरते हुए, चरमशरीर को छोड़ते हुए, एवं मारणान्तिक कर्म को वेदते हुए, मारणांतिक कर्म की निर्जरा करते हुए, मारणान्तिक मरण से मरते हुए, मारणान्तिक शरीर को छोड़ते हुए जो चरमनिर्जरा के पुद्गल हैं, क्या वे पुद्गल सूक्ष्म कहे गए हैं ? हे आयुष्मन् श्रमणप्रवर ! क्या ये पुद्गल समग्र लोक का अवगाहन करके रहे हुए हैं ?

उ. हाँ, गौतम ! पूर्वोक्त भावितात्मा अनगार सभी कर्मों को वेदते हुए यावत् ये चरम निर्जरा के पुद्गल सूक्ष्म कहे गये हैं और हे आयुष्मन् श्रमण ! वे पुद्गल समग्र लोक का अवगाहन करके रहे हुए हैं।

प्र. भन्ते ! क्या छद्मस्थ मनुष्य उन निर्जरा पुद्गलों के अन्यत्व, नानात्व, हीनत्व, तुच्छत्व, गुरुत्व या लघुत्व को जानता-देखता है ?

उ. गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है।

प्र. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

छद्मस्थ मनुष्य उन निर्जरा पुद्गलों के अन्यत्व नानात्व हीनत्व, तुच्छत्व, गुरुत्व या लघुत्व को नहीं जानता-देखता है ?

उ. गौतम ! कोई कोई देव भी उन निर्जरा पुद्गलों के अन्यत्व, नानात्व, हीनत्व, तुच्छत्व, गुरुत्व या लघुत्व को किंचित् भी नहीं जानता देखता है।

इस कारण से गौतम ! ऐसा कहा जाता है कि–

छद्मस्थ मनुष्य उन निर्जरा पुद्गलों के अन्यत्व, नानात्व, हीनत्व, तुच्छत्व, गुरुत्व या लघुत्व को नहीं जानता देखता है क्योंकि हे आयुष्मन श्रमण! वे पुद्गल सूक्ष्म हैं और सम्पूर्ण लोक की अवगाहन करके स्थित हैं।

१२८. चउवीसदंडएसु आहारपोग्गल जाणणं-पासणं-आहारण परूवणं च–

प. दं. १. णेरइया णं भंते ! जे पोग्गले आहारत्ताए गेण्हंति ते किं जाणंति, पासंति, आहारेंति ?

उदाहु ण जाणंति, ण पासंति, आहारेंति ?

१२८. चौबीस दण्डकों में आहार पुद्गलों को जानने-देखने और आहार करने का प्ररूपण–

प. दं. १. भन्ते ! नैरयिक जिन पुद्गलों को आहार के रूप में ग्रहण करते हैं, क्या वे उन्हें जानते हैं, देखते हैं और उनका आहार करते हैं ?

अथवा नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं, आहार करते हैं ?

1. विया. स. १८, उ. ३, सु. ८-९ (१)

उ. गोयमा ! ण जाणंति, ण पासंति, आहारेंति।

दं. २-१८. एवं जाव तेइंदिया।

प. दं. १९. चउरिंदिया णं भंते! जे पोग्गले आहारत्ताए गेण्हंति ते किं जाणंति, पासंति, आहारेंति,

उदाहु ण जाणंति, ण पासंति, आहारेंति ?

उ. गोयमा ! अत्थेगइया ण जाणंति, पासंति, आहारेंति,

अत्थेगइया ण जाणंति, ण पासंति, आहारेंति।

प. दं. २०. पंचेंदिय-तिरिक्खजोणिया णं भंते ! जे पोग्गले आहारत्ताए गेण्हंति ते किं जाणंति, पासंति, आहारेंति ?

उदाहु ण जाणंति, ण पासंति, आहारेंति ?

उ. गोयमा ! १. अत्थेगइया जाणंति, पासंति आहारेंति,

२. अत्थेगइया जाणंति, ण पासंति, आहारेंति,

३. अत्थेगइया ण जाणंति, पासंति, आहारेंति,

४. अत्थेगइया ण जाणंति, ण पासंति, आहारेंति।

दं. २१. एवं मणूसाण वि

दं. २२-२३. वाणमंतर जोइसिया जहा णेरइया।

प. दं. २४. वेमाणिया णं भंते ! जे पोग्गले आहारत्ताए गेण्हंति, जाणंति, पासंति, आहारेंति ?

उदाहु ण जाणंति, ण पासंति, आहारेंति।

उ. गोयमा ! १. अत्थेगइया जाणंति, पासंति, आहारेंति,

२. अत्थेगइया ण जाणंति, ण पासंति, आहारेंति।

प. से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ–

१. "अत्थेगइया जाणंति, पासंति, आहारेंति,

२. अत्थेगइया ण जाणंति, ण पासंति, आहारेंति ?

उ. गोयमा ! वेमाणिया दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–

१. माइमिच्छद्दिट्ठि उववण्णगा य,

२. अमाइसम्मद्दिट्ठि उववण्णगा।

एवं जाव–

से तेणट्ठेणं गोयमा ! एवं वुच्चइ–

१. अत्थेगइया जाणंति, पासंति, आहारेंति,

२. अत्थेगइया ण जाणंति, ण पासंति, आहारेंति।

–पण्ण. प. ३४, सु. २०४०-२०४६

उ. गौतम ! वे न तो जानते हैं और न देखते हैं, किन्तु उनका आहार करते हैं।

दं. २-१८. इसी प्रकार त्रीन्द्रिय पर्यन्त जानना चाहिए।

प. भन्ते ! चतुरिन्द्रिय जिन पुद्गलों को आहार के रूप में ग्रहण करते हैं, क्या वे उन्हें जानते हैं, देखते हैं और उनका आहार करते हैं ?

अथवा नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं और आहार करते हैं ?

उ. गौतम ! कोई जानते नहीं हैं किन्तु देखते हैं, और आहार करते हैं,

कोई न जानते हैं, न देखते हैं, किन्तु आहार करते हैं।

प. दं. २०. भन्ते ! पंचेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक जिन पुद्गलों को आहार के रूप में ग्रहण करते हैं, क्या वे उन्हें जानते हैं, देखते हैं और उनका आहार करते हैं,

अथवा नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं और आहार करते हैं ?

उ. गौतम ! १. कोई जानते हैं, देखते हैं और आहार करते हैं,

२. कोई जानते हैं, देखते नहीं, किन्तु आहार करते हैं।

३. कोई नहीं जानते हैं किन्तु देखते हैं, आहार करते हैं,

४. कोई नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं किन्तु आहार करते हैं।

दं. २१. इसी प्रकार मनुष्यों का भी आहार जानना चाहिए।

दं. २२-२३. वाणव्यन्तर, ज्योतिषियों का कथन नैरयिकों के समान है।

प. दं. २४. भन्ते ! वैमानिक देव जिन पुद्गलों को आहार के रूप में ग्रहण करते हैं, क्या वे उन्हें जानते हैं, देखते हैं और उनका आहार करते हैं,

अथवा नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं और आहार करते हैं ?

उ. गौतम ! १. कोई जानते हैं, देखते हैं, आहार करते हैं,

२. कोई नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं, आहार करते हैं,

प. भन्ते ! किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

१. कोई जानते हैं, देखते हैं, आहार करते हैं,

२. कोई नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं, आहार करते हैं।

उ. गौतम ! वैमानिक दो प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. मायीमिथ्यादृष्टि-उपपन्नक,

२. अमायीसम्यग्दृष्टि उपपन्नक।

इसी प्रकार यावत्–

गौतम ! इस कारण से ऐसा कहा जाता है कि–

१. कोई जानते हैं, देखते हैं, आहार करते हैं,

२. कोई नहीं जानते हैं, नहीं देखते हैं, आहार करते हैं।

१२९. पट्ठस्स छप्पगारा–

छव्विह पट्ठे पण्णत्ते, तं जहा–

१. संसयपट्ठे,

२. वुग्गहपट्ठे,

१२९. प्रश्न के छः प्रकार–

प्रश्न छह प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. संशयप्रश्न–संशय मिटाने के लिए पूछा जाने वाला।

२. व्युद्ग्रहप्रश्न–कपट से दूसरे को पराजित करने के लिए पूछा जाने वाला।

३. अणुजोगी,
४. अणुलोमे,
५. तहणाणे,
६. अतहणाणे[1] —ठाणं अ. ६, सु. ५३४

३. अनुयोगी–व्याख्या के लिए पूछा जाने वाला।
४. अनुलोम–कुशलकामना से पूछा जाने वाला।
५. तथाज्ञान–स्वयं जानते हुए भी दूसरों की ज्ञानवृद्धि के लिए पूछा जाने वाला।
६. अयथाज्ञान–स्वयं न जानने की स्थिति में पूछा जाने वाला।

१३०. विवक्खया हेऊ–अहेऊ भेय परूवणं–

१. पंच हेऊ पण्णत्ता, तं जहा–
१. हेऊं ण जाणइ,
२. हेऊं ण पासइ,
३. हेऊं ण बुज्झइ,
४. हेऊं णाभिगच्छइ,
५. हेऊं अन्नाणमरणं मरइ।

२. पंच हेऊ पण्णत्ता, तं जहा–
हेउणा ण जाणइ जाव हेउणा अन्नाणमरणं मरइ।

३. पंच हेऊ पण्णत्ता, तं जहा–
हेऊ जाणइ जाव हेउं छउमत्थमरणं मरइ।

४. पंच हेऊ पण्णत्ता, तं जहा–
हेउणा जाणइ जाव हेउणा छउमत्थमरणं मरइ।

१. पंच अहेऊ पण्णत्ता, तं जहा–
अहेउं ण जाणइ जाव अहेउं छउमत्थमरणं मरइ।

२. पंच अहेऊ पण्णत्ता, तं जहा–
अहेउणा ण जाणइ जाव अहेउणा छउमत्थमरणं मरइ।

३. पंच अहेऊ पण्णत्ता, तं जहा–
अहेउ जाणइ जाव अहेउं केवलिमरणं मरइ।[2]

४. पंच अहेऊ पण्णत्ता, तं जहा–
अहेउणा जाणइ जाव अहेउणा केवलिमरणं मरइ।
—ठाणं. अ. ५, उ. १, सु. ४१०

१३०. विवक्षा से हेतु-अहेतु के भेदों का प्ररूपण–

१. पांच हेतु (अनुमान व्यवहारी) कहे गए हैं, यथा–
१. हेतु को नहीं जानता,
२. हेतु को नहीं देखता,
३. हेतु पर श्रद्धा नहीं करता,
४. हेतु को प्राप्त नहीं करता,
५. अध्यवसाय के द्वारा अज्ञानमरण से मरता है।

२. पांच हेतु कहे गए हैं, यथा–
१. हेतु से नहीं जानता यावत् ५. अज्ञानमरण से मरता है।

३. पांच हेतु कहे गए हैं, यथा–
१. हेतु को जानता है यावत् ५. सहेतुक छद्मस्थ मरण मरता है।

४. पांच हेतु (अनुमान) कहे गए हैं, यथा–
१. हेतु से जानता है यावत् ५. सहेतुक छद्मस्थ मरण से मरता है।

१. पांच अहेतु कहे गए हैं, यथा–
१. अहेतु को नहीं जानता है यावत् ५. अहेतुक छद्मस्थ मरण मरता है।

२. पांच अहेतु कहे गए हैं, यथा–
१. अहेतु से नहीं जानता है यावत् ५. अहेतुक छद्मस्थ मरण से मरता है

३. पांच अहेतु कहे गए हैं, यथा–
१. अहेतु को जानता है यावत् ५. अहेतुक केवली मरण मरता है।

४. पांच अहेतु कहे गए हैं, यथा–
१. अहेतु से जानता है यावत् ५. अहेतुक केवली मरण से मरता है।

१३१. पगारान्तरेण हेऊ भेय परूवणं–

हेऊ चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. जावए,
२. थावए,
३. वंसए,
४. लूसए।

अहवा हेऊ चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. पच्चक्खे, २. अणुमाणे,
३. ओवम्मे, ४. आगमे[3]।

१३१. प्रकारान्तर से हेतु के भेदों का प्ररूपण–

हेतु चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. यापक–विशेषण बहुल हेतु–जिसे प्रतिवादी शीघ्र न समझ सके,
२. स्थापक–साध्य को शीघ्र स्थापित करने वाला हेतु,
३. व्यंसक–प्रतिवादी को छलने वाला हेतु,
४. लूषक–छल का निराकरण करने वाला हेतु।

हेतु चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. प्रत्यक्ष, २. अनुमान,
३. उपमान, ४. आगम।

१. ठाणं. अ. ३, उ. २, सु. १७१ २. विया. स. ५, उ. ७, सु. ३७-४४ ३. अणु. सु. ४३६

अहवा–हेऊ चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. अत्थि त्तं अत्थि सो हेऊ,
२. अत्थि त्तं णत्थि सो हेऊ,
३. णत्थि त्तं अत्थि सो हेऊ,
४. णत्थि त्तं णत्थि सो हेऊ। –*ठाणं. अ. ४, उ. ३, सु. ३३६*

अथवा–हेतु चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. विधि-साधक–विधि हेतु,
२. विधि साधक–निषेध हेतु,
३. निषेध-साधक–विधि हेतु,
४. निषेध साधक–निषेध हेतु।

१३२. दसविह वाददोसाणं परूवणं–

दसविहे दोसे पण्णत्ते, तं जहा–

१. तज्जातदोसे,
२. मतिभंगदोसे,
३. पसत्थारदोसे,
४. परिहरणदोसे,
५. सलक्खण,
६. कारण,
७. हेउदोसे,
८. संकामणं,
९. निग्गह,
१०. वत्थुदोसे॥ –*ठाणं अ. १०, सु. ७४४*

१३२. दस प्रकार के वाद-दोषों का प्ररूपण–

दस प्रकार के दोष कहे गए हैं, यथा–

१. तज्जातदोष–प्रतिवादी के वचन को सुनकर मौन हो जाना।
२. मतिभंगदोष–समय पर उत्तर नहीं सूझना।
३. प्रशस्तदोष–सभ्य या सभानायक की ओर से होने वाला दोष।
४. परिहरणदोष–स्व सिद्धान्त से विपरीत बात का कथन करना।
५. स्वलक्षणदोष–अव्याप्ति, अतिव्याप्ति, असम्भव दोषों से युक्त लक्षण का कथन करना।
६. कारणदोष–साध्य के बिना भी कारण का रह जाना।
७. हेतुदोष–असिद्ध, विरुद्ध, अनैकांतिक दोषों से युक्त का कथन करना।
८. संक्रमणदोष–प्रस्तुत विषय को छोड़ कर अप्रस्तुत विषय की चर्चा करना।
९. निग्रहदोष–छल आदि के द्वारा प्रतिवादी को पराजित करना।
१०. वस्तुदोष–दोष युक्त पक्ष का कथन करना।

१३३. वादस्स विसिट्ठ दोसाणं परूवणं–

दसविहे विसेसे पण्णत्ते, तं जहा–

१. वत्थु,
२. तज्जायदोसे य,
३. दोसे,
४. एगट्ठिए इ य।
५. कारणे य,
६. पडुप्पन्ने,
७. दोसे निच्चे,
८. अहियअट्ठमे,
९. अत्तणा,
१०. उवणीए य विसेसेइ य ते दस –*ठाणं अ. १०, सु. ७४४*

१३३. वाद के विशिष्ट दोषों का प्ररूपण–

दस प्रकार के विशेष (दोष) कहे गए हैं, यथा–

१. वस्तुदोष विशेष–पक्ष दोष के विशेष प्रकार।
२. तज्जातदोषविशेष–व्यक्तिगत स्खलनों को प्रगट करना।
३. दोषविशेष–अतिभंग आदि दोषों के विशेष प्रकार।
४. एकार्थिकविशेष–पर्यायवाची शब्दों में निरुक्त्यर्थ से होने वाला दोष।
५. कारणविशेष–उपादान और निमित्त को छोड़कर दूसरे को कारण मानना।
६. प्रत्युत्पन्नदोषविशेष–जिस दोष का सम्बन्ध वर्तमान काल से हो।
७. नित्यदोषविशेष–वस्तु को सर्वथा नित्य या अनित्य मानने पर प्राप्त होने वाले दोष।
८. अधिकदोषविशेष–वादकाल में दृष्टान्त निगमन आदि का अतिरिक्त प्रयोग करना।
९. आत्मकृतदोषविशेष–स्वयं द्वारा कृत दोष।
१०. उपनीतदोषविशेष–जो दोष दूसरे के द्वारा दूषित किया गया है।

१३४. दसविहे सुद्धवायाणुओगे परूवणं–

दसविहे सुद्धवायाणुओगे पण्णत्ते, तं जहा–

१. चंकारे,

१३४. दस प्रकार के शुद्ध वचनानुयोग का प्ररूपण–

शुद्धवचन (वाक्य निरपेक्ष पदों) का अनुयोग (व्याख्या) दस प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. चंकार अनुयोग–चकार के अर्थ का विचार।

२. मंकारे,
३. पिंकारे,
४. सेयंकारे
५. सायंकारे,
६. एगत्ते,
७. पुहत्ते,
८. संजूहे,
९. संकामिए,
१०. भिन्ने। —ठाणं. अ. १०, सु. ७४४

२. मंकार अनुयोग—मकार के अर्थ का विचार।
३. पिंकार अनुयोग—अपि के अर्थ का विचार।
४. सेयंकार अनुयोग—'से' अथवा "सेय" के अर्थ का विचार।
५. सायंकार अनुयोग—सायं आदि निपात शब्दों के अर्थ का विचार।
६. एकत्व अनुयोग—एक वचन का विचार।
७. पृथक्त्व अनुयोग—बहुवचन का विचार।
८. संयूथ अनुयोग—समास का विचार।
९. संक्रामित अनुयोग—विभक्ति और वचन के संक्रमण का विचार।
१०. भिन्न अनुयोग—क्रमभेद, कालभेद आदि का विचार।

१३५. सोउजणाणं पगारा—

१. सेलघण, २. कुडग, ३. चालिणी, ४. परिपुण्णग, ५. हंस, ६. महिस, ७. मेसे य।
८. मसग, ९. जलूग, १०. विराली, ११. जाहग, १२. गो, १३. भेरि, १४. आभीरी ॥ —नंदी. सु. ५१

१३५. श्रोताजनों के प्रकार—

१. शैलघन—चिकना गोल पत्थर, २. कुटक—घड़ा, ३. चालनी—चलनी, ४. परिपूर्णक, ५. हंस, ६. महिष, ७. मेष, ८. मशक, ९. जलौक—जौंक, १०. विडाली—बिल्ली, ११. जाहक (चूहे की जाति विशेष) १२. गौ, १३. भेरी, १४. आभीरी (भीलनी) इसके समान श्रोताजन होते हैं।

१३६. सोउजणाणं परिसदस्स पगारा—

सा समासओ तिविहा पण्णत्ता, तं जहा—

१. जाणिया, २. अजाणिया, ३. दुव्वियड्ढा।

१. जाणिया जहा—

खीरमिव जहा हंसा, जे घुट्टंति इह गुरु-गुण-समिद्धा।
दोसे अ विवज्जंति, ते जाणेह जाणियं परिसं ॥

२. अजाणिया जहा—

जो होइ पगइमहुरा, मियछावय-सीह-कुक्कुडय-भुआ।
रयणमिव असंठविया, अजाणिया सा भवे परिसा ॥

३. दुव्विअड्ढा जहा—

न य कत्थई निम्माओ, न य पुच्छइ परिभवस्स दोसेणं।
वत्थिव्व वायुपुण्णो, फुट्टइ गामिल्ल य दुविअड्ढो ॥ —नंदी. सु. ५२-५४

१३६. श्रोताजनों की परिषद् के प्रकार—

सामान्य से वह परिषद् (श्रोताओं का समूह) तीन प्रकार की कही गई है, यथा—

१. ज्ञायिका—विज्ञपरिषद, २. अज्ञायिका—अविज्ञपरिषद् ३. दुर्विदग्धा परिषद्।

१. ज्ञायिका परिषद् का लक्षण इस प्रकार है—

जैसे उत्तम जाति के राजहंस पानी को छोड़कर दूध का पान करते हैं, वैसे ही गुणसम्पन्न श्रोता दोषों को छोड़कर गुणों को ग्रहण करते हैं। हे शिष्य ! इसे ही ज्ञायिका परिषद् (समझदारों का समूह) जानना चाहिए।

२. अज्ञायिका परिषद का लक्षण इस प्रकार है—

जो श्रोता मृग, शेर और कुक्कुट के अबोध शिशुओं के सदृश स्वभाव से मधुर भोले-भाले होते हैं, उन्हें जैसी शिक्षा दी जाए वे उसे ग्रहण कर लेते हैं वे (खान से निकले) रत्न की तरह असंस्कृत होते हैं। रत्नों को चाहे जैसा बनाया जा सकता है ऐसे ही अनभिज्ञ श्रोताओं में यथेष्ट संस्कार डाले जा सकते हैं। हे शिष्य ! ऐसे अबोध जनों के समूह को अज्ञायिका परिषद् जानना चाहिए।

३. दुर्विदग्धा परिषद् का लक्षण इस प्रकार है—

जिस प्रकार अल्पज्ञ पंडित ज्ञान में अपूर्ण होता है किन्तु अपमान के भय से किसी विद्वान् से कुछ पूछता नहीं है, फिर भी अपनी प्रशंसा सुनकर मिथ्याभिमान से बस्ति मशक की तरह फूला हुआ रहता है। हे शिष्य ! ऐसे लोगों के समूह को दुर्विदग्धा परिषद् जानना चाहिए।

१३७. चक्खुमंताणं पगारा—

तिविहे चक्खू पण्णत्ते, तं जहा—

१. एगचक्खू, २. बिचक्खू, ३. तिचक्खू,

१३७. चक्षुष्मानों के प्रकार—

चक्षुष्मान् तीन प्रकार के कहे गए हैं, यथा—

१. एक चक्षु, २. द्विचक्षु, ३. त्रिचक्षु

१. छउमत्थे णं मणुस्से एगचक्खू २. देवे बिचक्खू,

३. तहारूवे समणे वा, माहणे वा उप्पण्णणाणदंसणधरे तिचक्खूत्ति वत्तव्वं सिया। —ठाणं. अ. ३, सु. २१२

१. छद्मस्थ मनुष्य एक चक्षु होते हैं। २. देव द्विचक्षु होते हैं।

३. अतिशायी ज्ञान दर्शन को धारण करने वाला तथारूप श्रमण माहन त्रिचक्षु होता है।

१३८. णाय भेयप्पभेय परूवणं–

चउव्विहे णाए पण्णत्ते, तं जहा–

१. आहरणे,
२. आहरणतद्देसे,
३. आहरणतद्दोसे,
४. उवन्नासोवणए।

(१) आहरणे चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. अवाए,
२. उवाए,
३. ठवणाकम्मे,
४. पडुप्पन्नविणासी।

(२) आहरणतद्देसे चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. अणुसिट्ठी,
२. उवालंभे,
३. पुच्छा,
४. निस्सावयणे।

(३) आहरणतद्दोसे चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. अधम्मजुत्ते,
२. पडिलोमे,
३. अत्तोवणीए,
४. दुरोवणीए।

(४) उवन्नासोवणए चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. तव्वत्थुए,
२. तदन्नवत्थुए,
३. पडिणिभे,
४. हेऊ। —ठाणं. अ. ४, उ. ३, सु. ३३५

१३८. ज्ञात (उदाहरण) के भेद-प्रभेदों का प्ररूपण–

ज्ञात (उदाहरण) चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. आहरण–सामान्य उदाहरण
२. आहरण तद्देश–एकदेशीय उदाहरण,
३. आहरण तद्दोष–साध्यविकल आदि उदाहरण,
४. उपन्यासोपनय–प्रतिवादी द्वारा किया जाने वाला विरुद्धार्थक उपनय।

(१) आहरण चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. अपाय–हेयधर्म का ज्ञापक दृष्टान्त,
२. उपाय–ग्राह्य वस्तु के उपाय बताने वाला दृष्टान्त,
३. स्थापनाकर्म–स्वमत की स्थापना के लिए प्रयुक्त दृष्टान्त,
४. प्रत्युत्पन्नविनाशी–तत्काल उत्पन्न दूषण का निराकरण करने के लिए प्रयुक्त दृष्टान्त।

(२) आहरण तद्देश चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. अनुशिष्टि–प्रतिवादी के मंतव्य के उचित अंश को स्वीकार कर अनुचित का निरसन करना।
२. उपालंभ–दूसरे के मत को उसकी ही मान्यता से दूषित करना।
३. पृच्छा–प्रश्न प्रतिप्रश्नों में ही परमत को असिद्ध कर देना।
४. निःश्रावचन–अन्य के बहाने अन्य को शिक्षा देना।

(३) आहरणतद्दोष चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. अधर्मयुक्त–अधर्मबुद्धि उत्पन्न करने वाला दृष्टांत।
२. प्रतिलोम–अपसिद्धान्त का प्रतिपादक दृष्टांत।
३. आत्मोपनीत–परमत दूषक दृष्टांत द्वारा स्वमत का भी दूषित हो जाना।
४. दुरुपनीत–दोषपूर्ण निगमन वाला दृष्टांत।

(४) उपन्यासोपनय चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–
१. तद्वस्तुक–वादी के हेतु द्वारा उसी का निरसन करना।
२. तदन्यवस्तुक–उपन्यस्तवस्तु से अन्य में भी प्रतिवादी की बात को पकड़कर उसे हरा देना।
३. प्रतिनिभ-वादी के सदृश हेतु बनाकर उसके हेतु को असिद्ध कर देना।
४. हेतु-उदाहरण बताकर अन्य के प्रश्न का समाधान कर देना।

१३९. कव्व पगारा–

चउव्विहे कव्वे पण्णत्ते, तं जहा–

१. गज्जे, २. पज्जे,
३. कत्थे, ४. गेए —ठाणं. अ. ४, उ. ४, सु. ३७९

१३९. काव्य के प्रकार–

काव्य चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. गद्य, २. पद्य,
३. कथ्य, ४. गेय।

१४०. वज्ज-नट्ट गीय-अभिणयाणं चउविहत्त परूवणं–

चउव्विहे वज्जे पण्णत्ते, तं जहा–

१. तए, २. विपए,
३. घणे, ४. झुसिरे[1]।

चउव्विहे नट्टे पण्णत्ते, तं जहा–

१. अंचिए,
२. रिभिए,
३. आरभटे,
४. भसोले[2]।

चउव्विहे गेए पण्णत्ते, तं जहा–

१. उक्खित्तए,
२. पत्तए,
३. मंदए,
४. रोविंदए।

चउव्विहे अभिणए पण्णत्ते, तं जहा–

१. दिट्ठइए, २. पाडिसुए,
३. सामण्णओविणिवाइयं ४. लोगमज्झावसिए।

–ठाणं. अ. ४, उ. ४, सु. ३७४

१४०. वाद्य-नृत्य-गीत-अभिनय के चतुर्विधत्व का प्ररूपण–

वाद्य चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. तत–वीणा आदि, २. वितत–ढोल आदि,
३. घन–कांस्य ताल आदि, ४. झुषिर–बांसुरी आदि।

नाट्य चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. अंचित, (धीरे-धीरे नाचना),
२. रिभि, (गीत की संज्ञा से नाचना),
३. आरभट, (गाते हुए नाचना),
४. भषोल, (चेष्टाएं प्रदर्शित करते हुए नाचना)।

गेय (गीत) चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. उत्क्षिप्तक, (आरंभ में धीमे स्वर से गाना),
२. पत्रक, (मध्य में ऊँचे स्वर में गाना)
३. मंद्रक, (मन्द स्वर से गीत को उतारना)
४. रोविन्दक (धीमे स्वर में पूर्ण कर गाना)

अभिनय चार प्रकार के कहे गए हैं, यथा–

१. दार्ष्टान्तिक, २. प्रातिश्रुत,
३. सामान्यतोविनिपातिक, ४. लोकमध्यावसित।

१४१. मल्लालंकाराणं चउव्विहत्त परूवणं–

चउव्विहे मल्ले पण्णत्ते, तं जहा–

१. गंथिमे,
२. वेढिमे,
३. पूरिमे,
४. संघाइमे।

चउव्विहे अलंकारे पण्णत्ते, तं जहा–

१. केसालंकारे, २. वत्थालंकारे,
३. मल्लालंकारे, ४. आभरणालंकारे।

–ठाणं. अ. ४, उ. ४, सु. ३७४

१४१. माला और अलंकारों के चतुर्विधत्व का प्ररूपण–

मालायें चार प्रकार की कही गई हैं, यथा–

१. ग्रन्थिम–गुंथी हुई,
२. वेष्टिम–फूलों को लपेटी हुई,
३. पूरिम–पूरी हुई,
४. संघातिम–एक से दूसरे पुष्प को जोड़कर बनाई हुई।

अलंकार चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. केशालंकार, २. वस्त्रालंकार,
३. माल्यालंकार, ४. आभरणालंकार।

–: णाणज्झयणस्स अणुओग-पकरणं :–

–: ज्ञान अध्ययन का अनुयोग प्रकरण :–

सूत्र

१४२. आवस्सगाणुओगपइण्णा–

तत्थ चत्तारि णाणाइं ठप्पाइं ठवणिज्जाइं,

णो उद्दिस्संति,
णो समुद्दिस्संति,
णो अणुण्णविज्जंति,

सुयणाणस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ।

सूत्र

१४२. आवश्यक के अनुयोग की प्रतिज्ञा–

पांच ज्ञानों में से चार ज्ञान (१. मतिज्ञान, २. अवधिज्ञान, ३. मनःपर्यवज्ञान, ४. केवलज्ञान व्यवहार योग्य न होने से) स्थाप्य हैं एवं स्थापनीय हैं। (क्योंकि इन चार ज्ञानों का उद्देश)

मूल पाठ का वाचन नहीं होता है।

समुद्देश (स्थिरिकरण) नहीं किया जाता है।

अनुज्ञा (अध्यापन की आज्ञा) नहीं दी जाती है (और जिसके उद्देश, समुद्देश अनुज्ञा नहीं होती है उसका अनुयोग भी नहीं होता है।)

किन्तु श्रुतज्ञान के उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग प्रवृत्त होते हैं।

१. राय. सु. १०७
२. राय. सु. १०९

प. जइ सुयणाणस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ, किं अंगपविट्ठस्स-उद्देसो जाव अणुओगो य पवत्तइ? अहवा अंगबाहिरस्स?

उ. अंगपविट्ठस्स वि उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ, अंगबाहिरस्स वि,
इमं पुण पट्ठवणं पडुच्च अंगबाहिरस्स अणुओगो।

प. जइ अंगबाहिरस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ, किं कालियस्स उद्देसो **जाव** अणुओगो य पवत्तइ? **अहवा** उक्कालियस्स?

उ. कालियस्स वि उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ, उक्कालियस्स वि,
इमं पुण पट्ठवणं पडुच्च उक्कालियस्स अणुओगो।

प. जइ उक्कालियस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ, किं आवस्सगस्स-उद्देसो **जाव** अणुओगो य पवत्तइ? **अहवा** आवस्सगवइरित्तस्स?

उ. आवस्सगस्स वि उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ, आवस्सगवइरित्तस्स वि,
इमं पुण पट्ठवणं पडुच्च आवस्सगस्स अणुओगो।

—*अणु. सु. २-५*

प्र. यदि श्रुतज्ञान में उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग होते हैं तो क्या वे उद्देश **यावत्** अनुयोग अंगप्रविष्ट श्रुत में होते हैं अथवा अंगबाह्य श्रुत में होते हैं?

उ. अंगप्रविष्ट श्रुत में भी उद्देश, समुद्देश अनुज्ञा और अनुयोग होते हैं और अंगबाह्य श्रुत में भी होते हैं।
किन्तु यहाँ अंग बाह्य की अपेक्षा अनुयोग किया जाता है।

प्र. यदि अंगबाह्य श्रुत में उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग होते हैं तो क्या वे उद्देश **यावत्** अनुयोग कालिकश्रुत में होते हैं **अथवा** उत्कालिक श्रुत में होते हैं?

उ. कालिकश्रुत में भी उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग होते हैं और उत्कालिकश्रुत में भी होते हैं।
किन्तु यहाँ उत्कालिक श्रुत की अपेक्षा अनुयोग किया जाता है।

प्र. यदि उत्कालिक श्रुत के उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग होते हैं तो क्या वे उद्देश **यावत्** अनुयोग आवश्यक के होते हैं **अथवा** आवश्यकव्यतिरिक्त श्रुत के होते हैं?

उ. आवश्यक सूत्र के भी उद्देश, समुद्देश अनुज्ञा और अनुयोग होते हैं और आवश्यक से भिन्न श्रुत के भी होते हैं।
किन्तु यहाँ आवश्यक का अनुयोग प्रारम्भ किया जाता है।

१४३. आवस्सयाइपयनिक्खेवपइण्णा–

प. जइ आवस्सयस्स अणुओगो–
आवस्सयण्णं किमंगं अंगाइं?
सुयक्खंधो, सुयक्खंधा?
अज्झयणं, अज्झयणाइं?
उद्देसगो, उद्देसगा?

उ. आवस्सयण्णं णो अंगं, णो अंगाइं,
सुयक्खंधो, णो सुयक्खंधा,
णो अज्झयणं, अज्झयणाइं,
णो उद्देसगो, णो उद्देसगा।

तम्हा आवस्सयं णिक्खिविस्सामि,

सुयं णिक्खिविस्सामि,
खंधं णिक्खिविस्सामि,
अज्झयणं णिक्खिविस्सामि।
जत्थ य णं जाणेज्जा, णिक्खेवं णिक्खिवे णिरवसेसं।
जत्थ वि य न जाणेज्जा, चउक्कयं निक्खिवे तत्थ॥१॥

—*अणु. सु. ६-८*

१४३. आवश्यक आदि पद के निक्षेप की प्रतिज्ञा–

प्र. यदि आवश्यक का अनुयोग है तो–
क्या वह आवश्यक–एक अंग रूप है या अनेक अंग रूप है?
एक श्रुतस्कन्ध वाला है या अनेक श्रुतस्कन्ध वाला है?
एक अध्ययन वाला है या अनेक अध्ययन वाला है?
एक उद्देशक वाला है या अनेक उद्देशक वाला है?

उ. आवश्यक श्रुत एक अंग नहीं है और अनेक अंग भी नहीं है,
वह एक श्रुतस्कन्ध वाला है, अनेक श्रुतस्कन्ध वाला नहीं है,
एक अध्ययन वाला नहीं है, अनेक अध्ययन वाला है,
एक उद्देशक वाला भी नहीं है, अनेक उद्देशक वाला भी नहीं है।
आवश्यकसूत्र एक श्रुतस्कन्ध और अनेक अध्ययन वाला है, इसलिए आवश्यक का निक्षेप करूंगा।
श्रुत का निक्षेप करूंगा,
स्कन्ध का निक्षेप करूंगा,
अध्ययन का निक्षेप करूंगा।
यदि निक्षेपों का ज्ञाता वस्तु के सभी निक्षेपों को जानता हो तो उसे उन सबका निरूपण करना चाहिए और यदि सभी निक्षेपों को न जानता हो तो चार (नाम, स्थापना, द्रव्य, भाव) निक्षेप तो करने ही चाहिए।

१४४. सामाइय अज्झयणस्स अणुओगो–

तत्थ पढमज्झयणं सामाइयं तस्स णं इमे चत्तारि अणुओगद्दारा भवंति, तं जहा–

१. उवक्कमे, २. णिक्खेवे, ३. अणुगमे, ४. णए।

—*अणु. सु. ७५*

१४४. सामायिक अध्ययन का अनुयोग–

(आवश्यक सूत्र में) प्रथम सामायिक अध्ययन है और इसके ये चार अनुयोगद्वार हैं, यथा–

१. उपक्रम (स्वरूप जानना), २. निक्षेप (स्थापना करना), ३. अनुगम (व्याख्या करना), ४. नय (वस्तु के अनेक धर्मों में से एक धर्म का कथन करना)।

१. उवक्कमस्स णामाइ छ भेयाणं सरूवो–

प. से किं तं उवक्कमे ?

उ. उवक्कमे–छव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. नामोवक्कमे, २. ठवणोवक्कमे, ३. दव्वोवक्कमे, ४. खेत्तोवक्कमे, ५. कालोवक्कमे, ६. भावोवक्कमे।

१-२ नाम-ठवणाओ गयाओ।

प. ३. से किं तं दव्वोवक्कमे ?

उ. दव्वोवक्कमे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. आगमओ य, २. नो आगमओ य। **सेसं जहा आवस्सयस्स दव्वोवक्कमे।**

प. से किं तं जाणयसरीरभवियसरीर वइरित्ते दव्वोवक्कमे ?

उ. जाणयसरीर भवियसरीर वइरित्ते दव्वोवक्कमे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. सचित्ते, २. अचित्ते,

३. मीसए।

प. से किं तं सचित्तदव्वोवक्कमे ?

उ. सचित्तदव्वोवक्कमे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. दुपयाणं, २. चउप्पयाणं, ३. अपयाणं।

एक्केक्के दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. परिक्कमे य, २. वत्थुविण्णासे य।

प. (क) से किं तं दुपए उवक्कमे ?

उ. दुपए उवक्कमे–दुपयाणं १. नडाणं, २. नट्टाणं, ३. जल्लाणं, ४. मल्लाणं, ५. मुट्ठियाणं, ६. वेलंबगाणं, ७. कहगाणं, ८. पवगाणं, ९. लासगाणं, १०. आइक्खगाणं, ११. लंखाणं, १२. मंखाणं, १३, तूणइल्लाणं, १४. तुंबवीणियाणं, १५. कायाणं, १६. मागहाणं।

से तं दुपए उवक्कमे।

प. (ख) से किं तं चउप्पए उवक्कमे ?

उ. चउप्पए उवक्कमे–चउप्पयाणं आसाणं, हत्थीणं इच्चाइं।

से तं चउप्पए उवक्कमे।

प. (ग) से किं तं अपए उवक्कमे ?

उ. अपए उवक्कमे अपयाणं-अंबाणं, अंबाडगाणं इच्चाइं।

से तं अपए उवक्कमे।

से तं सचित्तदव्वोवक्कमे।

प. से किं तं अचित्तदव्वोवक्कमे ?

उ. अचित्त दव्वोवक्कमे खंडाईणं गुडादीणं मच्छंडीणं।

से तं अचित्तदव्वोवक्कमे।

प. से किं तं मीसए दव्वोवक्कमे ?

उ. मीसए दव्वोवक्कमे से चेव थासग- आयंसगाइमंडिए आसादी।

से तं मीसए दव्वोवक्कमे।

१. उपक्रम के नामादि छह भेदों का स्वरूप–

प्र. उपक्रम क्या है ?

उ. उपक्रम के छह भेद कहे गए हैं, यथा–

१. नाम-उपक्रम, २. स्थापना-उपक्रम, ३. द्रव्य-उपक्रम, ४. क्षेत्र-उपक्रम, ५.काल-उपक्रम, ६. भाव-उपक्रम

१-२ नाम और स्थापना-उपक्रम का स्वरूप नाम एवं स्थापना आवश्यक के समान जानना चाहिए।

प्र. ३. द्रव्य-उपक्रम क्या है ?

उ. द्रव्य उपक्रम दो प्रकार का कहा गया है, यथा–

१. आगमद्रव्य-उपक्रम, २. नो आगमद्रव्य-उपक्रम। **शेष वर्णन आवश्यक के द्रव्य उपक्रम के समान कहना चाहिए।**

प्र. ज्ञायकशरीर-भव्यशरीर व्यतिरिक्त द्रव्य उपक्रम क्या है ?

उ. ज्ञायकशरीर-भव्यशरीर व्यतिरिक्त द्रव्य-उपक्रम तीन प्रकार के कहे गये है, यथा–

१. सचित्तद्रव्य-उपक्रम, २. अचित्तद्रव्य-उपक्रम,

३. मिश्रद्रव्य-उपक्रम।

प्र. सचित्तद्रव्योपक्रम क्या है ?

उ. सचित्तद्रव्योपक्रम तीन प्रकार के कहे गये है, यथा–

१. द्विपद, २. चतुष्पद, ३. अपद।

ये प्रत्येक उपक्रम भी दो-दो प्रकार के हैं, यथा–

१. परिकर्मद्रव्योपक्रम, २. वस्तुविनाश द्रव्योपक्रम।

प्र. (क) द्विपद-उपक्रम क्या है ?

उ. १. नटों, २. नर्तकों, ३. जल्लों, ४. मल्लों, ५. मौष्ठिकों, ६. वेलंबकों, ७. कथकों, ८. प्लवकों, ९. लासकों, १०. आख्यायकों, ११. लंखों, १२. मंखों, १३. तूणिकों, १४. तुंबवीणकों, १५. कावडियाओं तथा १६. मागधों आदि दो पैर वालों का परिकर्म और विनाश करना।

यह द्विपद-उपक्रम है।

प्र. (ख) चतुष्पदोपक्रम क्या है ?

उ. चार पैर वाले अश्व, हाथी आदि पशुओं के उपक्रम को चतुष्पदोपक्रम कहते हैं।

यह चतुष्पद उपक्रम है।

प्र. (ग) अपद-द्रव्योपक्रम क्या है ?

उ. आम, आम्रातक आदि (बिना पैर वालों) का उपक्रम।

यह अपद उपक्रम है।

यह सचित्तद्रव्योपक्रम है।

प्र. अचित्तद्रव्योपक्रम क्या है ?

उ. खाण्ड, गुड, मिश्री आदि का उपक्रम।

यह अचित्तद्रव्योपक्रम है।

प्र. मिश्रद्रव्योपक्रम क्या है ?

उ. स्थासक (घोड़े का आभूषण) दर्पण आदि से विभूषित एवं (कुंकुम आदि से) मंडित अश्वादि सम्बन्धी उपक्रम।

यह मिश्रद्रव्योपक्रम है।

से तं जाणयसरीर भवियसरीर वइरित्ते दव्वोवक्कमे।
से तं नो आगमओ दव्वोवक्कमे। से तं दव्वोवक्कमे।

प. ४. से किं तं खेत्तोवक्कमे?

उ. खेत्तोवक्कमे जण्णं हल-कुलियादीहिं खेत्ताइं उवक्कामिज्जंति।
से तं खेत्तोवक्कमे।

प. ५. से किं तं कालोवक्कमे?

उ. कालोवक्कमे जं णं नालियादीहिं कालस्सोवक्कमणं कीरइ।
से तं कालोवक्कमे।

प. ६. से किं तं भावोवक्कमे?

उ. भावोवक्कमे-दुविहे पण्णत्ते, तं जहा-
१. आगमओ य, २. नो आगमओ य।

प. से किं तं आगमओ भावोवक्कमे?

उ. आगमओ भावोवक्कमे जाणए उवउत्ते।
से तं आगमओ भावोवक्कमे।

प. से किं तं नो आगमओ भावोवक्कमे?

उ. नो आगमो भावोवक्कमे-दुविहे पण्णत्ते, तं जहा-
१. पसत्थे य, २. अपसत्थे य।

प. से किं तं अपसत्थे भावोवक्कमे?

उ. अपसत्थे भावोवक्कमे डोडिणि-गणियाऽमच्चाईणं।
से तं अपसत्थे भावोवक्कमे।

प. से किं तं पसत्थे भावोवक्कमे?

उ. पसत्थे भावोववकमे गुरुमादीणं।
से तं पसत्थे भावोवक्कमे।
से तं नो आगमओ भावोवक्कमे।
से तं भावोवक्कमे। —अणु. सु. ७६-९१

यह ज्ञायकशरीर-भव्यशरीरव्यतिरिक्त द्रव्योपक्रम है।
यह नो आगम-द्रव्योपक्रम है। यह द्रव्योपक्रम है।

प्र. ४. क्षेत्रोपक्रम क्या है?

उ. हल, कुलिक आदि के द्वारा जो क्षेत्र को उपक्रान्त किया जाता है।
यह क्षेत्रोपक्रम है।

प्र. ५. कालोपक्रम क्या है?

उ. नालिका आदि के द्वारा काल का यथार्थ ज्ञान करना।
यह कालोपक्रम है।

प्र. ६. भावोपक्रम क्या है?

उ. भावोपक्रम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-
१. आगमभावोपक्रम, २. नो आगमभावोपक्रम।

प्र. आगमभावोपक्रम क्या है?

उ. उपक्रम के अर्थ का ज्ञाता एवं उसके उपयोग से युक्त।
यह आगमभावोपक्रम है।

प्र. नो आगमभावोपक्रम क्या है?

उ. नोआगमभावोपक्रम दो प्रकार का कहा गया है, यथा-
१. प्रशस्त, २. अप्रशस्त।

प्र. अप्रशस्त भावोपक्रम क्या है?

उ. डोडणी, ब्राह्मणी, गणिका और अमात्यादि के द्वारा अन्य के भावों को जानना।
यह अप्रशस्त (नो आगम) भावोपक्रम है।

प्र. प्रशस्त भावोपक्रम क्या है?

उ. गुरु आदि के अभिप्राय को यथावत् जानना।
यह प्रशस्त (नो आगम) भावोपक्रम है।
यह नो आगमभावोपक्रम है।
यह भावोपक्रम है।

१४५. उवक्कमस्स आणुपुव्वी आई छ भेया-

अहवा उवक्कमे छव्विहे पण्णत्ते, तं जहा-
१. आणुपुव्वी, २. नामं, ३. पमाणं,
४. वत्तव्वया, ५. अत्थाहिगारे, ६. समोयारे। —अणु. सु. ९२

१४५. उपक्रम के आनुपूर्वी आदि छः भेद-

अथवा उपक्रम छह प्रकार का कहा गया है, यथा-
१. आनुपूर्वी, २. नाम, ३. प्रमाण,
४. वक्तव्यता, ५. अर्थाधिकार, ६. समवतार।

१४६. आणुपुव्वी उवक्कमस्स भेयाणं सरूवो-

प. से किं तं आणुपुव्वी?

उ. आणुपुव्वी-दसविहा पण्णत्ता, तं जहा-
१. नामाणुपुव्वी, २. ठवणाणुपुव्वी,
३. दव्वाणुपुव्वी, ४. खेत्ताणुपुव्वी,
५. कालाणुपुव्वी, ६. उक्कित्तणाणुपुव्वी,
७. गणणाणुपुव्वी, ८. संठाणाणुपुव्वी,
९. सामायारियाणुपुव्वी, १०. भावाणुपुव्वी।

१४६. आनुपूर्वी उपक्रम के भेदों का स्वरूप-

प्र. आनुपूर्वी क्या है?

उ. आनुपूर्वी दस प्रकार की कही गई है, यथा-
१. नामानुपूर्वी, २. स्थापनानुपूर्वी,
३. द्रव्यानुपूर्वी, ४. क्षेत्रानुपूर्वी,
५. कालानुपूर्वी, ५. उत्कीर्तनानुपूर्वी,
७. गणनानुपूर्वी, ८. संस्थानानुपूर्वी,
९. सामाचार्यानुपूर्वी, १०. भावानुपूर्वी।

१-२ नाम-ठवणाओ तहेव

प. ३. से किं तं दव्वाणुपुव्वी ?

उ. दव्वाणुपुव्वी दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. आगमओ य, २. नो आगमओ य। सेसं तहेव जाव जाणयसरीर–भवियसरीरवइरित्ता दव्वाणुपुव्वी– दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. उवणिहिया य,
२. अणोवणिहिया य।
तत्थ णं जा सा उवणिहिया सा ठप्पा।
तत्थं णं जा सा अणोवणिहिया सा दुविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. णेगम-ववहाराणं, २. संगहस्स य।

प. से किं तं णेगम-ववहाराणं अणोवणिहिया दव्वाणुपुव्वी ?

उ. णेगम-ववहाराणं अणोवणिहिया दव्वाणुपुव्वी पंचविहा पण्णत्ता, तं जहा–
१. अट्ठपयपरूवणया, २. भंगसमुक्कित्तणया, ३. भंगोवदंसणया, ४. समोयारे, ५. अणुगमे।

–अणु. सु. ९३-९८

१४७. अट्ठपय परूवणा–

प. १. से किं तं णेगम-ववहाराणं अट्ठपयपरूवणया ?

उ. णेगम ववहाराणं अट्ठपय परूवणया–तिपएसिए आणुपुव्वी, चउपएसिए आणुपुव्वी जाव दसपएसिए आणुपुव्वी, संखेज्जपएसिए आणुपुव्वी, असंखेज्जपएसिए आणुपुव्वी, अणंतपएसिए आणुपुव्वी।
परमाणुपोग्गले अणाणुपुव्वी।
दुपएसिए अवत्तव्वए।
तिपएसिया आणुपुव्वीओ जाव अणंतपएसिया आणुपुव्वीओ।
परमाणुपोग्गला अणाणुपुव्वीओ।
दुपएसिया अवत्तव्वगाइं।
से तं णेगम-ववहाराणं अट्ठपयपरूवणया।

प. एयाए णं णेगम-ववहाराणं अट्ठपयपरूवणयाए किं पओयणं ?

उ. एयाए णं णेगम-ववहाराणं अट्ठपयपरूवणयाए भंगसमुक्कित्तणया कीरइ।

१४८. भंग समुकित्तणा–

प. २. से किं तं णेगम-ववहाराणं भंग समुक्कित्तणया ?

उ. णेगम ववहाराणं भंग समुक्कित्तणया–
१. अत्थि आणुपुव्वी, २. अत्थि अणाणुपुव्वी,
३. अत्थि अवत्तव्वए, ४. अत्थि आणुपुव्वीओ,
५. अत्थि अणाणुपुव्वीओ, ६. अत्थि अवत्तव्वयाइं।

१-२ नाम और स्थापना आनुपूर्वी का स्वरूप नाम और स्थापना आवश्यक के समान है।

प्र. ३. द्रव्यानुपूर्वी क्या है ?

उ. द्रव्यानुपूर्वी दो प्रकार की कही गई है, यथा–
१. आगम से, २. नो आगम से। शेष वर्णन द्रव्यावश्यक के समान यावत् ज्ञायकशरीर भव्यशरीरव्यतिरिक्त द्रव्यानुपूर्वी–दो प्रकार की कही गई है, यथा–
१. औपनिधिकी (क्रम विशेष) द्रव्यानुपूर्वी,
२. अनौपनिधिकी (बिना क्रम विशेष) द्रव्यानुपूर्वी।
इनमें से औपनिधिकी द्रव्यानुपूर्वी स्थापनीय है।
अनौपनिधिकी द्रव्यानुपूर्वी दो प्रकार की कही गई है, यथा–
१. नैगम-व्यवहारनयसम्मत, २. संग्रहनयसम्मत।

प्र. नैगमनय व्यवहारनय सम्मत अनौपनिधिकी द्रव्यानुपूर्वी क्या है ?

उ. नैगम-व्यवहारनयसम्मत द्रव्यानुपूर्वी पांच प्रकार की कही गई है, यथा–
१. अर्थपदप्ररूपणा (पदार्थ का कथन), २. भंगसमुत्कीर्तनता (भंगों का उच्चारण,) ३. भंगोपदर्शनता (भंगों का दिखाना), ४. समवतार (मिलना), ५. अनुगम (व्याख्या)।

१४७. अर्थपद प्ररूपणा–

प्र. १. नैगम-व्यवहारनयसम्मत अर्थपद की प्ररूपणा क्या है ?

उ. त्रिप्रदेशिक आनुपूर्वी, चतुष्प्रदेशिक आनुपूर्वी यावत् दसप्रदेशिक, संख्यातप्रदेशिक, असंख्यातप्रदेशिक और अनन्तप्रदेशिक स्कन्ध आनुपूर्वी है।
परमाणु पुद्‌गल अनानुपूर्वी रूप है।
द्विप्रदेशिक स्कन्ध अवक्तव्य है।
अनेक त्रिप्रदेशिक स्कन्ध यावत् अनेक अनन्तप्रदेशिक स्कन्ध अनेक आनुपूर्वियां हैं।
अनेक परमाणु अनेक अनानुपूर्वी है।
अनेक द्विप्रदेशिक स्कन्ध अनेक अवक्तव्य हैं।
यह नैगम-व्यवहारनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणता है।

प्र. नैगम-व्यवहारनयसम्मत इस अर्थपदप्ररूपणता द्वारा आनुपूर्वी का क्या प्रयोजन है ?

उ. इस नैगम-व्यवहारनयसम्मत अर्थपदप्ररूपणता द्वारा भंगसमुत्कीर्तना (भंगों का कथन) किया जाता है।

१४८. भंगों का उच्चारण–

प्र. २. नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंग समुत्कीर्तन क्या है ?

उ. नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंग समुत्कीर्तन का स्वरूप इस प्रकार है, यथा–
१. आनुपूर्वी है, २. अनानुपूर्वी है,
३. अवक्तव्य है, ४. आनुपूर्वियां हैं,
५. अनानुपूर्वियां हैं, ६. (अनेक) अवक्तव्य हैं।

१. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वी य अणाणुपुव्वी य,
२. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वी य अणाणुपुव्वीओ य,
३. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वीओ य अणाणुपुव्वी य,
४. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वीओ य अणाणुपुव्वीओ च,

१. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वी य अवत्तव्वए य,
२. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वी य अवत्तव्वयाइं य,
३. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वीओ य अवत्तव्वए य,
४. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वीओ य अवत्तव्वयाइं च,

१. **अहवा** अत्थि अणाणुपुव्वी य अवत्तव्वए य,
२. **अहवा** अत्थि अणाणुपुव्वी य अवत्तव्वयाइं य,
३. **अहवा** अत्थि अणाणुपुव्वीओ य अवत्तव्वए य,
४. **अहवा** अत्थि अणाणुपुव्वीओ य अवत्तव्वयाइं च,

१. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वी य अणाणुपुव्वी य अवत्तव्वए य,
२. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वी य अणाणुपुव्वी य अवत्तव्वयाइं य,
३. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वी य अणाणुपुव्वीओ य अवत्तव्वए य,
४. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वी य अणाणुपुव्वीओ य अवत्तव्वयाइं च।
५. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वीओ य अणाणुपुव्वी य अवत्तव्वए य,
६. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वीओ य अणाणुपुव्वी य अवत्तव्वयाइं च,
७. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वीओ य अणाणुपुव्वीओ य अवत्तव्वए य,
८. **अहवा** अत्थि आणुपुव्वीओ य अणाणुपुव्वीओ य अवत्तव्वयाइं च।

एए अट्ठ भंगा।

एवं सव्वे वि छव्वीसं भंगा।

से तं णेगम-ववहाराणं भंगसमुक्कित्तणया।

प. एयाए णं णेगम-ववहाराणं भंगसमुक्कित्तणयाए किं पओयणं?

उ. एयाए णं णेगम-ववहाराणं भंगसमुक्कित्तणयाए भंगोवदंसणया कीरइ। —अणु. सु. ९९-१०२

१. **अथवा** आनुपूर्वी है और अनानुपूर्वी है,
२. **अथवा** आनुपूर्वी है और अनानुपूर्वियां हैं,
३. **अथवा** आनुपूर्वियां हैं और अनानुपूर्वी है,
४. **अथवा** आनुपूर्वियां और अनानुपूर्वियां हैं। ४ भंग

१. **अथवा** आनुपूर्वी और अवक्तव्य है,
२. **अथवा** आनुपूर्वी है और अनेक अवक्तव्य हैं,
३. **अथवा** आनुपूर्वियां हैं और एक अवक्तव्य है,
४. **अथवा** आनुपूर्वियां और अनेक अवक्तव्य हैं। ४ भंग

१. **अथवा** अनानुपूर्वी और अवक्तव्य है,
२. **अथवा** अनानुपूर्वी और अनेक अवक्तव्य हैं,
३. **अथवा** अनानुपूर्वियां और एक अवक्तव्य है,
४. **अथवा** अनानुपूर्वियां और अनेक अवक्तव्य हैं।

१. **अथवा** आनुपूर्वी, अनानुपूर्वी और अवक्तव्य है,
२. **अथवा** आनुपूर्वी, अनानुपूर्वी और अनेक अवक्तव्य हैं,
३. **अथवा** एक आनुपूर्वी है अनेक अनानुपूर्वियां हैं और एक अवक्तव्य है,
४. **अथवा** एक आनुपूर्वी अनेक अनानुपूर्वियां और अनेक अवक्तव्य हैं,
५. **अथवा** अनेक आनुपूर्वियां हैं एक अनानुपूर्वी और एक अवक्तव्य है,
६. **अथवा** अनेक आनुपूर्वियां हैं, एक अनानुपूर्वी है और अनेक अवक्तव्य हैं,
७. **अथवा** अनेक आनुपूर्वियां और अनेक अनानुपूर्वियां हैं, एक अवक्तव्य है,
८. **अथवा** अनेक आनुपूर्वियां, अनेक अनानुपूर्वियां और अनेक अवक्तव्य हैं।

इस प्रकार यह आठ भंग हुए।

यह सब मिलकर छब्बीस भंग होते हैं।

यह नैगम-व्यवहारनय सम्मत भंगसमुत्कीर्तनता है।

प्र. इस नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंगसमुत्कीर्तनता का क्या प्रयोजन है?

उ. नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंगसमुत्कीर्तनता द्वारा भंगोपदर्शन कराया जाता है।

१४९. भंगोवदंसणया–

प. ३. से किं तं णेगम-ववहाराणं भंगोवदंसणया?

उ. णेगम-ववहाराणं भंगोवदंसणया–

१. तिपएसिए आणुपुव्वी,
२. परमाणुपोग्गले अणाणुपुव्वी,
३. दुपएसिए अवत्तव्वए,
४. तिपएसिया आणुपुव्वीओ,
५. परमाणुपोग्गला अणाणुपुव्वीओ,

१४९. भंगों का संकेत करना–

प्र. ३. नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंग किस प्रकार दिखाए जाते हैं?

उ. नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंग इस प्रकार दिखाए जाते हैं–

१. त्रिप्रदेशिक स्कन्ध आनुपूर्वी है,
२. परमाणुपुद्गल अनानुपूर्वी है,
३. द्विप्रदेशिक स्कन्ध अवक्तव्य है,
४. त्रिप्रदेशिक अनेक स्कन्ध आनुपूर्वियां हैं,
५. अनेक परमाणुपुद्गल अनानुपूर्वियां हैं,

६. दुपएसिया अवत्तव्वयाइं।

१. **अहवा** तिपएसिए य परमाणुपोग्गले य आणुपुव्वी य अणाणुपुव्वी य,

२. **अहवा** तिपएसिए य परमाणुपोग्गला य आणुपुव्वी य अणाणुपुव्वीओ य,

३. **अहवा** तिपएसिया य परमाणुपोग्गले य आणुपुव्वीओ य अणाणुपुव्वी य,

४. **अहवा** तिपएसिया य परमाणुपोग्गला य आणुपुव्वीओ य अणाणुपुव्वीओ य।

१. **अहवा** तिपएसिए य दुपएसिए य आणुपुव्वी य अवत्तव्वए य,

२. **अहवा** तिपएसिए य दुपएसिए य आणुपुव्वी य अवत्तव्वयाइं च,

३. **अहवा** तिपएसिया य दुपएसिए य आणुपुव्वीओ य अवत्तव्वए य,

४. **अहवा** तिपएसिया य दुपएसिया य आणुपुव्वीओ य अवत्तव्वयाइं च।

१. **अहवा** परमाणुपोग्गले य दुपएसिए य अणाणुव्वी य अवत्तव्वए य,

२. **अहवा** परमाणुपोग्गले य दुपएसिया य अणाणुपुव्वीय अवत्तव्वयाइं च,

३. **अहवा** परमाणुपोग्गला य दुपएसिया य अणाणुपुव्वीओ य अवत्तव्वए य,

४. **अहवा** परमाणुपोग्गला य दुपएसिया य अणाणुपुव्वीओ य अवत्तव्वयाइं च।

१. **अहवा** तिपएसिए य परमाणुपोग्गले य दुपएसिए य आणुपुव्वी य अणाणुपुव्वी य अवत्तव्वए य,

२. **अहवा** तिपएसिए य परमाणुपोग्गले य दुपएसिया य आणुपुव्वी य अणाणुपुव्वी य अवत्तव्वयाइं च,

३. **अहवा** तिपएसिए य परमाणुपोग्गला य दुपएसिए य आणुपुव्वी य अणाणुपुव्वीओ य अवत्तव्वए य,

४. **अहवा** तिपएसिए य परमाणुपोग्गला य दुपएसिया य आणुपुव्वी य अणाणुपुव्वीओ य अवत्तव्वयाइं च,

५. **अहवा** तिपएसिया य परमाणुपोग्गले य दुपएसिए य आणुपुव्वीओ य अणाणुपुव्वी य अवत्तव्वए य,

६. **अहवा** तिपएसिया य परमाणुपोग्गले य दुपएसिया य आणुपुव्वीओ य अणाणुपुव्वी य अवत्तव्वयाइं च,

७. **अहवा** तिपएसिया य परमाणुपोग्गला य दुपएसिए य आणुपुव्वीओ य अणाणुपुव्वीओ य अवत्तव्वए य,

६. अनेक द्विप्रदेशिक स्कन्ध अवक्तव्य हैं।

१. अथवा त्रिप्रदेशिक स्कन्ध और परमाणुपुद्गल आनुपूर्वी अनानुपूर्वी रूप है,

२. अथवा त्रिप्रदेशिक स्कन्ध और अनेक परमाणुपुद्गल आनुपूर्वी अनानुपूर्वियां हैं,

३. अथवा अनेक त्रिप्रदेशिक स्कन्ध और परमाणुपुद्गल आनुपूर्वियां-अनानुपूर्वी है,

४. अथवा अनेक त्रिप्रदेशिक स्कन्ध और अनेक परमाणुपुद्गल आनुपूर्वियां अनानुपूर्वियां हैं,

१. अथवा त्रिप्रदेशिक स्कन्ध और द्विप्रदेशिक स्कन्ध आनुपूर्वी अवक्तव्य रूप है,

२. अथवा त्रिप्रदेशिक स्कन्ध और अनेक द्विप्रदेशिक स्कन्ध आनुपूर्वी और अनेक अवक्तव्य रूप हैं,

३. अथवा अनेक त्रिप्रदेशिक स्कन्ध और द्विप्रदेशिक स्कन्ध आनुपूर्वियां और अव्यक्तव्य रूप हैं,

४. अथवा अनेक त्रिप्रदेशिक स्कन्ध और अनेक द्विप्रदेशिक स्कन्ध आनुपुर्वियां और अनेक अवक्तव्य रूप हैं

१. अथवा परमाणुपुद्गल और द्विप्रदेशिक स्कन्ध अनानुपूर्वी और अवक्तव्य रूप है,

२. अथवा परमाणुपुद्गल और अनेक द्विप्रदेशिक स्कन्ध अनानुपूर्वी और अनेक अवक्तव्य रूप हैं,

३. अथवा अनेक परमाणुपुद्गल और द्विप्रदेशिक स्कन्ध अनानुपूर्वियां और अवक्तव्य रूप हैं,

४. अथवा अनेक परमाणुपुद्गल और अनेक द्विप्रदेशिक स्कन्ध अनानुपूर्वियां और अनेक अवक्तव्य रूप हैं।

१. अथवा त्रिप्रदेशिक स्कन्ध परमाणुपुद्गल और द्विप्रदेशिक स्कन्ध आनुपूर्वी, अनानुपूर्वी और अवक्तव्य रूप हैं,

२. अथवा त्रिप्रदेशिक स्कन्ध परमाणुपुद्गल और अनेक द्विप्रदेशिक स्कन्ध आनुपूर्वी अनानुपूर्वी और अनेक अवक्तव्य रूप हैं,

३. अथवा त्रिप्रदेशिक स्कन्ध अनेक परमाणुपुद्गल और द्विप्रदेशिक स्कन्ध आनुपूर्वी अनानुपूर्वियां और अवक्तव्य रूप हैं।

४. अथवा त्रिप्रदेशिक स्कन्ध अनेक परमाणुपुद्गल और अनेक द्विप्रदेशिक स्कन्ध आनुपूर्वी, अनेक अनानुपूर्वी और अनेक अवक्तव्य रूप हैं।

५. अथवा अनेक त्रिप्रदेशिक स्कन्ध, परमाणुपुद्गल और द्विप्रदेशिक स्कन्ध आनुपूर्वियां, अनानुपूर्वी और अवक्तव्य रूप हैं,

६. अथवा अनेक त्रिप्रदेशिक स्कन्ध परमाणुपुद्गल और अनेक द्विप्रदेशिक स्कन्ध आनुपूर्वियां अनानुपूर्वी और अनेक अवक्तव्य रूप हैं।

७. अथवा अनेक त्रिप्रदेशिक स्कन्ध अनेक परमाणुपुद्गल और द्विप्रदेशिक स्कन्ध आनुपूर्वियां, अनानुपूर्वियां और अवक्तव्य रूप हैं।

८. **अहवा** तिपएसिया य परमाणुपोग्गला य दुपएसिया य आणुपुव्वीओ य अणाणुव्वीओ य अवत्तव्वयाइं च।

से तं णेगम-ववहाराणं भंगोवदंसणया।

—अणु. सु. १०३

१५०. **समोयारे**–

प. ४. से किं तं समोयारे ?
णेगम-ववहाराणं आणुपुव्वीदव्वाइं कहिं समोयरंति ?

किं आणुपुव्वीदव्वेहिं समोयरंति ?
अणाणुपुव्वीदव्वेहिं समोयरंति ?
अवत्तव्वयदव्वेहिं समोयरंति ?

उ. णेगम-ववहाराणं आणुपुव्वीदव्वाइं आणुपुव्वीदव्वेहिं समोयरंति,
णो अणाणुपुव्वीदव्वेहिं समोयरंति,
णो अवत्तव्वयदव्वेहिं समोयरंति।

प. णेगम-ववहाराणं अणाणुपुव्वीदव्वाइं कहिं समोयरंति ?

किं आणुपुव्वीदव्वेहिं समोयरंति ?
अणाणुपुव्वीदव्वेहिं समोयरंति ?
अवत्तव्वयदव्वेहिं समोयरंति ?

उ. णेगम ववहाराणं अणाणुपुव्वीदव्वाइं–
णो आणुपुव्वीदव्वेहिं समोयरंति, अणाणुपुव्वीदव्वेहिं समोयरंति, णो अवत्तव्वयदव्वेहिं समोयरंति।

प. णेगम-ववहाराणं अवत्तव्वयदव्वाइं कहिं समोयरंति ?

किं आणुपुव्वीदव्वेहिं समोयरंति ?
अणाणुपुव्वीदव्वेहिं समोयरंति ?
अवत्तव्वयदव्वेहिं समोयरंति ?

उ. णेगम ववहाराणं अवत्तव्वयदव्वाइं–
णो आणुपुव्वीदव्वेहिं समोयरंति, णो अणाणुपुव्वीदव्वेहिं समोयरंति, अवत्तव्वयदव्वेहिं समोयरंति।

से तं समोयारे। —अणु. सु. १०४

१५१. **अणुगमस्स भेया**–

प. ५. से किं तं अणुगमे ?

उ. अणुगमे णवविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. संतपयपरूवणया, २. दव्वपमाणं च ३. खेत्त, ४. फुसणा य। ५. कालो य ६. अंतरं ७. भाग, ८. भाव, ९. अप्पाबहुं चेव॥

प. १. णेगम-ववहाराणं आणुपुव्वीदव्वाइं किं अत्थि णत्थि ?

उ. णियमा अत्थि।

प्र. णेगम-ववहाराणं अणाणुपुव्वीदव्वाइं किं अत्थि णत्थि ?

उ. णियमा अत्थि।

८. अथवा अनेक त्रिप्रदेशिक स्कन्ध अनेक परमाणुपुद्गल और अनेक द्विप्रदेशिक स्कन्ध अनेक आनुपूर्वियां, अनानुपूर्वियां और अनेक अवक्तव्य रूप हैं।
यह नैगम-व्यवहारनयसम्मत भंगोपदर्शनता है।

१५०. **समवतार**–

प्र. ४. समवतार (समाविष्ट) क्या है ?
नैगम-व्यवहारनयसम्मत आनुपूर्वीद्रव्य किसमें समाविष्ट होते हैं ?
क्या आनुपूर्वीद्रव्यों में समाविष्ट होते हैं ?
अनानुपूर्वीद्रव्यों में समाविष्ट होते हैं ?
या अवक्तव्य द्रव्यों में समाविष्ट होते हैं ?

उ. खयोवसमियाइं इंदियाइं पारिणामिए जीवे एस णं से णामे खयोवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने।

तत्थ णं जे ते दस तिगसंजोगा ते णं इमे-

१. अत्थि णामे उदइए उवसमिए खयनिप्फन्ने,

२. अत्थि णामे उदइए उवसमिए खओवसमनिप्फन्ने,

३. अत्थि णामे उदइए उवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने.

४. अत्थि णामे उदइए खइए खओवसमनिप्फन्ने,

५. अत्थि णामे उदइए खइए पारिणामियनिप्फन्ने,

६. अत्थि णामे उदइए खयोवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने,

९. क्षायिक-पारिणामिक के संयोग से निष्पन्न भाव,

१०. क्षायोपशमिक-पारिणामिक के संयोग से निष्पन्न भाव।

प्र. १. औदयिक-औपशमिकभाव के संयोग से निष्पन्न (सान्निपातिक भाव) क्या है?

उ. औदयिकभाव में मनुष्यगति और औपशमिक भाव में उपशांतकषाय, यह औदयिक-औपशमिक भाव के संयोग से निष्पन्न (सान्निपातिक भाव) भंग है।

प्र. २. औदयिक क्षायिक निष्पन्न भाव क्या है?

उ. औदयिक भाव में मनुष्यगति और क्षायिक भाव में क्षायिक सम्यक्त्व का ग्रहण औदयिक क्षायिक निष्पन्न भाव है।

प्र. ३. औदयिक-क्षायोपशमिक निष्पन्न भाव क्या है?

उ. औदयिकभाव में मनुष्यगति और क्षायोपशमिकभाव में इन्द्रियां यह औदयिक-क्षायोपशमिकभाव है।

प्र. ४. औदयिक-पारिणामिक निष्पन्न भाव क्या है?

उ. औदयिकभाव में मनुष्यगति और पारिणामिकभाव में जीवत्व को ग्रहण करना यह औदयिकपारिणामिकभाव है।

प्र. ५. औपशमिक क्षयसंयोगजनिष्पन्नभाव क्या है?

उ. उपशांकषाय और क्षायिक सम्यक्त्व यह औपशमिक क्षयसंयोगजभाव है।

प्र. ६. औपशमिक-क्षयोपशम निष्पन्नभाव क्या है?

उ. औपशमिकभाव में उपशांतकषाय और क्षयोपशमनिष्पन्न भाव में इन्द्रियां यह औपशमिक क्षयोपशमनिष्पन्न भाव है।

प्र. ७. औपशमिक-पारिणामिक निष्पन्न भाव क्या है?

उ. औपशमिकभाव में उपशांतकषाय और पारिणामिकभाव में जीवत्व यह औपशमिक पारिणामिकनिष्पन्नभाव है।

प्र. ८. क्षायिक और क्षयोपशमनिष्पन्नभाव क्या है?

उ. क्षायिक सम्यक्त्व और क्षायोपशमिक इन्द्रियां यह क्षायिक-क्षायोपशमिक निष्पन्नभाव है।

प्र. ९. क्षायिक और पारिणामिकनिष्पन्न भाव क्या है?

उ. क्षायिकभाव में क्षायिक सम्यक्त्व और पारिणामिकभाव में जीवत्व यह क्षायिकपारिणामिक निष्पन्नभाव है।

प्र. १०. क्षायोपशमिक-पारिणामिकनिष्पन्नभाव क्या है?

उ. क्षायोपशमिकभाव में इन्द्रियां और पारिणामिकभाव में जीवत्व यह क्षायोपशमिक पारिणामिकनिष्पन्न भाव है।

(इस प्रकार से यह द्विकसंयोगी सान्निपातिक भाव के दस भंगों का स्वरूप है)

त्रिकसंयोगज (सान्निपातिकभाव) के दस भंग इस प्रकार हैं-

१. औदयिक-औपशमिक-क्षायिकनिष्पन्नभाव,

२. औदयिक-औपशमिक-क्षायोपशमिकनिष्पन्न भाव,

३. औदयिकऔपशमिक-पारिणामिकनिष्पन्नभाव,

४. औदयिक-क्षायिक क्षायोपशमिकनिष्पन्नभाव,

५. औदयिक-क्षायिक-पारिणामिक-निष्पन्नभाव,

६. औदयिक-क्षायोपशमिक पारिणामिकनिष्पन्नभाव,

७. अत्थि णामे उवसमिए खइए खओवसमनिप्फन्ने,
८. अत्थि णामे उवसमिए खइए पारिणामियनिप्फन्ने,
९. अत्थि णामे उवसमिए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने,
१०. अत्थि णामे खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने,

प. १. कयरे से णामे उदइए उवसमिए खयनिप्फन्ने ?

उ. उदए त्ति मणूसे उवसंता कसाया खइयं सम्मत्तं एस णं से णामे उदइए उवसमिए खयनिप्फन्ने।

प. २. कयरे से णामे उदइए उवसमिए खयोवसमियनिप्फन्ने ?

उ. उदए त्ति मणूसे उवसंता कसाया खओवसमियाइं इंदियाइं, एस णं से णामे उदइए उवसमिए खओवसमनिप्फन्ने।

प. ३. कयरे से णामे उदइए उवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने ?

उ. उदए त्ति मणूसे उवसंता कसाया पारिणामिए जीवे, एस णं से णामे उदइए उवसमिए-पारिणामियनिप्फन्ने।

प. ४. कयरे से णामे उदइए खइए खओवसमनिप्फन्ने ?

उ. उदए त्ति मणूसे खइयं सम्मत्तं खओवसमियाइं इंदियाइं, एस णं से णामे उदइएखइए खओवसमनिप्फन्ने।

प. ५. कयरे से णामे उदइए खइए पारिणामियनिप्फन्ने ?

उ. उदए त्ति मणूसे खइयं सम्मत्तं पारिणामिए जीवे एस णं से नामे उदइए खइए पारिणामियनिप्फन्ने।

प. ६. कयरे से णामे उदइए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने ?

उ. उदए त्ति मणूसे खओवसमियाइं इंदियाइं पारिणामिए जीवे एस णं से णामे उदए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने।

प. ७. कयरे से णामे उवसमिए खइए खओवसमनिप्फन्ने ?

उ. उवसंता कसाया, खइयं सम्मत्तं खओवसमियाइं इंदियाइं, एस णं से णामे उवसमिए खइए खओवसमनिप्फन्ने।

प. ८. कयरे से णामे उवसमिए खइए पारिणामियनिप्फन्ने ?

उ. उवसंता कसाया, खइयं सम्मत्तं, पारिणामिए जीवे, एस णं से णामे उवसमिए खइए पारिणामियनिप्फन्ने।

प. ९. कयरे से णामे उवसमिए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने ?

उ. उवसंता कसाया खओवसमियाइं इंदियाइं पारिणामिए जीवे, एस णं से णामे उवसमिए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने।

७. औपशमिकक्षायिक-क्षायोपशमिक निष्पन्न भाव,
८. औपशमिक-क्षायिक पारिणामिक निष्पन्नभाव,
९. औपशमिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिकनिष्पन्नभाव,
१०. क्षायिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिकनिष्पन्नभाव।

प्र. १. औदयिक-औपशमिक क्षायिकनिष्पन्नभाव क्या है ?

उ. औदयिकभाव मनुष्यगति उपशांतकषाय औपशमिकभाव और क्षायिकसम्यक्त्व क्षायिकभाव, यह औदयिक औपशमिक-क्षायिकनिष्पन्नभाव है।

प्र. २. औदयिक-औपशमिक-क्षायोपशमिकनिष्पन्नभाव क्या है ?

उ. मनुष्यगति औदयिकभाव, उपशांतकषाय औपशमिकभाव और इन्द्रियां क्षायोपशमिकभाव, यह औदयिक-औपशमिक-क्षायोपशमिकनिष्पन्नभाव है।

प्र. ३. औदयिक-औपशमिक पारिणामिकनिष्पन्नभाव क्या है ?

उ. मनुष्यगति औदयिकभाव, उपशांतकषाय औपशमिकभाव और जीवत्व पारिणामिक भाव यह औदयिक-औपशमिक-पारिणामिकनिष्पन्नभाव है।

प्र. ४. औदयिक-क्षायिक-क्षायोपशमिकनिष्पन्न भाव क्या है ?

उ. मनुष्यगति औदयिक भाव, क्षायिक सम्यक्त्व क्षायिकभाव और इन्द्रियां क्षायोपशमिकभाव यह औदयिक क्षायिक क्षायोपशमिकनिष्पन्नभाव है।

प्र. ५. औदयिक-क्षायिक-पारिणामिकनिष्पन्नभाव क्या है ?

उ. मनुष्यगति औदयिकभाव क्षायिक सम्यक्त्व क्षायिकभाव और जीवत्व पारिणामिकभाव, यह औदयिक-क्षायिक-पारिणामिक निष्पन्न भाव है।

प्र. ६. औदयिक - क्षायोपशमिक - पारिणामिकनिष्पन्नभाव क्या है ?

उ. मनुष्यगति औदयिकभाव, इन्द्रियां क्षायोपशमिकभाव और जीवत्व पारिणामिकभाव, यह औदयिक क्षायोपशमिक पारिणामिक निष्पन्न भाव है।

प्र. ७. औपशमिक-क्षायिक-क्षायोपशमिकनिष्पन्नभाव क्या है ?

उ. उपशांतकषाय औपशमिकभाव, क्षायिकसम्यक्त्व क्षायिकभाव, इन्द्रियां क्षायोपशमिकभाव, यह औपशमिक-क्षायिक क्षायोपशमिकनिष्पन्नभाव है।

प्र. ८. औपशमिक-क्षायिक-पारिणामिकनिष्पन्नभाव क्या है ?

उ. उपशांतकषाय औपशमिकभाव, क्षायिकसम्यक्त्व क्षायिकभाव, जीवत्व पारिणामिकभाव, यह औपशमिक-क्षायिक पारिणामिकनिष्पन्न भाव है।

प्र. ९. औपशमिक-क्षायोपशमिक पारिणामिकनिष्पन्न भाव क्या है ?

उ. उपशांतकषाय औपशमिकभाव, इन्द्रियां क्षायोपशमिकभाव और जीवत्व पारिणामिकभाव, यह औपशमिक क्षायोपशमिक-पारिणामिकनिष्पन्न भाव है।

प. १०. कयरे से णामे खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने ?

उ. खइयं सम्मत्तं खओवसमियाइं इंदियाइं पारिणामिए जीवे, एस णं से णामे खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने।

तत्थ णं जे ते पंच चउक्कसंजोगा ते णं इमे–

१. अत्थि णामे उदइए उवसमिए खइए खओवसमनिप्फन्ने,
२. अत्थि णामे उदइए उवसमिए खइए पारिणामियनिप्फन्ने,
३. अत्थि णामे उदइए उवसमिए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने,
४. अत्थि णामे उदइए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने,
५. अत्थि णामे उवसमिए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने,

प. १. कयरे से णामे उदइए उवसमिए खइए खओवसमनिप्फन्ने ?

उ. उदए त्ति मणूसे उवसंता कसाया, खइयं सम्मत्तं, खओवसमियाइं इंदियाइं एस णं से णामे उदइए उवसमिए खइए खओवसमनिप्फन्ने।

प. २. कयरे से णामे उदइए उवसमिए खइए पारिणामियनिप्फन्ने ?

उ. उदए त्ति मणूसे उवसंता कसाया, खइयं सम्मत्तं पारिणामिए जीवे, एस णं से णामे उदइए उवसमिए खइए पारिणामियनिप्फन्ने।

प. ३. कयरे से णामे उदइए उवसमिए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने ?

उ. उदए त्ति मणूसे उवसंता कसाया, खओवसमियाइं इंदियाइं पारिणामिए जीवे, एस णं से णामे उदइए उवसमिए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने।

प. ४. कयरे से णामे उदइए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने ?

उ. उदए त्ति मणूसे खइयं सम्मत्तं खओवसमियाइं इंदियाइं पारिणामिए जीवे एस णं से नामे उदइए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने।

प. ५. कयरे से नामे उवसमिए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने ?

उ. उवसंता कसाया खइयं सम्मत्तं खओवसमियाइं इंदियाइं, पारिणामिए जीवे एस णं से नामे उवसमिए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने।

प्र. १०. क्षायिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिकनिष्पन्नभाव क्या है?

उ. क्षायिकसम्यक्त्व क्षायिकभाव, इन्द्रियां क्षायोपशमिकभाव और जीवत्व पारिणामिकभाव, यह क्षायिक क्षायोपशमिक पारिणामिकनिष्पन्न सान्निपातिकभाव है।

चार भावों के संयोग से निष्पन्न सान्निपातिकभाव के पांच भंगों के नाम इस प्रकार हैं–

१. औदयिक-औपशमिक क्षायिक क्षायोपशमिक-निष्पन्नभाव,
२. औदयिक औपशमिक क्षायिक पारिणामिकनिष्पन्न भाव,
३. औदयिक औपशमिक क्षायोपशमिक पारिणामिक-निष्पन्नभाव,
४. औदयिक क्षायिक क्षायोपशमिक पारिणामिक-निष्पन्नभाव,
५. औपशमिक - क्षायिक - क्षायोपशमिक - पारिणामिक-निष्पन्न- भाव।

प्र. १. औदयिक - औपशमिक - क्षायिक - क्षायोपशमिकनिष्पन्न सान्निपातिक भाव क्या है ?

उ. औदयिकभाव में मनुष्य, औपशमिकभाव में उपशांतकषाय, क्षायिकभाव में क्षायिकसम्यक्त्व और क्षायोपशमिकभाव में इन्द्रियां, यह औदयिक-औपशमिक-क्षायिक- क्षायोपशमिक- निष्पन्न भाव है।

प्र. २. औदयिक-औपशमिक-क्षायिक-पारिणामिकनिष्पन्न भाव क्या है ?

उ. औदयिकभाव में मनुष्यगति, औपशमिकभाव में उपशांतकषाय, क्षायिकभाव में क्षायिकसम्यक्त्व और पारिणामिकभाव में जीवत्व, यह औदयिक औपशमिक क्षायिक पारिणामिकनिष्पन्न भाव है।

प्र. ३. औदयिक - औपशमिक - क्षायोपशमिक - पारिणामिक-निष्पन्न भाव क्या है ?

उ. औदयिक भाव में मनुष्यगति, औपशमिकभाव में उपशांतकषाय, क्षायोपशमिकभाव में इन्द्रियां और पारिणामिकभाव में जीवत्व, यह औदयिक औपशमिक क्षायोपशमिक पारिणामिकनिष्पन्न भाव है।

प्र. ४. औदयिक-क्षायिक-क्षायोपशमिक पारिणामिकनिष्पन्न भाव क्या है ?

उ. औदयिकभाव में मनुष्यगति, क्षायिकभाव में क्षायिकसम्यक्त्व, क्षायोपशमिकभाव में इन्द्रियां और पारिणामिकभाव में जीवत्व यह औदयिक-क्षायिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिकभाव निष्पन्न सान्निपातिकभाव है।

प्र. ५. औपशमिक-क्षायिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिक निष्पन्न भाव क्या है ?

उ. औपशमिकभाव में उपशांतकषाय, क्षायिकभाव में क्षायिकसम्यक्त्व, क्षायोपशमिकभाव में इन्द्रियां और पारिणामिक भाव में जीवत्व यह औपशमिक क्षायिक क्षायोपशमिक पारिणामिकनिष्पन्नभाव है।

तत्थ णं जे से एक्के पंचकसंजोगे से णं इमे–

अत्थि नामे उदइए उवसमिए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने।

प. कयरे से नामे उदइए उवसमिए खइए खओवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने?

उ. उदए त्ति मणूसे, उवसंता कसाया, खइय सम्मत्तं, खओवसमियाइं इंदियाइं, पारिणामिए जीवे, एस णं से णामे उदइए उवसमिए खइए खओवसमिए पारिणामियनिप्फन्ने।[1]

से तं सन्निवाइए, से तं छण्णामे। –अणु. सु. २५१-२५९

पंचसंयोगज सान्निपातिकभाव का एक भंग इस प्रकार है– औदयिक-औपशमिक-क्षायिक-क्षायोपशमिक पारिणामिक-निष्पन्नभाव।

प्र. औदयिक-औपशमिक क्षायिक-क्षायोपशमिक-पारिणामिक-निष्पन्न भाव क्या है?

उ. औदयिक भाव में मनुष्यगति, औपशमिक भाव में उपशांतकषाय, क्षायिक भाव में क्षायिक सम्यक्त्व, क्षायोपशमिक भाव में इन्द्रियां और पारिणामिकभाव में जीवत्व, यह औदयिक-औपशमिक-क्षायिक क्षायोपशमिक पारिणामिक निष्पन्न भाव है।

यह सान्निपातिकभाव है। यह छह नाम हुआ।

१६३. सत्त णाम विवक्खया-सर मंडलस्स वित्थरओ परूवणं–

प. से किं तं सत्तनामे?

उ. सत्तनामे सत्त सरा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सज्जे, २. रिसभे, ३. गंधारे, ४. मज्झिमे, ५. पंचमे सरे। ६. धेवए चेव, ७. णेसाए सरा सत्त वियाहिया।

एएसि णं सत्तण्हं सराणं सत्त सरट्ठाणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सज्जं तु अग्गजिब्भाए
२. उरेण रिसभं सरं
३. कंठुग्गएण गंधारं
४. मज्झजिब्भाए मज्झिमं।
५. णासाए पंचमं बूया।
६. दंतोट्ठेण य धेवयं।
७. मुद्धाणेण य णेसा य, सरट्ठाणा वियाहिया॥

सत्त सरा जीवनिस्सिया पण्णत्ता, तं जहा–

१. सज्जं रवइ मऊरो।
२. कुक्कुडो रिसभं सरे।
३. हंसो णदइ गंधारं।
४. मज्झिमं तु गवेलगा।
५. अह कुसुमसंभवे काले कोइला पंचमं सरं।
६. छट्ठं च सारसा कोंचा।
७. णेसायं सत्तमं गयो।

सत्त सरा अजीवनिस्सिया पण्णत्ता, तं जहा–

१. सज्जं रवइ मुइंगो।
२. गोमुही रिसभं सरं।
३. संखो णदइ गंधारं।
४. मज्झिमं पुण झल्लरी।
५. चउचलणपइट्ठाणा गोहिया पंचमं सरं।

१६३. सप्त नाम की विवक्षा से स्वर मंडल का विस्तार पूर्वक प्ररूपण–

प्र. सप्त नाम क्या है?

उ. सप्त नाम सात (प्रकार के) स्वर कहे गए हैं, यथा–

१. षड्ज, २. ऋषभ, ३. गांधार, ४. मध्यम, ५. पंचम, ६. धैवत, ७. निषाद। (ये सात स्वर हैं)

इन सात स्वरों के सात स्वरस्थान कहे गए हैं, यथा–

१. षड्ज का स्थान जिह्वा का अग्र भाग है।
२. ऋषभ स्वर का स्थान वक्षस्थल है।
३. गांधार स्वर का स्थान कंठ है।
४. मध्यम स्वर का स्थान जिह्वा का मध्य भाग है।
५. पंचम स्वर का स्थान नासिका है।
६. धैवत स्वर का स्थान दंतोष्ठ संयोग है।
७. निषाद स्वर का स्थान मूर्धा (सिर) है।

जीवनिःश्रित सात स्वर कहे गए हैं, यथा–

१. मयूर षड्ज स्वर में बोलता है।
२. कुक्कुट (मुर्गा) ऋषभ स्वर में बोलता है।
३. हंस गांधार स्वर में बोलता है।
४. गवेलक (गाय और भेड़) मध्य स्वर में बोलता है।
५. कोयल बसन्तऋतु में पंचम स्वर में बोलता है।
६. क्रौंच और सारस पक्षी धैवत स्वर में बोलते हैं।
७. हाथी निषाद स्वर में बोलता है।

अजीवनिःश्रित सात स्वर कहे गए हैं, यथा–

१. मृदंग से षड्ज स्वर निकलता है।
२. गोमुखी वाद्य से ऋषभ स्वर निकलता है।
३. शंख से गांधार स्वर निकलता है।
४. झालर से मध्यम स्वर निकलता है।
५. चार चरणों पर प्रतिष्ठित गोधिका से पंचम स्वर निकलता है।

१. (क) विया. स. २५, उ, ५, सु. ४७-४८ (ख) विया. स. १७, उ. १, सु. २८-२९

६. आडंबरो धेवइयं।
७. महाभेरी य सत्तमं।

एएसि णं सत्तण्हं सराणं सत्त सरलक्खणा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सज्जेण लहइ वित्तिं, कयं च ण विणस्सइ।
गावो मित्ता य पुत्ता य, णारीणं चेव वल्लभो॥

२. रिसभेणं तु एसज्जं, सेणावच्चं धणाणि य।
वत्थगंधमलंकारं, इत्थिओ सयणाणि य॥

३. गंधारे गीयजुत्तिण्णा, वज्जवित्ती कलाहिया।
भवंति कइणो पण्णा, जे अन्ने सत्थपारगा॥

४. मज्झिमसरसंपन्ना, भवंति सुहजीविणो।
खायइ पियइ देह, मज्झिमं सरमस्सियो॥

५. पंचमसरसंपन्ना, भवंति पुढवीपई।
सूरा संगहकत्तारो, अणेगगणणायगा॥

६. धेवयसरसंपन्ना, भवंति कलहप्पिया।
साउणिया वग्गुरिया, सोयरिया मच्छबंधा य॥

७. चंडाला मुट्ठिया मेया, जे अन्ने पावकम्मिणो।
गोहायगा य जे चोरा, णेसायं सरमस्सिया॥

एएसि णं सत्तण्हं सराणं तओ गामा पण्णत्ता, तं जहा–

१. सज्जगामे, २. मज्झिमगामे, ३. गंधारगामे।

सज्जगामस्स णं सत्त मुच्छणाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. मंगी, २. कोरव्वीया, ३. हरी य, ४. रयणी य, ५. सारकंता य। ६. छट्ठी य सारसी णाम, ७. सुद्धसज्जा य सत्तमा॥

मज्झिमगामस्स णं सत्त मुच्छणाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. उत्तरमंदा, २. रयणी, ३. उत्तरा, ४. उत्तरायया।
५. अस्सोकंता य, ६. सोवीरा, ७. अभिरु हवइ सत्तमा॥

गंधारगामस्स णं सत्त मुच्छणाओ पण्णत्ताओ, तं जहा–

१. णंदी य, २. खुद्दिमा,
३. पूरिमा य चउत्थी य, ४. सुद्धगंधारा।
५. उत्तरगंधारा वि य, पंचमिया हवइ मुच्छा उ॥
६. सुट्ठुत्तरमायामा सा छट्ठी णियमसो उ णायव्वा।
७. अह उत्तरायया कोडीमा य सा सत्तमी मुच्छा॥

प. सत्त सरा कओ संभवंति? गेयस्स का भवइ जोणी?।
कइसमया उस्साया? कइ वा गेयस्स आगारा?॥

६. आडंबर (नगाड़ा) से धैवत स्वर निकलता है।
७. महाभेरी से निषाद स्वर निकलता है।

इन सातों स्वरों के स्वर-लक्षण सात कहे गए हैं, यथा–

१. षड्ज स्वर वाले व्यक्ति आजीविका प्राप्त करते हैं उनका प्रयत्न निष्फल नहीं होता उन्हें गोधन पुत्र-मित्र आदि का संयोग प्राप्त होता है और वे स्त्रियों को प्रिय होते हैं।

२. ऋषभ स्वर वाले व्यक्ति को ऐश्वर्य सेनापतित्व, धन, वस्त्र, गंध, आभूषण, स्त्री और शयन प्राप्त होते हैं।

३. गांधार स्वर वाले व्यक्ति गाने में कुशल श्रेष्ठ वृत्ति वाले, कला में कुशल कवि प्राज्ञ और विभिन्न शास्त्रों के पारगामी होते हैं।

४. मध्यम स्वर वाले व्यक्ति सुख से जीते हैं, खाते-पीते हैं, खिलाते-पिलाते हैं और दान देते हैं।

५. पंचम स्वर वाले व्यक्ति राजा शूर संग्रहकर्ता और अनेक गणों के नायक होते हैं।

६. धैवत स्वर वाले व्यक्ति कलहप्रिय, पक्षियों को मारने वाले तथा हिरणों सूअरों और मछलियों को मारने वाले होते हैं।

७. निषाद स्वर वाले व्यक्ति चाण्डाल फांसी देने वाले, मुट्ठीबाज विभिन्न पाप कर्म करने वाले, गौ घातक और चोर होते हैं।

इन सात स्वरों के तीन ग्राम (मूर्च्छनाओं का समूह) कहे गए हैं, यथा–

१. षड्जग्राम, २. मध्यमग्राम, ३. गांधारग्राम।

षड्जग्राम की सात मूर्च्छनाएँ कही गई हैं, यथा–

१. मंगी, २. कौरव्वीया, ३. हरित्, ४. रजनी, ५. सारकान्ता, ६. सारसी, ७. शुद्धषड्जा।

मध्यमग्राम की सात मूर्च्छनाएं कही गई हैं, यथा–

१. उत्तरमन्दा, २. रजनी, ३. उत्तरा, ४. उत्तरायता, ५. अश्वक्रान्ता, ६. सौवीरा, ७. अभिरुद्गता।

गांधारग्राम की सात मूर्च्छनाएं कही गई हैं, यथा–

१. नंदी, २. क्षुद्रिका,
३. पूरिमा, ४. शुद्धगांधारा,
५. उत्तरगांधारा,
६. सुष्ठुतर आयामा,
७. उत्तरायता कोटिमा।

(इस प्रकार से सात स्वरों के तीन ग्राम और २१ मूर्च्छनायें जाननी चाहिए।)

प्र. सात स्वर किनसे उत्पन्न होते हैं, गीत की योनि (जाति) क्या है? उसका उच्छ्वास काल कितना है? और गीत के आकार कितने हैं?

उ. २. सत्त सरा णाभीओ, भवंति गीतं च रून्नजोणी यं।
पादसमया उस्साया, तिण्णि य गीयस्स आगारा॥

३. आइमिउ आरभंता, समुव्वहंता य मज्झगारंमि।
अवसाणे य खवेंता, तिण्णि य गेयस्स आगारा॥

४. छद्दोसे अट्ठ गुणे, तिण्णि य वित्ताइं दो य भणिइओ।
जाणीहिइ सो गाहिइ, सुसिक्खिओ रंगमंचम्मि॥

५. गेयस्स छद्दोसा–
१. भीयं,
२. दुयं,
३. रहस्सं गायंतो मा य गाहिं,
४. उत्तालं
५. काकस्सरं ६. अणुनासं च होंति गेयस्स छद्दोसा॥

६. अट्ठ गुणा गेयस्स–
१. पुण्णं,
२. रत्तं च,
३. अलंकियं च,
४. वत्तं तहा,
५. अविघुट्ठं,
६. मधुरं,
७. समं
८. सुललियं अट्ठ गुणा होंति गेयस्स ॥

७. उर-कंठ-सिरविसुद्धं च,

गिच्चिए मउय-रिभियपदबद्धं।

समताल पडुक्खेवं, सत्तस्सरसीभरं गेयं॥

८. निद्दोसं सारवंतं च,

हेउजुत्तमलंकियं।

उ. २. सातों स्वर नाभि से उत्पन्न होते हैं, रूदन गीत की योनि है। जितने समय में किसी छन्द का एक चरण गाया जाता है, उतना उसका उच्छ्वास काल होता है और उसके आकार तीन होते हैं।

१. आदि (प्रारंभ) में मृदु, २. मध्य में तीव्र, ३. अन्त में मंद,

४. गीत के छह दोष, आठ गुण, तीन वृत्त और दो भाणितियां (भाषाएँ) होती हैं। जो इन्हें जानता है ऐसा सुशिक्षित व्यक्ति ही इन्हें रंगमंच पर गा सकता है।

५. **गीत के छह दोष–**
१. भीत-भयभीत होते हुए गाना।
२. द्रुत–शीघ्रता से गाना।
३. ह्स्वर–दीर्घ शब्दों को लघु बनाकर गाना।
४. उत्ताल–ताल (लय) के अनुसार न गाना।
५. काक स्वर–कौए की भांति कर्णकटु स्वर से गाना।
६. अनुनास–नाक से गाना। ये गीत के छः दोष हैं।

६. **गीत के आठ गुण–**
१. पूर्ण–आरोह अवरोह आदि स्वर कलाओं से परिपूर्ण होना।
२. रक्त–राग से परिष्कृत होना।
३. अलंकृत–विभिन्न स्वरों से सुशोभित होना।
४. व्यक्त–स्पष्ट स्वर होना।
५. अविघुष्ट–नियत या नियमित स्वर युक्त होना।
६. मधुर–मधुर स्वरयुक्त होना।
७. सम–ताल, वीणा आदि का अनुगमन करना।
८. सुललित–ललित लययुक्त होना। गीत के ये आठ गुण हैं।

७. **गीत के ये आठ गुण और हैं–**
१. उरोविशुद्ध–जो स्वर वक्ष स्थल में विशुद्ध हो।
२. कण्ठविशुद्ध–जो स्वर कण्ठ में विशुद्ध हो।
३. शिरोविशुद्ध–जो स्वर सिर से उत्पत्ति होने पर भी विशुद्ध हो।
४. मृदु–जो राग कोमल स्वर से गाया जाता है।
५. रिभित–गोलना–बहुल आलापों के द्वारा चमत्कार पैदा करना।
६. पदबद्ध–गीत को विशिष्ट पदरचना से निबद्ध करना।
७. समताल–पदोत्क्षेप जिसमें ताल वाद्य और नर्तक का वादक से सम हो (एक दूसरे से मिलते हों)
८. सप्तस्वरसीभर–जिसमें सातों स्वर समान हों।

८. **गीतपदों के आठ गुण इस प्रकार हैं–**
१. निर्दोष–बत्तीस दोष रहित होना,
२. सारवत्–विशिष्ट अर्थयुक्त होना,
३. हेतुयुक्त–अर्थसाधक हेतुयुक्त होना,
४. अलंकृत–काव्य के अलंकारों से युक्त होना,

उवणीयं सोवयारं च, मितं महुरमेव य॥

५. उपनीत-उपसंहार युक्त होना,
६. सोपचार-अविरुद्ध अलज्जनीय अर्थ का प्रतिपादन करना,
७. मित-अल्पपद और उसके अक्षरों से परिमित होना,
८. मधुर-शब्द अर्थ और प्रतिपादन की दृष्टि से प्रिय होना,

९. सममद्धसमं चेव, सव्वत्थ विसमं च जं।
तिण्णि वित्तप्पयाराइं, चउत्थं नो पलब्भइ॥

९. **वृत्त छन्द तीन प्रकार का कहा गया है-**
१. सम-जिसमें चारों चरण और अक्षर समान हों,
२. अर्द्धसम-जिसमें चरण और अक्षर विषम हो,
३. सर्वविषम-जिसके चारों चरण और अक्षर सभी विषम हों। इसके अतिरिक्त चौथा प्रकार नहीं पाया जाता।

१०. सक्कया पायया चेव, दुहा भणिईओ आहिया।
सरमंडलंमि गिज्जंते, पसत्था इसिभासिया॥

१०. **भणितियां (गीत की भाषाएँ) दो प्रकार की कही गई हैं, यथा-**
१. संस्कृत, २. प्राकृत।
ये दोनों प्रशस्त और ऋषिभाषित हैं ये स्वरमण्डल में गाई जाती हैं।

प्र. केसी गायइ महुरं?
केसी गायइ खरं च रुक्खं च।
केसी गायइ चउरं?
केसी विलंबं दुतं केसी॥

विस्सरं पुण केरिसी?

प्र. १. मधुर स्वर में कौन गीत गाती हैं?
२. कर्कश और रूक्ष स्वर में कौन गीत गाती हैं?
३. चतुरता से कौन गीत गाती हैं?
४. विलम्ब स्वर में कौन गीत गाती हैं?
५. द्रुत शीघ्र स्वर में कौन गीत गाती हैं?
६. विस्वरता से कौन गीत गाती हैं?

उ. सामा गायइ महुरं,
काली गायइ खरं च रुक्खं च।
गोरी गायइ चउरं,
काणी विलंबं दुयं अंधा॥

विस्सरं पुण पिंगला॥

उ. १. श्यामा स्त्री मधुर स्वर में गीत गाती है,
२. काली स्त्री कर्कश और रूक्ष स्वर में गीत गाती है,
३. गौरी स्त्री चतुरता से गीत गाती है,
४. काणी स्त्री विलम्ब स्वर में गीत गाती है,
५. अंधी स्त्री द्रुत स्वर में गीत गाती है,
६. पिंगला स्त्री विस्वरता से गीत गाती है।

११. अक्खरसमं पयसमं
तालसमं लयसमं गहसमं च।
निस्ससिय उस्ससियसमं,
संचारसमं सरा सत्त।

११. **इन सात स्वरों के नाम इस प्रकार हैं-**
१. अक्षरसम-ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत अक्षरों के अनुरूप स्वर,
२. पदसम-राग के अनुरूप पद विन्यास वाला स्वर,
३. तालसम-ताल वादन के अनुरूप गाया जाने वाला स्वर,
४. लयसम-राग रागनी के अनुरूप स्वर,
५. ग्रहसम-वीणा आदि वाद्यों के अनुरूप स्वर,
६. श्वासोच्छ्वास सम-श्वांस लेने-छोड़ने के योग्य स्थान पर रुकने वाला स्वर,
७. संचार सम-वाद्यों पर अंगुली आदि के संचार के अनुरूप स्वर,

१२. सत्त सरा तओ गामा, मुच्छणा एकविंसइ।
ताणा एकूणापण्णासा, समत्तं सरमंडलं[1]॥

१२. इस प्रकार गीत स्वर तन्त्री आदि से सम्बन्धित होकर सात प्रकार का हो जाता है। सात स्वर, तीन ग्राम और इक्कीस मूर्च्छनाएं होती हैं। प्रत्येक स्वर सात तानों से गाया जाता है, इसलिए उनके सात गुणित सात करने पर उनचास (४९) भेद हो जाते हैं, इस प्रकार स्वरमण्डल का वर्णन समाप्त हुआ।

से तं सत्तणामे। -अणु. सु. २६० (१-११)

यह सात नाम का वर्णन हुआ।

१. ठाणं अ. ७ सु. ५५३

१६४. अट्ठ नाम विवक्खया अट्ठवयण विभत्ति–

प. से किं तं अट्ठनामे ?

उ. अट्ठनामे अट्ठविहा वयणविभत्ती पण्णत्ता, तं जहा–

१. निद्देसे पढमा होइ,

२. बिइया उवदेसणे,

३. तइया करणम्मि कया,

४. चउत्थी संपयावणे,

५. पंचमी य अपायाणे,

६. छट्ठी सस्सामिवायणे,

७. सत्तमी सण्णिधाणत्थे,

८. अट्ठमाऽऽमंतणी भवे।

१. तत्थ पढमा विभत्ती, निद्देसे सो इमो अहं व त्ति।

२. बिइया पुण उवदेसे, भण कुणसु इमं व तं व त्ति।

३. तइया करणम्मि कया भणियं व कयं व तेण व मए वा।

४. हंदि णमो साहाए हवइ चउत्थी पयाणम्मि।

५. अवणय गिण्ह य एत्तो, इत्तो त्ति वा पंचमी अपायाणे।

६. छट्ठी तस्स इमस्स व, गयस्स वा सामिसंबंधे।

७. हवइ पुण सत्तमी तं इमम्गि आधार काल भावे य।

८. आमंतणी भवे अट्ठमी उ जह हे जुवाण त्ति।

से तं अट्ठणामे। –अणु. सु. २६१

१६४. अष्ट नाम विवक्षा से आठवचन विभक्ति–

प्र. अष्टनाम क्या है ?

उ. आठ प्रकार की वचनविभक्तियों को अष्टनाम कहते हैं, यथा–

१. निर्देश प्रतिपादक अर्थ में प्रथमा विभक्ति होती है।

२. उपदेश क्रिया के प्रतिपादन में द्वितीया विभक्ति होती है।

३. क्रिया के प्रति साधकतम कारण के प्रतिपादन में तृतीया विभक्ति होती है।

४. संप्रदान में चतुर्थी विभक्ति होती है।

५. अपादान (पृथक्ता) बताने के अर्थ में पंचमी विभक्ति होती है।

६. स्व-स्वामित्वप्रतिपादन करने के अर्थ में षष्ठी विभक्ति होती है।

७. सन्निधान (आधार) का प्रतिपादन करने के अर्थ में सप्तमी विभक्ति होती है।

८. संबोधित आमंत्रित करने के अर्थ में अष्टमी विभक्ति होती है।

१. निर्देश में प्रथमा विभक्ति होती है, जैसे–वह, यह, अथवा मैं,

२. उपदेश में द्वितीया विभक्ति होती है, जैसे–इसको कहो, उसको करो आदि।

३. करण में तृतीया विभक्ति होती है, जैसे–उसके और मेरे द्वारा कहा गया अथवा उसके और मेरे द्वारा किया गया।

४. संप्रदान, नमः तथा स्वाहाः अर्थ में चतुर्थी विभक्ति होती है, जैसे 'विप्राय गां ददाति-ब्राह्मण को (के लिये) गाय देता है 'नमो जिनाय' जिनेश्वर के लिये मेरा नमस्कार हो 'अग्नये स्वाहा-अग्नि देवता को हवि दिया जाता है।

५. अपादान में पंचमी विभक्ति होती है जैसे वहां से दूर करो अथवा इससे ले लो।

६. स्वस्वामीसम्बन्ध बतलाने में षष्ठी विभक्ति होती है, जैसे–उसकी अथवा इसकी यह वस्तु है।

७. आधार काल और भाव में सप्तमी विभक्ति होती है, जैसे (वह) इसमें है।

८. आमंत्रण अर्थ में अष्टमी विभक्ति होती है, जैसे हे युवान्!

यह अष्टनाम है।

१६५. नवनाम विवक्खया नव कव्वरसाणं परूवणं–

प. से किं तं नवनामे ?

उ. नवनामे णव कव्वरसा पण्णत्ता, तं जहा–

१. वीरो, २. सिंगारो, ३. अब्भुओ य, ४. रोद्दो य होइ बोधव्वो। ५. वेलणओ, ६. बीभच्छो, ७. हासो, ८. कलुणो, ९. पसंतो य॥

१६५. नव नाम की विवक्षा से नौ काव्य रसों का प्ररूपण–

प्र. नवनाम क्या है ?

उ. नवनाम के नौ काव्य रस कहे गए हैं, यथा–

१. वीररस, २. शृंगाररस, ३. अद्भुतरस, ४. रौद्ररस, ५. व्रीडनकरस, ६. बीभत्सरस, ७. हास्यरस, ८. कारुण्यरस, ९. प्रशांतरस ये नवरसों के नाम जानने चाहिए।

इन नव रसों में

१. तत्थ १. परिच्चायम्मि य २. तव-चरणे ३. सत्तुजणविणासे य। अणणुसय-धिइ परक्कमचिण्हो वीरो रसो होइ।.

१. १. परित्याग करने में गर्व या पश्चात्ताप न होने, २. तपश्चरण में धैर्य, ३. शत्रुओं का विनाश करने में पराक्रम होने रूप लक्षण वाला वीररस है,

वीरो रसो जहा–

सो णाम महावीरो जो रज्जं पयहिऊण पव्वइओ।
काम-क्कोहमहासत्तुपक्खनिग्घायणं कुणइ॥

वीररस का बोधक उदाहरण इस प्रकार है–

राज्य-वैभव का परित्याग करके जो दीक्षित हुआ और दीक्षित होकर काम-क्रोध आदि रूप महाशत्रुपक्ष का जिसने विघात किया, वही निश्चय से महावीर है।

२. सिंगारो नाम रसो रइसंजोगाभिलाससंजणणो।
मंडण-विलास-विब्बोय-हास-लीला-रमणलिंगो॥

२. शृंगाररस–रति के कारणभूत साधनों के संयोग की अभिलाषा का जनक है तथा मंडन, विलास, विब्बोक, हास्य-लीला और रमण ये सब शृंगाररस के लक्षण हैं।

सिंगारो रसो जहा–

महुरं विलासललियं हिययुम्मादणकरं जुवाणाणं।
सामा सद्दुद्दामं दाएई मेहलादामं॥

शृंगाररस का बोधक उदाहरण इस प्रकार है–

कामचेष्टाओं से मनोहर कोई श्यामा (सोलह वर्ष की तरुणी) क्षुद्र घंटिकाओं से मुखरित होने से मधुर व युवकों के हृदय को उन्मत्त करने वाले अपने कटिसूत्र का प्रदर्शन करती है।

३. विम्हयकरो अपुव्वो व, भूयपुव्वो व जो रसो होइ।
सो हास विसादुप्पत्तिलक्खणो अब्भूओनाम॥

३. पूर्व में कभी अनुभव में नहीं आये अथवा अनुभव में आये, किसी विस्मयकारी आश्चर्यकारक पदार्थ को देखकर जो आश्चर्य होता है, वह अद्‌भुतरस है। हर्ष और विषाद की उत्पत्ति अद्‌भुतरस का लक्षण है।

अब्भुओ रसा जहा–

अब्भुयतरमिह एत्तो अन्नं किं अत्थि जीवलोगम्मि।
जं जिणवयणेणऽत्था तिकालजुत्ता वि णज्जंति॥

अद्‌भुत रस का उदाहरण इस प्रकार है–

इस जीव लोक में इससे अधिक विस्मय और क्या हो सकता है कि–"जिनवचन द्वारा त्रिकाल सम्बन्धी समस्त पदार्थ जान लिये जाते हैं।"

४. भयजणणरूव-सद्दंधकारचिंता कहासमुप्पन्नो।
सम्मोह-संभम-विसाय-मरणलिंगो रसो रोद्दो॥

४. भयोत्पादक रूप, शब्द अथवा अंधकार में कल्पनाएं उत्पन्न होना तथा दर्शन आदि से रौद्ररस उत्पन्न होता है और संमोह, संभ्रम, विषाद एवं मरण उसके लक्षण हैं।

रोद्दो रसो जहा–

भिउडीविडंबियमुहा ! संदट्ठोट्ठ इय ! रुहिरमोकिण्ण।
हणसि पसुं असुरणिभा ! भीमरसिय ! अतिरोद्द ! रोद्दो सि॥

रौद्र रस का उदाहरण इस प्रकार है–

भृकुटियों से तेरा मुख विकराल बन गया है, तेरे दांत होठों को चबा रहे हैं, तेरा शरीर खून से लथपथ हो रहा है, तेरे मुख से भयानक शब्द निकल रहे हैं, तू राक्षस जैसा होकर पशुओं की हत्या कर रहा है। इसलिए अतिशय रौद्ररूपधारी तू साक्षात् रौद्ररस है।

५. विणयोवयार-गुज्झ-गुरुदारमेरावतिक्कमुप्पण्णो।
वेजणओ नाम रसो लज्जा संकाकरणलिंगो॥

५. विनय करने योग्य माता-पिता आदि गुरुजनों का विनय न करने से, गुप्त रहस्यों को प्रकट करने से तथा गुरुपत्नी आदि के साथ मर्यादा का उल्लंघन करने से व्रीडनकरस उत्पन्न होता है। लज्जा और शंका उत्पन्न होना, इस रस के लक्षण हैं।

वेलणओ रसो जहा–

किं लोइयकरणीओ लज्जणियतरं ति लज्जिया होमो।
वारिज्जम्मि गुरुजणो परिवंदइ जं वहूपोत्तं॥

व्रीडनक रस का उदाहरण इस प्रकार है–

(कोई वधू कहती है–इस लौकिक व्यवहार से अधिक लज्जास्पद अन्य बात क्या हो सकती है–मैं तो इससे बहुत लजाती हूँ, मुझे तो इससे बहुत लज्जा शर्म आती है कि वर वधू का प्रथम समागम होने पर गुरुजन-सास आदि वधू द्वारा पहने हुए वस्त्रों की प्रशंसा करते हैं।

६. असुइ कुणव दुद्दंसणसंजोगब्भासगंधनिप्फण्णो।
निव्वेय विहिंसालक्खणो रसो होइ बीभत्सो॥

६. अशुचि-मल मूत्रादि, कुणप-शव मृत शरीर, दुदर्शन-लार आदि से व्याप्त घृणित शरीर को बार-बार देखने रूप अभ्यास से या उसकी गंध से बीभत्सरस उत्पन्न होता है। निर्वेद और अविहिंसा (त्याग) बीभत्सरस के लक्षण हैं।

बीभच्छो रसो जहा–
असुइमलभरियनिज्झर सभावदुग्गंधि सव्वकालं पि।
धण्णा उ सरीरकलिं बहुमलकलुसं विमुंचति॥

बीभत्सरस का उदाहरण इस प्रकार है–
अपवित्र मल से भरे हुए (झरनों) शरीर के छिद्रों से व्याप्त और सदा सर्वकाल स्वभावतः दुर्गन्धयुक्त यह शरीर सर्व कलहों का मूल है। ऐसा जानकर जो व्यक्ति उसकी मूर्च्छा का त्याग करते हैं, वे धन्य हैं।

७. रूव-वय-वेस-भासाविवरीयविलंबणासमुप्पन्नो।
हासो मणप्पहासो पकासलिंगो रसो होइ॥

७. रूप, वय, वेष, और भाषा की विपरीतता से हास्यरस उत्पन्न होता है, हास्यरस मन को हर्षित करने वाला है और प्रकाश-मुख नेत्र आदि का विकसित होना, अट्टहास आदि उसके लक्षण हैं।

हासो रसो जहा–
पासुत्तमसीमंडियपडिबुद्धं देयरं पलोयंती।
ही ! जह थणभरकंपणपणमियमज्झा हसइ सामा॥

हास्य रस का उदाहरण इस प्रकार है–
प्रातः सो कर उठे, कालिमा-से काजल की रेखाओं से मंडित देवर के मुख को देखकर स्तनयुगल के भार से नमित मध्यमभाग वाली कोई युवती (भाभी) 'ही-ही' करती हंसती है।

८. पियविप्पयोग-बंध-वह-वाहि-विणिवाय-संभमुप्पन्नो।
सोचिय-विलविय-पव्वाय-रून्नलिंगो रसो कलुणो॥

८. प्रिय के वियोग, बंध, वध, व्याधि, विनिपात, पुत्रादि मरण एवं संभ्रम-परचक्रादि के भय आदि से करुणरस उत्पन्न होता है। शोक, विलाप, अतिशय म्लानता रुदन आदि करुणरस के लक्षण हैं।

कलुणो रसो जहा–
पज्झातकिलामिय यं बाहागयणप्पुयच्छियं बहुसो।
तस्स वियोगे पुत्तिय दुब्बलयं ते मुहं जा यं॥

करुणरस का उदाहरण इस प्रकार है–
हे पुत्रिके ! प्रियतम के वियोग में उसकी वारंवार अतिशय चिन्ता से क्लान्त-मुर्झाया हुआ और आंसुओं से व्याप्त नेत्रों वाला तेरा मुख दुर्बल हो गया है।

९. निद्दोसमणसमाहाणसंभवो जो पसंतभावेणं।
अविकारलक्खणो सो रसो पसंतो त्ति णायव्वो॥

९. निर्दोष (हिंसादि दोषों से रहित) मन की समाधि (स्वस्थता) से और प्रशान्त भाव से जो उत्पन्न होता है तथा अविकार जिसका लक्षण है, उसे प्रशान्तरस जानना चाहिये।

पसंतो रसो जहा–
सब्भावनिव्विकारं उवसंत पसंत-सोमदिट्ठीयं।
ही ! जह मुणिणो, सोहइ मुहकमलं पीवरसिरीयं॥

प्रशान्तरस का उदाहरण इस प्रकार है–
सद्भाव के कारण निर्विकार, रूपादि विषयों के अवलोकन की उत्सुकता के परित्याग से उपशान्त एवं क्रोधादि दोषों के परिहार से प्रशान्त, सौम्य दृष्टि से युक्त मुनि का मुखकमल अतीव श्री से सम्पन्न होकर सुशोभित हो रहा है।

एए णव कव्वरसा बत्तीसादोसविहिसमुप्पण्णा।
गाहाहिं मुणेयव्वा, हवंति सुद्धा व मीसा वा॥

गाथाओं द्वारा कहे गये ये नव काव्यरस अलीकता आदि बत्तीस दोषों से उत्पन्न होते हैं और ये रस कहीं शुद्ध (अमिश्रित) भी होते हैं और कहीं मिश्रित भी होते हैं।

से तं नवनामे। —*अणु सु. २६२(१-११)*

यह नवनाम का वर्णन हुआ।

१६६. दस णाम विवक्खया गुण णिप्फण्णाई णामा–

प. से किं तं दसनामे ?
उ. दसनामे दसविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. गोण्णे, २. नोगोण्णे,
३. आयाणपदेणं, ४. पडिपक्खपदेणं,
५. पाहण्णयाए, ६. अणादियसिद्धंतेणं,
७. नामेणं, ८. अवयवेणं,
९. संजोगेणं, १०. पमाणेणं।
प. (१) से किं तं गोण्णे ?
उ. गोण्णे–

१६६. दस नाम की विवक्षा से गुण निष्पन्न आदि नाम–

प्र. दसनाम क्या है ?
उ. दसनाम इस प्रकार के कहे गये हैं, यथा–
१. गौणनाम, २. नोगौणनाम,
३. आदानपदनिष्पन्ननाम, ४. प्रतिपक्षपदनिष्पन्ननाम,
५. प्रधानपदनिष्पन्ननाम, ६. अनादिसिद्धान्तनिष्पन्ननाम,
७. नामनिष्पन्ननाम, ८. अवयवनिष्पन्ननाम,
९. संयोगनिष्पन्ननाम, १०. प्रमाणनिष्पन्ननाम।
प्र. (१) गौण (गुणनिष्पन्न) नाम क्या है ?
उ. गौणनाम का स्वरूप इस प्रकार है–

खमतीति खमणो,
तपतीति तपणो,
जलतीति जलणो,
पवतीति पवणो।
से तं गोण्णे।

जो क्षमागुण से युक्त हो उसको "क्षमण" कहना,
जो तपे उसे "तपन" कहना,
जो प्रज्वलित हो उसे "ज्वलन" कहना,
जो पवे अर्थात् बहे उसे "पवन" कहना।
यह गौणनाम है।

प. (२) से किं तं नो गोण्णे ?

उ. नो गोण्णे–
अकुंतो सकुंतो,
अमुग्गो समुग्गो,
अमुद्दो समुद्दो,
अलालं पलालं।
अकुलिया सकुलिया,
नो पलं असतीति पलासो,
अमातृवाइए मातिवाहए,
अबीयवावए बीयवावए,
नो इंदं गोवयतीति इंदगोवए।
से तं नो गोण्णे।

प्र. (२) नो गौणनाम क्या है ?

उ. नो गौणनाम इस प्रकार है–
अकुन्त अर्थात् भाले से रहित पक्षी को भी "सकुन्त" कहना,
अमुद्ग अर्थात् मूंग धान्य से रहित डिब्बीया को भी "समुद्ग" कहना,
अमुद्रा अर्थात् अंगूठी से रहित सागर को भी "समुद्र" कहना,
अलाल अर्थात् लार से रहित घास को भी "पलाल" कहना।
अकुलिका अर्थात् भित्ति से रहित होने पर भी पक्षिणी को "सकुलिका" कहना,
पल अर्थात् मांस का आहार न करने पर भी वृक्ष-विशेष को "पलाश" कहना,
माता को कन्धों पर वहन न करने पर भी विकलेन्द्रिय जीवविशेष को "मातृवाहक" नाम से कहना,
बीज को नहीं बोने वाले जीवविशेष को "बीजवापक" कहना,
इन्द्र की गाय का पालन न करने पर भी कीटविशेष को "इन्द्रगोप" कहना।
ये नो गौणनाम का स्वरूप है।

प. (३) से किं तं आयाणपदेणं ?

उ. आयाणपदेणं आवंती, चातुरंगिज्जं, अहातत्थिज्जं अद्दइज्जं, असंखयं, जण्णइज्जं, पुरिसइज्जं, एलइज्जं, वीरियं, धम्मो, मग्गो, समोसरणं जमईयं।
से तं आयाणपदेणं।

प्र. (३) आदानपदनिष्पन्ननाम क्या है ?

उ. आदानपदनिष्पन्ननाम का स्वरूप इस प्रकार है–आवंती, चातुरंगिज्जं, अहातत्थिज्जं, अद्दइज्जं, जण्णइज्जं, पुरिसइज्जं, एलइज्जं, बीरियं, धम्मो मग्गो समोसरणं जमईयं आदि।
यह आदानपदनिष्पन्ननाम हैं।

प. (४) से किं तं पडिपक्खपदेणं ?

उ. पडिपक्खपदेणं णवेसु गामा-ऽऽगर-णगर-खेड-कब्बड-मडंब - दोणमुह - पट्टणाऽसम - संवाह - सन्निवेसेसु निविस्समाणेसु असिवा सिवा,
अग्गी सीयलो,
विसं महुरं, कल्लालघरेसु अंबिलं साउयं,
जे लत्तए से अलत्तए, जे लाउए से अलाउए,
जे सुंभए से कुसुंभए; आलवंते विवरीयभासए।
से तं पडिपक्खपदेणं।

प्र. (४) प्रतिपक्षपद से निष्पन्ननाम क्या है ?

उ. प्रतिपक्षपदनिष्पन्ननाम इस प्रकार है–नवीन ग्राम, आकर, नगर, खेट, कर्बट, मडंब, द्रोणमुख, पट्टन, आश्रम, संबाह और सन्निवेश आदि में निवास करने पर अथवा बसाए जाने पर अशिवा (शियारनी) को "शिवा" शब्द से उच्चारित करना।
अग्नि को शीतल और विष को मधुर, कलाल के घर में "आम्ल" के स्थान पर "स्वादु" शब्द का व्यवहार होना।
इसी प्रकार रक्त वर्ण का हो उसे **अलक्तक**, लाबु को **अलाबु**, सुंभक को **कुसुंभक** और विपरीतभाषक को "**अभाषक**" कहना।
ये प्रतिपक्षपदनिष्पन्ननाम है।

प. (५) से किं तं पाहण्णयाए ?

उ. पाहण्णयाए असोगवणे, सत्तवण्णवणे, चंपकवणे, चूयवणे, नागवणे, पुन्नागवणे, उच्छुवणे, दक्खवणे, सालवणे।

प्र. (५) प्रधानपदनिष्पन्ननाम क्या है ?

उ. प्रधानपदनिष्पन्ननाम इस प्रकार है, यथा–अशोकवन, सप्तपर्णवन, चंपकवन, आम्रवन, नागवन, पुन्नागवन, इक्षुवन, द्राक्षावन, सालवन।

से तं पाहण्णयाए।

प. (६) से किं तं अणादियसिद्धंतेणं?

उ. अणादियसिद्धंतेणं–

धम्मत्थिकाए, अधम्मत्थिकाए, आगासत्थिकाए, जीवत्थिकाए, पोग्गलत्थिकाए, अद्धासमए।

से तं अणादियसिद्धंतेणं।

प. (७) से किं तं नामेणं?

उ. नामेणं–

पिउपियामहस्स नामेणं उन्नामियए।

से तं णामेणं।

प. (८) से किं तं अवयवेणं?

उ. अवयवेणं–

सिंगी, सिही, विसाणी, दाढी, पक्खी, खुरी, णही, वाली।

दुपय चउप्पय बहुपय णंगूली केसरी ककुही॥

परियरबंधेण भडं जाणेज्जा, महिलियं निवसणेणं।

सित्थेण दोणपागं, कविं च एगाइ गाहाए॥

से तं अवयवेणं। –अणु. सु. २६३-२७१

ये प्रधानपदनिष्पन्ननाम हैं।

प्र. (६) अनादिसिद्धान्तनिष्पन्ननाम क्या है?

उ. अनादिसिद्धान्तनिष्पन्ननाम का स्वरूप इस प्रकार है–

धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, जीवास्तिकाय, पुद्गलास्तिकाय, अद्धासमय।

ये अनादिसिद्धान्तनिष्पन्ननाम है।

प्र. (७) नामनिष्पन्ननाम क्या है?

उ. नामनिष्पन्ननाम इस प्रकार है–

जो पिता या पितामह अथवा पिता के पितामह के नाम से निष्पन्न होता है।

वह नामनिष्पन्ननाम है।

प्र. (८) अवयवनिष्पन्ननाम क्या है?

उ. अवयवनिष्पन्ननाम इस प्रकार है–

शृंगी, सिखी, विषाणी, दंष्ट्री, पक्षी, खुरी, नखी, वाली, द्विपद, चतुष्पद, बहुपद, लांगूली, केशरी, ककुदी आदि।

इसके अतिरिक्त कमर कसने से योद्धा पहचाना जाता है, विशिष्ट प्रकार के वस्त्रों को पहनने से महिला पहचानी जाती है, एक कण के पकने से द्रोणपरिमित अन्न का पकना माना जाता है, एक ही गाथा के सुनने से कवि को पहचाना जाता है।

यह अवयवनिष्पन्ननाम है।

१६७. **संजोग णिप्फण्ण णामा–**

प. (९) से किं तं संजोगेणं?

उ. संजोगेणं चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. दव्वसंजोगे, २. खेत्तसंजोगे,
३. कालसंजोगे, ४. भावसंजोगे।

प. (क) से किं तं दव्वसंजोगे?

उ. दव्वसंजोगे तिविहे पण्णत्ते, तं जहा–

१. सचित्ते, २. अचित्ते,
३. मीसए।

प. से किं तं सचित्ते?

उ. सचित्ते गोहिं गोमिए,

महिसीहिं महिसिए,
ऊरणीहिं ऊरणिए,
उट्टीहिं उट्टीवाले।

से तं सचित्ते।

प. से किं तं अचित्ते?

उ. अचित्ते–

छत्तेणं छत्ती, दंडेण दंडी,
पडेण पडी, घडेण घडी,
कडेण कडी।

से तं अचित्ते।

१६७. **संयोग निष्पन्न नाम–**

प्र. (९) संयोगनिष्पन्ननाम क्या है?

उ. संयोग चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. द्रव्यसंयोग, २. क्षेत्रसंयोग,
३. कालसंयोग, ४. भावसंयोग।

प्र. (क) द्रव्यसंयोग निष्पन्न नाम क्या है?

उ. द्रव्यसंयोग तीन प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. सचित्तद्रव्यसंयोग, २. अचित्तद्रव्यसंयोग,
३. मिश्रद्रव्यसंयोग।

प्र. सचित्तद्रव्यसंयोग निष्पन्न नाम क्या है?

उ. सचित्तद्रव्यसंयोग निष्पन्न नाम इस प्रकार है–गाय के संयोग से गोमान् (ग्वाला),

महिषी (भैंस) के संयोग से महिषी–पटरानी,
मेषियों (भेड़ों) के संयोग से मेषीमान्
ऊंटनियों के संयोग से उष्ट्रीपाल आदि नाम होना।

ये सचित्तद्रव्यसंयोग निष्पन्न नाम हैं।

प्र. अचित्तद्रव्यसंयोगनिष्पन्न नाम क्या है?

उ. अचित्तद्रव्य संयोग निष्पन्न नाम इस प्रकार है–

छत्र के संयोग से छत्री, दंड के संयोग से दंडी,
पट के संयोग से पटी, घट के संयोग से घटी,
कट के संयोग से कटी आदि नाम होना।

ये अचित्तद्रव्यसंयोगनिष्पन्न नाम हैं।

प. से किं तं मीसए?

उ. मीसए–
हलेणं हालिए, सकडेणं साकडिए,
रहेणं रहिए, नावाए नाविए।

से तं मीसए।

से तं दव्वसंजोगे।

प. (ख) से किं तं खेत्तसंजोगे?

उ. खेत्तसंजोगे–
१. भारहे, २. एरवए, ३. हेमवए, ४. एरण्णवए, ५. हरिवस्सए, ६. रम्मयवस्सए, ७. पुव्वविदेहए, ८. अवरविदेहए, ९. देवकुरुए, १०, उत्तकुरुए।

अहवा– १. मागहए, २. मालवए,
३. सोरट्ठए, ४. मरहट्ठए,
५. कोंकणए, ६. कोसलए।

से तं खेत्तसंजोगे।

प. (ग) से किं तं कालसंजोगे?

उ. कालसंजोगे–
१. सुसमसुसमए, २. सुसमए,
३. सुसमदूसमए, ४. दूसमसुसमए,
५. दूसमए, ६. दूसमदूसमए,

अहवा– १. पाउसए, २. वासारत्तए,
३. सरदए, ४. हेमंतए,
५. वसंतए, ६. गिम्हए।

से तं कालसंजोगे। –अणु. सु. २७२-२७८

प्र. मिश्रद्रव्यसंयोगनिष्पन्न नाम क्या है?

उ. मिश्रद्रव्यसंयोगनिष्पन्न नाम इस प्रकार है–
हल के संयोग से हालिक, शकट के संयोग से शाकटिक, रथ के संयोग से रथिक, नाव के संयोग से नाविक आदि नाम होना।

ये मिश्रद्रव्यसंयोगनिष्पन्न नाम हैं।

यह द्रव्य संयोग निष्पन्न नाम है।

प्र. (ख) क्षेत्रसंयोग निष्पन्न नाम क्या है?

उ. क्षेत्रसंयोग निष्पन्न नाम इस प्रकार है–
१. यह भारतीय है, २. यह ऐरावतक्षेत्रीय है, ३. यह हेमवतक्षेत्रीय है, ४. यह ऐरण्यवतक्षेत्रीय है, ५. यह हरिवर्षक्षेत्रीय है, ६. यह रम्यकृवर्षक्षेत्रीय है, ७. यह पूर्वविदेहक्षेत्रीय है, ८. यह उत्तरविदेहक्षेत्रीय है, ९. यह देवकुरुक्षेत्रीय है, १०. यह उत्तरकुरुक्षेत्रीय है।

अथवा– १. यह मागधीय है, २. मालवीय है,
३. सौराष्ट्रीय है, ४. महाराष्ट्रीय है,
५. कौंकणदेशीय है, ६. कोशलदेशीय है।

ये क्षेत्रसंयोगनिष्पन्ननाम हैं।

प्र. (ग) कालसंयोग निष्पन्न नाम क्या है?

उ. कालसंयोग निष्पन्न नाम इस प्रकार है–
१. सुषमसुषमज, २. सुषमज
३. सुषमदुषमज, ४. दुषमसुषमज,
५. दुषमज, ६. दुषमदुषमज।

अथवा– १. प्रावृषिक, २. वर्षारात्रिक,
३. शारदक, ४. हेमन्तक,
५. वासन्तक, ६. ग्रीष्मक।

ये कालसंयोग से निष्पन्न नाम हैं।

१६८. पसत्थापसत्थ णामा–

प. (घ) से किं तं भावसंजोगे?

उ. भावसंजोगे दुविहे पण्णत्ते, तं जहा–
१. पसत्थे य, २. अपसत्थे य।

प. से किं तं पसत्थे?

उ. पसत्थे–
१. नाणेणं नाणी, २. दंसणेणं दंसणी, ३. चरित्तेणं चरित्ती।

से तं पसत्थे।

प. से किं तं अपसत्थे?

उ. अपसत्थे–
कोहेणं कोही, माणेणं माणी,
मायाए मायी, लोभेणं लोभी।

से तं अपसत्थे, से तं भावसंजोगे,

से तं संजोगेणं। –अणु. सु. २७९-२८१

१६८. प्रशस्त-अप्रशस्त नाम–

प्र. (घ) भावसंयोगनिष्पन्ननाम क्या है?

उ. भावसंयोगनिष्पन्ननाम दो प्रकार का कहा गया है, यथा–
१. प्रशस्तभावसंयोग, २. अप्रशस्तभावसंयोग।

प्र. प्रशस्तभावसंयोगनिष्पन्ननाम क्या है?

उ. प्रशस्तभावसंयोगनिष्पन्न नाम इस प्रकार है, यथा–
ज्ञान से ज्ञानी, दर्शन से दर्शनी, चारित्र से चारित्री आदि नाम होना।

ये प्रशस्तभावसंयोगनिष्पन्ननाम हैं।

प्र. अप्रशस्तभावसंयोगनिष्पन्ननाम क्या है?

उ. अप्रशस्तभावसंयोगनिष्पन्न नाम इस प्रकार है–
क्रोध के संयोग से क्रोधी, मान के संयोग से मानी,
माया के संयोग से मायी, लोभ के संयोग से लोभी आदि नाम होना।

यह अप्रशस्तभाव है। यह भावसंयोग है।

यह संयोगनिष्पन्न नाम है।

१६९. पमाणनामस्स भेयप्पभेया–

प. से किं तं पमाणे?

उ. पमाणे णं चउव्विहे पण्णत्ते,[1] तं जहा–

१. णामप्पमाणे, २. ठवणप्पमाणे,
३. दव्वप्पमाणे, ४. भावप्पमाणे।

–अणु. सु. २८२

१. नामप्पमाणे–

प. से किं तं नामप्पमाणे?

उ. नामप्पमाणे जस्स णं जीवस्स वा, अजीवस्स वा, जीवाण वा, अजीवाण वा, तदुभयस्स वा, तदुभयाण वा पमाणे त्ति णामं कज्जइ।

से तं णामप्पमाणे। –अणु. सु. २८३

२. ठवणप्पमाणे–

प. से किं तं ठवणप्पमाणे?

उ. ठवणप्पमाणे णं सत्तविहे पण्णत्ते, तं जहा–

णक्खत्त-देवयकुले पासंड-गणे य जीवियाहेउं।
आभिप्पाउयणामे ठवणानामं तु सत्तविहं॥८५॥

–अणु. सु. २८४

नक्खत्त देवय णाम ठवणा–

प. (१) से किं तं नक्खत्तणामे?

उ. नक्खत्तणामे कत्तियाहिं जाए कत्तिए, कत्तियदिण्णे, कत्तियधम्मे, कत्तियसम्मे, कत्तियदेवे, कत्तियदासे, कत्तियसेणे, कत्तियरक्खिए।

रोहिणीहिं जाए रोहिणिए, रोहिणिदिन्ने, रोहिणिधम्मे, रोहिणिसम्मे, रोहिणिदेवे, रोहिणिदासे, रोहिणिसेणे, रोहिणिरिक्खिए।

एवं सव्वणक्खत्तेसु णामा भाणियव्वा[2]।

से तं नक्खत्तणामे।

प. (२) से किं तं देवयणामे?

उ. देवयणामे-अग्गिदेवयाहिं जाए अग्गिए, अग्गिदिण्णे, अग्गिधम्मे, अग्गिसम्मे, अग्गिदेवे अग्गिदासे, अग्गिसेणे, अग्गिरक्खिए।

एवं पि सव्वनक्खत्तदेवयनामा भाणियव्वा[3]।

से तं देवयणामे। –अणु. सु. २८५

कुलाइ णाम ठवणा–

प. (३) से किं तं कुलनामे?

उ. कुलनामे-उग्गे, भोगे, राइण्णे, खत्तिए, इक्खागे, णाते कोरव्वे।

से तं कुलनामे।

१६९. प्रमाण नाम के भेद-प्रभेद–

प्र. प्रमाणनिष्पन्न नाम क्या है?

उ. प्रमाणनिष्पन्ननाम चार प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. नामप्रमाण, २. स्थापनाप्रमाण,
३. द्रव्यप्रमाण, ४. भावप्रमाण।

१. नामप्रमाण–

प्र. नामप्रमाणनिष्पन्न नाम क्या है?

उ. नामप्रमाणनिष्पन्न नाम इस प्रकार है–किसी जीव या अजीव का, जीवों या अजीवों का, तदुभय या तदुभयों का "प्रमाण" ऐसा जो नाम रख लिया जाता है।

यह नामप्रमाण है।

२. स्थापना प्रमाण–

प्र. स्थापनाप्रमाणनिष्पन्न नाम क्या है?

उ. स्थापनाप्रमाणनिष्पन्ननाम सात प्रकार के कहे गये हैं, यथा–

१. नक्षत्रनाम, २. देवनाम, ३. कुलनाम, ४. पाषंडनाम, ५. गणनाम, ६. जीवितनाम, ७. आभिप्रायिकनाम।

नक्षत्र और देव नाम स्थापना–

प्र. (१) नक्षत्र के आधार से स्थापित नाम क्या है?

उ. नक्षत्र का स्वरूप इस प्रकार है–कृत्तिका नक्षत्र में जन्मे हुए का कार्तिकिय, कार्तिकदत्त, कार्तिकधर्म, कार्तिकशर्म, कार्तिकदेव, कार्तिकदास, कार्तिकसेन, कार्तिकरक्षित आदि नाम रखना।

रोहिणी नक्षत्र में जन्मे हुए का रोहिणेय, रोहिणीदत्त, रोहिणीधर्म, रोहिणीशर्म, रोहिणीदेव, रोहिणीदास, रोहिणीसेन, रोहिणीरक्षित आदि नाम रखना।

इस प्रकार अन्य सब नक्षत्रों की अपेक्षा नाम जानने चाहिए।

ये नक्षत्र नाम हैं।

प्र. (२) देवनाम क्या है?

उ. देवनाम का स्वरूप इस प्रकार है, यथा–

अग्नि देवता से अधिष्ठित नक्षत्र में उत्पन्न हुए का आग्निक, अग्निदत्त, अग्निधर्म, अग्निशर्म, अग्निदेव, अग्निदास, अग्निसेन, अग्निरक्षित आदि नाम रखना।

इसी प्रकार से अन्य सभी नक्षत्र देवताओं के नाम पर स्थापित नामों के लिए भी जानना चाहिए।

ये नक्षत्र देवताओं के नाम हैं।

कुल आदि नाम स्थापना–

प्र. (३) कुलनाम क्या है?

उ. कुलनाम उग्र, भोग, राजन्य, क्षत्रिय, इक्ष्वाकु, ज्ञात, कौरव्य।

ये कुलनाम है।

१. विया. स. ५, उ. ४, सु. २७ में चार प्रकार के प्रमाण कहे हैं–
१. प्रत्यक्ष, २. अनुमान, ३. उपमा, ४. आगम। इनका विस्तृत वर्णन अनु. सु. ४३६-४७० में है जो चरणानुयोग पृ. १८ में देखें।

२. गणि. पृ. ५९० पर नक्षत्रों के नाम देखें।

३. गणि. पृ. ५९४ पर नक्षत्रों के देवता के नाम देखें।

प. (४) से किं तं पासंडनामे ?

उ. पासंडनामे-समणए, पुंडुरंगए, भिक्खू, कावालियए, तावसए, परिव्वायगे।

से तं पासंडनामे।

प. (५) से किं तं गणनामे ?

उ. गणनामे-मल्ले मल्लदिन्ने, मल्लधम्मे, मल्लसम्मे, मल्लदेवे, मल्लदासे, मल्लसेणे, मल्लरक्खिए।

से तं गणनामे।

प. (६) से किं तं जीवियाहेऊं ?

उ. जीवियाहेऊं-अवकरए, उक्कुरुडए, उज्झियए, कज्जवए, सुप्पए[1]।

से तं जीवियाहेऊं।

प. (७) से किं तं आभिप्पाइयनामे ?

उ. आभिप्पाइयनामे अंबए, निंबए, बबूलए, पालासए, सिणए, पिलुयए, करीरए।

से तं आभिप्पाइयनामे।

से तं ठवणप्पमाणे। —*अणु. सु. २८७-२९१*

३. **दव्वप्पमाणं—**

प. से किं तं दव्वप्पमाणे ?

उ. दव्वप्पमाणे-छव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—

१. धम्मत्थिकाए **जाव** ६. अद्धासमए।

से तं दव्वप्पमाणे। —*अणु. सु. २९२*

४. **भावप्पमाणस्स भेया—**

प. से किं तं भावप्पमाणे ?

उ. भावप्पमाणे-चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—

१. सामासिए, २. तद्धिताए, ३. धातुए, ४. निरुत्तिए। —*अणु. सु. २९३*

१७०. **(१) समास-भेयाण परूवणा—**

प. से किं तं सामासिए ?

उ. सामासिए-सत्त समासा भवंति, तं जहा—

१ दंदे य २ बहुव्वीही ३ कम्मधारए ४ दिग्गं य ।
५ तप्पुरिस ६ अव्वईभावे ७ एक्कसेसे य सत्तमे ॥९१॥,

प. १. से किं तं दंदे समासे ?

उ. दंदे समासे-

दन्ताश्च ओष्ठौच दन्तोष्ठम्,
स्तनौ च उदरं च स्तनोदरं,
वस्त्रं च पात्रं च वस्त्रपात्रम्,
अश्वश्च महिषश्च अश्वमहिषम्,
अहिश्च नकुलश्च अहिनकुलम्।

से तं दंदे समासे।

प्र. (४) पाषण्डनाम क्या हैं ?

उ. पाषण्डनाम-श्रमण, पाण्डुरांग, भिक्षु, कापालिक, तापस, परिव्राजक।

ये पाषण्डनाम हैं।

प्र. (५) गणनाम क्या है ?

उ. गण के आधार से स्थापित नाम को गणनाम कहते हैं—जैसे—मल्ल, मल्लदिन्न, मल्लधर्म, मल्लशर्म, मल्लदेव, मल्लदास, मल्लसेन, मल्लरक्षित।

ये गण (स्थापनानिष्पन्न) नाम हैं।

प्र. (६) जीवितहेतुनाम क्या है ?

उ. दीर्घकाल तक सन्तान को जीवित रखने के निमित्त नाम रखने को जीवितहेतुनाम कहते हैं, जैसे—अवकरक, उत्कुरुटक, उज्झितक, कचवरक, सूर्पक।

ये जीवितहेतुनाम हैं।

प्र. ७. आभिप्रायिकनाम क्या है ?

उ. आभिप्रायिकनाम जैसे—अंबक, निम्बक, बकुलक, पलाशक, स्नेहक, पीलुक, करीरक आदि।

ये आभिप्रायिकनाम हैं।

यह स्थापनाप्रमाणनिष्पन्ननाम का वर्णन है।

३. **द्रव्यप्रमाण—**

प्र. द्रव्यप्रमाणनिष्पन्ननाम क्या है ?

उ. द्रव्यप्रमाणनिष्पन्ननाम छह प्रकार के कहे गये है, यथा—

१. धर्मास्तिकाय **यावत्** ६. अद्धासमय।

यह द्रव्यप्रमाणनिष्पन्ननाम है।

४. **भावप्रमाण के भेद—**

प्र. भावप्रमाण निष्पन्न नाम क्या है ?

उ. भावप्रमाण चार प्रकार के कहे गये है, यथा—

१. सामासिक, २. तद्धितज, ३. धातुज, ४. निरुक्तिक।

१७०. **(१) समास के भेदों की प्ररूपणा—**

प्र. सामासिकभावप्रमाण क्या है ?

उ. सामासिकनामनिष्पन्नता के हेतु सात समास हैं, यथा—

१. द्वन्द्व, २. बहुव्रीहि, ३. कर्मधारय, ४. द्विगु, ५. तत्पुरुष, ६. अव्ययीभाव, ७. एकशेष।

प्र. १. द्वन्द्वसमास क्या है ?

उ. द्वन्द्वसमास का स्वरूप इस प्रकार है—

"दंताश्च ओष्ठौ च इति दंतोष्ठम्",
स्तनौ च उदरं च इति स्तनदरम्,
वस्त्रं च पात्रं च इति वस्त्रपात्रम्,
अश्वश्च महिषश्च इति अश्वमहिषम्,
अहिश्च नकुलश्च इति अहिनकुलम्,

ये द्वन्द्वसमास के रूप हैं।

१. जिस स्त्री के बालक अल्पायु में मरने वाले होते हैं, उसके पुत्रों के ऐसे अप्रशस्त नाम रखे जाते हैं—यथा—कचरूमल, ओघडमल, दुग्गडमल, फकीरचन्द आदि।

प. २. से किं तं बहुवीहिसमासे ?

उ. बहुवीहिसमासे–

फुल्ला जम्मि गिरिम्मि कुडय-कलंबा सो इमो गिरी फुल्लियकुडय-कलंबो।

से तं बहुवीहिसमासे।

प. ३. से किं तं कम्मधारयसमासे ?

उ. कम्मधारयसमासे–

धवलो वसहो धवलवसहो,

किण्हो मिगो किण्हमिगो,

सेतो पटो सेतपटो,

रत्तो पटो रत्तपटो।

से तं कम्मधारयसमासे।

प. ४. से किं तं दिगुसमासे ?

उ. दिगुसमासे-

तिण्णिकडुगा तिकडुगं,

तिण्णि महुराणि तिमहुरं,

तिण्णि गुणा तिगुणं,

तिण्णि पुरा तिपुरं,

तिण्णि सरा तिसरं,

तिण्णि पुक्खरा तिपुक्खरं,

तिण्णि बिंदुया तिबिंदुयं,

तिण्णि पहा तिपहं,

पंच णदीओ पंचणदं,

सत्त गया सत्तगयं,

नव तुरगा नवतुरगं,

दस गामा दसगामं,

दसपुरा दसपुरं।

से तं दिगुसमासे।

प. ५. से किं तं तप्पुरिसे समासे ?

उ. तप्पुरिसे समासे–

तित्थे कागो तित्थकागो

वणे हत्थी वणहत्थी,

वणे वराहो वणवराहो,

वणे महिसो वणमहिसो,

वणे मयूरो वणमयूरो।

से तं तप्पुरिसे समासे।

प. ६. से किं तं अव्वईभावे समासे ?

उ. अव्वईभावे समासे–

अणुगामं

अणुणदीयं

अणुफरिहं अणुचरियं।

से तं अव्वईभावे समासे।

प. ७. से किं तं एगसेसे समासे ?

प्र. २. बहुव्रीहिसमास क्या है ?

उ. बहुव्रीहिसमास का स्वरूप इस प्रकार है–

इस पर्वत पर पुष्पित कुटज और कदंब वृक्ष होने से यह पर्वत फुल्लकुटजकदंब है।

यह बहुव्रीहिसमास है।

प्र. ३. कर्मधारयसमास क्या है ?

उ. कर्मधारयसमास का स्वरूप इस प्रकार है–

धवलो वृषभः = धवलवृषभः,

कृष्णो मृगः = कृष्णमृगः,

श्वेतः पटः = श्वेतपटः,

रक्तः पटः = रक्तपटः।

यह कर्मधारयसमास है।

प्र. ४. द्विगुसमास क्या है ?

उ. द्विगुसमास का स्वरूप इस प्रकार है–

तीन कटुक वस्तुओं का समूह–त्रिकटु,

तीन मधुरों का समूह,–त्रिमधुर,

तीन गुणों का समूह,–त्रिगुण,

तीन पुरों का समूह,–त्रिपुर,

तीन स्वरों का समूह, – त्रिस्वर,

तीन पुष्करों (कमलों) का समूह, –त्रिपुष्कर,

तीन बिन्दुओं का समूह,–त्रिबिन्दु,

तीन पथों का समूह,–त्रिपथ,

पांच नदियों का समूह–पंचनद,

सात गजों का समूह–सप्तगज,

नौ तुरंगों (अश्वों) का समूह–नवतुरंग,

दस ग्रामों का समूह–दसग्राम,

दस पुरों का समूह–दसपुर।

यह द्विगुसमास है।

प्र. ५. तत्पुरुषसमास क्या है ?

उ. तत्पुरुषसमास का स्वरूप इस प्रकार है–

तीर्थ में काक–तीर्थकाक,

वन में हस्ती–वनहस्ती,

वन में वराह–वनवराह,

वन में महिष–वनमहिष,

वन में मयूर–वनमयूर।

यह तत्पुरुषसमास है।

प्र. ६. अव्ययीभावसमास क्या है ?

उ. अव्ययीभावसमास का स्वरूप इस प्रकार है–

ग्राम के समीप–अनुग्राम,

नदी के समीप–अनुनदिकम,

(इसी प्रकार) अनुस्पर्शम्, अनुचरितम् आदि।

यह अव्ययीभावसमास है।

प्र. ७. एकशेषसमास क्या है ?

उ. एगसेसे समासे–
जहा एगो पुरिसो तहा बहवे पुरिसा,
जहा बहवे पुरिसा तहा एगो पुरिसो,
जहा एगो करिसावणो तहा बहवे करिसावणा,
जहा बहबे करिसावणा तहा एगो करिसावणो,
जहा एगो साली तहा बहवे सालिणो,
जहा बहबे सालिणो तहा एगो साली।
से तं एगसेसे समासे।
से तं सामासिए। –अणु. सु. २१४-३०१

उ. जिसमें एक शेष रहे वह एकशेषसमास है,
जैसा–एक पुरुष वैसे अनेक पुरुष,
जैसे अनेक पुरुष वैसा एक पुरुष,
जैसा एक कार्षापण वैसे अनेक कार्षापण
जैसे अनेक कार्षापण वैसा एक कार्षापण,
जैसा एक शालि वैसे अनेक शालि, चांवल,
जैसे अनेक शालि वैसा एक शालि।
ये एकशेषसमास के उदाहरण हैं।
यह सामासिकभावप्रमाणनाम है।

१७१. (२) **तद्धित-भेयाण परूवणा–**

प. से किं तं तद्धियए?

उ. तद्धियए–
१. कम्मे २. सिप्प, ३. सिलोए, ४. संजोग, ५. समीवओ, ६. य संजूहे, ७. इस्सरिया, ८. वच्चेण य तद्धितणामं तु अट्ठविहं ॥९२॥

प. १. से किं तं कम्मणामे?

उ. कम्मणामे-दोस्सिए, सोत्तिए, कप्पासिए, सुत्तवेतालिए, भंडवेतालिए, कोलालिए।
से तं कम्मनामे।

प. २. से किं तं सिप्पनामे?

उ. सिप्पनामे
१. वत्थिए २. तंतिए ३. तुण्णाए, ४. तंतुवाए, ५ पट्टकारिए ६ उव्वट्टिए, ७. वरूडे, ८ मुंजकारे, ९ कट्ठकारे, १०. छत्तकारे, ११. वज्झकारे, १२. पोत्थकारे, १३. चित्तकारे, १४ दंतकारे, १५. लेप्पकारे १६. सेलकारिए, १७. कोट्टिमकारे।
से तं सिप्पनामे।

प. ३. से किं तं सिलोयनामे?

उ. सिलोयनामे–
समणे, माहणे, सव्वतिही।
से तं सिलोयनामे।

प. ४. से किं तं संजोगनामे?

उ. संजोगनामे–
रण्णो ससुरए,
रण्णो सालए,
रण्णो सड्डुए,
रण्णो जामाउए,

१७१. (२) **तद्धित के भेदों की प्ररूपणा–**

प्र. तद्धित से निष्पन्न नाम क्या है?

उ. तद्धित निष्पन्न नाम इस प्रकार हैं, यथा–
१. कर्म, २. शिल्प, ३. श्लोक, ४. संयोग, ५. समीप, ६. संयूथ, ७. ऐश्वर्य, ८. अपत्य ये तद्धित निष्पन्न नाम के आठ प्रकार हैं।

प्र. १. कर्मनाम क्या है?

उ. कर्मनाम–दोष्यिक, सौत्रिक, कार्पासिक, सूत्रवैचारिक, भांडवैचारिक, कौलालिक।
ये कर्म निमित्तज नाम हैं।

प्र. २. शिल्पनाम क्या है?

उ. शिल्पनाम इस प्रकार है, यथा–
१. वास्त्रिक–वस्त्र बनाने वाला, २. तान्त्रिक–वीणा बजाने वाला, ३. तुन्नाक–रफू करने वाला, शिल्पी, ४. तन्तुवायिक–जुलाहा, ५. पट्टकार–बुनकर, ६. औद्वृत्तिक–उबटन करने वाला ७. वारुटिक–एक शिल्पी विशेष, ८. मौंजकारिक–मुंज की रस्सी बनाने वाला, ९. काष्टकारिक–बढ़ई, १०. छत्रकारिक–छाता बनाने वाला, ११. बाह्यकारिक–रथ आदि बनाने वाला, १२. पोस्तकारिक–जिल्दसाज, १३. चित्रकारिक–चित्र बनाने वाला, १४. दान्तकारिक–हाथी दांत आदि का सामान बनाने वाला, १५. लेप्यकारिक–मकान बनाने वाला, १६. सेलकारिक–पत्थर घड़ने वाला, १७. कोटिमकारिक–खान खोदने वाला या फर्श बनाने वाला।
ये शिल्प नाम हैं।

प्र. ३. श्लोकनाम क्या है?

उ. श्लोकनाम का स्वरूप इस प्रकार है–
सभी के अतिथि श्रमण, ब्राह्मण आदि।
ये श्लोकनाम हैं।

प्र. ४. संयोगनाम क्या है?

उ. संयोगनाम का स्वरूप इस प्रकार है–
राजा का ससुर–राजकीय ससुर,
राजा का साला–राजकीय साला,
राजा का साढू–राजकीय साढू,
राजा का जमाई–राजकीय जमाई,

रण्णो भगिणीवइ।
से तं संजोगनामे।

प. ५. से किं तं समीवनामे?
उ. समीवनामे–
गिरिस्स समीवे णगरं गिरिणगरं,
विदिसाए समीवे णगरं वेदिसं,
बेन्नाए समीवे णगरं बेन्नायडं,
तगराए समीवे णगरं तगरायडं।
से तं समीवनामे।

प. ६. से किं तं संजूहनामे?
उ. संजूहनामे–
तरंगवतिकारे, मलयवतिकारे, अत्ताणुसट्ठिकारे, बिंदुकारे।
से तं संजूहनामे।

प. ७. से किं तं ईसरियनामे?
उ. ईसरियनामे–
राईसरे तलवरे माडंबिए कोडुंबिए इब्भे सेट्ठी सत्थवाहे सेणावइ।
से तं ईसरियनामे।

प. ८. से किं तं अवच्चनामे?
उ. अवच्चनामे–
तित्थयरमाया, चक्कवट्टिमाया, बलदेवमाया, वासुदेवमाया, रायमाया, गणिमाया, वायगमाया।
से तं अवच्चनामे।
से तं तद्धिते। –*अणु. सु. ३०२–३१०*

१७२. (३) धाउय-परूवणा–

प. से किं तं धाउए?
उ. धाउए–
भू सत्तायां परस्मैभाषा, एध वृद्धो, स्पर्द्ध, संहर्षे,
गाधृ प्रतिष्ठा-लिप्सयोर्ग्रन्थे च, बाधृलोडने।

से तं धाउए। –*अणु. सु. ३११*

१७३. (४) निरुत्तिए परूवणा–

प. से किं तं निरुत्तिए?
उ. निरुत्तिए–
मह्यां शेते महिषः,

भ्रमति च रौति च भ्रमरः,

मुहुर्मुहुर्लसति मुसलं,

कपिरिव लम्बते त्थच्च करोति कपित्थं,

राजा का बहनोई–राजकीय बहनोई।
यह संयोगनाम है।

प्र. ५. समीपनाम क्या है?
उ. समीपनाम का स्वरूप इस प्रकार है–
गिरि के समीप का नगर गिरिनगर,
विदिशा के समीप का नगर वैदिशा,
वेन्ना के समीप का नगर वेन्नातट,
तगरा के समीप का नगर तगरातट।
ये समीपनाम हैं।

प्र. ६. संयूथनाम क्या है?
उ. संयूथ (संकलन कर्ता) नाम इस प्रकार है–
तरंगवतीकार, मलयवतीकार, आत्मानुषष्ठिकार, बिन्दुकार।
ये संयूथनाम हैं।

प्र. ७. ऐश्वर्यनाम क्या है?
उ. ऐश्वर्यनाम का स्वरूप इस प्रकार है–
ऐश्वर्य (द्योतक) नाम–राजेश्वर, तलवर, माडंबिक, कौटुम्बिक, इभ्य, श्रेष्ठी, सार्थवाह, सेनापति इत्यादि।
ये ऐश्वर्यनाम हैं।

प्र. ८. अपत्यनाम क्या है?
उ. अपत्यनाम का स्वरूप इस प्रकार है–
तीर्थंकरमाता, चक्रवर्तीमाता, बलदेवमाता, वासुदेवमाता, राजमाता, गणिमाता, वाचकमाता।
ये सब अपत्यनाम हैं।
यह तद्धितप्रत्ययजन्य नाम है।

१७२. (३) धातुओं (क्रियाओं) की प्ररूपणा–

प्र. धातुजनाम क्या है?
उ. धातुजनाम का स्वरूप इस प्रकार है–
परस्मैपदी सत्तार्थक 'भू' धातु, वृद्ध्यर्थक एध् धातु, संघर्षार्थक 'स्पर्द्ध' धातु, प्रतिष्ठा, लिप्सा या संचय अर्थक 'गाधृ' धातु और विलोडनार्थक 'बाधृ' धातु आदि से निष्पन्न।
यह धातुजनाम है।

१७३. (४) निरुक्ति (व्युत्पत्ति) की प्ररूपणा–

प्र. निरुक्तिज नाम क्या हैं?
उ. निरुक्तिज नाम का स्वरूप इस प्रकार है–
जैसे–मह्यां शेते-महिष–पृथ्वी पर जो शयन करे वह महिषि-भैंसा,
भ्रमति रौति इति भ्रमर–भ्रमण करते हुए जो शब्द करे वह भ्रमर,
मुहुर्मुहुर्लसति इति मुसलं–जो बारम्बार ऊंचा-नीचा हो वह मूसल,
कपिरिव लम्बते तथेति च करोति इति कपित्थं–कपि-बंदर के समान वृक्ष की शाखा पर चेष्टा करता है वह कपित्थ,

चिदिति करोति खल्लं च भवति चिक्खल्लं,

ऊर्ध्वकर्णः उलूकः

मेखस्य माला मेखला।

से तं निरुत्तिए। से तं भावप्पमाणे। से तं पमाणनामे।

से तं दसनामे। से तं नामे। —अणु. सु. ३१२

चिदिति करोति खलं च भवति-इति चिक्खलं-पैरों के साथ जो चिपके वह चिक्खल,

ऊर्ध्वकर्णः इति उलूकः-जिसके कान ऊपर उठे हों वह उलूक,

मेखस्य माला मेखला-मेघों की माला मेखला।

ये निरुक्तिजनाम है। यह भावप्रमाणनाम का कथन है। यह प्रमाणनाम है।

यह दस नाम का वर्णन है। यह नाम का वर्णन पूर्ण हुआ।

१७४. पमाणस्स भेयप्पभेया—

प. से किं तं पमाणे ?

उ. पमाणे-चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा—

१. दव्वप्पमाणे, २. खेत्तप्पमाणे, ३. कालप्पमाणे, ४. भावप्पमाणे।[1] —अणु. सु. ३१३

१. दव्वपमाणं—

प. से किं तं दव्वपमाणे ?

उ. दव्वपमाणे-दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—

१. पएसनिप्फण्णे य, २. विभागनिप्फण्णे य।

प. से किं तं पएसनिप्फण्णे ?

उ. पएसनिप्फण्णे-परमाणुपोग्गले दुपएसिए जाव अणंतपएसिए।

से तं पएसनिप्फण्णे।

प. से किं तं विभागनिप्फण्णे ?

उ. विभागनिप्फण्णे-पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा—

१. माणे, २. उम्माणे, ३. ओमाणे, ४. गणिमे, ५. पडिमाणे।

प. (१) से किं तं माणे ?

उ. माणे-दुविहे पण्णत्ते, तं जहा—

१. धन्नमाणप्पमाणे य, २. रसमाणप्पमाणे य। —अणु. सु. ३१४-३१७
